सूर्योदय : 6:20
सूर्यास्त : 6:12
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 19.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-259 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 12 मार्च 2025
11 रमज़ान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### मॉरीशस का सर्वोच्च पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय बने प्रधानमंत्री मोदी

# भारत हमेशा आपके साथ खड़ा है : मोदी

- मॉरीशस परिवार जैसा है
- संकट के समय भारत मॉरीशस का पहला साथी
- मॉरीशस के हवा-पानी में अपनेपन का है एहसास



> मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने पीएम नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार द ग्रांड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन से सम्मानित किया है। यह सम्मान प्रधानमंत्री मोदी को भारत और मॉरीशस के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए उनके योगदान के लिए दिया गया है। मोदी इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले भारतीय हैं। यह 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है जो प्रधानमंत्री मोदी को किसी अन्य देश द्वारा दिया गया है।

**पोर्ट लुईस।** दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे पीएम मोदी ने कहा कि भारत और मॉरीशस के बीच रिश्ते काफी गहरे हैं। भारत हमेशा मॉरीशस के साथ खड़ा है। मॉरीशस के संकट के समय भारत पहला साथी है। रक्षा क्षेत्र में दोनों देश साथ मिलकर काम कर रहे हैं। भारत और मॉरीशस भविष्य की संभावनाओं से जुड़े हैं। पीएम मोदी ने भारत में जल्द गिरमिटिया कॉन्फ्रेंस आयोजित करने का एलान किया। उन्होंने कहा कि इससे जुड़े आंकड़े जुटाए जा रहे हैं।

संकट के समय में भारत हमेशा मॉरीशस के साथ खड़ा रहा है। कोविड-19 के दौरान भारत एक लाख वैक्सीन और जरूरी दवाइयां पहुंचाने वाला पहला देश था। पीएम ने कहा कि मॉरीशस हमारे लिए एक परिवार जैसा है। पीएम ने कहा कि मॉरीशस सिर्फ एक साझेदार देश नहीं है। हमारे लिए मॉरीशस एक परिवार है। यह रिश्ता इतिहास, विरासत और मानवीय भावना में गहरा और मजबूत हुआ है। मॉरीशस भारत को व्यापक वैश्विक दक्षिण से जोड़ने वाला एक पुल है। एक दशक पहले 2015 में प्रधानमंत्री के तौर पर अपने पहले कार्यकाल में मैंने सागर विजन का एलान किया था। सागर का अर्थ क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास है। आज मॉरीशस इस विजन के केंद्र में है। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के साथ आपका भावुक संबंध भी मैं समझता हूं। दुनिया के अनेक हिस्से जब पढ़ाई-लिखाई से कोसों दूर थे, तब नालंदा जैसा ग्लोबल इंस्टीट्यूट बिहार में था। हमारी सरकार ने फिर से नालंदा यूनिवर्सिटी और नालंदा स्पिरिट को रिवाइव किया है। भारत में बिहार का मखाना आज बहुत चर्चा में है। आप देखेंगे कि वो दिन दूर नहीं जब बिहार का ये मखाना दुनिया भर में स्नैक्स मैन्यू का हिस्सा होगा। अपने संबोधन में पीएम ने कहा कि मैं जानता हूं कि मॉरीशस के अनेक परिवार अभी-अभी महाकुंभ से लौटे हैं। दुनिया को आश्चर्य हो रहा है कि मानव इतिहास का सबसे बड़ा समागम था और उसमें मॉरीशस के लोग भी आए थे।

# प्रदूषण से देश का घुट रहा दम

- दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत के 13 शहर शामिल
- दिल्ली सबसे प्रदूषित राजधानी



**नई दिल्ली।** स्विस एयर क्वालिटी टेक्नोलॉजी कंपनी एयर की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के हैं। इसमें मेघालय का बर्नीहाट सबसे ऊपर है, जबकि दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बन गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत दुनिया के पांचवें सबसे प्रदूषित देश के रूप में दर्ज किया गया है। 2023 में यह तीसरे स्थान पर था, यानी प्रदूषण में थोड़ा सुधार हुआ है। इस साल भारत में पीएम 2.5 का स्तर 7 प्रतिशत कम हुआ है। 2024 में पीएम 2.5 का औसत स्तर 50.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर दर्ज किया गया, जबकि 2023 में यह 54.4 माइक्रोग्राम था। हालांकि, दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में से 6 भारत में ही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ओशिनिया 2024 में दुनिया का सबसे साफ क्षेत्र रहा। यहां के 57 प्रतिशत शहर वायु गुणवत्ता के डब्ल्यूएचओ मानकों को पूरा करते हैं। ओशिनिया में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिजी, पापुआ न्यू गिनी, नौरू, किरिबाती, माइक्रोनेशिया और मार्शल आइलैंड्स समेत 14 देश शामिल हैं।

## देश की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं सहन होगा : गृह मंत्रालय



गृह मंत्रालय ने जेकेआईएम पर पांच साल के लिए लगाया प्रतिबंध

**जम्मू।** गृह मंत्रालय ने जम्मू और कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन को एक अवैध संघ घोषित कर दिया है और अगले पांच वर्षों तक उसे तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया है। मंत्रालय ने आरोप लगाया है कि यह संगठन अवैध गतिविधियों में संलिप्त है, जो देश की एकता, संप्रभुता और सुरक्षा के लिए हानिकारक हैं। गृह मंत्रालय ने जारी किए गए एक आदेश में कहा कि जेकेआईएम देश के खिलाफ कार्य कर रहा है और इसके कार्यों से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो रहा है। इसके तहत संगठन की सभी गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया है और इसके सदस्य या सहयोगी किसी भी प्रकार की सक्रियता में लिप्त पाए गए तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस फैसले के बाद, जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में सुरक्षा बलों को संगठन के खिलाफ अभियान तेज करने का निर्देश दिया गया है।

## यमुना में होगा नौका विहार

- बड़ा कदम
- आठ किलोमीटर का होगा सफर
- केंद्र-दिल्ली सरकार के बीच हुआ समझौता
- मिलेंगी पांच सुविधाएं



**नई दिल्ली।** दिल्ली की यमुना नदी में पर्यटक जल्द ही नौका विहार कर सकेंगे। दिल्ली सरकार ने सोनिया विहार से जगतपुर स्थित शनि मंदिर तक यमुना में बोट टूरिज्म और फेरी सेवा शुरू करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में मंगलवार को भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली जल बोर्ड, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग और दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम के बीच समझौता ज्ञापन पर दस्तखत किए गए। दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम का प्रस्ताव है कि क्रूज सेवा में दो सोलर या इलेक्ट्रिक बैटरी से चलने वाली नावें होंगी। इसकी क्षमता 20-30 यात्रियों की होगी। नावों को रोकने के लिए बर्थिंग जेटी, टिकट बूथ और चार्जिंग प्वॉइंट, कैफेटेरिया, प्रतीक्षालय समेत दूसरी नागरिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा।


# पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक, 450 यात्रियों को बनाया बंधक, 20 सैनिकों की मौत

- बीएलए ने ली हमले की जिम्मेदारी
- पाकिस्तान में यात्री ट्रेन पर की गोलीबारी
- एक्शन लिया तो बंधकों को मार देंगे



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान में मंगलवार को ट्रेन पर फायरिंग की गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बलूचिस्तान के माच क्षेत्र में हथियारबंद लोगों ने बोलन जिले के पास क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला कर दिया।

हमले में कई ट्रेन के चालक समेत कई यात्री घायल हो गए हैं। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। रेलवे के मुताबिक नौ कोच वाली ट्रेन में 450 यात्री सवार हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन यात्रियों को बंधक बना लिया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बलूचिस्तान सरकार ने आपातकाल लागू कर दिया है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक रेलवे नियंत्रक मुहम्मद काशिफ ने कहा कि क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस को छह हथियारबंद लोगों ने पेहरो कुनरी और गदलार के बीच सुरंग नंबर आठ के पास रोक लिया। डॉन न्यूज के मुताबिक नौ कोच वाली इस ट्रेन में 450 यात्री सवार हैं। ट्रेन के हाईजैक की सूचना मिलने पर बलूचिस्तान सरकार ने आपातकाल लागू कर दिया है। बीएलए की कार्रवाई में 20 सैन्यकर्मियों की मौत हो गई। बंधकों में पाकिस्तानी सेना, पुलिस, आतंकवाद निरोधक बल (एटीएफ) और इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस के एक्टिव-ड्यूटी कर्मी शामिल हैं. ये सभी छुट्टी पर पंजाब जा रहे थे। बलूच लिबरेशन आर्मी ने चेतावनी दी है कि अगर ट्रेन में मौजूद सैनिकों ने किसी भी तरह की कोई कार्रवाई करने की कोशिश की तो परिणाम गंभीर होंगे और सभी बंधकों को मार दिया जाएगा। इन हत्याओं की जिम्मेदारी पूरी तरह से सेना की होगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इस हमले के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन शुरू कर दिया है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बलूच लिबरेशन आर्मी ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला किया, जिसमें ट्रेन का ड्राइवर घायल हो गया।




11 रमजान, 12.03.2025

| सुन्नी हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 04 : 55 | 06 : 15 |

| शिया हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 04 : 49 | 06 : 25 |

# माफियाराज ने प्रयागराज को रौंदा : योगी

- मुख्यमंत्री ने स्वच्छताकर्मियों पर पुष्प वर्षा कर किया सम्मानित
- महाकुंभ ने किया कायाकल्प, जितना हुआ दुष्प्रचार, उतनी ही बढ़ी भीड़ : मुख्यमंत्री योगी




> सीएम ने कहा कि जो लोग जितना दुष्प्रचार-अफवाह फैलाते थे, उन्हें जवाब देने के लिए जनता उतनी ही मजबूती से प्रयागराज आती रही। बहुत लोग जनता से नकारात्मक बयान दिलाने का प्रयास करते थे। एक यूट्यूबर ने कर्नाटक के श्रद्धालु से पूछा कि कितना पैदल चले। उसने उत्तर दिया, पांच किमी.। प्रश्न करने वाले ने कहा कि सरकार को व्यवस्था देनी चाहिए थी। श्रद्धालु ने कहा कि पैदल मैं चल रहा हूं, परेशानी तुम्हें क्यों हो रही है। भगवान के धाम तो पैदल ही जाना चाहिए। यह हमारे लिए साधना है।

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ ने आस्था को आर्थिकी के साथ जोड़ने के बड़े अभियान को आगे बढ़ाया है। यह आयोजन प्रयागराज जैसे शहर के विकास को बढ़ाने में काफी सफल रहा। एक समय दुर्दांत माफिया पूरे प्रयागराज को रौंद रहा था। आज महाकुंभ से उसका कायाकल्प हो गया। विकास के अनेक कार्य हुए। महाकुंभ के कारण यह प्राचीन व पौराणिक नगरी आज नए कलेवर में दिखाई दे रही है।

सीएम मंगलवार को राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक निजी चैनल द्वारा आयोजित महाकुंभ के सफाई कर्मियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। योगी ने सफाई कर्मियों पर पुष्पवर्षा भी की। उनको नींव का पत्थर और स्वच्छ कुंभ के संदेश को साकार करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि कार्य संपन्न होने के बाद अक्सर हर व्यक्ति आगे की सोचने लगता है। नींव पर बनी इमारत में सब रहते हैं, लेकिन पत्थर भुला दिए जाते हैं। उनके महत्व को विस्मृत कर दिया जाता है। महाकुंभ की नींव को जिन स्वच्छता कर्मियों ने सुदृढ़ करने का प्रयास किया, जिनकी बदौलत यह दिव्य-भव्य हो पाया। कोई भी आयोजन सफलता की ऊंचाई पर तब पहुंचता है, जब सब लोग सामूहिक भाव के साथ मिलकर प्रयास करते हैं। सामूहिक प्रयास का परिणाम सफलता होती है। इसको जब सकारात्मक भाव के साथ देखते हैं तो समाज के लिए वह प्रेरणा बन जाती है। प्रयागराज में भी ऐसा ही हुआ। बुजुर्ग माता-पिता को स्नान कराने के लिए यूएस, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूके समेत तमाम देशों से लोगों के फोन आए। जो भी महाकुंभ में आया, उसने सफाई व सुरक्षा कर्मियों की प्रशंसा अवश्य की। कहा कि सनातन धर्म का भाव ही कृतज्ञता का होता है। किसी ने यह नहीं बोला कि यह सरकारी आयोजन है। सबने अपना आयोजन माना। जो भी आया, वह आशीर्वाद देकर गया। यह मानवता का अब तक का सबसे बड़ा समागम था, जिसने देश-दुनिया को बहुत कुछ संदेश दिया है। इतने बड़े आयोजन भी हो सकते हैं।

### एयरटेल और स्पेसएक्स की हुई साझेदारी

## भारत में जल्द सैटेलाइट इंटरनेट होगा लॉन्च



**नई दिल्ली।** एयरटेल ने भारत में स्टारलिंक इंटरनेट लाने के लिए एलन मस्क की स्पेसएक्स से पार्टनरशिप की घोषणा कर दी है। एयरटेल ने स्पेसएक्स के साथ एक समझौता किया है, जिससे स्टारलिंक का सैटेलाइट इंटरनेट भारत में लाया जाएगा। हालांकि, यह सौदा स्पेसएक्स को भारत में स्टारलिंक सर्विस बेचने की सरकारी मंजूरी मिलने पर निर्भर करेगा। इस पार्टनरशिप के बाद अब जल्द भारत में स्टारलिंक की एंट्री हो सकती है। एयरटेल और स्पेसएक्स की पार्टनरशिप के बाद जल्द भारत में स्टारलिंक की एंट्री हो सकती है। पार्टनरशिप के तहत एयरटेल और स्पेसएक्स मिलकर काम करने के विभिन्न तरीकों की तलाश करेंगे। एयरटेल अपने स्टोर्स में स्टारलिंक का उपकरण बेच सकता है और व्यवसायों को इसकी सर्विस प्रदान कर सकता है। इसके अलावा, दोनों कंपनियां ग्रामीण स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और दूरदराज के क्षेत्रों में इंटरनेट पहुंचाने के लिए स्टारलिंक का उपयोग करने की योजना बना रही हैं। एयरटेल और स्पेसएक्स यह भी जांच करेंगे कि एयरटेल की नेटवर्क सर्विस को स्टारलिंक से कैसे जोड़ा जा सकता है और स्पेसएक्स भारत में एयरटेल के बुनियादी ढांचे का उपयोग कैसे कर सकता है।

### कनाडा और अमेरिका के बीच शुरू हुआ टैरिफ वॉर

# एल्यूमीनियम पर लगा 25% टैरिफ

- कनाडा को दिया दोगुना झटका
- भारत में सालाना 14.5 करोड़ टन स्टील का उत्पादन

**अमेरिका में आने वाली कारों पर टैरिफ में वृद्धि करूंगा**



> ट्रंप ने कहा कि यदि कनाडा द्वारा अन्य गंभीर, दीर्घकालिक टैरिफ को भी नहीं हटाया जाता है, तो मैं दो अप्रैल को अमेरिका में आने वाली कारों पर टैरिफ में काफी वृद्धि करूंगा, यह कनाडा में ऑटोमोबाइल विनिर्माण व्यवसाय को स्थायी रूप से बंद कर देगा। वे कारें आसानी से यूएसए में बनाई जा सकती हैं। साथ ही कनाडा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत कम भुगतान करता है, सैन्य सुरक्षा के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका पर निर्भर करता है। हम कनाडा को प्रति वर्ष 200 बिलियन डॉलर से अधिक की सब्सिडी दे रहे हैं क्यों यह जारी नहीं रह सकता।

**वॉशिंगटन।** दुनियाभर के बाजारों में जोरदार गिरावट के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि कनाडा से एल्युमीनियम और इस्पात के आयात पर प्रस्तावित शुल्क को दोगुना किया जाएगा। यह अब 25 फीसदी से बढ़ाकर 50 फीसदी किया जाएगा।

ट्रूथ सोशल पर ट्रंप ने लिखा कि बुधवार से लागू होने वाले टैरिफ में वृद्धि ओंटारियो की प्रांतीय सरकार द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका को बेची जाने वाली बिजली की कीमतों में की गई वृद्धि का जवाब है। मैंने अपने वाणिज्य सचिव को निर्देश दिया है कि वे कनाडा से संयुक्त राज्य अमेरिका में आने वाले सभी स्टील और एल्युमीनियम पर 25 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक का अतिरिक्त टैरिफ लगाएं, जो कि दुनिया में सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक है। ट्रंप ने लिखा कि यह 12 मार्च को लागू होगा। साथ ही कनाडा को विभिन्न अमेरिकी डेयरी उत्पादों पर 250 प्रतिशत से 390 प्रतिशत तक के अपने एंटी-अमेरिकन किसान टैरिफ को तुरंत हटाना चाहिए, इसे लंबे समय से अपमानजनक माना जाता रहा है। मैं जल्द ही खतरे वाले क्षेत्र में बिजली पर राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा करूंगा। इससे अमेरिका को कनाडा से इस अपमानजनक खतरे को कम करने के लिए जो कुछ भी करना है, वह जल्दी से करने में मदद मिलेगी। ट्रंप ने कहा कि मुझे एक बात जो समझ में आती है वह यह है कि कनाडा हमारा 50वां राज्य बन जाए। इससे सभी टैरिफ और बाकी सब कुछ पूरी तरह से गायब हो जाएगा। कनाडाई लोगों के करों में काफी कमी आएगी, वे पहले से कहीं अधिक सैन्य और अन्यथा सुरक्षित होंगे, अब उत्तरी सीमा की समस्या नहीं होगी, और दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे शक्तिशाली राष्ट्र पहले से कहीं अधिक बड़ा, बेहतर और मजबूत होगा।

## मुश्किलों में 'आप' संयोजक अरविंद केजरीवाल

### कोर्ट ने दिया एफआईआर दर्ज करने का आदेश



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के लिए मंगलावर को एक बुरी खबर आई। राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को कथित रूप से नुकसान पहुंचाने के मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने शिव कुमार सक्सेना की अर्जी को स्वीकार्य किया। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को 18 मार्च को अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। केजरीवाल पर यह मामला 2019 का है। शिकायतकर्ता ने द्वारका में बड़े होर्डिंग्स लगाए जाने को लेकर सार्वजनिक पैसों की बर्बादी मानते हुए कोर्ट में इसकी शिकायत की थी। लेकिन तब मजिस्ट्रेट ने शिकायत खारिज कर दी थी। इसके बाद शिकायतकर्ता ने रिवीजन पिटीशन डाली। इस बार आखिरकार अर्जी को स्वीकार कर ली गई है और कोर्ट ने केजरीवाल पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया।

## क्या-क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे : मल्लिकार्जुन खड़गे



**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान मंगलवार को राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। दरअसल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने उपसभापति हरिवंश को कुछ ऐसा कह दिया, जिसे लेकर जमकर हंगामा हुआ। इसके लिए भाजपा ने उन पर जमकर निशाना साधा और माफी की मांग की। मामला बढ़ता देख मल्लिकार्जुन खरगे ने माफी भी मांग ली। उन्होंने हाथ जोड़कर सफाई दी। उन्होंने आसन को संबोधित करते हुए कहा कि आपको नहीं, सरकार को ठोकेंगे। हम सरकार की बात कर रहे थे। दरअसल, राज्यसभा की कार्यवाही चल रही थी। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष कुछ बोलना चाह रहे थे। तभी उपसभापति ने उन्हें रोका। उपसभापति ने उनकी जगह कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह को बोलने को कहा। इस बीच मल्लिकार्जुन खरगे अपनी सीट से उठे और बोलना शुरू कर दिया। जब उन्हें रोका गया तो उन्होंने तानाशाही का आरोप लगा दिया। उन्होंने सीधे आसन की ओर इशारा करते हुए कहा कि तानाशाही चल रही है। मैं बोलना चाहता हूं। इसकी तैयारी भी की है और आपको क्या-क्या ठोकना है, ठीक से ठोकेंगे। इस पर उपसभापति ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि आप सत्ता पक्ष से बहस करिए। इस बीच हंगामा शुरू हो गया। इस बीच खरगे ने यूटर्न लेते हुए कहा कि सरकार को ठोकेंगे। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने खरगे के बयान को सदन का अपमान करार दिया केंद्रीय मंत्री नड्डा ने मामले में खरगे को खूब खरीखोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि बहुत ही दुख की बात है कि विपक्ष के नेता ने ऐसी भाषा इस्तेमाल की। ऐसे शब्दों का इस्तेमाल आसन के लिए किया। वह अनुभवी हैं।

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर कलेक्ट्रेट को मिली एटीएम की सौगात




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** कलेक्ट्रेट का मुख्य द्वार डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर एटीएम सेवा केंद्र और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ÷ सेल्फी पॉइंट से रोशन हुआ। मंगलवार को कलेक्ट्रेट मुख्य द्वार पर इंडियन बैंक के आधुनिक तकनीक से युक्त नये वर्जन से चलने वाले एटीएम का उद्घाटन डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह, बैंक के जोनल मैनेजर कमलेश चंद्र त्रिपाठी, उप अंचल प्रबंधक विकास कुमार, एलडीएम अजय कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में फीता काटकर किया। डीएम ने एटीएम से स्वयं पहला ट्रांजिक्शन किया। बैंक अधिकारियों ने डीएम को बुके, स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन, स्वागत किया इस अवसर पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बैंक अधिकारियों को एटीएम सेवा केंद्र के शुभारंभ पर शुभकामनाएं देते हुए ग्राहकों को सुगम बैंकिंग सुविधाए प्रदान करने की बात कही। कलेक्ट्रेट में एटीएम सेवा की शुरुआत होने से जनमानस को लाभ पहुंचेगा। विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों को भी फायदा मिलेगा। इससे नकदी की जमा और निकासी करने में सुविधा मिलेगी जोनल मैनेजर कमलेश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि इंडियन बैंक अपने ग्राहकों को सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में अग्रसर है। इस एटीएम के स्थापना होने से ग्राहकों को पैसा निकासी करने में सहूलियत होगी। बैंक जाने की जरूरत नहीं है। साथ ही पैसा की निकासी भी आसानी से हो जायेगा नारी शक्ति को जागरूक करने की भावना से कलेक्ट्रेट मुख्य द्वार पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर इंडियन बैंक ने भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ÷बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ÷ सेल्फी पॉइंट का स्थापित किया गया, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह, बैंक अधिकारियों संग कलेक्ट्रेट मुख्य गेट पर स्थापित इस सेल्फी पॉइंट का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान अधिकारी कर्मचारियों ने भी सेल्फी पॉइंट पर अपनी सेल्फी खींची। यह शहर का महिला वर्ग को समर्पित दूसरा सेल्फी पॉइंट है।

### देव सेठ हत्याकांड में पुलिस ने एक नामजद समेत उसके चार-पांच अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की

**हालांकि अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है**

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र में मिश्राना चौकी से महज 10 कदमों की दूरी पर सोमवार रात हुए अमोघ उर्फ देव सेठ हत्याकांड में पुलिस ने एक नामजद समेत उसके चार-पांच अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है हालांकि अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिए जाने की बात कह रही है। मंगलवार दोपहर देव के शव का पोस्टमार्टम हुआ जिसके बाद उसे घर ले जाया गया। देव की हत्या से उनके परिवार में कोहराम मचा है वह परिवार में इकलौता बेटा था मोहल्ले के लोग भी स्तब्ध हैं सबके जहन में एक ही सवाल है कि हमलावरों ने आखिर क्यों देव की हत्या की है वहीं देव हत्याकांड से व्यापारियों में आक्रोश है शहर के सेठ कॉलोनी अर्जुनपुरवा निवासी भारत सेठ इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायी हैं मिश्राना चौकी के पास उनकी दुकान है। सोमवार रात करीब आठ बजे उनका 20 वर्षीय पुत्र अमोघ उर्फ देव सेठ दुकान पर बैठा था बताया जा रहा है कि उसी वक्त बाइक से कुछ युवक वहां आए और देव सेठ को बाहर बुलाया जैसे ही देव अपनी दुकान से बाहर आया तो युवकों ने उस पर हमला कर दिया वह बचने के लिए पुस्तक भंडार में घुस गया हमलावरों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से देव की मौत हो गई। घटना में उसका दोस्त आदित्य हाथ में गोली लगने से घायल हो गया। वारदात के बाद हमलावर फरार हो गए। वारदात से बाजार में सनसनी फैल गई मामले में देव के पिता भारत सेठ ने नामजद आरोपी अनमोल पुरी उर्फ बाला सहित अन्य चार-पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की तहरीर दी। हालांकि मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद भी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। घटना के पीछे पुरानी रंजिश की बात कही जा रही है। हालांकि दोनों में रंजिश किस बात को थी, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है मिश्राना चौकी से कुछ कदमों की दूरी पर हुए अमोघ हत्याकांड के बाद उसके परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। देव सेठ घर का इकलौता चिराग था। त्योहार पर मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# डीएम-एसपी ने की जिला शान्ति समिति की बैठक

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** जनपद में आसन्न त्योहारों होलिका दहन, रंगों का पर्व होली, रमजान को सौहार्दपूर्ण और शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने जिला शांति समिति की बैठक जिला पंचायत सभागार में ली। बैठक का संचालन एडीएम संजय कुमार सिंह ने किया बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सभी से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। अधिकारियों को व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने कहा कि खीरी अमन चैन के लिए मशहूर रहा है। इस परम्परा को कायम रखते हुए आगामी त्योहार भी सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं डीएम ने बैठक में मौजूद धर्मगुरूओं, संभ्रान्तजनों व होली समिति के पदाधिकारियों से अपील की कि बैठक का सन्देश आमजन तक पहुंचाए। जिले में कोई भी प्रतिकूल तथ्य की जानकारी होने पर जिम्मेदार अधिकारियों के संज्ञान में अवश्य लायें। डीएम ने कहा कि जिला प्रशासन को उम्मीद ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आसन्न त्यौहारों को भी हम सभी लोग पूर्व में बीते त्यौहारों की भांति सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनायेंगे। डीएम ने बुजुर्गों से अपील की कि युवाओं एवं बच्चों की गतिविधियों पर विशेष ध्यान रखें तथा उन्हें संयमित व्यवहार के लिए प्रेरित भी करें एसपी संकल्प शर्मा ने अपील किया कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहारों को मनाए। शान्ति व्यवस्था के सम्बन्ध में यदि कहीं से कोई भी सूचना प्राप्त हो तो उसे तत्काल जिम्मेदार अधिकारियों के संज्ञान में अवश्य लाए। जिले में त्यौहारों के अवसर पर गुड पुलिसिंग की व्यवस्था रहेगी। कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सजग व सतर्क है। तथा सोशल मीडिया व असामाजिक तत्वों पर नज़र रखी जा रही है। अराजकता फैलाने व कानून एवं शान्ति व्यवस्था से खिलवाड करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी डीएम व एसपी ने आश्वस्त किया कि आसन्न त्यौहारों के अवसर गुड पुलिसिंग के साथ-साथ बिजली, पानी एवं साफ-सफाई के भी माकूल बन्दोबस्त रहेंगे। डीएम व एसपी ने जनपदवासियों से अपील की कि जिले की गंगा-जमुनी परम्परा को कायम रखते हुए सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाए। डीएम-एसपी ने लोगों से अपील की कि त्यौहार के दौरान किसी नई परम्परा का आगाज न किया जाए। सभी लोग मिल जुलकर परम्परागत ढंग से त्यौहार मनाए।

## आगरा में दलित युवक की बारात पर उपद्रवियों ने किया हमला, मुकदमा दर्ज

**आगरा।** आगरा में कुछ लोगों द्वारा एक दलित व्यक्ति पर उसकी बारात में हमला करने और जाति आधारित टिप्पणी करने की घटना सामने आने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार विशाल की बारात छह मार्च को अजीजपुर गांव आई थी। इस दौरान, कार में सवार तीन से चार लोगों ने बारात में शामिल लोगों से गोली-गलौज शुरू कर दी और रास्ता मांगने लगे। विशाल के पिता मुकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि डॉ. बी.आर. आंबेडकर और गौतम बुद्ध की तस्वीरें देखने पर वे कथित तौर पर आक्रामक हो गए और तस्वीरों के शीशे तोड़ दिए। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपियों ने विशाल के सिर पर बंदूक की बट से वार कर हमला कर दिया। उन्होंने जाति-आधारित अपशब्द कहे और शादी रोकने की धमकी दी।

वही सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) देवेश ने बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी 10 मार्च को दी गई। शिकायत के आधार पर विष्णु शर्मा और उनके बेटे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता ने बाद में पुलिस से संपर्क किया इस वजह से प्राथमिकी दर्ज करने में देरी हुई। उन्होंने कहा कि मामले में जांच जारी है। हालांकि, मुकेश कुमार ने दावा किया कि उन्होंने सात मार्च को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन मामला 10 मार्च को दर्ज किया गया।

## कर्ज से परेशान व्यापारी ने सुसाइड नोट लिखकर दे दी जान

**आगरा।** भारी कर्ज से कोतवाली के हींग की मंडी स्थित जीएम ट्रेडर्स के मालिक घनश्याम तनवानी ने आत्महत्या कर ली। उनका शव सिकंदरा थाना क्षेत्र में रेलवे लाइन से मिला। मृत व्यापारी कमला नगर के तेज नगर के निवासी थे। घनश्याम तनवानी के स्कूटर की डिग्गी से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि उनके ऊपर बहुत कर्ज हो गया है। अगर कोई घर पर तगादा करने आया तो वह उनकी मौत का जिम्मेदार होगा। मिली जानकारी के अनुसार तनवानी विगत रविवार को कमला नगर में अपने भांजे रोहित की दुकान पर अपना स्कूटर खड़ा कर गए थे। भांजे से कहा था कि वह शेविंग कराने जा रहे हैं। इसके बाद जब वे वापस नहीं लौटे तो उनकी तलाश शुरू की गई। पता नहीं चलने पर कमला नगर थाने में सूचना दी गई। पुलिस ने भी तलाश शुरू की ही थी कि सिकंदरा थाने से संदेश मिला कि सेक्टर 16 के पास रेलवे लाइन से एक शव बरामद हुआ है। सूचना मिलने पर तनवानी के परिजन रेलवे लाइन पहुंचे तो उन्होंने शव देखकर पहचान कर ली। मृतक की उम्र लगभग 55 वर्ष थी और जूता के कारोबार से जुड़े हुए थे।

## तहसील एत्मादपुर की नहर्रा ग्राम सभा में शिविर का आयोजन

**आगरा।** उप जिलाधिकारी एत्मादपुर ने जनपद की तहसील-एत्मादपुर क्षेत्रान्तर्गत मत्स्य पालकों/कृषको को अवगत कराया है कि तहसील एत्मादपुर में आने वाली नहर्रा ग्राम सभा में निहित तालाब/पोखरों को 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा आवंटन हेतु शिविर का आयोजन आज तहसील एत्मादपुर के सभाकक्ष में दोपहर 02:00 बजे तक किया जायेगा। उन्होंने पात्र कृषक/मत्स्य पालक से आग्रह किया है कि उक्त शिविर में प्रतिभाग कर आवेदन कर सकते है। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि शासनादेशानुसार मछुआ समुदाय के व्यक्तियों को वरीयता दी जायेगी।

## कोई भी पिड़िता विशेष परिस्थितियों में ही,पांच दिन से ज्यादा ना ठहरे: डीएम



**बदायूं।** जिला महिला चिकित्सालय में स्थित वन स्टाप सेंटर एवं चाइल्ड हेल्पलाइन का औचक निरीक्षण जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव द्वारा किया गया। यहां पर उपस्थित एवं भोजन पजिका चेक करते हुए शेल्टर हाउस में मौजूद पीड़िताओं से वार्ता की गई। निरीक्षण के दौरान उन्हें यहां 11 पीड़िताओं के सापेक्ष सात पीड़िताएं उपस्थित मिलीं,जिनमें से चार पीड़िताएं एक्स-रे तथा विधिक कार्रवाई हेतु भेजी गई थीं। डीएम ने यहां साफ सफाई के निर्देश दिए हैं।डीएम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार को निर्देश दिए कि पुलिस से समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पीड़िता विशेष परिस्थितियों में ही अधिकतम पांच दिनों तक ही यहां ठहरे। यहां उन्होंने पीड़िताओं को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की चेक की। इसके पश्चात उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 1098 का भी स्वयं परीक्षण किया एवं डीपीओ को निर्देश दिए कि त्रैमासिक आयोजित होने वाली बैठक में इसकी रिपोर्ट रखी जाए। इसके उपरान्त उन्होंने वहीं एनआरएलएम की प्रेरणा कैंटीन में रसोई का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने साफ-सफाई व भोजन की गुणवत्ता व खाद्य सामग्री एक्सपायरी डेट आदि को चेक किया। उन्होंने कैंटीन संचालक रेनू राठौर को बेहतर क्वालिटी के चावल प्रयोग में लाने के निर्देश दिए। कैंटीन के बाहर काफी गंदगी थी, जिसे देख डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए हैं।

### रेलगाड़ी की चपेट मे आने से युवक के कटे दोनों पैर व एक हाथ

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद मे सोमवार की शाम को मौहल्ला पाईबाग निवासी मौहम्मद साबिर अब्बासी का लगभग 22 वर्षीय पुत्र मौहम्मद आमिर उर्फ मुन्ना भाई किसी काम से सेंट मेरी रेलवे फाटक के करीब गया था। तभी ट्रेक पर गुजर रही एक तेज गति से जा रही ट्रेन की चपेट में आ गया। इस घटना में आमिर का बाये हाथ का पंजा गट्टे से व एक पैर कट के शरीर से अलग हो गया। दूसरा पैर बस शरीर से थोड़ा जुड़ा था। इस घटना के बाद गंभीर रुप से घायल आमिर ने हिम्मत नहीं हारी और एमडीकेवी रोड़ पर सैलून का काम करने वाले अपने बहनोई आसिफ अब्बासी को अपने साथ घटित घटना की जानकारी दी। आमिर के साथ इस दर्दनाक घटना की सूचना जब परिवार को मिली तो वो तुरंत घटना स्थल की ओर दौड पड़े, तब तक घटना स्थल पर काफी संख्या में लोग और रेलवे पुलिस भी पहुंच चुकी थी। जीआरपी पुलिस ने घायल आमिर को एक चादर में बैठा कर घटना से हटाया और उसके कटे अंगों को एक थैली में रखकर परिवार के साथ सेंट मेरी हॉस्पिटल में ले गये जहाँ से डॉक्टरो ने उसे बिजनौर भेज दिया, बिजनौर से युवक को मेरठ रेफर किया गया है।

# विदुर ब्राण्ड उत्पादों के प्रचार-प्रसार को सेमिनार

### विधायक ओमकुमार ने किया उद्घाटन

*अवधनामा संवाददाता*



**नहटौर।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विदुर ब्राण्ड उत्पादों के प्रचार प्रसार एवं विपणन के लिए विकास खंड के सभागार में सेमिनार आयोजित किया गया। आयोजित सेमिनार में विकास खंड के 10 उत्पादन समूह शामिल हुए। साथ ही इस सेमिनार में ग्राम प्रधान व स्कूलों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य को उत्पादन सामानों के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर समूह की ओर से विभिन्न उत्पादों के स्टाल लगाए गए। उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विदुर ब्राण्ड उत्पादों के प्रचार प्रसार एवं विपणन के लिए विकास खंड के सभागार में सेमिनार आयोजित हुआ, जिसका उद्घाटन विधायक ओमकुमार ने फीता काट कर किया। विकास खंड में 10 समूहों द्वारा जिसमें महमूदपुर कामिल के तुलसी समूह द्वारा अचार मुरब्बा, बसावनपुर के शनि देव समूह द्वारा झाडू बनाना, फुलसन्दा हीरा के अर्शी समूह द्वारा स्टोल व दरी, खजुराजट के राधा समूह में हैण्डलूम कार्य व लिहाफ, जरीफपुर चतर में माही समूह द्वारा मिठाई के डिब्बे, जसमोरा में जय माता दी समूह द्वारा मच्छरदानी बनाने का कार्य, अलीनगर पालनी में मछुआ जाल बुनकर समूह द्वारा जाल बुनने का कार्य, उमरी में अम्बेडकर समूह द्वारा मसाले का कार्य, गिलाड़ी में गणेश समूह द्वारा गाय के गोबर की मूर्ति, चौहड़पुर में कृष्ण समूह द्वारा चप्पल बनाने का कार्य के उत्पादकों के स्टाल लगाए गए। जिसमें ग्राम प्रधान व स्कूल के प्रबंधक व प्रधानाचार्य को उत्पादन सामान के बारे में समूहों द्वारा जानकारी दी गई। इस मौके पर विधायक ओमकुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम कर रही है। जिसके तहत ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित स्वयं समूह के द्वारा विभिन्न उत्पाद बनाए जा रहे है। उत्तम क्वालिटी के सस्ते दामों पर उत्पादित सामान को अवश्य खरीदे। इस मौके पर लगाए स्टालों पर पहुंचकर समूह के संचालकों से जानकारी ली। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, बीडीओ प्रताप सिंह, एडीओ ग्रामीण दीनदयाल, ग्रामीण आजीविका मिशन प्रबंधक परवेज अहमद, महेश कुमार, दीपा चौधरी, ग्राम प्रधान यशपाल सिंह, प्रशांत कुमार, सतवीर सिंह, नरेश कुमार, अजहर अली आदि ने भाग लिया।

## आगामी त्योहारों के दृष्टिगत बलवा ड्रिल/दंगा नियंत्रण का कराया गया अभ्यास



**लखीमपुर-खीरी।** अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक, लखनऊ परिक्षेत्र लखनऊ द्वारा, रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड पर पुलिस अधीक्षक के साथ, गार्द की सलामी लेते हुए आगामी त्योहारों के दृष्टिगत बलवा ड्रिल/दंगा नियंत्रण का अभ्यास कराया गया दिनांक 11.03.2025 को, आगामी त्यौहार-होली, रमजान माह, ईद-उल-फितर एवं नवरात्रि आदि की संवेदनशीलता के दृष्टिगत, शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु, श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक, लखनऊ परिक्षेत्र लखनऊ, प्रशांत कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के साथ, रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड पर गार्द की सलामी लेते हुए जनपद के राजपत्रिक अधिकारियों व थाना प्रभारियों/शाखा प्रभारियों सहित अन्य पुलिस बल का, दंगा निरोधी उपकरणों सहित मॉक बलवा ड्रिल/दंगा नियंत्रण का अभ्यास कराया गया। साथ ही साथ त्यौहार के अवसर पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृण बनाये रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## 01 नफर वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर-खीरी। थाना धौरहरा पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारन्टी अभियुक्त 1.श्याम मनोहर पुत्र हरद्वारी दत्त निवासी हौकना मटेरा थाना धौरहरा जनपद खीरी संबंधित मु0सं0 3151/15 धारा 26/41/42 वन अधिनियम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करके न्यायालय भेजा गया है।

### गोली मारकर हत्या करने के मुख्य आरोपी को रिमांड पूरी होने के बाद मेडिकल कराकर जिला जेल में किया गया दाखिल

**लखीमपुर-खीरी।** शहर के गोला रोड स्थित हरिकरन मैरिज लॉन में दूल्हे के भाई आशीष वर्मा की गोली मारकर हत्या करने के मुख्य आरोपी को सदर कोतवाली पुलिस ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की। रिमांड पूरी होने के बाद मेडिकल कराकर उसे जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है बताया गया कि सीतापुर जिले के थाना तंबौर के चंदीभानपुर निवासी कृष्णकांत के पुत्र आशीष वर्मा (24) के बड़े भाई जीतेंद्र की शादी थी। वैवाहिक समारोह गोला रोड पर स्थित हरिकरन मैरिज लॉन में चल रहा था। फेरे होने से पहले ही दूल्हे के भाई आशीष की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के पिता ने दुल्हन के चचेरे भाई समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस की जांच में नामजदगी गलत मिली मौके पर मिले साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज की जांच करते हुए, एक्टिव सिमों की सीडीआर निकालकर कई लोगों से पूछताछ की गई। इसमें घटना में अंशू मिश्रा के शामिल होने की बात सामने आई थी। पुलिस की दबिश के बीच अंशू मिश्रा ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था।

### आग लगने से दो सगे भाइयों के घर जलकर राख

**लखीमपुर-खीरी।** थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव चिरकुआ में आग लगने से दो सगे भाइयों के घर जलकर राख हो गए। घरों में रखी नगदी समेत सारा सामान जल गया। इससे अग्निपीड़ित खुले आसमान के नीचे आ गए हैं। आग लगने की वजह साफ नहीं हो सकी है।गांव चिरकुआ निवासी बाबूराम और उसके भाई लालाराम का घर पास-पास है। दोनों खेतों में काम करने गए थे। घर पर महिलाएं और बच्चे थे। बताते हैं कि इसी बीच उनके घर से आग भड़क उठी। इससे गांव में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि हवा भी नहीं चल रही थी। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग को बढ़ने से रोक लिया इसी बीच सूचना पाकर फायर बिग्रेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। टीम ने आग पर पूरी तरह से काबू पाया। इस अग्निकांड में दाल, चावल, आटा, कपड़े सहित घर में रखा सारा सामान जल गया। बाबू के घर होली के त्योहार पर बच्चों के कपड़े लेने के लिए रखे तीन हजार रुपये भी जल गए।

## पुलिस व आबकारी टीम ने ड्रोन कैमरे की मदद से क्षेत्र में कच्ची शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया

### पुलिस ने मौके पर ही 2200 लीटर लाहन को नष्ट किया



*अवधनामा संवाददाता*

**अफजलगढ़।** आगामी त्योहार होली पर्व को लेकर थाना क्षेत्र के गांव लड्डूवाला के जंगल सहित अनेक स्थानों पर पुलिस व आबकारी टीम ने ड्रोन कैमरे की मदद से कच्ची शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने मौके पर ही 2200 लीटर लाहन को नष्ट किया। वहीं पुलिस व आबकारी विभाग की इस कार्रवाई से कच्ची शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया। मंगलवार को एसपी अभिषेक झा के निर्देश पर थानाध्यक्ष सुमित राठी व आबकारी इंस्पेक्टर उपेन्द्र शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस व आबकारी टीम ने थाना क्षेत्र के गांव लड्डूवाला के जंगल रामगंगा नदी सहित पुराना कालागढ़,गांव मुरलीवाला तथा गांव हिदायतपुर चौहड़वाला जंगल के स्थानों पर छापामारी करते हुए ड्रोन कैमरे की मदद से कच्ची शराब माफियाओं के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने गांव लड्डूवाला जंगल रामगंगा नदी खादर पर छापामारी करते हुए मौके पर ही 2200 लीटर लाहन बरामद हुआ जिसे मौके पर ही नष्ट किया गया। इसके अलावा अवैध कच्ची शराब बनाने हेतु कोई गतिविधियां संचालित होना नहीं पाया गया। वही पुलिस व आबकारी विभाग की इस कार्रवाई से कच्ची शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान आबकारी इंस्पेक्टर उपेन्द्र शुक्ला ने बताया कि होली पर्व को लेकर क्षेत्र में कच्ची शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा। अभियान जारी रहेगा कोई भी अगर क्षेत्र में कच्ची शराब बेचने का कार्य करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर एसआई शेर सिंह के आलावा एसआई राजीव कुमार,एसआई शिवम तायल,हेड कांस्टेबल पीयूष खोखर,कांस्टेबल कृष्ण कुमार, कांस्टेबल आकाश यादव, कांस्टेबल शुभम चौधरी, कांस्टेबल शैलेन्द्र कांत, कांस्टेबल अंकित कुमार,हेड कांस्टेबल आबकारी राहुल कुमार, आबकारी कांस्टेबल योगेन्द्र तोमर तथा कांस्टेबल अभय पिलानिया आदि उपस्थित रहे।

### थाना जरीफनग क्षेत्र में मिले शव की परिजनों द्वारा की गई शिनाख्त

**बदायूं।** थाना जरीफनगर क्षेत्र में शनिवार को मिले अज्ञात शव की शिनाख्त हो जाने के बाद मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जाता है कि शनिवार को थाना जरीफ नगर क्षेत्र के उस्मानपुर पुल के पास राहगीरों द्वारा एक व्यक्ति का शव देखा गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मृतक की शिनाख्त हेतु कोशिश शुरू कर दी थी। पुलिस की ओर मृतक का फोटो सार्वजनिक होने के बाद मंगलवार को मृतक के परिवारीजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए,जहां उन्होंने मनोहर के रूप में शव की पहचान कर ली। परिजनों का आरोप है कि मृतक मनोहर को उस्मानपुर निवासी दो व्यक्ति अपने साथ ले गए थे। जिसके बाद मनोहर वापस घर नहीं पहुंचा परिजनों द्वारा उसको ढूंढने काफी प्रयास किया गया पर वह नहीं मिला। इसी बीच उन्हें पुलिस द्वारा जारी की गई मृतक की फोटो देखने को मिल गई जिसे देखकर परिजन तत्काल पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए।

### जमीन के नाम पर धोखाधड़ी के आरोप में 1 को थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार

**आगरा।** धोखाधड़ी के मामले में 1 अभियुक्त को थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा मंगलवार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। दरअसल 3 मार्च 2025 को वादिया द्वारा थाना सदर बाजार पर सूचना दी गयी कि वादिया द्वारा दिनांक-21 जनवरी 2013 को किशन सिंह व कपूर चन्द पुत्रगण सुम्मेरा निवासी रोहता, आगरा से बालाजी गोकुलम मौज रोहता में एक प्लाट खरीदा था। वादिया के यहां कमीशन पर काम करने वाले मनोज जाटव पुत्र चरण सिंह निवासी सेमरी देवरी रोड आगरा को उक्त प्लाट की जानकारी थी। मनोट जाटव उपरोक्त ने किशन सिंह से एक मुख्तारनामा करवा लिया, मुख्तारनामा करवाने के वाद मनोज जाटव द्वारा उक्त जमीन पर 3 प्लाट बेच दिये गये। मनोज जाटव, किशन सिंह व कपूर चन्द्र उपरोक्त द्वारा षडयन्त्र कर वादिया के साथ धोखाधड़ी की गयी है।

## चुनाव आयोग ने किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव किए आमंत्रित

**आगरा।** राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी के अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। भारत के चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं।

इससे पहले, पिछले सप्ताह ईसीआई सम्मेलन के दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओएस को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को एक कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया। संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक हैं। राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी उल्लेख किया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; मतदाताओं का पंजीकरण नियम, 1960; चुनाव संचालन नियम, 1961; माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

### होली पर विशेष रूप से रखें अपनी आंखों का ख्यालन्डॉ अमृता बाजपेई

**बदायूं।** आगामी होली त्यौहार पर जनमानस की आंखों की सुरक्षा के मद्देनजर राजकीय मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग की विभाग की,विभागध्यक्ष द्वारा जनमानस से अपील की गई है। राजकीय मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग की विभागध्यक्ष डॉक्टर अमृता बजपेई द्वारा अपील करते हुए कहा गया है कि,लोग होली खेलते समय आँखों के आस-पास लगे सूखे रंगों को सूती कपड़े से पोंछते रहे तथा होली खेलते समय बेहतर है कि चश्मा पहन कर रखे इससे आँखों में रंग नहीं पड़ेगा एवं आँखे सुरक्षित रहेगी। उन्होंने कहना है कि अगर कोई रंग लगा रहा है तो उस समय आँखे बन्द ही रखें। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए अपील की है कि केमिकल युक्त रंगों के प्रयोग से आँखें में अत्याधिक जलन,पुतली पर घाव (कार्नियल अत्सर) एवं कंजंक्टिवाइटिस होने की संभावना रहती है, इसलिए हल्के या हर्बल रंगों से ही होली खेले।

## डिवाइडर पर चढ़कर लगे स्ट्रीट लाइट पोल से टकराकर पलटी कार

**लखीमपुर-खीरी।** नेशनल हाइवे 730 पर मंगलवार की अल सुबह से पहले गाजियाबाद से बहराइच जा रही कार कस्बे में पहुंचने पर डिवाइडर पर चढ़कर लगे स्ट्रीट लाइट पोल से टकराकर पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डिवाइडर में लगा लोहे का रेडियम संकेतक बोर्ड व बिजली पोल उखड़ कर तिरछा हो गया। कार में सवार चार लोग बाल बाल बच गए। पोल से टकराने के बाद कार में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप ले लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने हाइवे पर जल रही कार पर पानी डालकर काबू पाया। कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। मंगलवार की सुबह करीब 3<50 बजे गाजियाबाद से बहराइच जा रही हुंडई आई टेन कार चालक को नींद आने की वजह से डिवाइडर पर चढ़ गई। जिसके बाद कार डिवाइडर पर लगे लोहे के रेडियम संकेतक बोर्ड व स्ट्रीट लाइट पोल से टकराकर पलट गई। कार में सवार विकास पुत्र रमेश निवासी बहराइच, रमन पुत्र घनश्याम निवासी बहराइच, शिवांशु पुत्र धर्मपाल निवासी बहराइच व कपिल पुत्र कौशल निवासी तेजाबपुर थाना लहरपुर जिला सीतापुर कार में फंस गए। राहगीरों की मदद से कार में फंसे लोगों को बमुश्किल बाहर निकाला गया। पोल से टकराने के बाद कार में आग लग गई। देखते ही देखते कार से तेज लपटें होने लगी जिसके बाद पूरी कार धूं-धूं कर जलने लगी।

## 50 लाख से अधिक के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता मे 50 लाख से अधिक के कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में किया गया। बैठक में जनपद में चल रही 40 निर्माणाधीन योजनाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा पर्यटन विकास निगम लि0 के जनपद में उनके चल रहे कार्यो की धीमी गति व खराब गुडवत्ता होने पर नाराजगी जताई गई व गुडवत्ता सही करने एवं कार्यो को तेजी से पूर्ण कराने के लिये निर्देशित किया गया, जिलाधिकारी द्वारा पूर्ण हो चुके कार्यो को नियमानुसार हैंडओवर की कार्यवाही कराने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यो में मानक व गुडवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाये व सभी कार्यो को ससमय पूर्ण किया जाये,सभी अभियंता अपने प्रोजेक्ट का नियमित निरीक्षण करे, व कोई भी समस्या होने पर अवगत कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## आबकारी विभाग ने 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उप्र के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद श्री जी0 पी0 गुप्ता के पर्यवेक्षण में *विशेष प्रवर्तन अभियान* के अंतर्गत आज दिनांक 11/03/2025 को उप जिलाधिकारी सदर श्री रजनीकान्त आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 सचिन त्रिपाठी आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 मुशर्रफ SHO कमालगंज राजीव कुमार मय पुलिस एवं आबकारी स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम- मेहरुपुर राबी मे दबिश दी गई। 500 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट की गई। 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर अभियोग पंजीकृत किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।



## किसानों ने भाकियू पंचायत में उठाईं समस्याएं



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत गल्ला मंडी परिसर स्थित किसान भवन में शशिभूषण की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें किसानों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं पटल पर रखीं और उनका निराकरण कराए जाने की मांग की। पंचायत के उपरांत संगठन ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर समस्याओं को हल कराने की मांग की। इसके अलावा संगठन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि बिजली निजीकरण का पूरी तरह से विरोध किया जाएगा और ग्रामीण क्षेत्र में यदि स्मार्ट मीटर लगते हैं तो भाकियू धरना प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर तहसील महासचिव डॉ. पीडी निरंजन, मंत्री धनौरा सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

## पेपर फैक्ट्री में आग लगने से लाखों का सामान राख

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** कालपी के इंडस्ट्रियल एरिया की एक कागज फैक्ट्री में बिजली का शार्ट सर्किट हो जाने के कारण आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। दमकल कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर भाग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इंडस्ट्रियल एरिया कालपी में राजनारायण वर्मा- विकास वर्मा की हैंडमेड पेपर फैक्ट्री स्थापित है। बताते हैं कि दोपहर को शार्ट सर्किट के कारण फैक्ट्री के एक गोदाम के हिस्से में रखे कच्चे माल में आग सुलगने लगी। धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आकर कागज तथा अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया। इस घटना को लेकर इंडस्ट्रियल एरिया में अफरातफरी मच गयी।उत्तर प्रदेश उद्योग निर्माता संघ के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने इस घटना की सूचना अग्नि शमन केंद्र कालपी को दी। सूचना पाकर अग्नि शमन केन्द्र के प्रभारी अधिकारी एमपी वाजपेई के नेतृत्व में कर्मचारी दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंच गए तथा आग पर नियंत्रण किया गया। बताते है कि इस घटना में आग की चपेट आ जाने के कारण लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया है।

## मण्डलीय पेंशन अदालत का आयोजन तीन अप्रैल को

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** आयुक्त, अलीगढ मण्डल, अलीगढ़ संगीता सिंह की अध्यक्षता में 03 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से कमिश्नरी सभागार में पेंशन अदालत आयोजित की जाएगी। अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन आगरा मण्डल महिमा चंद ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पेंशन अदालत में अपने-अपने पेंशन प्रकरणों की सुनवाई के लिए पेंशनर एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन या प्रकरण कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, आगरा/अलीगढ मण्डल जिलाधिकारी प्रांगण, एम0जी0 रोड आगरा स्थित कार्यालय में 22 मार्च तक दस्ती रूप में अथवा पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित कर सकते हैं। पेंशन अदालत में प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदन पत्र का प्रारूप मुख्य, वरिष्ठ कोषाधिकारी अलीगढ़, एटा, हाथरस एवं कासगंज के साथ ही अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन आगरा के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पेंशन निदेशालय की वेबसाइट www.pensiondirectorate.up.nic.in से भी आवेदन पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने सभी पेंशनर व सेवानिवृत्त कार्मिकों को पेंशन अदालत के आयोजन का लाभ लेने का आव्हान किया है।

# रंगपर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर की अगुवाई में चटक होता है समरसता का रंग



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** सामाजिक समरसता के सतत विस्तार के साथ लोक कल्याण ही नाथपंथ का मूल है। आधुनिक कालखंड में ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ द्वारा विस्तारित सामाजिक समरसता के अभियान की पताका वर्तमान में गोरक्षपीठाधीश्वर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फहरा रहे हैं। रंगों के प्रतीक रूप में उमंग व उल्लास का पर्व होली भी गोरक्षपीठ के सामाजिक समरसता अभियान का ही एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस पीठ की विशेषताओं में छुआछूत, जातीय भेदभाव और ऊंच नीच की खाई पाटने का जिक्र सतत होता रहा है। ऐसे में गोरक्षपीठ की अगुवाई वाला गोरखपुर का रंगोत्सव सामाजिक संदेश के ध्येय से विशिष्ट है। गोरक्षपीठ की विशेषताओं में छुआछूत, जातीय भेदभाव और ऊंच नीच की खाई पाटने का जिक्र सतत होता रहा है। गुरु गोरखनाथ की साधना स्थली गोरखपुर में होली का उल्लास सामाजिक समरसता के चटक रंगों में उफान पर होता है। होलियाना माहौल में यहां निकलने वाली दो प्रमुख शोभायात्राएं खास संदेश देते हुए पूरे प्रदेश के लिए आकर्षण का केंद्र बनती हैं। इन दोनों शोभयात्राओं (होलिकादहन और होलिकोत्सव) में गोरक्षपीठ की सहभागिता होने से गोरखपुर का रंगपर्व दशकों से विशिष्ट बना हुआ है। इन शोभायात्राओं में सामाजिक समरसता और समतामूलक समाज का प्रतिबिंब नजर आता है। बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री बनने के बाद भी तमाम व्यस्तताओं के बावजूद शोभायात्राओं में शामिल होते हैं। इस साल भी 13 मार्च की शाम को पांडेयहाता से निकलने वाली होलिका दहन शोभायात्रा तथा 14 मार्च की सुबह घंटाघर से निकलने वाली भगवान नृसिंह की रंगभरी शोभायात्रा में सीएम योगी सम्मिलित होकर समरसता के रंग को और चटक करेंगे।


## टांडा कोतवाल ने अपने हमराह के साथ किया पैदल गश्त, लोगो को सुरक्षा का दिलाया भरोसा



**टांडा अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर केशव कुमार अपर पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर पश्चिमी विशाल पाण्डेय सीओ टांडा शुभम कुमार के निर्देश पर कोतवाल टांडा दीपक सिंह रघुवंशी एसएसआई वेद प्रकाश यादव अपनी टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए आगामी होली रमजान त्योहार आगामी त्योहारों को शांतिपूर्वक करवाने के लिए टांडा कोतवाली के टांडा कोतवाल दीपक सिंह रघुवंशी अपनी टीम के साथ के टांडा कस्बा चौक में भीड़भाड़ इलाके में कोतवाली क्षेत्र के कस्बे में चौक मुबारकपुर चौकी छज्जापुर कस्बा में पैदल गस्त भमण स्थानीय लोगों को सुरक्षा भरोसा दिलाया कि कोतवाली टांडा पुलिस आपके साथ 24 घंटे तैयार है टांडा कोतवाल दीपक सिंह रघुवंशी ने लोगों से की अपील सभी लोग शांतिपूर्वक होली रमजान त्यौहार मनाएंगे। वही कोतवाल टांडा दीपक सिंह रघुवंशी संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई वही लोगों से की अपील रोड पर फालतू ना घूमने अन्यथा होगी कार्रवाई वही कोतवाल टांडा दीपक सिंह रघुवंशी ने जहां मौजूद लोगों से हालचाल पूछा यदि किसी को कोई भी समस्या हो तत्काल हमको अवगत कराएंगे यह हल्के सिपाही या हल्का दरोगा को वही कोतवाल टांडा सिंह रघुवंशी ने लोगों से अपील की शांतिपूर्वक होली रमजान त्यौहार मनाएंगे। वहीं मुबारकपुर चौराहे पर रोड किनारे खड़े तीन युवकों को रोककर कड़ी फटकार लगाई कहां रोड किनारे फालतू खड़े मिले तो होगी कार्रवाई इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक वेद प्रकाश यादव चौकी प्रभारी सकरावल राम प्रकाश सिंह, उपनिरीक दिनेश राय, हमराही सुमित चौधरी गोविंद कुमार यादव सिपाही महिला कांस्टेबल हेड कांस्टेबल आदि पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# दस रमजान को हजरत खदीजा की याद में हुई सामूहिक कुरआन ख्वानी

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** मंगलवार की सुबह चिश्तिया मस्जिद बक्शीपुर में पैग़ंबरे इस्लाम हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पहली बीवी उम्मुल मोमिनीन (मोमिनों की मां) हज़रत सैयदा खदीजातुल कुबरा की याद में सामूहिक कुरआन ख्वानी हुई। उनकी ज़िंदगी पर रोशनी डाली गई। उनका यौमे विसाल (निधन) दस रमजान को हुआ था।

वहीं मदरसा रजा-ए-मुस्तफा में फातिहा ख्वानी हुई। चिश्तिया मस्जिद के इमाम मौलाना महमूद रजा कादरी ने कहा कि हजरत खदीजा बहुत बुलंद किरदार, आबिदा और जाहिदा महिला थीं। हजरत खदीजा ने गरीब मिस्कीनों की मिसाली इमदाद (मदद) की। अपने व्यापार से हुई कमाई को हजरत खदीजा गरीब, अनाथ, विधवा और बीमारों में बांटा करतीं थीं। हजरत खदीजा ने अनगिनत गरीब लड़कियों की शादी का खर्च भी उठाया और इस तरह एक बेहद नेक और सबकी मदद करने वाली महिला के रूप में दीन-ए-इस्लाम ही नहीं पूरे विश्व के इतिहास में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा। पैग़ंबरे इस्लाम ने जब ऐलाने नबुव्वत किया तो महिलाओं में सबसे पहले ईमान लाने वाली महिला हजरत खदीजा थीं। खातूने जन्नत हजरत फातिमा जहरा उन्हीं की बेटी हैं।

मदरसा रजा-ए-मुस्तफा के शिक्षक कारी मुहम्मद अनस रजवी ने कहा कि हजरत खदीजा का मक्का शरीफ में कपड़े का बहुत बड़ा व्यापार था। उनका कारोबार कई दूसरे मुल्कों तक होता था। हजरत खदीजा की बताई तालीमात पर अमल करके दुनिया की तमाम महिलाएं दीन व दुनिया दोनों संवार सकती है। हजरत खदीजा बेवा (विधवा) थीं। उन्होंने पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के अख्लाक, किरदार, मेहनत, लगन और ईमानदारी से प्रभावित होकर निकाह का पैगाम भेजा, जिसे उन्होंने कुबूल कर लिया। उस वक्त पैग़ंबरे इस्लाम की उम्र 25 साल जबकि हजरत खदीजा की उम्र चालीस साल थी। इस तरह हजरत खदीजा पैग़ंबरे इस्लाम की पहली बीवी बनीं। अंत में सलातो-सलाम पढ़कर मुल्क में अमन व अमान की दुआ मांगी गई। इस मौके पर इकरार अहमद, नवाब अहमद, अज्जन कुरैशी, असलम, फुजैल, रिजवान करीम, फैजान अली, आतिफ अली, बब्लू आदि मौजूद रहे। **रहमत का अशरा खत्म, मगफिरत का शुरू-** मंगलवार की शाम रहमत का अशरा खत्म हो गया। माह-ए-रमजान का दसवां रोजा व पहला अशरा रहमत का अल्लाह की रजा में बीता। रोजेदारों ने रोजा, नमाज, तिलावत, तस्बीह, खैरात व जकात के जरिए अल्लाह को राजी करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। तहज्जुद, इशराक, चाश्त, सलातुल अव्वाबीन, सलातुल तस्बीह की नमाज कसरत से पढ़ी।

## छावनी के रामरेखा मंदिर पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का आयोजन

# सामूहिक विवाह में एक दूजे के हुए 111 जोड़े

**अवधनामा संवाददाता**



**छावनी।** छावनी क्षेत्र के रामरेखा मंदिर पर मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 111 जोड़े एक दूजे का हाथ थाम कर परिणय सूत्र में बंध गये जिसमें 111 जोड़ों के विवाह की व्यवस्था समाज कल्याण विभाग ने कराया था कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महेश शुक्ला उपाध्यक्ष गौ सेवा आयोग व विशिष्ट अतिथि अजय सिंह विधायक हरैया ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुरूआत किया। कार्यक्रम में गौ सेवा के उपाध्यक्ष महेश शुक्ला ने वर वधू को आशीर्वाद देते हुये कहा कि जैसे आपके माता-पिता आपका कन्यादान करते हैं वैसे ही अब देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज आप लोगों का भी आज कन्यादान कर रहे हैं अब किसी भी बहन बेटी को चिंता नहीं करनी है कि उसकी शादी नहीं होगी जब तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज हैं तब तक कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है वही विधायक अजय सिंह ने कहा सीएम ने ऐसी योजना लाकर गरीब घरों की बेटियों को शादी का उपहार देकर उनका कल्याण करने का काम किया है।

उन्होंने नव विवाहित जोड़ों पर पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया हरैया विधायक अजय सिंह ने कार्यक्रम में कहा कि यह रामायणकालीन भगवान राम की पावन धरती है यह धरती माता सीता के विवाह के समय से ही प्रसिद्ध है भगवान राम ने जब अपना विवाह करके अयोध्या वापस जा रहे थे तो इसी रामरेखा मंदिर पर रुके थे जब माता सीता को प्यास लगी तो यहां पर कहीं पानी की व्यवस्था नहीं थी इस समय भगवान राम ने अपने तीर से एक रेखा खींची जिससे यहां पर जल निकला इसलिये यह धरती पावन हो गयी आज आप लोगों का विवाह इसी धरती पर हो रहा है आप लोग भी भगवान राम और माता सीता की तरह हमेशा खुश रहें। कार्यक्रम में हरैया तहसील के ब्लॉक विक्रमजोत के 24 जोड़े, हरैया ब्लॉक के 33 जोड़े, परशुरामपुर ब्लॉक 42 जोड़े, दुबौलिया ब्लॉक के 8 जोडे तथा नगर पंचायत हरैया के 4 जोडे कुल 111 लाभार्थी जोड़े शामिल हुये सुबह से ही रामरेखा मंदिर पर दूल्हा-दुल्हन के साथ बारातियों का आना शुरू हो गया था।

कार्यक्रम में विधि विधान के साथ पूजन के बाद 111 जोड़े एक दूजे का हाथ थाम परिणय सूत्र में बंधे विवाह समारोह में शामिल लोग विवाह स्थल और मंदिर परिषद में सेल्फी लेने में व्यस्त दिखे।

## शिया यतीम खाने में रोज़ा इफ्तार



## एमएसजी फाउंडेशन ने कर्बला में किया मेडिकल कैंप

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** पुराने लखनऊ स्थित शिया यतीम खाने में आज द सहयोग गाइडेंस की तरफ से रोज़ा इफ्तार का आयोजन किया गया। रमजान का महीना हम सभी को जरूरतमंदों गरीबों बेसहारा यतीमो के साथ हुस्ने सलूक सिखाता है। इसी लिये आज यतीम बच्चों के साथ इस रोजा इफ्तार कार्यक्रम में द मदद सहयोग गाइडेंस की पूरी टीम और समाज के विभिन्न लोग मौजूद रहे। रोजा इफ्तार के फौरन बाद पुराने लखनऊ स्थित कर्बला में निशुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें मरीज को निशुल्क दवाएं दी गई और उनका चेकअप किया गया। डॉक्टर टीम में अमान नक़वी एमबीबीएस (एम्स एस.आर.के.), एमडी (केजीएमयू) लखनऊ, डॉ. फरजाना रिजवी एमबीबीएस एमडी फिजियाइट्री (केजीएमयू) लखनऊ ने मरीजों को देखा एवं उनका चेकअप किया। इस मेडिकल कैंप में द मदद सहयोग गाइडेंस की टीम में नबील अहमद, आसिफ सिद्दीकी, अंदलीब फातिमा, अलीज़ा रिज़वी, अभय वर्मा, बतूल रिज़वी, खुशबू फातिमा नक़वी, फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद आलम रिज़वी फाउंडेशन के संस्थापक मोहम्मद सादिक मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सुरक्षा से सम्पूर्ण सुरक्षा विषय पर कार्यशाला आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**



**अलीगढ़।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 नीरज त्यागी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत ''सुरक्षा से सम्पूर्ण सुरक्षा'' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का उद्देश एचआईवी/एड्स की रोकथाम, उपचार एवं जागरूकता को बढ़ावा देना था।

वर्कशॉप में स्वास्थ्य विशेषज्ञों, जिला स्तरीय अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों और समाजसेवियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। वर्कशॉप में सुरक्षित यौन व्यवहार, एड्स से जुड़े मिथकों का खण्डन, समय से परीक्षण और उपचार पर चर्चा की गई। सीएमओ ने कहा कि एचआईवी/ एड्स नियंत्रण के लिए जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण हथियार है। शाइस्ता बदर ने बताया कि एचआईवी एक वायरस है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देता है, यदि इसका ईलाज न किया जाए तो यह एड्स में परिवर्तित होकर शरीर में विभिन्न प्रकार की गंभीर बीमारियों से लड़ने में अक्षम बना देता है। वर्कशॉप के दौरान निःशुल्क एचआईवी परीक्षण परामर्श सेवाएं और सुरक्षित संबंधों को लेकर संवाद सत्रों का भी आयोजन किया गया। वर्कशॉप में समझाया गया कि एचआईवी-एड्स असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त से संपर्क, मॉ से बच्चे में, संक्रमित सुई या सिरिंज के उपयोग से हो सकता है। एचआईवी-एड्स से सुरक्षित रहने के लिए सावधानियों के बारे में बताया गया कि यौन संबंध बनाते समय सही तरीके से कंडोम का प्रयोग करें। बिना जांचा हुआ रक्त मरीज को न चढ़ाएं। एक ही सुई या सिरिंज का दोबारा प्रयोग न करें। यदि जोखिम हो तो नियमित टैस्ट कराएं। गर्भवती महिलाओं को समय पर उपचार मिलने से नवजात को संक्रमण से बचाया जा सकता है। एचआईवी-एड्स एक गंभीर लेकिन नियंत्रित किया जाने वाला संक्रमण है। सही जानकारी, सावधानी और समय पर जांच से इसे रोका जा सकता है। सामाजिक जागरूकता बढ़ाने से न केवल संक्रमण कम किया जा सकता है, बल्कि संक्रमित लोगों के प्रति सहानुभूति और समर्थन को भी बढ़ाया जा सकता है।

## पांच केंद्रो पर होगी बोर्ड पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

**अम्बेडकरनगर।** यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 19 मार्च से दो अप्रैल तक होगा। इसके लिए जिले में पांच मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। मूल्यांकन के लिए परीक्षकों को 17 मार्च को ही केंद्र पर अपनी उपस्थिति देनी है। 18 मार्च को मूल्यांकन से संबंधित निर्देश और प्रशिक्षण दिया जाएगा। वर्तमान समय में यूपी बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। जो 12 मार्च तक संपन्न होंगी। परीक्षाओं के साथ-साथ माध्यमिक शिक्षा परिषद ने मूल्यांकन की तैयारी भी तेज कर दी है। जनपद से भेजे गए सभी पांच मूल्यांकन केंद्रों के प्रस्ताव को परिषद ने हरी झंडी देते हुए सूची जारी कर दी है।

जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने बताया कि बीएन इंटर कॉलेज अकबरपुर में इंटरमीडिएट, डॉ गणेश कृष्णा जेटली इंटर कॉलेज अकबरपुर में हाईस्कूल, सरदार पटेल स्मारक इंटर कॉलेज लारपुर में इंटरमीडिएट, संत कबीर इंटर कॉलेज भैरव का पूरा सैदापुर में हाईस्कूल और जनता इंटर कॉलेज फतेहपुर बड़गांव में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों के लिए मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है।

## खण्ड शिक्षा अधिकारी ने लर्निंग बाई डूइंग लैब का किया उद्घाटन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड पाली के ग्राम पंचायत पुण्डा स्थित कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बने लर्निंग बाई डूइंग लैब का मंगलवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी यज्ञ नारायण वर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन कर मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया।उन्होंने कृषि, पर्यावरण, फूड, मेकिंग और इलेक्ट्रॉनिक ट्रेड से जुड़ी गतिविधियों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों के हुनर को बारीकी से परखते हुए उन्होंने कहा कि यह लैब बच्चों को व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करने में सहायक होगी, जिससे उनके कौशल का विकास होगा। इस अवसर पर अनिल विश्वकर्मा, रंजना कुमारी, ध्रुव पांडेय, सुनील सिंह, पुष्पलता भट्ट, सुधा भट्ट सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## घर के सामने खेल रही बालिका को ट्रैक्टर ने कुचला

**अमेठी।** कोतवाली अंतर्गत केशव नगर सरवनपुर मोहल्ले में घर के सामने खेल रही पांच वर्षीय बच्ची को ट्रैक्टर ने कुचल दिया। मौके पर ही बालिका की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मंगलवार की शाम केशव नगर सरवनपुर निवासी पत्रकार अरुण गुप्ता की पुत्री अवनी गुप्ता (05) घर के सामने खेल रही थी।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की मासिक बैठक शिक्षक भवन मे संपन्न हुई



**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अवनीश सिंह चौहान - उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की मासिक बैठक शिक्षक भवन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अवनीश चौहान ने की तथा संचालन जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने किया। बैठक में शिक्षकों की समस्याओं से संबंधित मांग पत्र बीएसए को सौंपा। बैठक में बोर्ड परीक्षा पारिश्रमिक, अवशेष 75 प्रतिशत कम्पोजिट ग्रांट का भुगतान,चयन पत्रावली अनुमोदन एवं अवशेष एरियल, वार्षिक परीक्षा की धनराशि भेजने , रसोईया मानदेय, कन्वर्जन कास्ट, फलों की धनराशि व अतिरिक्त पोषण धनराशि काअद्धतन भुगतान कराना, बीआरसी पर मीना मंच तथा एफएलएन प्रशिक्षण भत्ता दिलाने, शिक्षामित्र से शिक्षक बने लोगों से पुरानी पेंशन विकल्प भरवाने आदि मांगें प्रमुख हैं। बैठक में अवनीश चौहान, राजकिशोर शुक्ल, अनुपम मिश्रा,सत्यभामा राठौर, राजेश कुमार, श्याम सिंह, निर्देश गंगवार, केपी सिंह, बलवीर सिंह, शाहिद, इसरार,चंदन , सुशील माथुर, फहीम उल्लाह, अजय कटियार, अविनाश कुमार,आओम सिंह चौहान, गजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पत्रकार साथी की दिनदहाड़े हत्या होने पर रोष व्यक्त करते पत्रकारों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा

**अवधनामा संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया एसोसिएशन की कोर कमेटी के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर 8 मार्च 2025 दिन शनिवार को कानपुर से प्रकाशित अख़बार के सीतापुर तहसील संवाददाता राघवेंद्र बाजपेयी की दिनदहाड़े गोली मारकर निर्मम हत्या के मामले में एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव संजय शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ पत्रकार सर्वेंद्र कुमार इंदु अवस्थी, विकास दूबे, इरशाद अली, महेश वर्मा, ताहिर खां बज्जू, मोहनलाल गौड़, दीपक तिवारी, अनिल प्रजापति, इशरत अली, ज्ञानचंद्र, मुन्ना लाल, दानिश खां, उपेंद्र मिश्रा, विकास कांत, हिरदेश कुमार, शिवांकर, शाहनवाज खां, आलोक, विनय सक्सेना, इल्यास अहमद, अर्चना श्रीवास्तव आदि लगभग दो दर्जन से अधिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने फर्रुखाबाद ज़िला मुख्यालय पहुँच कर मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि मृतक पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की हत्या में शामिल आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही की जाए। हत्या में शामिल दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाए ताकि इस प्रकार की घटना किसी और के साथ न हो सके। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा आयोग का गठन किये जाने की मांग भी की है ताकि पत्रकारों के मन में किसी भी प्रकार का भय उत्पन्न न हो और पत्रकार सुरक्षा के साथ शासन की मंशा के अनुसार निर्भीक होकर समाचारो का प्रकाशन कर सके। फर्रुखाबाद जिले के वरिष्ठ ज़िला उपाध्यक्ष इरशाद अली ने कहा कि मृतक पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी के आश्रितों को 25 लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाये साथ ही परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाये ताकि पत्रकार के परिवार की जीवनी चल सके।

## अमन चैन के साथ मनाए त्यौहार

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने होली व रमजान पर्व को जनपद में शांति, सद्भाव के साथ सकुशल संपन्न कराने हेतु कानून व्यवस्था के दृष्टिगत थाना क्षेत्र नसीराबाद व परशदेपुर का भ्रमण कर होलिका दहन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

## सूचना

मैं नौशाद दि.7.3.25 को 12.30 बजे सुबह अपने वकील को असल बेनामा संपत्ति रकबई 100 वर्ग गज जिसका विक्रेता भगवानदास पुत्र जीवन नि.शिवपुरी कलोनी, भूतेश्वर मंदिर रोड व क्रेता प्रवेज़ सैद पुत्र मो. इकराम नि. मालवीय नगर बाजोरिया इ. कॉलेज, स.पुर है जो बही सं.1 जि. 4417 पे. 135/156 द. 5301 दि. 4.9.2004 सब रजि. स.पुर में दर्ज है वास्तव में खो गया मिले तो संपर्क करें।

**एड. पंकज ठाकुर,141, सिविल कोर्ट स.पुर मो. 9675983535**

अवधनामा



# अमिफोरिया-2025 में फैशन डिजाइनिंग एवं गारमेंट टेक्नोलॉजी के छात्रों का जलवा

## विवि के छात्रों ने प्रथम, द्वितीय उपविजेता के साथ कई पुरस्कार अपने नाम किए



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के फैशन डिजाइनिंग एवं गारमेंट टेक्नोलॉजी के छात्रों ने एमिटी विश्वविद्यालय, लखनऊ में सांस्कृतिक महोत्सव अमिफोरिया-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का परचम फहराया। इस महोत्सव में 'पुनः जियो, आनन्दित हों, ऊर्जा प्राप्त करें' थीम पर छात्रों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन करते प्रथम, द्वितीय उपविजेता के साथ कई पुरस्कार अपने नाम किए। इस महोत्सव में 'दिव्य वानर' समूह की थीम पर प्रथम उपविजेता सोनाक्षी यदुवंशी, आमना रफी, अक्षत जयसवाल, साक्षी रावत, तहसीन शकील व रूपाली ने पारंपरिक वस्त्रों को दिव्यता और आधुनिकता के संगम के रूप में प्रस्तुत किया। वहीं द्वितीय उपविजेता रितिका दुबे, इकरा बानो, आयुषी यादव, श्रृंगारिका यादव, प्रीति दुबे, अनुप्रिया पाल, शिखा वर्मा 'नवदुर्गा' थीम पर नौ देवियों की शक्ति और महिला सशक्तिकरण का आकर्षण प्रदर्शन किया। वहीं संस्कृति मिश्रा को 'पंचभूत' थीम पर सांत्वना पुरस्कार मिला। इन्होंने सृष्टि के पांच तत्वों पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश को अद्वितीय फैशन डिजाइनों के माध्यम से दर्शाया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में विद्यार्थियों को सफलता पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि रचनात्मकता संभावनाओं का खोज है। इससे क्रियटिव शक्ति का विकास होता है। इस तरह के आयोजनों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते रहना चाहिए। इससे व्यक्तित्व का विकास होगा। विभागाध्यक्ष डॉ0 सुरेंद्र मिश्र, प्रो0 अनूप कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर शालिनी पाण्डेय, विनीता मोटवानी पटेल, रत्नेश यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

## खुर्दाबाद मोहल्ले में अवैध कब्जे के खिलाफ जन जागरूकता, प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग

**अयोध्या।** नगर निगम के राममनोहर लोहिया वार्ड के खुर्दाबाद मोहल्ले में स्थित जगदम्मा मंदिर से आगे जाने वाली परिक्रमा रोड को जोड़ने वाली 25 फिट चौड़ी सड़क पर यादव परिवार के लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। इस रास्ते में टैक्टर ट्राली, मोटरसाइकिल और चारपाई बिछाकर सड़क पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है, जिसके कारण जनता को आने-जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जब स्थानीय लोग इस अवैध कब्जे को हटाने की कोशिश करते हैं तो आरोपी परिवार के लोग उनसे दुर्व्यवहार करते हुए फौजदारी की धमकी देते हैंइस संदर्भ में शहीद भगतसिंह ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी, सदस्य अजय बाबा, पूजा श्रीवास्तव, धीरज द्विवेदी, शिवधर द्विवेदी, रामजी तिवारी, पह्लन श्रीवास्तव, डॉ. नीरज सिंहा, और नीर एड्वोकेट सहित अन्य स्थानीय नागरिकों ने कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से मांग की है कि अविलंब इस अवैध कब्जे को हटाकर रास्ते को जनता के लिए खोला जाए।

# खाद्य सुरक्षा की प्रभावी कार्यवाही

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा जनपद में खाद्य पदार्थों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र सं0-एफ0एस0डी0ए0/होली अभि0/2024-25/1104 दिनांक 28.02.2025 के अनुपालन में और जिलाधिकारी के अनुमोदन से 04 मार्च 2025 को गठित टीम ने आज 11 मार्च 2025 को खाद्य सुरक्षा संबंधी कार्यवाही की।

उपजिलाधिकारी/सिटी मजिस्टेऊट के नेतृत्व में और सहायक आयुक्त (खाद्य) श्री मानिक चन्द्र सिंह के निर्देशन में गठित सचल दल ने अयोध्या जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान 20 से 25 प्रतिष्ठानों की जांच की गई और निम्नलिखित कार्यवाही की गई सिटी मजिस्ट्रेट अयोध्या के नेतृत्व में डॉ. प्रवीण कुमार त्रिपाठी (मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी) और अजय कुमार सोनी (खाद्य सुरक्षा अधिकारी) ने टोनिया-अयोध्या से 1 नमूना भैंस का दूध और 1 नमूना खोआ का राघेश्याम एकत्र किया। इसके साथ ही 27 किलोग्राम खोया जिसकी कुल कीमत 8100 थी, का विनिष्टीकरण किया गया।

उप जिलाधिकारी, रूदौली के नेतृत्व में संतोष कुमार साहू और श्रीमती सुमित चैधरी (खाद्य सुरक्षा अधिकारी) ने सोहावल से 01 नमूना क्रीम रोल, 01 नमूना बिस्कुट, 01 नमूना घी, और रूदौली से 01 नमूना दूध की बर्फी, साथ ही 10 किलोग्राम रंगीन कचरी जिसका कुल मूल्य 500 था, का नष्ट किया।

कुल मिलाकर 06 नमूने एकत्र किए गए और 27 किलोग्राम खोया (8100) और 10 किलोग्राम रंगीन कचरी (500) का विनिष्टीकरण किया गया। यह अभियान खासतौर पर होली पर्व के दौरान आम जनता को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। मानिक चन्द्र सिंह के कुशल निर्देशन में यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी ताकि खाद्य सुरक्षा के उच्च मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

## नगर निगम में मच्छरों के प्रकोप पर डॉ. आशीष पाण्डेय दीपू ने उठाया सवाल

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी से अयोध्या नगर निगम के महापौर पद के प्रत्याशी रहे डॉ. आशीष पाण्डेय दीपू ने विक्रमादित्य वार्ड स्थित समता सदन कैंप कार्यालय पर एक बैठक आयोजित की और एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए अयोध्या नगर निगम में वर्तमान सरकार के जिम्मेदार पदाधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए।उन्होंने कहा कि पूरा अयोध्या नगर निगम मच्छरों के प्रकोप से त्राहिमाम कर रहा है। शाम होते ही घरों में मच्छरों के झुंड मंडराने लगते हैं, जिससे मच्छर जनित कई बीमारियों के फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि फॉगिंग और सफाई के नाम पर केवल खाना पूर्ति की जा रही है, जबकि वार्ड स्तर पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा है।डॉ. पाण्डेय ने यह भी आरोप लगाया कि आज सफाई कर्मियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा और वेतन देने के नाम पर सुपरवाइजर द्वारा घूस की मांग की जा रही है, जिसके कारण सफाई कर्मी आंदोलन करने पर मजबूर हो गए हैं।

## समाज सेवा क्षेत्र में वरिष्ठ समाजसेवी बसन्त राम दिल्ली में सीनियर सिटीजन यंग मैन आईकॉनिक अवार्ड से हुए सम्मानित

**अयोध्या।** राजधानी दिल्ली के फेस स्न-2 मयूर विहार में ईस्ट विनोद नगर सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह में अयोध्या के वरिष्ठ समाजसेवी एवं मां शांति सेवा फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष बसंत राम को समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सीनियर सिटीजन यंग मैन आईकॉनिक अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।यह सम्मान उन्हें उनके निरंतर सामाजिक कार्यों के लिए प्रदान किया गया, जिसमें पशु-पक्षी सेवा, निर्धन व असहाय लोगों की सहायता, बहन-बेटियों की शादी में सहयोग, महापुरुषों और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के अलावा कोविड-19 और प्राकृतिक आपदाओं में उनकी अग्रिम भूमिका को भी सराहा गया।दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय परिवहन मंत्री हर्ष मल्होत्रा और विशिष्ट अतिथि देवेंद्र सिंह नेगी, विधायक दिल्ली रहे। सम्मान समारोह में संस्था के अध्यक्ष एस.बी. ठाकुर, कोषाध्यक्ष बिहारी लाल, संरक्षक पी.के. गौतम सहित सभी सदस्य उपस्थित थे, जिन्होंने बसंत राम जी का स्वागत माल्यार्पण और शाल पहनाकर किया।

## शांति समिति की बैठक आयोजित, होली त्योहार को शांतिपूर्ण मनाएः थानाध्यक्ष



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसौली स्थित पंचायत भवन परिसर मे प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित शांति समिति की बैठक में होली त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर कई सुझाव दिए। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि रमजान के महीने में जुमा के दिन होली का त्योहार है तो इसको लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी है शराब पर अंकुश लगे,डीजे पर भी पाबंदी रहे। धार्मिक भावनाओं को ठेश पहुंचाने जैसे गाने न बजाया जाए। इस तरह के कई प्रकार के सुझाव प्रसाशन के बीच रखे गये उन्होंने होली एंव रमजान की बधाई देते हुए कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल न करें, आपसी भाईचारा के साथ त्योहार को मनाएं। चौकी प्रभारी अजहर खान ने कहा की होली की त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है,आप सभी धर्मों के लोग आपसी सौहार्द बनाये रखते हुए जुमा की नमाज पढ़ें एंव होली त्योहार को मनाएं। इस मौके पर ग्राम प्रधान जियाउल हक अंसारी, शब्बीर, जुगुल किशोर, डॉ अर्जुन गुप्ता, उपनिरीक्षक रिषभ सिंह चंदेल आदि लोग मौजूद रहे।

## फर्जी मुकदमे में फसाने वाली महिला गिरफ्तार

**सिद्धौर बाराबंकी।** असंद्रा थाना क्षेत्र के गैरिया गांव निवासी सूर्यप्रकाश वाजपेई ने गांव की ही एक महिला पर आत्मदाह करने की बात करके फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पीड़ित के अनुसार उसकी आबादी की जमीन पर गांव की किरन पत्नी रामचंद्र रावत द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है जबकि यह मामला न्यायालय में भी विचाराधीन है । विरोध करने पर महिला द्वारा आत्मदाह करने की बात कहकर हरिजन एक्ट के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है ।पीड़ित का आरोप है कि महिला द्वारा पूर्व में एक फर्जी मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है ।जिसमें सुलह करने के नाम पर उससे बीस हजार रुपए मांगे जा रहे हैं। पैसे न देने पर दोबारा फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर महिला को गिरफ्तार कर लिया।

# मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार सहित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने सड़क सुरक्षा को लेकर कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले स्तर पर आयोजित सड़क सुरक्षा समितियों में उठाए गए मुद्दों पर कार्यवाही की अनुपालन रिपोर्ट भी समय-समय पर दी जाए। साथ ही, मण्डलायुक्त ने स्कूल बसों की फिटनेस की जांच हेतु अभियान चलाने की बात कही और अनफिट बसों के खिलाफ सीलिंग की कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि शहरों में चलने वाले ई-रिक्शों को कोई नाबालिग न चलाए, इसके लिए संबंधित विभागों को समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए।मण्डलायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए रैम्प, फुटपाथ, ट्रैफिक सिग्नल और अन्य सुरक्षा उपायों पर जोर दिया और आम जनता को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाने का आदेश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क सुरक्षा सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है, और इसे सुनिश्चित करने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। बैठक में मौजूद उद्यमियों से मण्डलायुक्त ने कहा कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत उद्योगों में कार्यरत सभी कर्मियों को हेलमेट पहनकर काम पर आना सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा, सभी सरकारी और अन्य संस्थानों के कर्मचारियों को भी हेलमेट पहनने की आवश्यकता पर बल दिया।बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों से मण्डलायुक्त ने स्पष्टीकरण मांगा और कहा कि जिन विभागों के अधिकारियों को बैठक में बुलाया जाए, वे तैयारी के साथ उपस्थित हों। पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने कहा कि शासन के निर्देशों के तहत बिना हेलमेट के किसी भी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल न डाले जाने का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि हेलमेट के शीशों में कोई काले फिल्म का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। इसके अलावा, परिवहन विभाग और पुलिस को सड़क पर अवैध कट या ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उसे ठीक कराने के निर्देश दिए गए।

## वाहन की टक्कर से ऑटो के उड़े परखच्चे, छात्र की मौत, चार लोग घायल



**बरेली।** बरेली के फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में हाईवे पर औंध कट के सामने किसी वाहन से ऑटो को टक्कर लग गई, जिससे उसमें सवार नर्सिंग के छात्र की मौत हो गई। पांच लोग घायल हो गए। किसी वाहन की टक्कर से ऑटो में सवार नर्सिंग के छात्र की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। ऑटो को क्रेन की मदद से थाना परिसर में खड़ा कराया गया। उधर, हादसे के बाद मृतक छात्र के परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस के मुताबिक ऑटो कस्बा फतेहगंज पश्चिमी से मीरगंज जा रहा था, जिसमें करीब पांच-छह सवारियां बैठीं थीं। औंध कट के सामने किसी वाहन से ऑटो को टक्कर लग गई। जिससे ऑटो रोड किनारे खेत में पलट गया। हादसे में विशाल पुत्र नामालूम निवासी मुरादाबाद की मौत हो गई। विशाल राजश्री मेडिकल कॉलेज से बीएससी नर्सिंग कर रहे थे।

# मोदी ने देश की माताओं व बहनों को घर की मालकिन बनायाः रामबाबू



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** रानीगंज महादेवा रामनगर में आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी माताओं बहनों के बीच पहुंच कर कहा कि मातृशक्ति ही आदि शक्ति है समाज में नारी को हमेशा सम्मान और आदर दिया जाना चाहिए, क्योंकि वह सृजन, पालन और संस्कार देने वाली है। मातृशक्ति के बिना समाज अधूरा है। मातृशक्ति का महत्व इस बात से भी समझा जा सकता है कि वे परिवार और समाज दोनों को मजबूत बनाती हैं। हमें नारी का सम्मान करते हुए उसे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि समाज और देश प्रगति की ओर बढ़ सके। मातृ शक्ति को नमन करो तन मन सब वलिहारी, नर की महिमा कही पर सब बिधि से श्रेष्ठ नारी । देवी स्वरूप माता स्वरूप बहिन स्वरूप है पूजा की अधिकारी, वो देश श्रेष्ठ माना जाता जहां पूजी जाती है नारी। विद्या की देवी सरस्वती धन की लक्ष्मी शक्ति की दुर्गा, कोई भी यज्ञ अनुष्ठान त्यौहार हो वेदी या हो पर्व नारी प्रीत मैं राधा बने गृहस्ती मैं बने जानकी!! काली बनके शीश काटे जब बात हो सम्मान की !! नारी सहनशीलता में अग्रणी है। नारी ही मां है बेटी है बहन है नारी ही नारायणी है बहुत कुछ नारी ही है। श्री द्विवेदी ने आगे कहा की देश के प्रधानमंत्री ने नारियों को विधायिका में 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए बिल पारित किया भाजपा की सरकार में लाखों महिलाएं बनी लखपती दीदी एवं ड्रोन दीदी मोदी ने देश की माताओं बहनों को घर की मालकिन बनाने का काम किया भाजपा की सरकार में नारी शशक्त बनी इसके साथ ही होलिका की सभी माताओं एवं बहनों को बहुत बहुत बधाई शुभकामनाएं दीं घर परिवार क्षेत्र की खुशहाली की कामना की इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महादेवा अमित सिंह ने एवं युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष वैभव मिश्रा ने भी संबोधित किया साथ कार्यक्रम संयोजक एवं संचालन अशोक शुक्ला पूर्व मंडल अध्यक्ष ने किया।

## प्रतिबंधित पेंडो पर चलाते हैं आरा, वन अधिकारियो को लगी फटकार

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर थाना क्षेत्र में वन माफिया लगातार सक्रिय हैं। और आये दिन प्रतिबंधित पेंडो पर चलाते हैं आरा। ताज़ा मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के बंजारन पुरवा कांशीराम कालोनी के पास का है जहाँ फल-फूल रहा प्रतिबंधित आम के पेड़ को बिना अनुमति के काट दिया गया। ज्ञात है कि थाने के सामने से ही प्रतिबंधित लकड़ी को गाड़ी में लादकर ले जाया जाता है। क्षेत्र में वन माफिया लगातार कीमती और प्रतिबंधित फलदार पेड़ों पर आरा चला रहे हैं। इन पेड़ों की लकड़ी को ऊंचे दामों में बेचा जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस अवैध कार्य में पुलिस और वन विभाग की भी मिलीभगत है। जब इस मामले की शिकायत बाराबंकी के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) आकाश दीप से की गई, तो हरख वन रेंज के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। तुरंत कर्मचारियों को भेजकर काटे गए पेड़ का माप कराया गया। वन दरोगा सचिन पटेल ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और उचित कार्रवाई की जाएगी।

## विन सत्संग विवेक ना होई राम कृपा बिन सुलभ न सोई सुकृपा दास



**बाराबंकी।** हैदरगढ़ क्षेत्र के कामाख्यादीन द्विवेदी इंटर कॉलेज बबुरिहा में महान समाजसेवी आदर्श शिक्षक पंडित कामाख्यादीन द्विवेदी की 15वीं पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय संत सम्मेलन आयोजित किया गया।जिसका संचालन डॉक्टर शिवाकांत शुक्ला ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ जगन्नाथ पुरी उड़ीसा से पधारे अतुल महाराज ने वैदिक मंत्रों से शुरू किया। अयोध्या धाम से पधारे बाबा सुकृपा दास ने सत्संगति की महिमा पर प्रकाश डालते हुए। कहा कि नैतिक मूल्यों के चरण को सत्संग से ही बचाया जा सकता है। आज की युवा पीढ़ी को सत्संग से जोड़ने की आवश्यकता है। तभी राष्ट्र उन्नत और उत्कर्ष पर पहुंचेगा। और कहा कि।÷विन सत्संग विवेक ना होई राम कृपा बिन सुलभ न सोई ÷। वही इंदौर मध्य प्रदेश से पधारे रामकिशोर पांडे आचार्य ने श्री रामचरितमानस को प्रेरणादाई ग्रंथ बताया। कहा ÷रामचरितमानस यहि नामा सुनत श्रवण पाइ विश्रामा÷ इसी क्रम में आचार्य मिथिलेश द्विवेदी ने कहा कि हमें वेद मार्ग पर चलकर पुत्र वैदिक काल स्थापित कर भारत के विश्व गुरु की महिमा से मंडित करना है। इसके अलावा अचार कृष्ण देव दीक्षित ,शिवनारायण दास, रामायणी,राजकिशोर पांडे शास्त्री, आदि विद्वानों ने वैदिक पौराणिक कथाओ श्रोताओं को भाव विभोर किया। कार्यक्रम के संयोजक यदुनाथ द्विवेदी राष्ट्र प्रेमी ने सबके प्रति आभार जताया। इस मौके पर सीताकांत अवस्थी नंद कुमार मिश्रा तलवारा प्रधान रामानंद सिंह, सूर्य नारायण द्विवेदी, आदि लोग उपस्थित रहे।

## सिंदुरिया पुलिस ने निकाली मोटरसाइकिल रैली



**मिठौरा (महराजगंज)।** मंगलवार को सिंदुरिया पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्रों में मोटरसाइकिल रैली निकालकर होली पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने प्रमुख सड़कों से लेकर गांवों के गलियों में पहुंचकर लोगों से होली पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाने की अपील की। थानाध्यक्ष की अगुवाई में नगर बाजार से लेकर सेमरा मिठौरा, सिंदुरिया, मोहनपुर , परसा, हडखोड़ा समेत विभिन्न गांव में पुलिस की रैली निकाली गईं। रैली में तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## केसीसी के अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा ऋण वितरण का दिया निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा डीएलआरसी डीएलबीसी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गयी। जिसमें। उन्होंने ऋण जमानुपात की जानकारी ली।

एलडीएम महराजगंज ने अवगत कराया कि जनपद का ऋण जमानुपात जो मार्च 2024 में लगभग 65.99 प्रतिशत था, दिसंबर में बढ़कर 70.39 प्रतिशत है। जिलाधिकारी ने जनपद के ऋण जमानुपात में सुधार पर संतोष व्यक्त किया। लेकिन पीएनबी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया,व भारतीय स्टेट बैंक को अपने ऋण जमानुपात में सुधार हेतु कड़ा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने वार्षिक ऋण योजना के सापेक्ष 80त्न से कम प्रगति वाले बैंकों के जिला समन्वयकों को स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्राथमिक क्षेत्र ऋण के वितरण में तेजी लाने का निर्देश देते हुए एलडीएम को ख़राब प्रदर्शन करने वाले शाखा प्रबंधकों की प्रगति से एसएलबीसी को अवगत कराने निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने मत्स्य व पशु पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड के तहत ज्यादा से ज्यादा ऋण वितरण का निर्देश दिया। उन्होंने कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि सहित विभिन्न योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदन आवश्यक रूप से लंबित न रहें और आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।

जिलाधिकारी ने सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत ऋण वितरण स्वीकृति/वितरण की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रगति को बढ़ाने का निर्देश दिया। सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत प्राप्त लक्ष्य 1000 के सापेक्ष कुल ऋण स्वीकृति 949 रहा, जबकि 506 मामलों में ऋण वितरण किया जा चुका है।

जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम स्वनिधि सहित अन्य योजनाओं के तहत लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण को बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कृषि अवसंरचना कोष योजना के तहत भी ऋण वितरण को तेज करने का निर्देश दिया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, एलडीएम महराजगंज भूपेंद्र नाथ मिश्रा, एलडीओ आरबीआई जितेंद्र मोरे, उपायुक्त उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी सहित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनशिकायत निस्तारण में महाराजगंज पुलिस फिर अव्वल



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** आईजीआरएस पोर्टल पर जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण में जनपद महाराजगंज ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में लगातार पांचवीं बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना के नेतृत्व में जनपद पुलिस ने जनशिकायतों के समाधान में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक ने आईजीआरएस सेल में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया तथा उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी सराहना की।

जनपद की इस उपलब्धि से पुलिस की कार्यशैली एवं जनसमस्याओं के प्रति उनकी संवेदनशीलता का प्रमाण मिलता है। पुलिस अधीक्षक ने टीम को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता से कार्य करने का आह्वान किया।

## डीएम का औचक निरीक्षणः जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं परखीं, सुधार के दिए सख्त निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** जिला अधिकारी रविंद्र कुमार ने मंगलवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया और वहां की चिकित्सा सुविधाओं की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और अस्पताल प्रशासन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

**मरीजों से सीधे संवाद, स्वास्थ्य सेवाओं परखीं**

निरीक्षण के दौरान डीएम रविंद्र कुमार अस्पताल के विभिन्न वार्डों में पहुंचे और मरीजों से उनकी स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी परेशानियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से पूछा कि क्या उन्हें समय पर दवाएं मिल रही हैं, डॉक्टर उपलब्ध हैं या नहीं और सफाई व्यवस्था कैसी है? कई मरीजों ने अपनी समस्याएं सामने रखीं, जिस पर डीएम ने तुरंत अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।



**अव्यवस्थाओं पर नाराजगी, अधिकारियों को चेतावनी**

निरीक्षण के दौरान कुछ जगहों पर अव्यवस्थाएं मिलने पर डीएम ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को तुरंत सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि अस्पताल में जरूरी दवाएं उपलब्ध रहें, डॉक्टर समय पर ड्यूटी पर रहें और मरीजों को कोई दिक्कत न हो।

डीएम रविंद्र कुमार ने साफ कहा कि प्रशासन जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इमरजेंसी सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जाए, अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनी रहे और मरीजों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।

**प्रशासन की सख्ती से सुधरेंगी व्यवस्थाएं**

डीएम के इस औचक निरीक्षण से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। उम्मीद है कि प्रशासन की सक्रियता से अस्पताल में व्यवस्थाओं में सुधार होगा और मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन की ओर

## भाजपा विधायक के बोल खतरनाक : वीरेंद्र चौधरी

**महराजगंज अवधनामा संवाददाता।** बलिया की भाजपा विधायक केतकी सिंह द्वारा



स्थानीय मेडिकल कालेज में मुस्लिमों के लिए अलग वार्ड बनाए जाने की मांग को खतरनाक व विभाजनकारी बताते हुए फरेंदा के कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा है दर असल भाजपा में शीर्ष नेतृत्व को खुश करने के लिए उसके मंशा अनुरूप ही बयानबाजी हो रही है। भाजपा के चुने हुए जनप्रतिनिधियों के ऐसे बयान संसद से लेकर विधानसभा तक में सुनाई पड़ रहे हैं। हैरानी है भाजपा अपने बड़बोले नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती उल्टे उनकी हौसला आफजाई की जाती है। विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा सोचिए विधायक महोदया की मांग के अनुरूप यदि ऐसी व्यवस्था हो जाय तो हिंदुओं को हिंदू डाक्टर देखे और मुस्लिमों को मुस्लिम डाक्टर। ऐसे में क्या दोनों समुदायों को उचित इलाज संभव है? उन्होंने कहा वे जानते हैं की भाजपा सरकार ऐसा करने का साहस नहीं जुटा सकती लेकिन इस तरह समाज में नफ़रत फैलाने वाली भाषा बोलने वाले अपने सांसदों, विधायकों पर लगाम भी नहीं लगाती।

## आरएसएस ने होली मिलन कार्यक्रम को लेकर की बैठक



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से होली मिलन कार्यक्रम को लेकर नगर कार्यकारिणी की बैठक सोमवार की रात संघ कार्यालय लक्ष्मण सदन पर हुआ। इसमें 13 मार्च को विद्या मंदिर परिसर में सुबह नौ बजे से रंगोत्सव पर्व हर्ष व उल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है। संघ के जिला प्रचारक विशाल ने कहा कि होली सनातन धर्म मानने वालों का प्रमुख त्योहार है, आपसी भेदभाव भूलकर परिवार समेत लोग होली मिलन समारोह में शामिल हों। यह होली रंग विहीन होगा, इसे फूलों की पंखुड़ियां, प्राकृतिक रंग व गुलाल के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने सभी लोगो को होली पर्व को शान्तिपूर्वक मनायें जाने और अपने घर परिवार तथा समाज के लोगों को शान्तिपूर्वक एवं भाईचारे के साथ मनाने के लिए प्रेरित करने की अपील की। इस दौरान मुरलीधर अग्रहरि, मोहित, मनोज कुमार, अभय त्रिपाठी, नंदलाल रस्तोगी, सौरभ, धनंजय, अविनाश आदि मौजूद रहे।

## तहसील शोहरतगढ़ में आयुक्त ने की समीक्षा बैठक



**शोहरतगढ़ अवधनामा संवाददाता।** आयुक्त बस्ती मण्डल अखिलेश कुमार सिंह द्वारा जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर के साथ तहसील शोहरतगढ़ में समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में आयुक्त बस्ती मण्डल अखिलेश कुमार सिंह द्वारा उपजिलाधिकारी कोर्ट की धारा 24 की समीक्षा की गयी। इसके साथ बड़े बकायेदार, तहसील दिवस में प्राप्त प्रार्थना-पत्रों की समीक्षा की गयी। तहसीलदार कोर्ट तथा आई.जी.आर.एस. रजिस्टर, वरासत, भूमि विवाद आदि की समीक्षा की गयी। आयुक्त बस्ती मण्डल अखिलेश कुमार सिंह ने निर्देश दिया कि समय से जन सुनवाई करे तथा गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ राहुल सिंह, तहसीलदार शोहरतगढ, नायब तहसीलदार शोहरतगढ़ एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## रमज़ान के दूसरे अशरे की अज़ीम मगफ़रत का अशरा है

**हजपुरा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** दसवें रोजे की समाप्ति के साथ



मंगलवार को रमजान का पहला अशरा खत्म हो गया। इसके बाद बुधवार से दूसरा अशरा यानी मगफिरत का दौर शुरू होगा। इसे गुनाहों की माफी का अशरा कहा जाता है। रोजे की फजीलत को बयान करते हुए प्रख्यात शिया धार्मिक गुरु मौलाना मेंहदी हसन वाइज जलालपुरी ने कहा कि रमजान को तीन अलग-अलग अशरों (भाग) में बांटा गया है। पहला अशरा रहमत का है जो रमजान के चांद से शुरू होकर दसवें रोजे तक जारी रहता है। दूसरा अशरा मगफिरत (क्षमा) का है। आखिरी अशरा जहन्नम से नजात दिलाने वाला होता है। जो बेहद अहम माना जाता है। उन्होंने कहा कि पाक किताब कुरआन-ए-करीम में अल्लाह ने खुद फरमाया है कि ऐ ईमान वालों तुम पर रोजा फर्ज किया गया है। जैसा कि तुमसे पहली उम्मतों पर फर्ज किया था। ताकि तुम परहेजगार बन जाओ। उन्होंने कहा कि रवायात से पता चलता है कि धरती के पहले मानव आदम अलैहिस्सलाम के जमाने से ही रोजा का आरंभ हुआ था। भारतीय धर्म में जहां व्रत को वहीं पारसी समुदाय में भी रोजा को बेहतरीन इबादत माना गया है। इस्लाम के पांच स्तंभों में से रोजा एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

## नजूल भूमि से कब्ज़ा हटाने को लेकर की शिकायत

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद के अलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत अंसार अहमद पुत्र शहाबुद्दीन निवासी मोहल्ला कस्बा छोटी बाजार का आरोप है कि विपक्षी मोहम्मद याहिया पुत्र विसाल अहमद निवासी मोहल्ला जुबेर चौराहा थाना कोतवाली टांडा जनपद अंबेडकर नगर के द्वारा नगर पालिका परिषद टांडा के नजूल बाबू व अन्य कर्मचारियों की मिली भगत से नजूल भूखंड संख्या 35 06 जिसका पूरा रकबा 1-7-10 कचवंशी है। जिस पर विपक्षी द्वारा कब्जा करवा दिया गया है और उसी पर दुकान व घर का निर्माण करवा कर उसको कब्जा दे दिया गया है। इस संबंध में पीड़ित ने कई बार उच्च अधिकारियों को लिखित सूचना दिया। जिस पर आज तक उचित कार्रवाई नहीं की गई ,नगर पालिका की मिली भगत से उक्त भूमि जो की काफी कीमती है। जिसका बंदर बांट करके सरकारी धन को हड़पने की योजना की गई है। उक्त प्रकरण की जांच उच्च अधिकारियों से कराकर निस्तारण किया जाना आवश्यक है।

## चुनाव आयोग ने कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भारत के चुनाव आयोग सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक ई आरओ, डीईओ या सीईओं के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए है। आज राजनैतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए परस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्ष ऑन और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। इससे पहले पिछले सप्ताह ई एस आई सम्मेलन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सी ई ओ, डीईओ और ईआरओएस को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया। संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचान ए गए 28 हिट धारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हित धारक है। राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी उल्लेख किया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 मतदाताओं का पंजीकरण नियम 1960 चुनाव संचालन नियम 1961 माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश मैन्युअल और हैंडबुक (ई एस आई वेबसाइट पर) उपलब्ध ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है। उक्त आशय की जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट डॉ राजा गणपति आर द्वारा दिया गया है।

# आयुक्त ने डीएम के साथ किया कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह द्वारा जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर के साथ मंगलवार को कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त अखिलेश कुमार सिंह ने सर्वप्रथम सयुक्त कार्यालय के विभिन्न पटलो को देखा। आयुक्त द्वारा बाद लिविक से राजस्व वादों एवं हाईकोर्ट में विचाराधीन वार्दा के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। जन सूचना लिपिक से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया तथा आरटीआई रजिस्टर को देखा गया। आयुक्त अखिलेश कुमार सिंह द्वारा राजस्व अभिलेखागार आग्ल अभिलेखागार जूडीशियल अभिलेखागार आपदा कार्यालय एलआरसी कक्ष उप जिलाधिकारी न्यायिक का आदि का निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने निर्देश दिया कि कृषक दुर्घटना बीमा योजना का कोई भी प्रकरण लम्बित न रहे। कलेक्ट्रेट में स्थापित विभिन्न विभागों के कार्यालयों को निर्देश देते हुए अपने कार्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था ठीक करा तेरा पत्रावलियों का रख-रखाव ठीक ढंग से करें। इसके पश्चात आयुक्ता अखिलेश कुमार सिंह द्वारा समस्त पटल सहायकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गयी। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जाईजीआरएस के रेकिंग की समीक्षा की गयी। आयुक्त ने निर्देश दिया कि आईजीआरएस के प्रकरणों को समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये। इसके साथ 5 वर्ष पूर्व के कोर्ट केस की समीक्षा की गयी। तालाब पट्टा पदोन्नति स्वामित्व योजना आदि की समीक्षा की गयी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी गौरव कुमार श्रीवास्तव उपजिलाधिकारी कल्याण सिंह मौर्य प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट रवेन्द्र श्रीवास्तव नाजिर कलेक्ट्रट पुरुषोत्तम लाल श्रीवास्तव तथा समस्त पटल सहायक आदि उपस्थित रहे।

# यशोदा एजुकेशनल एकेडमी में हुआ वार्षिकोत्सव का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**कुदरहा, बस्ती।** बहादुरपुर विकास क्षेत्र के भेड़वा गांव में स्थित यशोदा एजुकेशनल एकेडमी में सोमवार की शाम प्रबंधक आनंद दुबे के नेतृत्व में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए देर रात तक समा बांधा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रवि सोनकर, भाजपा नेता प्रमोद पांडेय, ब्लाक प्रमुख कुदरहा अनिल दुबे व नगर पंचायत गायघाट अध्यक्ष प्रतिनिधि बालकृष्ण त्रिपाठी पिंटू ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर नव निर्मित भवन का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रवि सोनकर ने कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं में जो प्रतिभा देखने को मिला वह द्वाबा क्षेत्र में संभव नही है। बच्चो में अनवरत बदलाव हो रहा है। यही ब्लाक व जनपद का नाम रोशन करेगें। बगल में राजकीय विद्यालय बनकर तैयार है। अब बालिकाओं को गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए दूर नही जाना पडेगा। भाजपा नेता प्रमोद पांडेय ने कहा कि वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हर वर्ष होना चाहिए। जिससे बच्चों में सर्वांगीण विकास होता है।

ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे ने कहा कि शिक्षा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होना चाहिए। जिससे बच्चों की दबी प्रतिभाएं बाहर निकलती है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बालकृष्ण तिवारी पिंटू ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार के साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रबंधक गदाधर दुबे, प्रदीप पाण्डेय, ओमकार चौधरी, आशाराम, प्रद्युमन शुक्ला, अवधेश मौर्या ने भी संबोधित किया।

विद्यालय की छात्रा छाया, खुशबू, जया, खुशी, अंशिका कशिश, प्रियंका ने सरस्वती बंदना तेरी वीणा की बन जाऊं तार व स्वागत गीत सु स्वागतम आरुषि, खुशबू, खुशी, काजल, स्वाती, रोशनी ने प्रस्तुत की।

# वाजपेयी पत्रकार की निर्मय हत्या को लेकर पत्रकारों ने उपजिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**बांसी।** सीतापुर जनपद में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की निर्मय हत्या के संबंध में मंगलवार को पत्रकारों ने उपजिलाधिकारी बांसी शशांक शेखर राय को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। जनपद सीतापुर में हाल ही में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई के कलम की ताकत से डरने वालों ने फिर एक निर्भीक आवाज़ को खामोश कर दिया।

पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की दिन दहाड़े हत्या कर दी गई। जिससे न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़ा किये जा रहे हैं, बल्कि सच बोलने की आवाज को दबाने की कोशिश भी की जा रही है। सच बोलने की कीमत ने एक दिल दहला देने वाली घटना को सामने लाकर खड़ा कर दिया गया है। उक्त घटना से हम सभी अत्यंत दुःखी एवं आहत मे हैं। पत्रकारों ने इस घटना की घोर निंदा करता है। यह घटना न केवल पत्रकारिता जगत बल्कि पूरे समाज के लिए एक गहरा सदमा है। राघवेंद्र वाजपेई की हत्या ऐसे समय हुई है जब देश में प्रेस की स्वतंत्रता पर गंभीर खतरा मडरा रहा है। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि पत्रकारों को अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए अपनी जान को जोखिम में डालना पड़ रहा है। पत्रकारों ने सरकार से मांग करता है कि राघवेंद्र वाजपेई की हत्या के दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। वहीं उत्तर प्रदेश पत्रकार आयोग का गठन करके उसमें मान्यता प्राप्त सभी संगठनों को प्रतिनिधित्व दिया जाये। साथ ही उत्तर प्रदेश प्रेस मान्यता नियमावली में संशोधन कर उसमें पत्रकारों की सुरक्षा के लिए उपबंध शामिल किया जाये। पत्रकार एवं पत्रकार के परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाय। परिवार मे आश्रित को राजकीय सेवा मे लेकर आजीविका सुनिश्चित की जाय। पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर एक उच्च स्तरीय समिति गठित। तथा समिति की रिपोर्ट के आधार पर पत्रकार की सुरक्षा की व्यवस्था की जाये। इस दौरान इरफान बाकर, सोहराब सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

## समस्त विद्यालयों में संचालित वाहनों के प्रपत्र पूर्ण करा लें

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक में जनपद के लगभग 25 विद्यालय के प्रबन्धक/ प्रधानाचार्य ने प्रतिभाग किया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि जनपद के समस्त विद्यालयों में संचालित वाहनों के प्रपत्र पूर्ण करा लें। साथ ही जो स्कूली वाहन अपनी 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी है, उनको परिवहन विभाग से सम्पर्क कर पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही अवश्य सम्पन्न कराया जाए। टैम्पों/टैक्सी/प्राइवेट वाहन पर बच्चों को लाने ले जाने हेतु विद्यालय पूर्णतः प्रतिबन्ध लगाया जाए साथ ही जनपद के समस्त विद्यालयों में रोड सेफ्टी नोडल शिक्षक भी नामित किया जाये तथा नोडल शिक्षक द्वारा विद्यालय में प्रार्थना सभा/एसेम्बली के समय विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के विषय पर जानकारी प्रदान की जाये। इसी प्रकार जनपद स्तर पर नामित मास्टर टेऊनर के द्वारा समस्त विद्यालयों में नोडल शिक्षक को शिक्षा विभाग एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों की देख-रेख में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जाये। बच्चों के सुरक्षा के दृष्टिगत स्कूल के नाम पंजीकृत एवं संचालित वाहनों में जी0पी0एस0, सी0सी0टी0वी0 कैमरा, एस0एल0डी0 (निर्धारित गति सीमा 40 कि0मी0 प्रति घण्टा), वाहन के खिड़कियों पर रेलिंग बी0आई0एस0 मार्क का एक अग्निशमन यंत्र एवं आपातकालीन खिड़की अवश्य होनी चाहिए। इस सम्बन्ध में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी बस्ती को कैम्प लगाकर वाहनों पर उपर्युक्त उपकरण की जॉच कराने के भी निर्देश दिये गये।

## मॉक ड्रिल तैयारी बैठक का आयोजन

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में भूकम्प पर आधारित मॉक ड्रिल तैयारी बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य भूकम्प से संबंधित तैयारियों की जांच करना और संबंधित विभागों को प्रशिक्षण देना है। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान ने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे भूकम्प और हीट वेव से संबंधित अपने स्टैण्डर्ड आपरेटिंग प्रोसीडर्स (एसओपी) तैयार करें। उन्होने कहा कि एसओपी को इस उद्देश्य से तैयार किया जाना है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में सभी विभाग उचित और त्वरित प्रतिक्रिया दे सकें।

## प्रारब्ध में संचित कर्म को हमें भोगना ही पड़ेगा : ब्रम्हानंद शास्त्री



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नौगढ़ ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम पंचायत साहा में आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम अन्तर्गत मंगलवार कथा विश्राम दिवस पर श्रीमद्भागवत कथा सुनाते हुए आचार्य ब्रम्हानंद शास्त्री कहा कि प्रारब्ध में संचित कर्म को हमें भोगना ही पड़ेगा। भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न को शम्भरासुर ने अपने मौत का कारण मानकर समुद्र में फेंक दिया। लेकिन प्रद्युम्न समुद्र में मछली के पेट में भी सुरक्षित हो गये। भाग्य में लिखा हुआ हमें अवश्य प्राप्त होगा। जिसके डर के कारण समुद्र में फेंक दिया, वहीं बालक प्रद्युम्न मछली के पेट से शम्भरासुर के घर पर ही आ गये। रति व कामदेव के रूप मे पुनः मिलन, शम्भरासुर का उद्धार प्रद्युम्न का पुनः द्वारिका में लौटना, श्यामंतक मणि की महिमा व भगवान श्रीकृष्ण को कलंक लगने, शत्राजित व प्रसेनजीत की मार्मिक कथा सुनाई। आचार्य ब्रम्हानंद शास्त्री ने कहा कि मनुष्य जीवन की सार्थकता ईश्वर की भक्ति में है। हम अपने जीवन को व्यर्थ में न गंवाये।हमेशा परोपकार व मानव सेवा में तल्लीन रहें। सप्तम दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रीकांत शुक्ल, अनन्त शुक्ल, गिरजेश शुक्ल, कोदई प्रसाद,शिखा शुक्ला, साक्षी शुक्ला, सतीश कुमार शुक्ल, दिनेश शुक्ल व अन्य श्रोता गण उपस्थित रहें।

# सशस्त्र सीमा बल ने चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़।** मंगलवार को 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सिद्धार्थनगर की सीमा चौकी खुनुवा के कार्यक्षेत्र में बगहवा गाव में ओ.पी.डी. तथा मानव चिकित्सा शिविर लगाकर निःशुल्क चिकित्सा प्रदान किया गया। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, द्वारा भारत- नेपाल की सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ सीमावर्ती गाँवो मे बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु अनेक जन कल्याणकारी कार्यक्रम और कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में आज 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सिद्धार्थनगर द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ0 कल्याणी स्वेन, सहायक कमान्डेंट (चिकित्सा), 43वी वाहिनी के द्वारा सीमा चौकी खुनुवा के कार्यक्षेत्र के बगहवा गाव में ओ.पी.डी. तथा शिविर लगाकर निःशुल्क मानव चिकित्सा सेवा प्रदान किया गया। इस शिविर के माध्यम से सीमाई क्षेत्र के गुजरौलिया, मधवापुर अटकोनिया और करहिया गाँव के 50 पुरुष, 40 महिला और 13 बच्चों के साथ कुल 103 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया। डॉ कल्याणी स्वेन, सहायक कमान्डेंट (चिकित्सा) के द्वारा ग्रामीणों को खान- पान और साफ-सफाई के बारे में सतर्कता बरतते हुए पौष्टिक भोजन का सेवन करने और अपने परिवार जनों को नशे से दूर रहने हेतु जागरूक किया गया।

उपरोक्त आयोजन के दौरान 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल से अंकुश डांगे सहायक कमांडेंट, राकेश मनिपाल निरीक्षक व अन्य वाहिनी कार्मिको के साथ-साथ गंगाधर मिश्रा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, मधुरश्याम गिरि, एनजीओ, से रामनरेश यादव, प्रमोद चौधरी एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्व आलिम हुसैन की 22वीं बरसी पर मजलिस का हुआ आयोजन

**टांडा अम्बेडकरनगर।** शिक्षक स्व आलिम हुसैन की बाईसवीं बरसी के मौके पर टांडा नगर के मीरानपुरा मस्जिद राजा साहब मे मरहूम के इसाले सवाब की मजलिस का एहतेताम किया गया। मजलिस को खेताब करते हुए मौलाना गुलाम मुर्तिजा ने कहा की तकवा का अमल करने वाला व्यक्ति कभी परेशान नहीं होगा उसके लिये चाहे दुनिया हो या फिर ब्रज़क का सफ़र हो उसके चेहरे पर किसी भी प्रकार की कोई शिकन नहीं दिखाई देगी क्योंकि मौला ए क़ायनात अली इब्ने अबुतालिब को दिल से मानने व उनके बताये रास्ते पर चलने वाला व्यक्ति कभी भी कब्र का खौफ़ नहीं खाता है मजलिस से पूर्व बाकर हुसैन ने पेशखानी की मजलिस से पूर्व शिक्षक स्व आलिम हुसैन की बरसी पर बड़ी संख्या मे लोगों को इफ्तार करायी गयी मजलिस मे मुख्य रूप से मौलाना रज़ा राजा सैयद काज़िम रज़ा नजमी भाई शाकिर हुसैन नम्मू शेख साजिद सईद हसन एडवोकेट वजीहुल हसन एडवोकेट फ़िरोज़ भाई अलीशान रेहान रिज़वान हुसैन आसिम आरिश मेहदी शाज़ान अब्बास सहित तमाम लोगों ने भाग लिया।

# भाजपा की जन विरोधी नीतियों से जनमानस परेशान : चमन आरा







अवधनामा संवाददाता

**बांसी।** समाजवादी पार्टी पिछड़ा दलित व अल्पसंख्यक चौपाल का आयोजन मंगलवार को कस्बे के निरालानगर वार्ड में किया गया। चौपाल को सम्बोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से आम जनमानस काफी परेशान है , यह सत्ता सुख भोगने के लिए किसी भी निचले स्तर तक जा सकती है जो देश व समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ बोलने के साथ हि गुमराह करने की राजनीति में माहिर है, समाज को बांटने के साथ विघटन कि राजनीति में माहिर है,बुनियादी मुद्दों से इनका कोई सरोकार नहीं रहता है, महंगाई चरम पर है, बेरोजगार अपने भविष्य को लेकर चिन्तित है, बीमार दवा को लेकर परेशान है और किसान अपने फसल के उचित मूल्य न मिलने को लेकर ठगा सा महसूस कर रहा है। पूर्व नपा अध्यक्ष व सपा जिला उपाध्यक्ष मो इदरीश पटवारी ने कहा कि यह सरकार गरीब विरोधी है इस सरकार में गरीब और गरीब होता जा रहा है तथा अमीर और अमीर होता जा रहा है । भाजपा को आम आदमी से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा समाज को जाति व धर्म के नाम पर बांटकर सत्ता सुख भोग रही है। उन्होंने कहा कि इस सरकार की जनविरोधी नीतियों से आम आदमी काफी परेशान है। युवा रोजगार की तलाश में आत्महत्या करने को मजबूर है ,महंगाई से हर तरफ तबाही मची हुई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि बूथ स्तर पर घर घर जाकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों को बताए। चौपाल को सपा नगर अध्यक्ष कपिल देव, राधेश्याम जायसवाल ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सब्बू खान ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से गणेश दत्ता, अकील अहमद, सब्बू, शाकिर अली, अशफाक , अरुण गुप्ता, रूस्तम राईनी, राम केवल, राम किशोर, भोला प्रसाद, मनोज, प्रहलाद, के सी त्रिपाठी, लवकुश साहनी,अजहर खान, पवन कुमार यादव, निजामुद्दीन, सत्य प्रकाश, इरफान खा।

## जो पढ़ेगा, वही बढ़ेगा : धर्मेन्द्र पाल



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शिक्षा ही मनुष्य के संपूर्ण व्यकितत्व का विकास करती है। निश्चित रूप से जो पढ़ता है वही आगे बढ़ता है। उक्त बातें नौगढ़ ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय पटनी जंगल में मंगलवार को आयोजित वार्षिकोत्सव में बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए बीईओ सदर धर्मेन्द्र कुमार पाल ने कही। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। स्वागत गीत के पश्चात विद्यालय के बच्चों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, एवं सामाजिक विकास संबंधित विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में चित्रकला, पोस्टर मेकिंग, रंगोली एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र कुमार चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने तथा घर पर भी पढ़ने हेतु प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान मुराली सहित दीपेन्द्र कुमार पांडेय, डाक्टर विनयकांत मिश्रा, सुरेन्द्र भारती, रमेश कुमार, पूजा तिवारी, रामराज गुप्ता, अहमद सईद आब्दी आदि शिक्षकों एवं बड़ी संख्या में बच्चों और अभिभावकों की उपस्थिति रही।

## होली की सौगात

दुबई में आईसीसी, चैम्पियन शिप भारतीयों को चैम्पियन ट्राफी का भारतीय टीम ने शानदार उपहार दिया। भारतीयों में भावनावों का ज्वार आ गये। दुबई, मैदान पर भारतीय अपने अपने अन्दाज में खुशियां मनाते दिखे। हिटमैन रोहित और चेजमास्ट कोहली स्टम्प उखाड़ कर इंडिया नृत्य करने लेगे। भारतीय अपने प्रान्तीय स्टाइल में नृत्य के कुछ स्टेप्स दिखाने लगे। लखनऊ सहित शहरों में अतिशबाजियों ने दिवाली का माहौल पैदा कर दिया। ट्राफी के फाइनल में जाडेजा ने जब आखिरी गेंद पर चौका जड़ा तो आतिश बाजित की बहार आ गई। कई जगह बुजुर्ग बड़ा स्क्रीन लगवा कर मैच देख रहे थे आन्नद से एक दूसरे के गले लगने लगे।

भारत इस खिताब पर तीसरी बार कब्जा किया जबकि नौ महीने के भितर दूसरी बार इस ट्राफी अपनी झोली में डाल लिया। न्यूजीलैन्ड को चार विकेट से हरा कर चैम्पिन्स का चैम्पियन होने का झन्डा लहराया। न्यूजीलैन्ड चार विकेट से हार मिली। अपने यहां की स्पिन चौकड़ी ने न्यूलीलैन्ड के खिलाड़ियों के औसत स्कोर पर रोक लगा दिया। 38 ओवर 144 रन दिये और पांच वीकेट हासिल कर लिया। रोहित शर्मा के हिटमैन अन्दाज मैच भारतीयों को पक्ष में कर दिया। लोग हिटमैन के रिटायर होने की घोषणा कर रहे थे। रोहित ने कहा लोग आफवाह न फैलाये रिटायर होने का अभी कोई इरादा नही है। उन्होंने 83 गेदों पर 76 रन दे कर खेल में अपने पक्ष में डाल दी। न्यूजीलैन्ड ने पहले बैटिंग चुनी निचले और ब्रेसवेल ने सावधानी से खेलते हुये 50,50 रन बनकर स्कोर 251 पर पहुंचाया से भारतीय लोग दहशत पैदा होने लगी लगा। मैच हाथ से जा रहा है। पर हिटमैन नये खिलाड़ियों के उत्साह ने सब मिलकर न्यूजीलैन्ड टीम को चार वीकेट से हरा दिया। खेल के के फील्डिंग का जहां तक सवाल है दोनो तरफ के खिलाड़ियों ने कैच दौडा पर भारतीय स्पिनर्स की चौकड़ी ने अपने शिकंजे फंसा कर न्यूजीलैन्ड को उलझा कर टीम को जीत दिला दी। कुलदीप के स्पिन को न्यूजीलैन्ड वाले समझ नही पा रहे थे उन्होंने अपने पहली बाल पर ही कैच लेकर न्यूजीलैन्ड को हार की कगार पर पहुंचा दिया था। बाकी कसर अन्य बालरों ने पूरा कर दिया। मैच के नक्शा वरूण और कुलदीप ने बदला। पांच ओवर के बाद न्यूजीलैन्ड के खाते में 37 रन थे। कप्तान ने कुलदीप को 11 वे ओवर में गेंद सौपी उनकी गुगली रचिन समझ नही पाये बोल्ड हो गये। यह कुलदीप की पहली गेंद थी। अगले ओवर में कुलदीप ने विलियमसन को पेवोलियन भेज दिया।

विराट कोहली इस पारी में कुछ भी कर पाये। यहां पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान किया है। उनकी तारीफ देशी और विदेशी झूठे ही नहीं करते है। उनको खेलना देखना बड़ा आनन्ददायक होता है। फाइनल की जीत पर अपनी प्रक्रिया इस प्रकार दी। शानदार युवा खिलाड़ियों के साथ खेलना हमेशा अच्छा लगता है। वह भारत को सही दिशा में ले जा रहे है। खिलाड़ियों ने प्रभावशाली पारियां खेली है। शानदार स्पेल डाले है। इसी सामूहिक प्रयास से हमें जीत मिली है। भारतीय कन्ट्रोल बोर्ड, क्रिकेट के कोचो को और भारतीय खिलाड़ियों को होली की शुभकामनायें। वह हमेशा इसी तरह का रंगीन खेल दिखाकर जीत की पिचकारी भारते रहे।

## ट्रंप के टैरिफ अटैक से दुनियाँ में हलचल


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर कोविड -19 के बाद से दुनियाँ के हर देश की अर्थव्यवस्था बिगड़ सी गई है, जिससे हर देश ने मेहनत कर अपने-अपने देश की आर्थिक स्थिति पटरी पर लाने की कोशिश की जा रही है, बीच डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति बनते व 20 जनवरी 2025 को शपथ ग्रहण करने के साथ ही अपने चुनावी वादों को पूरा करने की क्रम बाय क्रम झड़ी सी लगा दी है, इसी क्रम में दिनांक 27 फरवरी 2025 को देर शाम यूरोपीय यूनियन पर 25 पेर्सेंट टैरिफ तथा चीन को 10 पर्सेंट और अतिरिक्त टैरिफ यानी टोटल 20 पर्सेंट टैरिफ देनी होगी। कनाडा मैक्सिको पर टैरिफ 4 मार्च 2025 से लागू करने की बात कही गई है। असल में ट्रंप का अमेरिकी फर्स्ट के लिए हर सक्षम उपाय करने में तेजी से आगे बढ़ गए हैं, ताकि अमेरिका को अधिक से अधिक आय हो जिससे वह अपने कर्ज़ को कम करके धीरे-धीरे जीरो टॉलरेंस पर ले जाकर अर्थव्यवस्था में नई जान फूँकने पर आतुर है जिसका सटीक उदाहरण, बढ़ते टैरिफ की संभावना से पहले ही वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल मची हुई है। उपभोक्ता आशंका जता रहे हैं थे कि अगर अमेरिका के दो बड़े व्यापिरक साझेदार कनाडा और मैक्सिको पर टैरिफ लगाए जाते हैं तो महंगाई बढ़ सकती है और ऑटो क्षेत्र प्रभावित हो सकता है। और हुआ भी वही 4 मार्च 2025 से 25 पर्सेंट टैक्स रखना शुरू हो जाएंगे। मेरा व्यक्तिगत स्तरपर मानना है कि अपने देश के नागरिकों को प्राथमिकता देना, अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, कड़े कदम उठाना अपने नागरिकों के हितों की रक्षा करने के लिए किसी भी हद तक कीमत चुकाने के लिए हर देश को रणनीति रूप से तैयार रहना चाहिए। कुछ हद तक इसका संज्ञान ट्रंप से लिया जा सकता है, चूँकि ट्रंप का टैरिफ हमला, भारत 27 देशो के यूरोपियन यूनियन संगठन सहित दुनियाँ से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट होना समय की मांग है तथा ट्रंप का टैरिफ हमला,भारत 27 देशों के संगठन यूरोपीय यूनियन के साथ मिलकर रास्ता खोजेगा इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से व इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ अटैक से दुनियाँ में हलचल यूरोपीय यूनियन कनाडा,चीन मैक्सिको सहित अनेक देशों पर टैरिफ अटैक, 4 मार्च 2025 से लागू होंगे।

साथियों बात अगर हम ट्रंप के टैरिफ अटैक की करें तो अमेरिका के राष्ट्रपति ने विदेशी निवेशकों के लिए अमेरिका की नागरिकता हासिल करने का सीधा रास्ता खोल दिया है। उन्होंने बुधवार को नए प्रवासन कार्यक्रम का ऐलान करते हुए कहा कि लोग 50 लाख डॉलर अथवा 43.7 करोड़ रुपये देकर उनके देश में रहने का सपना साकार कर सकते हैं। नए कार्यक्रम के तहत जारी होने वाला गोल्ड कार्ड पुराने रोजगार आधारित ईबी-5 वीजा की जगह लेगा। नई व्यवस्था से उन भारतीयों को तगड़ा झटका लगा है जो अमेरिका में रहने के लिए ईबी-5 वीजा को एच-1बी वीजा के विकल्प के तौर पर देख रहे थे। वह अगले मंगलवार से मैक्सिको और कनाडा पर कर (टैरिफ) लगाएंगे, साथ ही चीन से आयात पर मौजूदा 10 फीसदी टैरिफ दोगुना करेंगे। ट्रंप ने गुरुवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा कि फेंटेनाइल जैसी नशीली दवाओं की अमेरिका में अस्वीकार्य स्तर पर तस्करी की जा रही है और आयात कर अन्य देशकों को तस्करी पर रोक लगाने के लिए मजबूर करेंगे। ट्रंप ने लिखा, हम इससे अमेरिका को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दे सकते। इसलिए जब तक यह बंद नहीं हो जाता है या गंभीर रूप से सीमित नहीं हो जाता है, प्रस्तावित टैरिफ (जो चार मार्च से लागू होने वाले हैं) तय कार्यक्रम के अनुसार प्रभावी होंगे। उस तारीख पर चीन पर भी उसी दिन 10 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा।

साथियों बात अगर हम ट्रंप के डायरेक्ट टैरिफ अटैक पर दुनियाँ की नाराजगी जताने की करें तो, कई स्वास्थ्य समूहों और गैर- सरकारी संगठनों ने यूएसए आईडी की फंडिंग में कटौती करने के ट्रंप प्रशासन के फैसले पर हैरानी और नाराजगी व नाराजगी जताई।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**विराट कोहली, जिन्होंने क्रिकेट में सबकुछ हासिल किया है और जो भारत के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक हैं,फिर भी अपनी लोकप्रियता के शिखर पर भी अपनी विनम्रता नहीं भूले।दुनिया भर में मशहूर इस खिलाड़ी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सफलता के साथ-साथ संस्कारों का महत्व भी बरकरार रखा जा सकता है। अक्सर ऐसा देखा गया है कि, विराट कोहली हमेशा अपने से बड़ों को सम्मान देते रहे हैं और बात जब किसी खिलाड़ी के माता-पिता की होती है तो वे अक्सर पैर छूते नजर आते हैं।**

# कोहली का विराट चरण स्पर्श कट्टरपंथियों के लिए सबक


शाहिद नकवी

सियासत का क्या कहना। चुनाव हो या न हो वह किसी समस्या के समाधान के बजाए उसमें वोट बैंक को तलाशने लगती है।समुदाय के हित टकराने लगते हैं। लेकिन सियासत ने कभी खेल के मैदान और सीमाओं की हिफाजत करने वाले जवानों के जज्बे से सबक नहीं लिया है। जहां विभिन्न धर्मो और जाति के लोग टीम भावना से देश के लिए खेलते हैं। वहीं सीमाओं पर तैनात जवान देश में रहने वाले सभी लोगों की सुरक्षा, सम्मान के लिए अपने प्रियजनों को छोड़कर अपना सब कुछ न्यौछावर कर देते हैं। ताज़ा उदाहरण दुबई में चैम्पियन ट्रॉफी के फाइनल के बाद विराट कोहली ने भारतीय पेसर मोहम्मद शमी की मां के पांव छू कर पेश किया है।किंग कोहली ने भरे स्टेडियम में विदेशी लोगों के सामने ऐसा करके ये साबित कर दिया कि दरअसल यही भारत की असली तहजीब है। यही तो संस्कार है,जो उनको देश से मिला है, भारत की हजारों साल पुरानी सांझी संस्कृतिक विरासत से मिला है। सूफी और दूसरे संतों की शिक्षा से मिला है। अब देखिए रंगों के पर्व होली और जुमे की नमाज एक ही दिन पड़ने से बयानबाजी शुरू हो गई और इस पर लगातार चर्चा हो रही है।ये पहला मौका नहीं है जब होली और जुमा एक साथ पड़े हों। पहले भी ऐसा हुआ है और दोनों समुदायों ने भाईचारे का परिचय देते हुए इसका शानदार हल भी निकाला था। वैसे इस बार भी कई शहरों के मुस्लिम धर्मगुरुओं की तरफ से नमाज का समय बदलने की पहल की गई है,ऐसा किया जाना बेहद जरूरी है और देश के हर जिले में मुस्लिम धर्मगुरुओं को आगे आ कर एसा ही करना चाहिए। वैसे सभी ने दिल से स्वागत किया गया है। यहां ये कहना जरूरी है कि देवा शरीफ में वारिस अली शाह की दरगाह पर हिंदू और मुसलमान मिल कर बरसों बाद अबीर गुलाल की होली खेलते हैं। वहां बहुत से लोग विशेष रूप से होली खेलने जाते हैं।

विराट कोहली, जिन्होंने क्रिकेट में सबकुछ हासिल किया है और जो भारत के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक हैं,फिर भी अपनी लोकप्रियता के शिखर पर भी अपनी विनम्रता नहीं भूले।दुनिया भर में मशहूर इस खिलाड़ी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सफलता के साथ-साथ संस्कारों का महत्व भी बरकरार रखा जा सकता है। अक्सर ऐसा देखा गया है कि, विराट कोहली हमेशा अपने से बड़ों को सम्मान देते रहे हैं और बात जब किसी खिलाड़ी के माता-पिता की होती है तो वे अक्सर पैर छूते नजर आते हैं।एक बार आईपीएल के मैच के दौरान विराट कोहली ने भरे मैदान पर अपने बचपन के कोच राजकुमार शर्मा के पैर छूए थे।वह वीडियो आज तक वायरल होता आ रहा है।जिसे दुनिया कहती है क्रिकेट किंग, करोड़ों फैंस करते हैं सलाम, एक नजर भर देखने के लिए लोग घंटों टकटकी



लगाए रखते हैं, चाहने वाले मिलने के लिए तमाम सुरक्षा घेरे तोड़कर मैदान पर पहुंचकर जिसे छूना चाहते हैं उस विराट कोहली ने मैच के बाद जो किया उसका हर कोई कायल हो गया। दुबई में चैम्पियन ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड पर जीत के बाद विराट कोहली अपने साथी मोहम्मद शमी की फैमिली से मिले तो उन्होंने झुक कर उनकी मां को प्रणाम कर झुक कर उनके पांव छू लिए। शमी की मां ने भी उनको गले लगा लिया। ये सब दुनिया देख रही थी।कोहली के इस अंदाज ने दुनिया भर के करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया।सच में यही भारत की तहजीब है।यही तो हमारे सदियों पुराने संस्कार हैं।जहां दोस्त के पिता को पिता और मां को मां का सम्मान दिया जाता है। सचमुच यह गौरवान्वित पल था।संस्कारों के संबंध में आदि गुरु शंकराचार्यो और तमाम साधू संतो ने कहा है कि व्यक्ति में गुणों का आरोपण करने के लिए जो कर्म किया जाता है, उसे संस्कार कहते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि चालिस से कम उम्र में महानता को प्राप्त कर चुके विराट कोहली जब शमी की मां का पैर छूने के लिए झुके तो उन्होंने संस्कार को लेकर करोड़ों भारतीयों का नेतृत्व करते हुए उन्हें गौरांवित किया।दरअसल कोहली ने दुबई स्टेडियम से अपने चाहने वालों को खास संदेश भेजा। यहां गौरतलब है कि मोहम्मद शमी इस्लाम से आते हैं। इस्लाम में पैर छूकर किसी को प्रणाम या अभिवादन का रिवाज नहीं है।लेकिन विराट कोहली ने शमी की मां के पांव छू कर अपने संस्कार दिखाए। ये भी तथ्य है कि अगर विराट कोहली उनके पैर नहीं भी छूते तो कोई सवाल हीं करता, लेकिन उनका ऐसा करना बहुत कुछ कह गया। हम सब भारतीयों का सीना गर्व से चौड़ी हो गया। दरअसल यही सब तो याद किया जाएगा। कोहली इसके पहले भारतीय टीम के एक अन्य तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के हैदराबाद स्थित घर पर भी गए थे और वहां भी उनके परिवार से मिले थे। इसी चैम्पियन ट्रॉफी में इसके पहले भी एक और वीडियो और तस्वीर भी खूब वायरल हुई, उसका यहां जिक्र किए बिना बात अधूरी रह जाएगी। चैम्पियन ट्रॉफी के सेमिफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ जब भारतीय टीम मैदान में उतरी तब मुसलमानों का पवित्र माह रमजान शुरू हो चुका था। कुछ परिस्थियों को छोड़ कर रमजान में रोजा रखना हर मुस्लिम पर फर्ज यानी अनिवार्य है। देश की जरूरत,देश की आन,बान और शान और लगातार खेल के कारण मोहम्मद शमी ने रोजा नहीं रखा। इस मैच के दौरान इनर्जी ड्रिंक पीते हुए शमी की एक तस्वीर वायरल हो गई। बस फिर क्या था कुछ मुस्लिम कट्टरपंथियों ने हाय तौबा मचा दिया। बिना समझे शमी के विरोध में बयान शुरू हो गए। हालांकि कट्टरपंथियो को जवाब देने के लिए शमी की जरूरत नहीं पड़ी।उनकी ओर से तमाम भारतीयों ने मुट्ठीभर कट्टरपंथियों को करारा जवाब देकर उनकी आवाज को दबा दिया।जिसमें बड़ी संख्या में मुसलमान भी शामिल थे।सबने तर्को के साथ उन मौलाना जी को आड़े हाथों ले लिया जिन्होंने शमी के विरोध में बयान दिया था।सवाल यही है कि शमी को ट्रोल करने की जरूरत क्या थी,ये जानते हुए भी कि देश को शमी की सख्त जरूरत है और इससे उनके प्रदर्शन पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।वह ये भूल गए कि रोजा रखना या न रखना व्यक्तिगत मामला है,जो इंसान और ईश्वर के बीच रहता है। इस्लाम में यात्रा के दौरान रोजा न रखने की छूट है,जिसे बाद में रखा जा सकता है।दूसरे देश और वतन से प्रेम इस्लाम का अहम सबक है।वतन परस्ती भी ईमान का आईना है।मोहम्मद शमी भारत का वो बेटा, जिसने हर मौके पर खुद को साबित किया है। जब भी जरूरत पड़ी तो वह सीना ताने सबसे आगे नजर आया। उन्होंने 2023 विश्व कप में अपने करिश्माई प्रदर्शन से हर किसी का दिल जीत लिया था। चोट के बाद जब दुनिया कह रही थी कि वह खत्म हो चुके हैं तो उन्होंने जोरदार वापसी की।

# चिंता का बड़ा कारण है मोटापे से जूझती आबादी

**रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया भर में बच्चों और किशोरों में मोटापे में 121 प्रतिशत की वृद्धि देखी जाएगी। 2050 तक सभी मोटे युवाओं में से एक तिहाई इन दो क्षेत्रों में रह रहे होंगे- उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्व, और लैटिन अमेरिका और कैरेबियन। अभी के वक्त में दुनिया के आधे से अधिक अधिक वजन वाले या मोटापे से ग्रस्त वयस्क पहले केवल आठ देशों में रहते हैं और इसमें भारत भी शामिल है। ये देश हैं- चीन, भारत, अमेरिका, ब्राजील, रूस, मैक्सिको, इंडोनेशिया और मिस्र। नाइजीरिया, भारत, पाकिस्तान और चीन जैसे घनी आबादी वाले देशों में मोटापे की रोकथाम को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। वजह है कि यहां मोटापे से ग्रस्त बच्चों और किशोरों की अनुमानित संख्या के विनाशकारी होने का अनुमान है।**


डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

यदि बचपन में मोटापे की महामारी अनियंत्रित रही, तो यह हमारे कई बच्चों को कम उम्र तक ही जीने देगी, यह उनके खराब स्वास्थ्य से होने वाले भावनात्मक और वित्तीय बोझ का कारण बनेगी। यह बात महान फिजिशियन और अमेरिका के 17वें सर्जन जनरल, रिचर्ड कार्मोना ने कही थी। मोटापे की महामारी की भयावहता पर उनकी इस बात को एक लेटेस्ट स्टडी ने भी दोहराया है। इस स्टडी के अनुसार यदि सरकारों ने कदम नहीं उठाया तो साल 2050 तक दुनिया के सभी वयस्कों (एडल्ट) में से लगभग 60 प्रतिशत और सभी बच्चों में से एक तिहाई अधिक वजन वाले होंगे या मोटापे से जूझ रहे होंगे।

पीएम मोदी ने मन की बात के ताजा संस्करण में मोटापे की बढ़ती बीमारी के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की थी। असल में पीएम मोदी देश के नागरिकों की सेहत को लेकर इसलिए चिंतित दिखाई देते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि देश को तभी विकसित और मजबूत स्वस्थ नागरिकों के दम पर ही बनाया जा सकता है। पीएम मोदी के अलावा ओलम्पियन एथलीट नीरज चोपड़ा ने भी मोटापे को लेकर देशवासियों खासकर युवाओं को आगाह किया था। पीएम मोदी के मन की बात के बाद से देश में मोटापे की बढ़ती बीमारी को लेकर चर्चा परिचर्चा का दौर शुरू हुआ है। जो सुखद संकेत माना जा सकता है।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन यानी डब्ल्यूएचओ) के अनुसार मोटापा एक पुरानी जटिल बीमारी है जो अत्यधिक फैट जमा होने से परिभाषित होती है। यह स्वास्थ्य को खराब कर सकती है। मोटापे से टाइप 2 डायबिटीज और हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है, यह हड्डियों के स्वास्थ्य और प्रेग्नेंसी को प्रभावित कर सकता है। इससे कुछ कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। मोटापा जीवन जीने की गुणवत्ता को प्रभावित करता है, जैसे सोना या चलना। डब्ल्यूएचओ के अनुसार अगर किसी व्यस्क में बॉडी मास इंडेक्स यानी वजन और लंबाई का अनुपात 25 या उससे अधिक है, तो उसे बढ़ा वजन यानीओवरवेट) माना जाएगा। अगर बॉडी मास इंडेक्स 30 या उससे अधिक है तो उसे मोटापे से ग्रस्त माना जाएगा।

खान-पान के विकल्पों में बदलाव और विलासितापूर्ण जीवनशैली के हजार खतरे हैं। लैंसेट जर्नल में प्रकाशित ताजा रिपोर्ट चौंकाने वाली है जिसमें कहा गया है कि सेहत को लेकर चिंता नहीं की गई तो 25 साल बाद देश के 45 करोड़ युवा ओवरवेट होंगे। जाहिर है दुनिया में जिस तरह से मोटापे की समस्या बढ़ रही है उससे भारत भी अछूता नहीं है। पहले से ही हमारे यहां हृदय रोग, स्ट्रोक और मधुमेह जैसी बीमारियों का बोझ बहुत ज्यादा है। विशेषज्ञ इन बीमारियों और मोटापे के बीच संबंधों का खुलासा पहले ही कर चुके हैं, ऐसे में समय रहते नहीं चेते तो हालात



और भयावह हो सकते हैं। चिंता इस बात की भी है कि लंबे समय से शहरी समस्या ही माना जाने वाला मोटापा हाल के वर्षों में ग्रामीण इलाकों में भी स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गया है। चिकित्सक लगातार कहते रहे हैं कि इस सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट से निपटने के लिए हमें कैलोरी पर युद्ध की जरूरत है।

लैंसेट मेडिकल जर्नल में छपी इस रिसर्च में 204 देशों के डेटा का उपयोग करके एक गंभीर तस्वीर पेश की गई, जिसे सदी की महान स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक बताया गया है। यह स्टडी सिएटल इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन द्वारा कोऑर्डिनेटेड ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज (जीबीडी) कार्यक्रम द्वारा की गई रिसर्च पर है। स्टडी से पता चला है कि दुनिया भर में अधिक वजन वाले या मोटे लोगों की संख्या 1990 में 929 मिलियन से बढ़कर 2021 में 2.6 बिलियन हो गई है। अगले 15 सालों में 3.8 अरब वयस्क अधिक वजन वाले या मोटापे से ग्रस्त होंगे। यानी 2050 में पूरे विश्व के कुल वयस्क आबादी का लगभग 60 प्रतिशत मोटापे से जूझेगा। दुनिया का हेल्थ सिस्टम चरमरा जाएगी। दुनिया के लगभग एक चौथाई मोटापे से ग्रस्त लोगों की उम्र उस समय तक 65 वर्ष से अधिक होने की उम्मीद है। इस वजह से पहले से ही अत्यधिक बोझ से दबी हेल्थ सिस्टम पर दबाव बढ़ गया है और कम संसाधन वाले देशों में मेडिकल सेवाओं पर कहर बरपा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया भर में बच्चों और किशोरों में मोटापे में 121 प्रतिशत की वृद्धि देखी जाएगी। 2050 तक सभी मोटे युवाओं में से एक तिहाई इन दो क्षेत्रों में रह रहे होंगे- उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्व, और लैटिन अमेरिका और कैरेबियन। अभी के वक्त में दुनिया के आधे से अधिक अधिक वजन वाले या मोटापे से ग्रस्त वयस्क पहले केवल आठ देशों में रहते हैं और इसमें भारत भी शामिल है। ये देश हैं- चीन, भारत, अमेरिका, ब्राजील, रूस, मैक्सिको, इंडोनेशिया और मिस्र। नाइजीरिया, भारत, पाकिस्तान और चीन जैसे घनी आबादी वाले देशों में मोटापे की रोकथाम को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। वजह है कि यहां मोटापे से ग्रस्त बच्चों और किशोरों की अनुमानित संख्या के विनाशकारी होने का अनुमान है।

रिसर्चर्स ने चेतावनी दी है कि हर देश में बच्चों का वजन पिछली पीढ़ियों की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है और मोटापे से ग्रस्त होने की उम्र और कम होते जा रही है। इससे कम उम्र में टाइप 2 मधुमेह (डायबिटीज), हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग और कैंसर होने का खतरा बढ़ रहा है। उदाहरण से देखिए। उच्च आय वाले देशों में, 1960 के दशक में पैदा हुए लगभग 7 प्रतिशत पुरुष 25 वर्ष की आयु तक मोटापे से ग्रस्त थे. लेकिन 1990 के दशक में पैदा हुए पुरुषों के लिए यह आंकड़ा बढ़कर 16 प्रतिशत हो गया, और 2015 में पैदा हुए पुरुषों के लिए इसके 25 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है।

रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि मोटापे और वजन की समस्या इसी तरह बढ़ती रही तो वर्ष 2050 तक दुनियाभर में 25 साल से ज्यादा उम्र के 380 करोड़ लोग मोटापे का शिकार होंगे। यह संख्या उस समय दुनिया में युवाओं की अनुमानित आबादी के आधे से ज्यादा होगी। मोटापे की समस्या जिस तरह से दूसरी बीमारियों को न्योता दे रही है, उसे देखते हुए अब राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक योजना बनाने की जरूरत है। बच्चों को ही आहार संबंधी आदतों को बदलने के लिए कह दिया जाए तो आगे जाकर उनकी जीवनशैली में बड़ा बदलाव संभव है। हमारे पारंपरिक भोजन में डेयरी उत्पाद, नमक, परिष्कृत तेल और चीनी की मात्रा कम थी, लेकिन अब हम ऐसे आहार की ओर बढ़ गए हैं जो ऊर्जा तो देते हैं लेकिन पोषक तत्वों की कमी है। चीनी का अतिरिक्त सेवन भी मोटापे को बढ़ाने में कम जिम्मेदार नहीं है।

# धर्मांतरण : बड़े शौक से गए थे दामन छुड़ा कर वे चर्च, लेकिन

**याचिकाकर्ताओं ने अदालत को यह भी बताया कि उन्होंने जिला और राज्य अधिकारियों को कई बार आवेदन किया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इससे पहले, अप्रैल 2024 में, मद्रास उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया, और उन्हें सिविल कोर्ट और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग से सहारा लेने का निर्देश दिया था। हालांकि, याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि उच्च न्यायालय ने मामले को एनसीएम को संदर्भित करके गलती की, क्योंकि आयोग के पास संवैधानिक अधिकारों को लागू करने का अधिकार नहीं है।**


शशि शेखर

सर्वोच्च न्यायालय ने 21 फरवरी को तमिलनाडु के त्रिची जिले के दलित ईसाइयों की याचिका पर विचार करने पर सहमति जताई है, जिसमें कोट्टापलायम पैरिश में रोमन कैथोलिक चर्च प्रशासन के भीतर जाति-आधारित भेदभाव को चुनौती दी गई है। कोट्टापलायम गांव के निवासी याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि रोमन कैथोलिक चर्च प्रशासन दलितों को वार्षिक चर्च उत्सवों में भाग लेने से रोककर और कब्रिस्तानों को अलग करके जाति-आधारित भेदभाव करता है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और मनोज मिश्रा की पीठ ने तमिलनाडु सरकार और चर्च अधिकारियों को नोटिस जारी किए और 15 अप्रैल तक उनसे जवाब मांगा। यह स्थिति है तमिलनाडू जैसे एक प्रगतिशील राज्य की, जिसके बार में आम धारणा है कि यह उत्तर भारत जैसे राज्यों में मौजूद भेदभाव से काफी अलग है रहता है। लेकिन सच्चाई क्या है, इसे आइये समझते है।

**भयंकर भेदभाव :** त्रिची के कोट्टापलायम और अय्यमपट्टी गांवों की जमीनी रिपोर्ट में पाया गया था कि इन गांवों में दलित ईसाइयों को प्रमुख जाति के ईसाइयों और हिंदुओं से गंभीर जाति-आधारित भेदभाव का सामना करना पड़ता है। ईसाई धर्म अपनाने के बावजूद, इन दलितों को गांव और चर्च में सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। भेदभाव को दूर करने के प्रयासों का विरोध किया गया लेकिन सफल नहीं रहा। एक घटना में, जाति समानता की वकालत करने वाले एक पुजारी को जाति के ईसाइयों और हिंदुओं द्वारा गांव से निकाल दिया गया था। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वकील फ्रैंकलिन सीजर थॉमस ने कहा कि दलित ईसाइयों को दिन-प्रतिदिन के मामलों में भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। याचिका में कहा गया है कि आज की तारीख में, याचिकाकर्ताओं के साथ-साथ अन्य दलित कैथोलिक ईसाई समुदाय के ग्रामीण निवासी अस्पृश्यता की पारंपरिक प्रथा और उसके बाद अमानवीय, जाति-आधारित भेदभाव का सामना कर रहे हैं। याचिकाकर्ताओं ने अदालत को यह भी बताया कि उन्होंने जिला और राज्य अधिकारियों को कई बार आवेदन किया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इससे पहले, अप्रैल 2024 में, मद्रास उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया, और उन्हें सिविल कोर्ट और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग से सहारा लेने का निर्देश दिया था। हालांकि, याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि उच्च न्यायालय ने मामले को एनसीएम को संदर्भित करके गलती की, क्योंकि आयोग के पास संवैधानिक अधिकारों को लागू करने का अधिकार नहीं है।

**चर्च का सच :** याचिकार्ताओं के अनुसार चर्च



प्रशासन के भीतर जातिगत भेदभाव निजी विवाद नहीं बल्कि एक संवैधानिक मुद्दा है, जिसके लिए न्यायिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है। यह तर्क है कि दलित ईसाइयों को चर्च प्रशासन से बहिष्कार का सामना करना पड़ता है और उन्हें वार्षिक चर्च उत्सवों में समान भागीदारी से वंचित किया जाता है। उनका आरोप है कि कब्रिस्तान अलग-अलग हैं और गैर-दलित कैथोलिकों के विपरीत, उन्हें अपने मृतकों को अंतिम संस्कार की प्रार्थना के लिए चर्च में लाने की अनुमति नहीं है। याचिका में दावा किया गया है कि ये भेदभावपूर्ण प्रथाएँ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता), 15 (भेदभाव का निषेध), 17 (अस्पृश्यता का उन्मूलन), 19 (अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता), 21 (जीवन और सम्मान का अधिकार) और 25 (धर्म की स्वतंत्रता) के तहत गारंटीकृत मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करती हैं। याचिकाकर्ता इस बात पर जोर देते हैं कि चर्च प्रशासन के भीतर जातिगत भेदभाव एक निजी मामला नहीं है, बल्कि एक संवैधानिक मुद्दा है, जिसमें न्यायिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

**आदर्श बनाम सत्य :** तमिलनाडू के एक सामाजिक कार्यकर्ता और वकील थॉमस फ्रान्कलिन (इसाई दलितों को एस सी स्टेट्स दिए जाने के समर्थक) ने इन पंक्तियों के लेखक से एक बार बात करते हुए (2009 में) यह बताया था कि दक्षिण के कई राज्यों में आज भी ईसाईयों के दो कब्रिस्तान होते हैं, जहां एक कब्रिस्तान में बड़ी जाति के ईसाइयों तो दूसरे कब्रिस्तान में धर्मांतरण करने वाली छोटी और पिछड़ी जातियों के क्रिशिचियन को दफनाया जाता है। यानी, उनका मानना था कि भले ही धार्मिक स्तर पर क्रिश्चियन धर्म में जातिगत भेदभाव की परिकल्पना नहीं है, लेकिन प्रायोगिक स्तर पर भारत में यह भेद जबरदस्त रूप से है। इस्लाम में भी, हिन्दुस्तान के भीतर ऐसा ही है। सतीश देशपांडे और गीतिका बापना ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के लिए एक रिपोर्ट बनाई थी, जिसमें कहा गया था कि शहरी क्षेत्रों में 47 फ़ीसद दलित मुस्लिम ग़रीबी रेखा से नीचे हैं, जबकि ग्रामीण इलाक़ों में 40 फ़ीसद दलित मुस्लिम और 30 फ़ीसद दलित ईसाई ग़रीबी रेखा से नीचे हैं। और इस बात की ताकीद रंगनाथ मिश्र कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में साफ़ तौर पर की है।

**संवैधानिक स्थिति :** राष्ट्रपति अध्यादेश, 1950 का उल्लेख भारतीय संविधान में है। यह अध्यादेश कहता है कि सिर्फ हिन्दू धर्म के दलितों को ही एससी स्टेट्स दिया जा सकता है। लेकिन जब वीपी सिंह प्रधानमंत्री बने तब उन्होंने इस सूची में बौद्ध दलितों को भी शामिल किया जिन्हें नव बौद्ध कहा गया। इससे पहले सिख दलितों को भी इस सूची में शामिल कर लिया गया था। इसके बाद इस लिस्ट से बाहर रह गए थे मुस्लिम, ईसाई, जैन और पारसी। मनमोहन सिंह सरकार ने जब सच्चर कमेटी बनाई थी तब इस कमेटी ने जो रिपोर्ट दी, वह मुस्लिम समुदाय की बदतर सामाजिक-आर्थिक-शैक्षणिक स्थिति को बताती थी। इसके बाद, मनमोहन सिंह सरकार ने ही रंगनाथ मिश्रा कमीशन का गठन किया, जिसने 2007 में अपनी रिपोर्ट दी। इस रिपोर्ट में साफ़ कहा गया है कि मुसलमानों के बीच भारी जातिगत भेदभाव है और मुस्लिम समुदाय के भीतर जो अतिपिछड़ी जातियां हैं, उनकी हालत हिन्दू दलितों से भी बदतर है और इसी आलोक में इस कमीशन ने उनके लिए 10 फीसदी आरक्षण की सिफारिश की। साथ ही, इस कमीशन ने 1950 प्रेशिडेशियल आर्डर को हटाने की भी सिफारिश की क्योंकि कमीशन का मानना था कि यह अध्यादेश धार्मिक आधार पर लोगों की सामाजिक-शैक्षणिक-आर्थिक स्थिति की सच्चाई को देखे बिना भेदभाव करता है। इस रिपोर्ट को लोकसभा के पटल पर रखे हुए 16 साल बीत चुके हैं।

# 54 वें राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह का समापन शून्य दुर्घटना लक्ष्य के संकल्प के साथ की गई

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में स्थापित बिजली निर्माण की सबसे बड़ी कंपनी ललितपुर पावर जेनरेशन कंपनी बजाज पावर प्लांट जिला में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया जो 4 से 10 मार्च तक चला। इस राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत 4 मार्च को ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलित कर तथा रक्तदान शिविर के साथ आरंभ की गई। पूरे सप्ताह लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य पूरे सप्ताह भर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें सुरक्षा पोस्टर स्लोगन भाषण प्रतियोगिता फेस टू फेस प्रोग्राम हाउसकीपिंग, नुक्कड़ नाटक मंचन आदि कार्यक्रमों के अलावा पूरे सप्ताह प्लांट स्थित कार्य स्थल को कामगार मित्रों हेतु फायर सेफ्टी ट्रेनिंग डेमोंसट्रेशन एवं ऑन स्पोर्ट्स क्विज कंपटीशन जैसे कार्य किए गए एवं कामगारों को पुरस्कार वितरण किए गए। इस पूरे सप्ताह परिसर में कार्य करने वाले लोगों ने इस सुरक्षा सप्ताह मे सभी ने बडचठ कर हिस्सा लिया एवं सुरक्षा के प्रति अपने दायित्वों और संकल्पों को दोहराया। पूरे सप्ताह चले इस कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि कंपनी के सी.ई.ओ.




कार्यक्रम के दौरान बच्चे को सम्मानित करतीं अतिथि

ए.एन.सार ने कहा कि राष्ट्र निर्माण तभी संभव है। जब दुर्घटना को रोका जाए एवं निरंतर उस दिशा में प्रयास किया जाए, साथ ही साथ उन्होने बताया कि प्लांट ऑपरेशन में सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है इसलिए कार्यस्थल पर सुरक्षा से कोई समझौता ना हो भले ही कार्य पूर्ण होने में थोड़ा विलंब हो एवं समाज के प्रति जिम्मेवारियों के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने बताया की पिछ्ले कई सालो से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर में इस बार 78 युनिट रक्त का संचयन जिला ब्लड बैंक टीम के सहयोग से किया गया। उन्होने सभी रक्तदाता का आभार जताया। सुरक्षा सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश सभी में सुरक्षा संस्कृति का विकास करना। इस दौरान कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी मनोज मेहता ने बताया कि कार्यस्थल पर सुरक्षित कार्य हेतु समझ, सहयोग समाधान एवं समर्पण भाव से कार्य करना चाहिए जिससे दुर्घटनाओं के रोकथाम में मदद हो सके। इसी क्रम में आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि दुर्घटनाओं को काम के सही तरीके से दूर किया जा सकता है। सुरक्षा विभाग अध्यक्ष पीके सिंह ने विभाग द्वारा सुरक्षा हेतु पूरे साल में किए गए कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया एवं सफल आयोजन हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पावर प्लांट में कार्यरत सभी अधिकारी कर्मचारी कामगारों के अलावा महिला मैत्री क्लब के सदस्य एवं बच्चों ने भाग लिया एवं इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## थाना सौरिख पुलिस ने माल समेत दो चोरों को दबोचा

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्ग दर्शन मे क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकारनाथ शर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा ने पुलिस ठीम के साथ छापेमारी कर दो चारों के पास से चोरी की गई दो बैटरी व ई-रिक्सा बरामद कर कार्रवाई की है। मंगलवार को उच्चाधिकारियों के निर्देशन में अपराध नियंत्रण हेतु गस्त कर रहे प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा नें उपनिरीक्षक चन्द्रभान सिंह, कांस्टेवल मनोज कुमार के साथ चेकिंग के दौरान ग्राम आलम शाह की तरफ नहर के किनारे के पास से छोटू उर्फ असुंल पुत्र सत्यप्रकाश वाथम निवासी ग्राम सरगौली थाना इन्दरगढ, संजय गुप्ता पुत्र लक्ष्मीनरायण गुप्ता निवासी ग्राम आलम शाह पुर्वा थाना सौरिख के कब्जे से दो बैटरी व एक ई-रिक्शा बरामद करते हुये गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना सौरिख पर मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तगणों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

# कनफ्लिक्ट आप इंटरेस्ट का मामला, टेंडर निरस्त करने के अलावा कोई चारा नहीं

अवधनामा संवाददाता

■ उपभोक्ता परिषद का निजीकरण पर बड़ा खुलासा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दक्षिणांचल व पूर्वांचल के निजीकरण को लेकर जहां 42 जनपदों के लिए ट्रांजैक्शन एडवाइजर के टेंडर को चौथी बार आगे बढ़ाया गया केवल इसलिए कि अभी केवल इसलिए कि अभी तक केवल दो ही कंसलटेंट कंपनियां टेंडर में भाग ली है वहीं उपभोक्ता परिषद आज जो खुलासा करने जा रहा है पावर कॉरपोरेशन और सभी के होश उड़ जाएंगे वर्तमान में दो कंसलटेंट कंपनियां जो पावर कारपोरेशन के ट्रांजैक्शन एडवाइजर के लिए टेंडर भरी है उसमें से एक कंसलटेंट कंपनी उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग में नवंबर 2024 से बिजली दर के कंसल्टेंट के रूप में काम कर रही है और उसके द्वारा विद्युत नियामक आयोग में यह शपथ पत्र टेंडर लेने के पहले दाखिल किया गया है कि वह कहीं भी बिजली कंपनियों में काम नहीं कर रही है। अब वहीं दूसरी ओर उसके द्वारा वर्तमान में जो ट्रांजैक्शन एडवाइजर के लिए पावर कारपोरेशन में कंसल्टेंट का टेंडर भरा गया है वह सीधे कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट के दायरे में आता है भले ही मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली कमेटी ने कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट हितों के टकराव के मामले में शिथिलता प्रदान कर दी है लेकिन वर्तमान में अब जो खुलासा सामने हो रहा है वह सीधे कंप्लीट ऑफ इंटरेस्ट हितों के टकराव का मामला है इसलिए अब पावर कारपोरेशन को तत्काल अपने ट्रांजैक्शन एडवाइजर के टेंडर को निरस्त कर देना चाहिए क्योंकि यह अपने आप में बहुत गंभीर मामला है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा सबसे बड़ा सवाल यह है कि टेंडर भरने वाली कंसलटेंट कंपनी ने कैसे इतनी बड़ी गलती कर दी जब उसके द्वारा विद्युत नियामक आयोग में टैरिफ प्रक्रिया में कार्य करने के लिए टेंडर लिया जा चुका है फिर दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों में कंसल्टेंट के रूप में ट्रांजैक्शन एडवाइजर के लिए टेंडर क्यों डाला गया जबकि उसे इस बात का शपथ पत्र भी भरना होता है कि उसके द्वारा कहीं भी कार्य नही किया जा रहा । सभी को पता है की ट्रांजैक्शन एडवाइजर सहित जितनी भी प्रक्रिया होनी है सबको रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के तहत वैधानिक रूप से उसकी जांच पड़ताल और आगे की वैधानिक कार्यवाही विद्युत नियामक आयोग में ही होनी है ऐसे में या सीधे तौर पर हितों के टकराव का मामला है अब पावर कारपोरेशन को पीछे हटना चाहिए क्योंकि इससे बड़ा संवैधानिक संकट कोई नहीं हो सकता है कि एक कंसलटेंट कंपनी जिसके द्वारा पावर कॉरपोरेशन अथवा बिजली कंपनियों मे किसी भी रूप में कामना करने का शपथ पत्र विद्युत नियामक आयोग में दाखिल किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सिराज की 5 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क, चल रहा फरार



**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में 1 लाख का इनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश सिराज अहमद की सोमवार को करोड़ों की संपत्ति को जिला प्रशासन ने कुर्क किया है। न्यायालय के आदेश पर हुई इस कार्रवाई से जिले के अन्य अपराधियों में भी हड़कंप मचा हुआ है। बीती 8 अगस्त 2023 की शाम सरेराह दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता आजाद अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या का मुख्य आरोपी सिराज अहमद था, सिराज पर पुलिस ने एक लाख का इनाम भी घोषित कर रखा है। सिराज की तलाश यूपी एसटीएफ भी कर रही है।मामला देहात कोतवाली क्षेत्र के लोलेपुर गांव का है।गांव का रहने वाला सिराज अहमद आपराधिक व्यक्ति है। 2023 में हुए अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड का मुख्य आरोपी है। तब से ही पुलिस आरोपी सिराज की तलाश कर रही है। फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर सिराज अहमद पर न्यायालय भी सख्त है और उसी के आदेश पर आज सदर तहसीलदार की अगुवाई में 7 थाने की पुलिस फोर्स सिराज अहमद के गांव पहुंची और पूरे गांव में मुनादी करवाते हुए लगभग 4.66 करोड़ की संपत्ति कुर्क की, जिसमें सिराज कई लग्जरी गाड़िया और जमीन जायदाद शामिल है।

### सपा विधायक अबू आजमी का फूंका पुतला



**सुल्तानपुर।** गोरक्षा वाहिनी ने औरंगजेब के पक्ष में सपा विधायक अबू आजमी के आए बयान को लेकर प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह, प्रदेश महामंत्री जयशंकर द्विवेदी की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर गुस्से का इजहार किया। प्रदर्शन के पश्चात सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को प्रदर्शन कर मांग पत्र से संबंधित ज्ञापन सौंपा। महाराष्ट्र सदन से अबू आजमी को निलंबित किए जाने की मांग भी उठाई गई।

### अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभाग के लिए सीएमएस छात्र अमेरिका आमन्त्रित



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के कक्षा-12 के छात्र अर्णव श्रेयस को न्यूयार्क स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यालय में आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय युवा सम्मेलन में प्रतिभाग हेतु विशेष रूप से आमन्त्रित किया है। विश्व की सर्वाधिक महत्वपूर्ण संस्था द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभाग हेतु सी.एम.एस. छात्र को आमन्त्रित किया जाना वास्तव में लखनऊ व प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। यह अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'यूथ एट द फोरफ्रंट - लेवरेजिंग साइंस एण्ड सोशल इन्क्लूजन फॅार सस्टेनबल डेवलपमेन्ट' थीम पर आधारित है जो कि संयुक्त राष्ट्र संघ के एक महत्वपूर्ण अंग 'यू.एन.ओ. इकोनॉमिक एण्ड सोशल काउन्सिल' के तत्वावधान में आगामी अप्रैल माह में आयोजित किया जा रहा है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने उक्त सम्मेलन हेतु अर्णव को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र अर्णव श्रेयस देश-विदेश के उन चुनिन्दा छात्रों में से एक हैं, जिन्होंने अपने अभूतपूर्व शैक्षिक रिकार्ड, अभिव्यक्ति की क्षमता, विभिन्न सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान एवं विश्वव्यापी सोच व मानवतावादी रचनात्मक विचारों के दम पर इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रतिभागी होने का श्रेय प्राप्त किया है।

# शास्त्रों 16 संस्कारों का मिलता है उल्लेख : डीएम

अवधनामा संवाददाता



■ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत गर्भ संस्कार प्रशिक्षण का आयोजन

**सम्भल (बहजोई)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चंदौसी पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत तथा महिला कल्याण विभाग तथा आकांक्षा समिति के तत्वावधान में गर्भ संस्कार प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया रहे।

कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्व प्रथम जिलाधिकारी का आकांक्षा समिति के सदस्यों द्वारा पुष्प देकर स्वागत किया गया। गर्भाधान के पश्चात गर्भवती महिलाओं को क्या क्या कार्य करने चाहिएं तथा क्या नहीं करना चाहिए उसके विषय में प्रशिक्षण के अन्तर्गत विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रशिक्षण के अन्तर्गत गर्भावस्था के प्रथम माह से 6 या 7 माह वाली महिलाओं द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। आकांक्षा भार्गव द्वारा गर्भ संवाद, गर्भ आहार, एवं गर्भ योग के विषय में विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होंने कहा कि ऐसी अवस्था में सकारात्मक ऊर्जा महिलाओं में रहनी चाहिए तथा अपनी दिनचर्या में योग को भी शामिल रखना चाहिए ताकि शिशु स्वास्थ्य पैदा हो सके तथा प्रसव सुरक्षित हो सके।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चंदौसी की गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. सारिका ने अपने संबोधन में कहा कि पेशेंट को गर्भावस्था के समय में अच्छी सलाह प्राप्त हो सके इसके लिए इस प्रकार का प्रशिक्षण आवश्यक है ताकि ज्यादा से ज्यादा गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित प्रसव हो सके। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि दिव्य गर्भ धान संस्कार की यह प्रथम कार्यशाला है। हमारे शास्त्रों में 16 संस्कारों का उल्लेख है तथा गर्भधारण से तीन माह पूर्व गर्भाधान संस्कार किया जाता है। जिलाधिकारी ने पुंसवन संस्कार तथा सीमन्तोन्नयन संस्कार का भी उल्लेख किया। गर्भ संस्कार एक दिनचर्या शुद्धता के साथ ज्ञान अर्जित करना चाहिए। गर्भावस्था के समय आहार में प्रोटीन आदि पोषक तत्वों को शामिल करना चाहिए। जिलाधिकारी ने तप, स्वाध्याय, प्राणायाम, प्रत्याहार, आदि का भी उल्लेख किया।

## गौ आश्रय स्थल एवं पशुधन विभाग की समीक्षा बैठक

**सम्भल (बहजोई)।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में गौ आश्रय स्थल एवं पशुधन विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। गौशालाओं के विस्तारीकरण को लेकर विकास खंड वार चर्चा की गयी। चंदन कटी मौजा, घासीपुर, रीठ, सिंहावली , आदि को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नेपियर घास को लेकर भी निर्देशित किया तथा समय से भूसा क्रय करने के विषय में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत ग्रामीण आवास को लेकर भी ? विकासखंड वार जानकारी प्राप्त की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह, समस्त खंड विकास अधिकारी तथा पशु चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दहेज की मांग से परेशान युवक ने फांसी लगाकर दी जान



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश सुल्तानपुर जिले में एक प्रेम प्रसंग ने दर्दनाक मोड़ ले लिया। हलियापुर थाना क्षेत्र के फत्तेपुर गांव में 19 वर्षीय युवक गुंजन ने सोमवार रात आठ बजे अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पिछले साल 24 मार्च को गुंजन गांव की ही एक युवती के साथ भाग गया था। युवती की मां की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।इसके बाद गुंजन को जेल जाना पड़ा। ढाई महीने बाद जेल से रिहा होने के बाद भी दोनों का प्रेम संबंध जारी रहा। दोनों परिवारों के बीच विवाह की बात चली,लेकिन युवती की मां ने शादी के लिए पांच लाख रुपये नकद और पांच बीघा जमीन की मांग रख दी। इस मांग से व्यथित होकर गुंजन ने रात आठ बजे अपने कमरे में रस्सी से फांसी लगा ली। ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंच गई और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। गुंजन तीन भाइयों में सबसे छोटा था और उसकी एक बहन भी है। घटना के बाद से परिवार में मातम छाया हुआ है। उसके माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

# शिक्षा संकाय के प्रशिक्षु शिक्षकों का हुआ अभ्यास शिक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** केएनआईपीएसएस के शिक्षा संकाय का आयोजित अभ्यास शिक्षक कार्यक्रम दिन मंगलवार को सम्पन्न हो गया। शिक्षा संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर बिहारी सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम मो0 हनीफ मेमोरियल इंटर कॉलेज लोलेपुर सुल्तानपुर में दिनांक 6 फरवरी को शुरू हुआ व दिन मंगलवार को 30 दिनों का अभ्यास शिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसमें 64 प्रशिक्षु शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान उन्हें विभिन्न विषयों यथा कक्षा प्रबंधन पाठ योजना तैयार करना उपस्थिति रजिस्टर तैयार करना और छात्रों का मूल्यांकन करना आदि पाठ्यक्रम शामिल रहा। प्रोफेसर बिहारी सिंह ने कहा कि हमें विश्वास है कि इन प्रशिक्षु शिक्षकों ने जो सीखा है, वह उन्हें अपने भविष्य के शिक्षण कैरियर में मदद करेगा। प्रशिक्षु शिक्षकों ने भी कार्यक्रम के बारे में अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि अभ्यास शिक्षण का मुख्य उद्देश्य आधुनिक शिक्षण विधियों और तकनीकों पर प्रशिक्षण देना, कक्षा प्रबंधन और पाठ योजना तैयार करने पर व्यावहारिक अभ्यास कराना, छात्र मूल्यांकन, प्रशिक्षु शिक्षकों के शिक्षण कौशल में सुधार, छात्रों के लिए बेहतर शिक्षण अनुभव तैयार करना तथा शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों की गुणवत्ता में वृद्धि आदि है।

## शहर में हर दूकान पर जाकर नमूना लिया

**महोबा।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 लखनऊ एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर होली पर्व के त्योहार के मद्देनजर आम जनमानस को शुद्ध एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं पेय पदार्थो को उपलब्ध कराने को लेकर मंगलवार को जैतपुर बेलाताल बाजार से घी, पनीर, क्रीम, के एक एक चरखारी क्षेत्र से बेसन एवं पनीर का नमूना संग्रह किया। नगर पालिका क्षेत्र महोबा से खोया के 04, बेसन का 01 तथा पुरानी गल्ला मण्डी व अन्य क्षेत्र से सरसों तेल का एक नमूना संग्रह किया गया। इस तरह कुल 11 नमूना संग्रहित किये गये।

खाद्या विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को 15 दुकानों का निरीक्षण कर कुल 11 नमूने संग्रहित किये गये। मौके पर उपभोग्ताओ को जाग्रत कर उन्हे शुद्ध गुणवत्ता पूर्ण सामान्य क्रय करने की जानकारी दी गयी, टीम का नेतृत्व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी चन्द्रकान्त वाजपेयी ने किया तथा टीम में श्री अनिल कुमार मिश्र आरएल कुशवाहा, मनोज कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहें।

# होली और ईद को लेकर गोसाईगंज पुलिस अलर्ट



अवधनामा संवाददाता

**गोसाईगंज, सुल्तानपुर।** आगामी होली और ईद के त्योहारों को देखते हुए जिले की गोसाईगंज पुलिस पूरी तरह से सतर्क हो गया है।

पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के निर्देशन में गोसाईगंज थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के संवेदनशील गांवों में फ्लैग मार्च किया। मंगलवार को सुरौली, जसापारा, डोमापारा सहित अन्य संवेदनशील गांवों में पुलिस बल ने मार्च किया और स्थानीय लोगों से शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इसके अलावा पुलिस ने मुख्य हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के घरों पर जाकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि त्योहारों के दौरान किसी भी तरह की अफवाह, उपद्रव या सांप्रदायिक तनाव न हो, इसके लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है और संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर है। थानाध्यक्ष ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है।

## सीतापुर में हुई पत्रकार की हत्या से गुस्सा, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शिकोहाबाद।** सोमवार को तहसील प्रांगण में पहुंचकर शिकोहाबाद प्रेस क्लब के पत्रकारों ने सीतापुर के माहौली में पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या किए जाने से पत्रकारों में गुस्सा है। इससे नाराज क्षेत्र के पत्रकारों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर तहसील मैं नारेबाजी की। बाद में उन्होंने मुख्यमंत्री को सम्बोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार कीर्ति चौधरी को सौंप कार्रवाई की मांग की। तहसीलदार कीर्ति चौधरी को सौंपे ज्ञापन में पत्रकारों ने पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेयी के हत्यारों को फांसी देने की मांग की। मृतक पत्रकार के परिजनों को 1 करोड़ रुपए का मुआवजा दिए जाने, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने के साथ ही पत्रकारों को सुरक्षा दिलाए जाने की मांग की है। शिकोहाबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने कहा आए दिन माफिआओं द्वारा पत्रकारों पर हो रहे हमले को लेकर सरकार को सख्त कदम उठाना चाहिए और बीच चौराहे पर पत्रकार की हत्या करने वाले लोगों को फांसी की सजा देना चाहिए।

# टीएमयू के प्रो. राजुल रस्तोगी को एशियन लीडरशिप अवार्ड

अवधनामा संवाददाता



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टीएमयू हॉस्पिटल के सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी को एशियन लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है। द यूनिवर्सल मीडिया और इन्साइट केयर मैगज़ीन के संयुक्त तत्वावधान में रेडिशन ब्लू, द्वारिका-नई दिल्ली में आयोजित थर्ड एशियाज़ लीडरशिप अवार्ड-2025 समारोह में बालीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री श्रीमती सोनाली बेंद्रे ने प्रो. रस्तोगी को इंडियाज़ लीडिंग हैल्थकेयर एजुकेशन इन्नोवेटर- 2025 अवार्ड दिया। इस अवसर पर प्रो. रस्तोगी की सुपुत्री मिस भव्या रस्तोगी भी मौजूद रहीं। प्रो. रस्तोगी को रिसर्च, एकेडमिक्स और ट्रेनिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए यह सम्मान मिला है। प्रो. राजुल ने हैल्थ केयर एजुकेशन में रिसर्च, ट्रेनिंग, एक्सपर्ट टाक, इन्नोवेटिव आइडियाज़ इन एआई के क्षेत्र में विशेष कार्य किए हैं। अवार्ड समारोह में मेडिकल एजुकेशन के संग-संग योगा, मार्शल आर्ट, ज्योतिष आदि क्षेत्र में एशिया की जानी-मानी करीब 50 से अधिक हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में जाने-माने एथलीट श्री रोहन शाह की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

उल्लेखनीय है, प्रो. रस्तोगी को रेडियोलॉजी में 24 सालों का लंबा अनुभव है। वह 10 बरस से टीएमयू में अपनी सेवाएं दे रहे है। प्रो. रस्तोगी, 2024 में यूरोपियन कॉग्रेस ऑफ रेडियोलॉजी- ईसीआर की ऑस्ट्रिया, इंटरनेशनल कॉग्रेस ऑन एमआरआई-आईसीएमआरआई की साउथ कोरिया में इंटरनेशल कॉन्फ्रेंस के संग-संग आरआईसीओएन- 2024 की स्टेट कॉन्फ्रेंस, एशियन ओशियनियन कॉग्रेस ऑफ रेडियोलॉजी- एओसीआर एवम् इंडियन रेडियोलॉजिकल इमेजिंग एसोशिएशन- आईआरआईए- 2025 की चेन्नई की नेशनल कॉन्फ्रेंस में अपने रिसर्च पेपर्स/व्याख्यान दे चुके हैं।

## खराब प्रदर्शन विद्यालयो तथा आँगनबाड़ी केंद्र की समीक्षा बैठक

**सम्भल (बहजोई)।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन तथा मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में जनपद के सबसे खराब प्रदर्शन (बच्चों की उपस्थिति, शैक्षिक गुणवत्ता आदि) करने वाले प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केन्द्र की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। ग्राम सेमरी, कम्पोजिट विद्यालय कुकेटा, उच्च प्राथमिक विद्यालय करकोरा प्राथमिक विद्यालय करकोरा विकासखंड संभल से प्राथमिक विद्यालय पल्था आदि की समीक्षा की गयी। मेरी त्रुटि मेरी सीख की कॉपी सभी विद्यालयों में बनाने के लिए निर्देश दिए, मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय के अंतर्गत गतिविधियां करने विद्यालय का सोशल में मीडिया हैंडल बनाए जाने, अध्यापकों के दायित्व का हस्तलिखित चार्ट, विद्यालय में बच्चों की होने वाली प्रतिज्ञा, हैंड वॉश यूनिट बाउंड्री वॉल बच्चों की उपस्थिति आदि को लेकर जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# सीतापुर में पत्रकार की जघन्य हत्या से आक्रोश

■ प्रेस क्लब (रजि.) ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला सीतापुर में दैनिक जागरण के रिपोर्टर की हत्या के मामले को लेकर प्रेस क्लब (रजि.) ने आक्रोश व्यक्त किया है। इस दौरान प्रेस क्लब (रजि.) ने लामबंद होकर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि सीतापुर में विगत शनिवार को सरेआम शाम 4 बजे दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेन्द्र बजपेयी की कुछ अज्ञात बदमाशों द्वारा हत्या कर दी गयी थी। जो उत्तर प्रदेश शासन और सरकार की सुदृढ़ व्यवस्था के लिए चुनौती है। कहा कि सम्पूर्ण उ.प्र. में घटित उक्त घटना की पत्रकारों व पत्रकार संगठनों में तीव्र आक्रोश है। प्रेस क्लब (रजि.) ललितपुर इस हृदय विदारक घटना की कठोर शब्दों में निदा के साथ अपराध में लिप्त बदमाशों की गिरफ्तारी एवं पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाये जाने व उत्तर प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग करता है। आगे अवगत कराया कि जनपद ललितपुर में भी पत्रकारों के विरूद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किए जा रहे हैं जिसकी निष्पक्ष जांच के बाद ही कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने की मांग उठायी गयी। इस दौरान संरक्षक मण्डल सदस्य मंजीत सिंह सलूजा, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, महामंत्री अमित सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, पूर्व महामंत्री मो.नसीम, अजित भारती, अजय बरया, दिनेश संज्ञा, संदीप शर्मा, सर्वदेव तिवारी, बलराम पचौरी, अभय श्रीमाली, अनूप मोदी, बृजेश पंथ, अश्वनी पुरोहित, नीतेश जैन, अनूप राठौर, अमित लखेरा, शुभम पस्तोर, शहनाज, राममूर्ति तिवारी, इमरान खान, सोनम यादव, अमित संज्ञा, अजय प्रताप सिंह तोमर, महेश वर्मा, पुष्पा झां, सुनील जैन, आलोक चतुर्वेदी, विनोद मिश्रा, निहाल सेन, शिब्बू राठौर, सूरज सिंह राजपूत, प्रदीप रिछारिया, राहुल साहू खिरिया, स्वतंत्र रिछारिया, शुभम पस्तोर खड़ेरा, आकाश ताम्रकार, लक्ष्मण सिंह, पंकज रैकवार, विनोद राज सेन, जयेश बादल, सुरेन्द्र सपेरा, प्रमोद गोस्वामी के अलावा अनेकों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# होली त्योहार को लेकर बाजार में सज गई रंगो और पिचकारी की दुकानें

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** होली पर्व को लेकर बाजार रंग अबीर और एक से एक कीमती पिचकारियों से सज गया है। इतना ही नही तमाम दुकानदारों ने रंग और पिचकारी बेचने के लिए अपनी दुकानों के आगे रंगों की दुकाने सजा ली है, बाजार मे रंग बिरंगी पिचकारियों के अलावा गन वाली पिचकारी बच्चों को खूब रास आ रही है। 25 रुपये से लेकर 400 रुपये तक की पिचाकारियां बाजार में बिक रही है।

गौरतलब है कि होली पर्व को लेकर बाजार में दुकानदारों ने तरह तरह की नए लुक में पिचकारियां मंगा ली है। अबीर गुलाल और रंगों से दुकाने पटी पड़ी है, दुकानों में लटक रही पिचकारियां बच्चों को खूब भा रही है। रंगों के अलावा रंगीन स्प्रे और गुलाल भी लोग खूब खरीद रहे है। होली त्योहार से पहले ही रंगों से बाजार में दुकाने सजा दी गई है। युवाओं और बच्चों में इस पर्व के प्रति खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।

होली त्योहार आने से पहले ही मित्र यार और परिवार के लोग होली मनाने के लिए खासे उत्सुक दिखाई दे रहे है। माता पिता बच्चों के साथ बाजार जाकर उन्हे उनकी पसंद की पिचकारियां दिला रहे है। इतना ही नही माता पिता स्वयं बच्चों को रंग और गुलाल खरीद रहे है। बच्चे मुहल्ले और पड़ोस की दुकानों से अबीर खरीद कर मंगलवार को ही एक दूसरे को लगाते दिखाई दिए।

### होली पर्व पर मिलावटी खोये की बिक्री बढी

होली त्योहार को लेकर खाद्य विभाग भी सक्रिय हो गया है कारण, होली में मिठाई की खपत अधिक बढ जाने के कारण मिलावटी खोये की भी बिक्री बढ जाती है। जिसको लेकर खाद्य विभाग ने खोये की दुकानों पर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है, जिससे दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। तमाम दुकानदार चेकिंग के डर से इधर उधर खिसक गए। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने जगह जगह खोया और मिठाईयों की दुकानों पर चेकिंग की।

# नाले की सफाई बार बार किए जाने से दुकानदारों को हो रही दिक्कत

■ त्योहारों के चलते दुकानों के आगे कीचड़ पड़ा होने से नहीं आ रहे ग्राहक

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** होली और रमजान के मद्देनजर बाजार में लोगों की चलह पहल बढ़ गई साथ ही दुकानदारों की भी अच्छी खासी बिक्री शुरू हो गई, लेकिन नगर पालिका द्वारा बाजार में एक ही नाले को माह में करीब चार बार सफाई किए जाने से दुकानों में खासी नाराजगी है और इस सफाई कार्य के चलते उनकी दुकानदारी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। मंगलवार को नगर पालिका की सफाई टीम खनगा बाजार चौराहे पर पहुंच गई नाला सफाई कर गीला कचड़ा दुकानों के सामने डाल दिया, जिससे त्योहार अनकरीब होने के बाद भी दुकानदार दोपहर तक दुकान खोलने में असमर्थ रहे। दुकानदारों ने नाले की बार बार सफाई न करके इसका समुचित समाधान कराए जाने की मांग उठाई है। गौरतलब है कि शहर के खनगा बाजार चौराहे पर आसपास मोहल्लों के गंदे पानी की निकासी के लिए नाला निर्माण कराया था। नगर पालिका द्वारा साल में एक बार शहर में अभियान चलाकर सभी नालों के साथ साथ इस नाले को भी साफ किया जाता था, जिससे यहां के दर्जनों दुकानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होती थी और उनके धंधे पर भी कोई असर नहीं पड़ता था, लेकिन नाले से पानी की निकासी अवरुद्ध होने का हवाला देकर पालिका द्वारा माह में चार बार नाले की सफाई की जा रही है, जिससे त्योहारों के चलते उनकी दुकानदारी पर खासा असर पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है होली व रमजान के चलते पूरे सप्ताह दुकाने खोलकर ग्राहकों को सामान दे रहे है, लेकिन मंगलवार को एक बार फिर सुबह से नगर पालिका की सफाई टीम चौराहे पर पहुंच गई और नाले की पटरी को अलग कर नाले को साफ करने के कार्य में जुट गई। दुकानदारों ने बताया कि नाला सफाई में निकलने वाले कीचड़ को दुकानों के सामने सड़क पर डाले जाने से वह दुकान नहीं खोल पा रहे हैं साथ ही कीचड़ देख ग्राहक आगे की और बढ़ जाता है, जिससे उनका सामान न बिक पाने से उन्हें नुकसान हो रहा है। सफाई कर्मियों से इस बाबत बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस नाले में करीब कई मोहल्लों के घरों का पानी आता है, जिससे यह नाला जल्द भर जाता है और कीचड़ के चलते जाम हो जाता है, इस वजह इसकी बार बार सफाई करनी पड़ रही है। वही दुकानदारों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका बार बार नाला सफाई अभियान चलाकर बजट को ठिकाने लगाने मे जुटी हुई। दुकानदारों ने अधिकारियों ने इस नाले की समुचित व्यवस्था कराए जाने की मांग उठाई साथ ही त्योहारों के मद्देनजर नाला सफाई से परहेज करने की गुजारिश की है।

### चोरों ने शटर व तिजोरी तोडकर चोरी किये जवेरात व नगदी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी राजेश वर्मा की क्षेत्र के ग्राम नौरंगपुर में शिवम आभूषण केंद्र के नाम से पुलिस चौकी के निकट सर्राफा की दुकान है। उन्होंने बताया कि विगत 04 मार्च की रात किसी समय अज्ञात चोर दुकान का मुख्य शटर तोड़कर अंदर घुस गया।

# निर्माणाधीन जेल से 40 फिट ऊंचाई से गिरा मजदूर

■ मजदूर की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज झांसी किया रेफर

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिकहरा गांव के नजदीक बनाई जा रही नई जेल में काम करते समय एक श्रमिक ऊपर से नीचे आकर गिर पड़ा, गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने नाजुक हालत देख उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया।

ईद गाह के आगे नई जेल का निर्माण का कार्य चल रहा है। निर्माणाधीन जेल की इमारत में काम कर रहे जनपद सीतापुर निवासी राम प्रवेश यादव 35 वॉटर प्रूफिंग का काम कर रहा था, तभी समान लेकर ऊपर जाते समय उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे आकर गिरा। जिससे अफरा तफरी मंच गई, दूसरे मजदूर भी काम काज छोड़ कर मौके पर पहुंच गए और खून से लथपथ हालत में उसे जिला अस्पताल महोबा पहुंचाया।

डॉक्टरों ने चेकअप करने के बाद उसकी हालत नाजुक होने पर उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया है। मजदूर के हाथ पैर टूटने के साथ शरीर पर भी गंभीर चोटें बताई जा रही है। डॉक्टर अमित कुमार राजपूत ने उसकी हालत बेहद गंभीर बताई है। चार मंजिल इमारत में काम कर रहे मजदूर अब इस हादसे के बाद दहशत में है साथ ही मजदूर की हालत नाजुक देख अन्य मजदूरों ने मंगलवार को सारा दिन काम काज ठप रखा।

# जीपीएफ भुगतान करने के एवज में मांगी रिश्वत

■ एण्टी करप्शन टीम ने रंगे हाथों लिपिक को दबोचा

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** सेवानिवृत्त के बाद मिलने वाले जीपीएफ का भुगतान करने के एवज में लिपिक द्वारा रिश्वत मांगना उस समय मंहगा पड़ गया, जब सेवानिवृत्त कर्मी की तहरीर पर एण्टी करप्शन की टीम ने लिपिक को रंगे हाथों कार्यालय से ही दबोच लिया। एण्टी करप्शन की टीम की जिले में लगातार बढ़ती कार्यवाहियों से लोगों में जहां भ्रष्टाचार कम होने को लेकर उम्मीद जागी है तो वहीं ऐसे चेहरों को भी पहचानना आसान हो गया है।

दरअसल, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक वर्ग-बी पद से सेवानिवृत्त हुये उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी महरौनी के पद पर तैनात रहे अशोक कुमार शुक्ला पुत्र रामस्वरूप शुक्ला महरौनी में जैन मंदिर के पास टीकमगढ़ रोड के निवासी हैं। उन्होंने एक शिकायती पत्र एण्टी करप्शन टीम को भेजा था। पत्र में उन्होंने जीपीएफ भुगतान के लिए उप कृषि निदेशक कार्यालय में तैनात लिपिक हरगोविन्द द्वारा 10 हजार रुपये की अनैतिक मांग किये जाने का आरोप लगाया गया था। प्रकरण का संज्ञान लेकर एण्टी करप्शन की टीम ने पूरा ताना-बाना बुना, जिसमें लिपिक मंगलवार को फंस गया। बताया जा रहा है कि शिकायतकर्ता अशोक कुमार शुक्ला वरिष्ठ प्राविधिक सहायक वर्ग-बी के पद पर कार्यालय उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी महरौनी के पद पर नियुक्त थे जो 31 मई 2024 को सेवानिवृत हो गये थे। सेवानिवृत उपरान्त अशोक शुक्ला जी.पी.एफ. का भुगतान नहीं हुआ था। जीपीएफ का भुगतान न हो पाने पर उन्होंने जीपीएफ भुगतान के सम्बन्ध में उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी महरौनी सोनू मंगल से मिला, तो उनके द्वारा लिपिक हरगोविन्द से मिलने हेतु कहा गया। उसके उपरान्त वह कृषि विभाग में नियुक्त लिपिक हरगोविन्द से मिला तो उनके द्वारा जीपीएफ भुगतान कराने के लिए 20 हजार रुपयों की मांग की गयी जिसमें से 10 हजार रुपये भुगतान से पहले तथा 10 हजार रुपये भुगतान के बाद करने के लिए कहा गया। उसके बाद लिपिक हरगोविन्द द्वारा फोन के माध्यम से भी अशोक कुमार शुक्ला से कई बार रिश्वत का पैसा देने को कहा गया, जिस पर अशोक शुक्ला द्वारा रिश्वत मांगने से सम्बन्धित कॉल को रिकार्ड कर लिया गया था। रिश्वत का पैसा 11 मार्च 2025 को लेने को कहा गया था। अशोक शुक्ला ने अपने वैध कार्य जीपीएफ भुगतान के लिए लिपिक हरगोविन्द को रिश्वत नही देना चाहता था। बल्कि रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों पकडवाना चाहता था, अशोक शुक्ला द्वारा भ्र.नि.सं. झांसी इकाई में शिकायत की गयी थी, जिस आधार पर 11 मार्च 2025 को भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी मण्डल की ट्रैप टीम द्वारा अशोक शुक्ला से उसके सेवानिवृत्त उपरान्त लम्बित जीपीएफ भुगतान कराने के एवज आरोपी हरगोविन्द पुत्र स्व.आन्नदराम निवासी मेडिकल कालेज गुमनावारा थाना नवाबाद झांसी हाल निवासी कृषि विभाग कालौनी ललितपुर सम्प्रति कनिष्ठ सहायक कार्यालय उप कृषि निदेशक को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुये समय लगभग 11.50 बजे कार्यालय उप कृषि निदेशक ललितपुर से गिरफ्तार किया गया है। सुसंगत धाराओं में थाना कोतवाली जनपद ललितपुर में अभियोग पंजीकृत कराया जा रहा है।

### एण्टी करप्शन की इस टीम ने लिपिक को दबोचा

लिपिक को रंगे हाथों पकडने वाली एण्टी करप्शन टीम का नेतृत्व निरीक्षक शादाब खान ने किया। इनके साथ ठाकुर दास, सूर्येन्द्र प्रताप सिंह, मो.आरिफ, इरशाद खां, राहुल कुशवाहा, ओमकार सिंह, शिवम गुप्ता, शिवम कुमार द्विवेदी, राहुल उपाध्याय, शंकर लाल आदि शामिल रहे।

### एण्टी करप्शन की ललितपुर में होगी स्थाई शाखा

मुख्यमंत्री के आदेश पर प्रत्येक जिले में ट्रैप टीम तैयार कर भेजी गयी हैं। इसके अनुसार एण्टी करप्शन में अभिसूचना इकाई को सक्रिय करने के लिए ललितपुर जिले में भी कक्ष आवंटित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके तहत ललितपुर में स्थाई एण्टी करप्शन की शाखा तैनात की गयी है। जिसका नेतृत्व भ्र.नि.सं.कानपुर इकाई में रहे बांदा निवासी उ.नि. अनिल कुमार करेंगे। इनके साथ मुख्य आरक्षी अरविन्दकुमार, आरक्षी सुन्दर रैकवार व आरक्षी शिवम कुमार द्विवेदी भी शामिल किये गये हैं।

### सुपुर्द खाक हुआ दुर्दांत छैमार गैंग का अपराधी अशद

**मथुरा।** लूट, हत्या और डकैती जैसे जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले छैमार गैंग का सरगना असद उर्फ फाती सोमवार को मिट्टी में मिल गया। रविवार को मथुरा पुलिस ने एनकाउंटर में उसे ढेर कर दिया था। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद पत्नी और बहन की मौजूदगी में औरंगाबाद स्थित कब्रिस्तान में शव को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस भी तैनात रही।

रविवार को डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक लाख के इनामी डकैत असद उर्फ फाती (46) को मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। मुठभेड़ में ढेर बदमाश के शव को पोस्टमार्टम गृह भेजकर पुलिस परिजन की जानकारी में जुट गई थी। पुलिस उसके पते हापुड़ के थाना गढ़मुक्तेश्वर के गांव दोताई पहुंची, लेकिन यह पता गलत निकला। सोमवार की सुबह वीडियोग्राफी और दो डॉक्टरों के पैनल ने डकैत के शव का पोस्टमार्टम किया। इसके बाद शव को रख दिया गया। दोपहर को शव की पहचान करने के लिए पोस्टमार्टम गृह पर दो महिलाएं अपने अधिवक्ता के साथ पहुंचीं। उन्होंने शव की पहचान की और वापस लौट गई।

# जिले में बने पत्रकार सुरक्षा फोरम सूचनाधिकारी ने कहा जल्द करायेंगे पत्रकारों की प्रशासन के साथ बैठक

■ बुन्देलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजि. ने जिला सूचनाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** बुन्देलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजि. ललितपुर ने जिला सूचनाधिकारी डीएस दयाल को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें पत्रकारों की सुरक्षा पर चिन्ता व्यक्त करते हुये पत्रकार सुरक्षा फोरम बनाये जाने की माँग की गयी। बुन्देलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजि. के पदाधिकारियों ने बताया कि विगत दिवस जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से हुयी वार्ता में उन्होंने जिला सूचनाधिकारी को पत्रकार सुरक्षा और पत्रकारों की अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु अधिकृत करने की बात कही थी। उन्होंने इसके लिये पत्रकारों से नियमित मासिक बैठक आयोजित करने की आवश्यकता भी बताई थी। ऐसे में पत्रकारों ने जिला सूचनाधिकारी सके अनुरोध किया कि इसके लिये एक समिति बनाकर नियमित बैठकें आयोजित की जायें। ताकि पत्रकारों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान हो सके। बताया कि वर्तमान में कई पत्रकार अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। कई पत्रकारों पर झूठे मुकदमे लिखवाये गये हैं। निष्पक्ष पत्रकारिता करने वालों को विरोधी परेशान कर रहे हैं। लोकतंत्र के चौथे स्थम्भ को कमजोर किया जा रहा है। ऐसे में समस्या निस्तारण हेतु जिला सूचनाधिकारी को पत्रकारों और प्रशासन के बीच सेतु बनकर सहयोग करना होगा। इस पर जिला सूचनाधिकारी ने कहा कि वे हर हाल में पत्रकारिता के हित में समर्पित हैं और पत्रकारों के हित में सदैव तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन से वार्ता कर वे जल्द ही पत्रकारों की एक बैठक बुलायेंगे जिसमें सभी समस्याओं पर विचार किया जायेगा। जिससे पत्रकारों की सुरक्षा पर चर्चा के साथ समस्याओं का समाधान हो सकेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे हर हाल में पत्रकारों का सहयोग करेंगे। ज्ञापन देते समय क्लब संरक्षक रवीन्द्र दिवाकर, जाकिर राज चौहान, राजाराम यादव, फहीम बख्श, महामंत्री परशुराम झा, उपाध्यक्ष पार्षद मनमोहन चौबे एड., जावेद किरमानी, वकील खां हसीब, मीडिया प्रभारी मु. शमीम, कपिल नामदेव, आमिर खान, विधि सलाहकार मो.आसिफ एड., सूर्यप्रताप सिंह, शिशुपाल अहिरवार, नाजिर बेग, चित्रांशु शुक्ला, दिनेश बिदुआ, सजल दिवाकर, महेन्द्र यादव, अभिषेक तिवारी, कल्लू अहिरवार आदि मौजूद रहे।

# नगर प्रेस क्लब अध्यक्ष का रालोद जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत

■ तीसरे दिन भी चला नगर प्रेस क्लब पदाधिकारियों के स्वागत का सिलसिला

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज कन्नौज।** नगर प्रेस क्लब के अध्यक्ष पंकज वर्मा के स्वागत का सिलसिला तीसरे दिन भी जारी रहा। राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष एवं व्यापारी नेता ने समर्थकों के साथ फूल मालायें पहनाकर नगर प्रेस क्लब अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम मुरादगंज में राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष जावेद हुसैन सिद्दीकी सहित समर्थकों ने नगर प्रेस क्लब अध्यक्ष पंकज वर्मा, महामंत्री फैज खॉन, उपाध्यक्ष रंजीत ठाकुर को फूलमालायें पहनाकर एवं मिष्ठान खिलाकर सम्मानित करनें के उपरान्त उन्होंने नगर प्रेस क्लब के अध्यक्ष की पत्रकारिता क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की और उनके कार्यो की जमकर तारीफ की। उधर नगर के तिराहा स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर व्यापारी नेता परवेज अहमद उर्फ चन्दन ने नगर प्रेस क्लब अध्यक्ष पंकज वर्मा, महामंत्री फैज खॉन, उपाध्यक्ष रंजीत ठाकुर को फूल मालायें पहनाकर सम्मानित करनें के उपरान्त कहा कि पत्रकारों को हमेशा एकजुट होकर अपने कार्यो को निष्पक्ष और सत्य के साथ करने की आवश्यकता है। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर युवा समाजसेवी जकील हुसैन सिद्दीकी, मोलाना महताब हुसैन, सलमान मंसूरी, जरीफ खॉन, इमरान खॉन, अरशद, सीबू, विश्राम सिंह, शिवकुमार, सद्दाम हुसैन, निसार अहमद ने एकजुट होकर नगर प्रेस क्लब के अध्यक्ष की सराहना की।

### पांच लोगों के विरुद्ध जानलेवा हमले का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम अलीपुर जलेसर निवासी निसार पुत्र जमादार द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि सोमवार की शाम 08 बजे बच्चों के विवाद को लेकर गांव के ही राम सागर, नत्थू, सेवक, नन्हे पुत्रगण भैया लाल व श्याम तिवारी पुत्र घनश्याम उसके घर पर लाठी डंडा चाकू से लैस होकर आए और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से मेरे व मेरे भाई मंगली एवं भतीजा आदिल से मारपीट शुरू कर दी। उसके भाई मंगली के पेट में जान से मारने की नियत से चाकू मार दिया। मुझे व मेरे भतीजे आदिल को भी घायल कर दिया। जिन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। जहां गंभीर हालत के चलते उसके भाई मंगली को जिला अस्पताल से तिर्वा मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया और उसके भी हाथ में चाकू मारने के कारण चोट आई है।

# पत्रकारों को सुरक्षा देने के मामले में योगी सरकार विफल

■ राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने महामहिम से लगाई गुहार

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 द्वारा देश की महामहिम राष्ट्रपति महोदया से पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए गुहार लगाई है, राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 के आगरा मंडल उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी द्वारा पत्र के माध्यम से राष्ट्रपति महोदया से गुहार लगाते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार संविधान के चौथे स्तंभ के रूप में कार्य कर रहे मीडिया कर्मियों की सुरक्षा करने में लगातार विफल हो रही है, हर महीने प्रदेश में कही न कही पत्रकारों की निर्मम हत्या कर संविधान के चौथे स्तंभ को कमजोर करने का कुंठित प्रयास किया जा रहा है। बीते दिन उत्तर प्रदेश के सीतापुर में दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई, उससे पूर्व भी प्रदेश में कई घटना घटित हुई है, जिसके लिए तमाम संगठनों द्वारा प्रदेश सरकार से पत्रकारों की सुरक्षा की गुहार लगाई पर सरकार द्वारा कोई ठोस कदम इस ओर नहीं उठाया।

राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 देश की महामहिम राष्ट्रपति महोदया से इस मुद्दे पर हस्तक्षेप कर संविधान के चौथे स्तंभ को बचाने का प्रयास करने का अनुरोध किया, महामहिम राष्ट्रपति महोदया उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित कर पत्रकारों की सुरक्षा के लिए प्रदेश में कड़े कानून लागू हो, पत्रकारों से संबंधित मामलों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के द्वारा पैरवी करा कर जल्द दोषियों को सजा दिलाएं, पीड़ित परिवार को सरकारी अनुदान और प्रदेश सरकार में नौकरी का प्रावधान कर सहायता करने के लिए आदेशित कर पत्रकारों पर हो रहे अपराधों में अंकुश लगवा कर संविधान के चौथे स्तंभ को सुरक्षा प्रदान कराए।

राष्ट्रपति को भेजे गए पत्र पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 के आगरा मंडल प्रभारी मनोज कुमार शर्मा, राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के मथुरा संरक्षक दिनेश पंकज, जिला अध्यक्ष भानु प्रकाश शर्मा द्वारा अपना समर्थन पूर्ण पदाधिकारियों और जनपद के राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के सदस्यों की ओर से किया गया।

### होली आपसी भाईचारे व प्रेम का त्यौहार: किशन

**मथुरा।** होली आपसी भाईचारे, प्रेम व रंगों का त्यौहार है। इस त्यौहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं, हमें होली पर्व पर बुराईयों को त्यागकर अच्छाईयां अपनानी चाहिए, यही अच्छाइयां हमारे जीवन में रंग भरते हैं और हमें वैचारिक रूप से सकारात्मक बनाते हैं। ये बात केएम विश्वविद्यालय प्रांगण में आयोजित होली मिलन समारोह में कुलाधिपति किशन चौधरी ने कही। रंगारंग होली मिलन कार्यक्रम के आरंभ में छात्र-छात्राओं ने विवि के कुलाधिपति, कुलपति, प्रति कुलपति, रजिस्ट्रार को तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया। अपने वक्तव्य में कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने कहा कि होली उत्सव मनाने की परंपरा छात्रों को देश की सभ्यता और संस्कृति से जोड़े रहती है और इसलिए विश्वविद्यालय में इस तरह के आयोजन होते रहना जरूरी है।

### ट्रैक्टर कुचलकर बाईक सवार दो युवकों की हुई मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम सतवारी कूलापुर निवासिनी श्रवण कुमारी पत्नी कन्हैयालाल द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 08 मार्च की शाम 07बजे उसके पति कन्हैयालाल पड़ोस के रहने वाले विकास पुत्र रामकुमार के साथ बाइक पर बैठकर जसोदा बाजार गए थे। वापस लौटते समय जीटी रोड सर्विस लेन पर अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रैक्टर के चालक आनंद कटियार पुत्र मानु उर्फ मानवेंद्र निवासी ग्राम वैसाबारी ने बाइक में टक्कर मारकर गिरा दिया और ट्रैक्टर से कुचल कर फरार हो गया। घायलों को रहागीरों द्वारा एंबुलेंस से जिला अस्पताल भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# कोतवाली पुलिस ने किया रूट मार्च

■ कोतवाल नें आडे तिरछे लगे फलों के ठेलों को हटवाते हुये हद में रहनें की चेतावनी दी

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज कन्नौज।** होली और रमजान के त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए प्रभारी निरीक्षक ने दल बल के साथ नगर के प्रमुख मार्गो पर पैदल भ्रमण कर जहां एकओर सुरक्षा का अहसास कराया वहीं दूसरी ओर अतिक्रमणकारियों को हद में रहने की हिदायत दी। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे, निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी, शैलेन्द्र कुमार सिंह, कस्वा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने पुलिस बल के साथ नगर के तिराहा, चौराहा, तिर्वारोड, रेलवे रोड आदि स्थानों पर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे नें तिराहा कार्नर पर आडे तिरछे लगे फलों के ठेलों को हटवाते हुये हद में रहनें की चेतावनी देते हुये कहा कि पर्वो के दौरान भीड़-भाड़ बढ़ जाती है। ऐसे में यदि सडक पर अतिक्रमण होगा, तो इससे यातायात प्रभावित होगा। पैदल भ्रमण दौरान उन्होंनें नागरिकों से अपील भी की कि वे अपने मोहल्लों में शांति बनाए रखें और किसी भी असामाजिक तत्वों के बारे में तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने यह भी बताया कि होली और रमजान के दौरान पुलिस की निगरानी कड़ी रहेगी। इस दौरान कांस्टेवल सतेन्द्र सिंह, गगन चौधरी, विनय कमार, प्रशांत वालीयान, गजेन्द्र सिंह, दीपांशु गंगवार सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### मुस्लिम कारीगरों से बनी पोशाकें नहीं पहनाएं बांके बिहारी जी को

**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष एवं श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर ईदगाह केस के हिंदू पक्षकार पं. दिनेश फलहारी ने वृंदावन के सप्त देवालयों सहित प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर के सेवायत आचार्यो को पत्र सौंप कर भगवान की पोशाक विधर्मी मुस्लिम कारीगरों से न बनवाने की मांग की। इनकी बनी पोशाक पहनाने पर रोक लगाने को भी कहा। उन्होंने कहा कि भगवान की पोशाक शुद्धता का प्रतीक होनी चाहिए जो हमारे भगवान को नहीं मानते, गौ माता को काटकर खाते हैं, हम अपने धार्मिक कार्यो एवं धार्मिकता से जुड़े व्यापार में उनका हस्तक्षेप स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने न्यास के पदाधिकारियों के साथ बांके बिहारी मंदिर के सेवायत अशोक गोस्वामी, आचार्य ज्ञानेंद्र किशोर गोस्वामी, को पत्र सौंप कर अपनी मांग रखी।

# बच्चों के साथ मनाई गई होली

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** एस.एफ हेल्पिंग हैंड्स सोसाइटी मथुरा द्वारा संचालित स्ट्रीट स्कूल की ट्रांसपोर्ट नगर एवं श्यामकुंज शाखा के बच्चों के साथ हर वर्ष की तरह होली का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के वरिष्ठ सदस्या अंकिता शर्मा द्वारा स्ट्रीट स्कूल के बच्चों को गुलाल लगा कर प्रारम्भ किया इसके बाद कार्यक्रम के मध्य सभी को जलपान वितरण कराया गया। इसके पश्चात बच्चों द्वारा होली के गीत गाकर, होली के गानो पर डांस के साथ ही कुछ गेम्स भी किये गए। मौके पर मौजूद वरिष्ठ सदस्य राजन गुप्ता जी द्वारा इस पर्व को मनाने के पीछे का उद्देश्य बताते हुए कहा कि संस्था की मंशा ये रहती है की सारे त्योहार ऐसे बच्चों तक पहुंचा जाए जिनका त्योहार गरीबी के के कारण उत्साह और उमंग से नही मनाया जा पता। त्यौहार मनाने की असली खुशी इन्ही बच्चों के बीच है। जैसा कि हम सभी जानते है हमारे ब्रज की होली देश-विदेश में विख्यात है जिसका मुख्य कारण हमारे श्री कृष्ण जी है उनकी लीलाएं हमारे लिए इतनी प्रभावी रही है, और साथ ही होलिका दहन का पर्व बुराई पर अच्छाई के जीत के रुप में मनाया जाता है। उसी तरह हमें भी हर वक्त हर समय लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए । और अच्छाई के रास्ते पर निरंतर अग्रसर रहना चाहिए। और साथ ही संस्था के वरिष्ठ सदस्य तुषार बंसल जी ने बताया कि यह पर्व एक तरीके से देखा जाये तो पूरे भारत वर्ष का है पर वही दूसरी तरफ देखा जाये तो कुछ लोग या कुछ बच्चे इस सब से वंचित रह जाते हैं जो की अपने भविष्य के लिए ठीक नहीं हैं और यदि मैं अपनी कहु तो आज में बहुत खुश हूं जो मुझे अपने देश का पर्व इन बच्चों के साथ मनाने का मौका मिला। इसी के साथ कार्यक्रम में मौजूद सस्था के वरिष्ठ सदस्य पियूष बंसल जी ने बताया कि आज एस.एफ स्ट्रीट स्कूल पर नन्हे - मुन्ने बच्चों के साथ इस त्यौहार की शुरुआत की और साथ ही झुगी - झोपड़ी में जिंदगी बसर कर रहे लोगो को गुलाल वितरण भी किया गया। इस मौके पर शिखा बंसल, भारत अग्रवाल, निशांत ठाकुर ,राहुल यादव, अल्पेश गुप्ता आदि मौजूद रहे एवं बहुत लोगों का सहयोग रहा।

## स्पेनिश पैरा बैडमिंटन में भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** पेरिस पैरालंपिक के चैंपियन खिलाड़ी कुमार नितेश और सुकांत कदम ने स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टू में शानदार प्रदर्शन किया और क्रमशः एसएल3 तथा एसएल4 वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। यह टूर्नामेंट स्पेन के विटोरिया में आयोजित हो रहा है। नितेश ने एसएल3 वर्ग के फाइनल में जापान के डेसुके फुजिहारा पर 21-19, 21-19 से जीत दर्ज की। वहीं, सुकांत ने एसएल4 वर्ग में हमवतन तरुण को 21-13, 21-10 से हराया। एसएच6 वर्ग में नित्याश्रे ने पोलैंड के स्जमिगेल को फाइनल में हराकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

पुरुष युगल में नितेश कुमार और तरुण ने भारत के जगदीश दिल्ली और नवीन शिवकुमार को 21-14, 23-25, 22-20 से हराया। मिश्रित युगल स्पर्धाओं में भी भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया।

## कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन का नाम बदला, कॉमनवेल्थ डे पर हुई घोषणा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने अपना नाम बदलकर राष्ट्रमंडल खेल कर लिया और कहा कि यह संचालन संस्था से एक 'आंदोलन' बनने का बदलाव है। नाम बदलने के फैसले की घोषणा 10 मार्च को राष्ट्रमंडल दिवस के मौके पर की गई। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने सोमवार को अपना नाम बदलकर राष्ट्रमंडल खेल कर लिया और कहा कि यह संचालन संस्था से एक 'आंदोलन' बनने का बदलाव है। नाम बदलने के फैसले की घोषणा 10 मार्च को राष्ट्रमंडल दिवस के मौके पर की गई। राष्ट्रमंडल खेल और राष्ट्रमंडल युवा खेलों की संचालन संस्था ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, ''राष्ट्रमंडल दिवस 2025 से राष्ट्रमंडल खेल महासंघ को राष्ट्रमंडल खेल के नाम से जाना जाएगा।'' विज्ञप्ति के अनुसार, ''राष्ट्रमंडल खेल महासंघ अपना सार्वजनिक ब्रांड नाम बदलकर राष्ट्रमंडल खेल कर रहा है। यह ब्रांड विकास संगठन के 'खेल महासंघ' से 'खेल आंदोलन' में परिवर्तन को दर्शाता है।'' राष्ट्रमंडल खेल की सीईओ कैटी सेडलियर ने कहा, ''ब्रांड नाम राष्ट्रमंडल खेल एक मजबूत, अधिक एकीकृत उद्देश्य को दर्शाता है जो हमारे दर्शकों के साथ गहरे स्तर पर जुड़ता है।'' 'राष्ट्रमंडल खेल महासंघ' को केवल कानूनी इकाई के नाम के रूप में रखा जाएगा। इस बीच राष्ट्रमंडल खेल के संरक्षक किंग चार्ल्स सोमवार को राष्ट्रमंडल दिवस पर बकिंघम पैलेस में ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए राष्ट्रमंडल खेल किंग्स बेटन (मशाल) रिले का आधिकारिक रूप से शुभारंभ करेंगे। किंग चार्ल्स राष्ट्रमंडल को अपना संदेश पहले बेटन में रखेंगे। वह इसे पहले बेटनधारक सर क्रिस होय को सौंपेंगे और ग्लास्गो 2026 के उद्घाटन समारोह से 500 दिन पहले रिले की शुरुआत करेंगे। यह राष्ट्रमंडल खेलों की अब तक की सबसे लंबी बेटन रिले होगी जिसमें 74 देशों और क्षेत्रों में से प्रत्येक राष्ट्रमंडल खेल संघ के पास अपनी गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित करने के लिए छह दिन तक का समय होगा।

## खेल मंत्राल ने भारतीय कुश्ती महासंघ से हटाया बैन, अब डब्ल्यूएफआई का पूरा नियंत्रण संजय सिंह के हाथ में

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगा निलंबन 16 महीने बाद वापस ले लिया। जिससे घरेलू प्रतियोगिताओं

**घोषणा**

**मंत्रालय ने अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप की जल्दबाजी में घोषणा करने के कारण 24 दिसबंर 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया**

के आयोजन और इंटरनेशनल इवेंट्स के लिए राष्ट्रीय टीमों के चयन का रास्ता साफ हो गया। मंत्रालय ने अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप की जल्दबाजी में घोषणा करने के कारण 24 दिसबंर 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था। मंगलवार को खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगा



निलंबन 16 महीने बाद वापस ले लिया। जिससे घरेलू प्रतियोगिताओं के आयोजन और इंटरनेशनल इवेंट्स के लिए राष्ट्रीय टीमों के चयन का रास्ता साफ हो गया। मंत्रालय ने अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप की जल्दबाजी में घोषणा करने के कारण 24 दिसबंर 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था।

संजय सिंह के नेतृत्व वाली समिति ने 21 दिसंबर 2023 को डब्ल्यूएफआई का चुनाव जीता था, लेकिन पूर्व डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के गढ़ गोंडा के नंदिनी नगर में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए स्थल के चयन से सरकार नाराज थी। मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा कि डब्ल्यूएफाई ने सुधारात्मक कदम उठाए हैं, इसलिए उसने निलंबन हटाने को फैसला किया है। पत्र में लिखा कि, स्पॉट सत्यापन समिति के निष्कर्षों, डब्ल्यूएफआई द्वारा किए गए अनुपालन उपायों और भारतीय खेलों और एथलीट्स के व्यापक हित में युवा मामले और खेल मंत्रालय 24 दिसंबर 2023 के समसंख्यक आदेश द्वारा जारी भारतीय कुश्ती महासंघ के निलंबन को रद्द करता है और निम्नलिखित निर्देशों के साथ कुश्ती के लिए राष्ट्रीय खेल महासंघ के रूप में इसकी मान्यता तत्काल प्रभाव से बहाल करता है।

पत्र में लिखा गया है कि, डब्ल्यूएफआई को निलंबन अवधि के दौरान किए गए संशोधनों को वापस लेना होगा और नामित पदाधिकारियों के बीच शक्ति का संतुलन रखना होगा और निर्णय लेने की प्रक्रिया में नियंत्रण और संतुलन प्रदान करना होगा। ये प्रक्रिया 4 हफ्ते में पूरी होनी चाहिए।


## हॉकी को कॅरिअर बनाने का लक्ष्य... स्टेडियम में पसीना बहा रहे खिलाड़ी

**शाहजहांपुर।** खेलो इंडिया योजना के जरिये हथौड़ा गांव के 30 खिलाड़ी हॉकी खेल के माध्यम से अपना कॅरिअर बनाने को पसीना बहा रहे हैं। यहां की दो छात्राओं ने केवी स्कूल की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना दम दिखाया। अन्य खिलाड़ी भी विभिन्न स्थानों पर हॉकी का जादू दिखा चुके हैं। उनका मकसद है कि वह राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकें। शाहजहांपुर की हॉकी का काफी नाम रहा है। कुछ वर्ष पहले ऑल इंडिया प्राइजमनी क्रिकेट टूर्नामेंट में टाउन हॉल स्थित हॉकी क्लब में देश के कई राज्यों से खिलाड़ी शामिल होने आते थे। हॉकी मैदान में रोजाना खिलाड़ी तैयारी भी करते थे। मैदान को प्रशासन द्वारा अपनी अधीन लेने के बाद हॉकी का खेल यहां बंद हो गया। लेकिन फरवरी 2024 से खेलो इंडिया के तहत हॉकी की पौध को तैयार किया जा रहा। ट्रॉयल में हथौड़ा गांव के बच्चों ने प्रतिभाग कर जगह बनाई थी। तब से वह रोजाना ही यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कोच मोहम्मद शकील के नेतृत्व में 16 लड़के व 14 लड़कियां हॉकी का प्रशिक्षण लेती हैं। एक वर्ष में कई हॉकी प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं। कोच के अनुसार, खेलो इंडिया योजना के तहत प्रशिक्षण लेने वाले खिलाड़ी अयोध्या में आयोजित सीनियर आमंत्रण स्टेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने गए थे। झांसी, देवरिया, पीलीभीत, गोरखपुर आदि में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। छोटे से गांव के खिलाड़ी हॉस्टल में प्रवेश लेकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचकर अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं। जिला खेल अधिकारी एसपी बमनिया ने बताया कि खेलो इंडिया योजना के तहत 30 खिलाड़ियों को हॉकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## अब आईपीएल की बारी... लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाड़ी पहुंचे राजधानी, इकाना में एक सप्ताह तक चलेगा कैंप

**लखनऊ।** 22 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल के तहत अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में सात लीग चरण के मुकाबले खेले जाएंगे। इसमें मेजबान लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम नए मेंटर जहीर खान और नए कप्तान ऋषभ पंत के निर्देशन में नए रंगरूप में उतरेंगे। बीते खराब सीजन को देखते हुए इस बार टीम से बेहतर प्रदर्शन के साथ प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद की जा रही है।

यूपी की राजधानी लखनऊ में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के धूमधड़ाके के बाद अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का माहौल बनना शुरू हो गया है। इस कड़ी में लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) टीम प्रबंधन के सदस्यों के अलावा कुछ खिलाड़ी



लखनऊ पहुंच चुके हैं। टीम मंगलवार से अपने घरेलू मैदान इकाना स्टेडियम में कैंप शुरू कर देगी, जो बीस मार्च तक चलेगा।

होली यानी 14 मार्च के बाद टीम के सभी प्रमुख खिलाड़ी लखनऊ पहुंच जाएंगे। यहां एक सप्ताह तक चलने वाले अंतिम कैंप में भाग लेंगे। सोमवार को एलएसजी के सहायक कोच विजय दहिया के अलावा अब्दुल समद, युवराज चौधरी, आकाश सिंह, प्रिंस यादव, राजवर्धन हेंगरगेकर और सिद्धार्थ एम शहर पहुंच चुके हैं, जबकि कुछ विदेशी खिलाड़ियों के सोमवार रात अथवा मंगलवार सुबह पहुंचने की संभावना है। ये सभी खिलाड़ी इकाना स्टेडियम में अपनी कैंप की रणनीति बनाएंगे। अभी तक पहुंचे चुके खिलाड़ियों की होली लखनऊ में ही मनेगी।

**पिछली बार की तुलना में अधिक रन बनने की संभावना**

बीते दिनों डब्ल्यूपीएल के चार मुकाबलों को बने रनों को आधार माना जाए तो इस बार आईपीएल में रनों की बारिश होनी तय है। बीता सत्र भी रनों के लिहाज से शानदार रहा था, लेकिन इस बार होने वाले सात मुकाबलों में पिछली बार की तुलना में और भी रनों के बनने की संभावना है।

**अपने घर में एलएसजी के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद**

इकाना स्पोर्ट्स सिटी के सीएमडी उदय सिन्हा ने बताया कि इकाना स्टेडियम को इस सत्र के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। हमें पूरी उम्मीद है कि डब्ल्यूपीएल की तरह इस बार आईपीएल में रनों की बारिश होगी। लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाड़ी मंगलवार से आईपीएल शुरू होने तक इकाना स्टेडियम में अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देंगे। उम्मीद है कि इस बार एलएसजी अपने घर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।

## अस्मिता खेलो इंडिया सिटी ताइक्वांडो लीग
## लखनऊ की तुलसी और श्रेया ने जीते स्वर्ण, सीनियर वर्ग में आगरा का दबदबा



**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ की तुलसी यादव और श्रेया शर्मा ने अपने शानदार प्रदर्शन से अस्मिता खेलो इंडिया सिटी ताइक्वांडो लीग में सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। सीनियर वर्ग में आगरा की खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। उन्होंने कुल चार स्वर्ण पदक हासिल किए।

मैच केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में शनिवार को जूनियर वर्ग के मुकाबलों के बाद सीनियर वर्ग के भी रोमांचक मुकाबले खेले गए। समापन समारोह में उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। सीनियर अंडर 49 किग्रा में मथुरा की विशाखा ने स्वर्ण, आगरा की वानी सिंह ने रजत और यूपीटीए की अनामिका वर्मा व फर्रुखाबाद की भूमि तिवारी ने कांस्य पदक जीते।

## तलाक के खबरों के बीच गोविंदा ने कहा- मन तो करता है खुद को शीशे में देखकर थप्पड़ मारुं, बॉलीवुड ने मेरे खिलाफ साजिशें रची

हाल ही में सोशल मीडिया पर गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहुजा से तलाख की खबरें सामने आई थी। जिसके बाद गोविंदा की पत्नी सुनीता इन अफवाहों को



खारिज कर दिया था। लेकिन अब इंटरनेट पर गोविंदा का इंटरव्यू बवाल मचा रहा है। इतना ही नहीं, गोविंदा ने यह तक कह दिया कि फिल्म इंडस्ट्री में कई लोग जानबूझकर उनकी इज्जत मिट्टी में मिलाने की कोशिश कर रहे हैं।

कई दिनों से सोशल मीडिया पर गोविंदा सुर्खियों में बनें हुए है। हाल ही में पत्नी सुनीता से तलाक लेने की खबरें सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गई थी। जिसके बाद गोविंदा की पत्नी ने तलाक अटकलों को झूठा और बेबुनियाद बताया था और कहा था कि- इस दुनिया में किसी में कोई ताकत नहीं जो मुझे और गोविंदा को अलग कर सके।% इस बीच, फिर से गोविंदा सुर्खियों में आ गए है। दरअसल, गोविंदा ने मुकेश खन्ना को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि उन्हें 100 करोड़ रुपये की फिल्म ठुकराने का पछतावा है। इतना ही नहीं, गोविंदा ने यह तक कह दिया कि फिल्म इंडस्ट्री में कई लोग जानबूझकर उनकी इज्जत मिट्टी में मिलाने की कोशिश कर रहे हैं। एक्टर का यह दावा सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

हाल ही में गोविंदा ने मुकेश खन्ना के यूट्यूब चैनल भीष्म इंटरनेशनल पर बात करते हुए गोविंदा ने कहा कि, जब वे लिख रहे थे कि मेरे पास काम नहीं है, तो मैंने 100 करोड़ की फिल्म छोड़ दी थी। मेरा मन कर रहा था कि मैं खुद को शीशे में देखकर खुद को थप्पड़ मारूं। मैंने खुद के साथ ईमानदार होना और अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनना महत्वपूर्ण है। गोविंदा ने उस समय को याद किया है जब इंडस्ट्री में कथित तौर पर उनकी बदनामी की गई थी। एक्टर ने दावा किया कि उनपर किए सारे अटैक प्री-प्लान्ड थे। उन्होंने कहा, मैं बदनामी के दौरे से गुजरा और यह पहले से तय था। वे मुझे फिल्म इंडस्ट्री से हटाना चाहते थे। मैं समझ गया कि मैं एक अनपढ़ व्यक्ति हूं, जो शिक्षित लोगों के बीच में आ गया हूं और वे मुझे हटाना चाहते हैं।

## लंबे समय बाद टीवी पर नजर आईं दिशा वकानी, पर्सनल लाइफ को लेकर की बात, फैंस हुए खुश


अपनी गर्भावस्था की यात्रा को याद करते हुए, दिशा ने खुलासा किया, मुझे बताया गया था कि प्रसव बहुत दर्दनाक हो सकता है, और मैं डर गई थी। मेरे पेरेंटिंग कोर्स के दौरान, किसी ने उल्लेख किया कि प्रसव के दौरान चिल्लाना या चीखना बच्चे को डरा सकता है। तभी मैंने इसके बजाय गायत्री मंत्र का जाप करने का फैसला किया।

टीवी के पॉपुलर कॉमेडी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा में दयाबेन का किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हुईं एक्ट्रेस दिशा वकानी लंबे समय से टेलीविजन से दूर हैं। एक्ट्रेस के फैंस उनके शो में वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। इसे लेकर कई बार अफवाहें उड़ चुकी हैं, लेकिन कभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई। अब इतने समय बाद दिशा एक चैनल पर नजर आईं, जहां उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में बात की।

**वापसी**

**एक्ट्रेस के फैंस उनके शो में वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। इसे लेकर कई बार अफवाहें उड़ चुकी हैं, लेकिन कभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई।**

अपनी गर्भावस्था की यात्रा को याद करते हुए, दिशा ने खुलासा किया, मुझे बताया गया था कि प्रसव बहुत दर्दनाक हो सकता है, और मैं डर गई थी। मेरे पेरेंटिंग कोर्स के दौरान, किसी ने उल्लेख किया कि प्रसव के दौरान चिल्लाना या चीखना बच्चे को डरा सकता है। तभी मैंने इसके बजाय गायत्री मंत्र का जाप करने का फैसला



किया। मैं इसे दोहराती रही क्योंकि मुझे लेबर रूम में ले जाया गया, और मैंने मुस्कुराते हुए अपनी छोटी स्तुति को जन्म दिया। इस दिव्य मंत्र ने मुझे अपार शक्ति दी।

गुजरात के अहमदाबाद में जन्मी दिशा ने 2015 में चार्टर्ड अकाउंटेंट मयूर पाडिया से शादी की। इस जोड़े ने 2017 में अपनी बेटी स्तुति का स्वागत किया, उसके बाद 2022 में उनके बेटे का जन्म हुआ।

इस साल की शुरुआत में, तारक मेहता का उल्टा चश्मा के निर्माता असित मोदी ने एक बड़ा खुलासा किया कि दिशा शो में वापस नहीं आएंगी। न्यूज़18 शोशा से बात करते हुए, असित ने शो से दया की अनुपस्थिति के बारे में बात की और बताया कि प्रतिष्ठित किरदार को वापस लाना महत्वपूर्ण है और स्वीकार किया कि उनकी ओर से देरी हुई है। उन्होंने कहा, %मैं अभी भी कोशिश कर रहा हूं। मुझे लगता है कि दिशा वापस नहीं आ पाएगी। उसके दो बच्चे हैं। वह मेरी बहन की तरह है। आज भी, उसके परिवार के साथ हमारे अच्छे संबंध हैं।

उसने मुझे राखी बांधी है। उसके पिता और भाई भी मेरे लिए परिवार की तरह हैं। आपने 17 साल तक साथ काम किया और एक बड़ा परिवार बनाया।

तारक मेहता का उल्टा चश्मा के अलावा, दया कई फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं, जिनमें जोधा अकबर, मंगल पांडे- द राइजिंग, सी कंपनी और लव स्टोरी 2050 शामिल हैं।

## इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की फिल्म नादानियां को नेटिजन्स ने कहा माइंडलेस, ऋतिक रोशन की माँ पिंकी ने भी जताई सहमति

पिछले शुक्रवार को इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की फिल्म नादानियां रिलीज हुई, जो दर्शकों को कुछ खास पसंद नहीं आई। इतना ही नहीं फिल्म की कहानी और मुख्य कलाकारों की एक्टिंग को बेहद ही खराब समीक्षा मिली। अब अभिनेता ऋतिक रोशन की मां पिंकी रोशन ने भी सामने आकर फिल्म की आलोचना की है। यह सब तब शुरू हुआ जब फ्रेडी बर्डी ने फिल्म की समीक्षा साझा की। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया, जिसपर पिंकी ने रिप्लाई किया। कई सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं की तरह, ऋतिक रोशन की मां, पिंकी रोशन ने भी इस आकलन से सहमति जताते हुए लिखा, 'इस मजेदार समीक्षा से पूरी तरह सहमत हूं, हालांकि मुझे इब्राहिम अली खान पसंद आया।'

यह सब तब शुरू हुआ जब फ्रेडी बर्डी ने फिल्म की समीक्षा साझा की। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया, जिसपर



पिंकी ने रिप्लाई किया।

फ्रेडी बर्डी ने अपनी पोस्ट में लिखा था, दो चीजें मुझे नादानियां की समीक्षा लिखने से तुरंत अयोग्य ठहराती हैं। एक, मैं अपने बीसवें दशक में नहीं हूं। और दूसरा, मेरे पास दिमाग है। उस छोटी सी बात को दूर करने के बाद, मुझे यह तथ्य पसंद आया कि हम धीरे-धीरे दिमागहीन रोमांटिक कॉमेडी की ओर बढ़ रहे हैं, जिसमें दिमागहीन होने पर पूरा जोर दिया गया है।

इसमें आगे लिखा था, नादानियां की शुरुआत ऐसे होती है जैसे यह स्टूडेंट ऑफ द ईयर पार्ट थ्री हो। फिर, इसके ग्राफिक्स क्रेजी रिच एशियन क्षेत्र में भटक जाते हैं। अमीर लोगों को सिंघानिया, जयसिंह और ओबेरॉय कहा जाता है। गरीब लोगों के उपनाम मेहता, वागले और बर्डी हैं। अमीर लोगों के पास पैसा हो सकता है, लेकिन उनके पास कभी खुशी नहीं होती। गरीब लोगों के पास नोएडा का पता है, लेकिन उनकी मां के रूप में खूबसूरत दीया मिर्जा भी हैं और वे खुश हैं। अमीर लोग सुनील शेट्टी की तरह फर्श से छत तक काले सूट पहनते हैं और पुरुष उत्तराधिकारी चाहते हैं। गरीब लोग डॉक्टर हैं, और वे नोएडा में रहते हैं। आज मुझे एक गरीब डॉक्टर दिखाओ, और मैं नादानियां तीन बार देखूंगा। अंत में उन्होंने लिखा, नादानियां का खूबसूरत हिस्सा यह है कि यह किसी भी तरह की मौलिकता से पूरी तरह दूर है। मुझे इब्राहिम अली खान पसंद आया क्योंकि आपको एक में दो अभिनेता मिलते हैं- सैफ अली खान के दृश्य और संजय दत्त की आवाज। अंत में, मैं नेटफ्लिक्स की सराहना करता हूं। जब आप दर्शकों को नादानियां जैसी चीजें दे सकते हैं तो सेक्रेड गेम्स, जामताड़ा, डार्लिंग्स और दिल्ली क्राइम जैसे शानदार काम क्यों करें। इसे अपने जोखिम पर देखें। कई सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं की तरह, ऋतिक रोशन की मां, पिंकी रोशन ने भी इस आकलन से सहमति जताते हुए लिखा, 'इस मजेदार समीक्षा से पूरी तरह सहमत हूं, हालांकि मुझे इब्राहिम अली खान पसंद आया।'

## सिंगर नहीं एक्टर बनना चाहते थे मोहित चौहान, दुनिया पर चलाया अपनी आवाज का जादू



11 मार्च को बॉलीवुड के फेमस सिंगर मोहित चौहान अपना 59वां जन्मदिन मना रहे हैं। जब मोहित मुंबई आए तो वह सिंगर नहीं बल्कि एक्टर बनना चाहते थे। लेकिन वह बतौर सिंगर इंडस्ट्री में लॉन्च हुए और आज भी वह कारवां चल रहा है। बॉलीवुड के फेमस सिंगर मोहित चौहान आज यानी की 11 मार्च को अपना 59वां जन्मदिन मना रहे हैं। मोहित इंडस्ट्री में कई सालों से एक्टिव हैं। लेकिन जब वह मुंबई आए थे, तो वह सिंगर नहीं बल्कि एक्टर बनने का सपना लेकर आए थे। वहीं किस्मत को कुछ और ही मंजूर था, एक्टिंग की ख्वाहिश रखने वाले मोहित चौहान ने कई सुपरहिट गाने गाए हैं। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर सिंगर मोहित चौहान के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**जन्म और शिक्षा**

हिमाचल प्रदेश के नहान गांव में 11 मार्च 1966 को मोहित चौहान का जन्म हुआ था। पिता की नौकरी ऐसी थी, जिसमें अलग-अलग जगह पर ट्रांसफर होता रहता था। ऐसे में मोहित की शिक्षा भी अलग-अलग शहरों में हुई है। लेकिन उनको बचपन से ही म्यूजिक में रुचि थी। इसलिए यंग एज से ही मोहित चौहान ने हारमोनियम बजाना शुरूकर दिया था। इसके अलावा उन्होंने क्लासिकल गाने की भी ट्रेनिंग ली है। वह गाना गाने के साथ ही कई म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट्स भी बजा सकते हैं।

**एक्टिंग करना चाहते थे मोहित चौहान**

म्यूजिक में इंट्रेस्ट होने के बाद भी वह एक्टर बनने का सपना देखा करते थे। इसलिए अपने इस सपने को पूरा करने के लिए वह साल 1995 के आसपास मुंबई आ गए। इस दौरान उन्होंने अपना सपना पूरा करने के लिए प्रयास करना शुरूकर दिया। लेकिन वह बतौर सिंगर इंडस्ट्री में लॉन्च हुए और आज भी वह कारवां चल रहा है।

**सिंगिंग करियर**

बता दें कि साल 1998 में मोहित चौहान का पहला एल्बम बूंदे आया। इसका गाना डूबा-डूबा और पहचान काफी ज्यादा लोकप्रिय हुआ। इसके अलावा उनको असली पहचान फिल्म रंग दे बसंती के गाने खून चला से मिला। वहीं साल 2007 में फिल्म जब वी मेट का गाना तुम से ही भी सुपरहिट रहा साल 2010 में मोहित चौहान को फिल्म दिल्ली 6 का गाना मसककली के लिए बेस्ट प्लेबैक सिंगर के लिए अवॉर्ड मिला। साल 2011 में अभिनेता रणबीर कपूर की फिल्म रॉकस्टार आई, इस फिल्म के सभी गाने सिंगर मोहित चौहान ने गाए और सारे गाने सुपरहिट रहे। मोहित चौहान बॉलीवुड के फेमस सिंगर हैं।

**पर्सनल लाइफ**

साल 2012 में सिंगर मोहित चौहान ने प्रार्थना गहलोत से शादी की थी। फिल्मों में गाने के लिए वह एक फाउंडेशन चलाते हैं, इस फाउंडेशन के तहत स्ट्रीट डॉग्स की देखभाल की जाती है।


अवधनामा



# किसानों के प्रदर्शन के बाद शुरू हुई प्याज की नीलामी, कल पानी की टंकी पर चढ़कर जताया था विरोध

**आदेश**

महाराष्ट्र के नासिक में लासलगांव एपीएमसी में प्याज की नीलामी मंगलवार को शुरू हुई।



**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले के लासलगांव कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) में मंगलवार को प्याज की नीलामी फिर से शुरू हो गई है। वहीं एक दिन पहले किसानों ने कीमतों में गिरावट के विरोध में पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन किया था।

महाराष्ट्र के नासिक में लासलगांव एपीएमसी में प्याज की नीलामी मंगलवार को शुरू हुई। इससे एक दिन पहले किसानों ने कीमतों में गिरावट के विरोध में कुछ समय के लिए प्रक्रिया रोक दी थी और पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को मांग की कि प्याज पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क हटाया जाए। उनका दावा है कि लासलगांव में कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) में कीमतों में गिरावट के लिए यही कारण है। बता दें कि, लासलगांव एशिया का सबसे बड़ा थोक प्याज मंडी है।

एक दिन पहले सोमवार को 15 किसानों ने पानी की टंकी पर चढ़कर प्रदर्शन किया और कुछ समय के लिए प्याज की नीलामी रोक दी। प्रदर्शनकारी किसानों का कहना था कि 20% निर्यात शुल्क के कारण प्याज की कीमतें गिर रही हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार निर्यात शुल्क को हटाए, ताकि कीमतें फिर से बढ़ सकें।

सोमवार को गर्मी की फसल की प्याज की कीमतें न्यूनतम 1000 प्रति क्विंटल और अधिकतम 2201 प्रति क्विंटल के साथ औसतन 1800 प्रति क्विंटल रहीं। वहीं लाल प्याज की कीमतें न्यूनतम 800 प्रति क्विंटल और अधिकतम 2005 प्रति क्विंटल के साथ औसत न 1700 प्रति क्विंटल रहीं। जबकि पांच दिन पहले यही कीमतें 2250-?2300 प्रति क्विंटल थीं, जिससे किसानों में नाराजगी बढ़ गई।

किसानों ने राज्य कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे से आश्वासन मिलने के बाद प्रदर्शन खत्म किया। उन्होंने कहा कि येवला के विधायक छगन भुजबल इस मुद्दे को विधानसभा में उठाएंगे। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किसानों को शांत कराया।

लासलगांव APMC में प्याज की नीलामी दोबारा शुरू हुई। सुबह 13,000 क्विंटल प्याज 500 गाड़ियों से मंडी में पहुंचा। आज प्याज के दाम न्यूनतम 600 प्रति क्विंटल और अधिकतम 1951 प्रति क्विंटल के साथ औसत दर 1600 प्रति क्विंटल रही। वहीं लाल प्याज की नीलामी दोपहर तक शुरू नहीं हुई थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जेलों में दिव्यांग कैदियों के लिए उचित सुविधाओं की मांग वाली याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। मामले में सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता सत्यन नरवूर की याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी चार हफ्ते में जवाब देने का निर्देश दिया है। बता दें कि, याचिका में प्रोफेसर जी. एन. साईबाबा और कार्यकर्ता स्टेन स्वामी जैसे मामलों का हवाला देते हुए, याचिका में दिव्यांग कैदियों की अनदेखी की ओर ध्यान दिलाया गया। इस याचिका में राइट्स ऑफ पर्सन्स विद डिसएबिलिटीज एक्ट, 2016 को जेलों में लागू करने की मांग की गई। इसके साथ जेल एक्ट में संशोधन कर दिव्यांग कैदियों की जरूरतों को शामिल करने का अनुरोध किया गया। पूर्व दिल्ली यूनिवर्सिटी प्रोफेसर साईबाबा की 12 अक्तूबर 2023 को मृत्यु हो गई, उन्हें माओवादियों से संबंध के आरोप में 10 साल जेल में रखा गया था, लेकिन बाद में बरी कर दिया गया था।

# खरगे के एक शब्द पर संसद में तनातनी, राज्यसभा में जमकर हंगामा, भाजपा ने की माफी की मांग

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान मंगलवार को राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। दरअसल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने उपसभापति हरिवंश को कुछ ऐसा कह दिया, जिसे लेकर जमकर हंगामा हुआ। इसके लिए भाजपा ने उन पर जमकर निशाना साधा और माफी की मांग की। मामला बढ़ता देख मल्लिकार्जुन खरगे ने माफी भी मांग ली। उन्होंने हाथ जोड़कर सफाई दी। उन्होंने आसन को संबोधित करते हुए कहा कि आपको नहीं, सरकार को ठोकेंगे। हम सरकार की बात कर रहे थे।

दरअसल, राज्यसभा की कार्यवाही चल रही थी। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष कुछ बोलना चाह रहे थे। तभी उपसभापति ने उन्हें रोका। उपसभापति ने उनकी जगह कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह को बोलने को कहा। इस बीच मल्लिकार्जुन खरगे अपनी सीट से उठे और बोलना शुरू कर दिया। जब उन्हें रोका गया तो उन्होंने तानाशाही का आरोप लगा दिया। उन्होंने सीधे आसन की ओर इशारा करते हुए कहा कि तानाशाही चल रही है। मैं बोलना चाहता हूं।



इसकी तैयारी भी की है और आपको क्या-क्या ठोकना है, ठीक से ठोकेंगे। इस पर उपसभापति ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि आप सत्ता पक्ष से बहस करिए। इस बीच हंगामा शुरू हो गया। इस बीच खरगे ने यूटर्न लेते हुए कहा कि सरकार को ठोकेंगे। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने खरगे के बयान को सदन का अपमान करार दिया।

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने मामले में खरगे को खूब खरीखोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि बहुत ही दुख की बात है कि विपक्ष के नेता ने ऐसी भाषा इस्तेमाल की। ऐसे शब्दों का इस्तेमाल आसन के लिए किया। वह अनुभवी हैं और लंबे समय तक संसदीय सदस्य के रूप में काम किया। उन्होंने राज्य में भी काम किया है और राष्ट्रीय राजनीति में भी काम किया है। उन्होंने जिस भाषा का उपयोग किया है, वह सदन का अपमान है, आसन का अपमान है। यह निंदनीय है। उन्हें माफी मांगनी चाहिए। आसन के लिए इस्तेमाल शब्द माफी योग्य नहीं है। यह अस्वीकार्य है। फिर भी कांग्रेस नेता को माफी मांगनी चाहिए। अपने शब्दों को वापस लेना चाहिए।

## मनरेगा फंड को लेकर सत्ता पक्ष से भिड़े टीएमसी सांसद

**नई दिल्ली।** मंगलवार को लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान उस समय काफी हंगामा देखने को मिला, जब टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी सत्ता पक्ष से भिड़ गए। दरअसल मनरेगा फंड को लेकर कल्याण बनर्जी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। इस दौरान कल्याण बनर्जी ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को लेकर ऐसी टिप्पणी की, जिस पर सत्ता पक्ष ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। लोकसभा अध्यक्ष ने किसी तरह मामले को संभाला। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने सवाल किया कि मनरेगा योजना के लाभ उनके राज्य पश्चिम बंगाल को क्यों नहीं मिल रहे हैं। कल्याण बनर्जी ने कहा कि लगातार मंत्रालय कह रहा है कि 25 लाख फर्जी मामलों का पता चला है। हम कह रहे हैं कि अगर फर्जी मामलों का पता चला है तो कार्रवाई करें, जांच करें और जो गिरफ्तार किए जाते हैं, उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जाए, लेकिन आप 25 लाख मामलों के चलते 10 करोड़ लोगों का फंड नहीं रोक सकते।

कल्याण बनर्जी ने अपने संबोधन के दौरान केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आप एक केंद्रीय मंत्री हैं, लेकिन आपका व्यवहार ऐसा है...आपको किसने मंत्री बनाया? कल्याण बनर्जी की इस टिप्पणी पर तुरंत सत्ता पक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया दी और टीएमसी सांसद की टिप्पणी पर आपत्ति जाहिर की। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कल्याण बनर्जी की भाषा पर सवाल उठाए। हंगामा बढ़ते देख लोकसभा अध्यक्ष ने सदस्यों से अपील की कि वे आसन को संबोधित करें और एक दूसरे पर टिप्पणी न करें। लोकसभा अध्यक्ष ने सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि अपने शब्दों का पूरी सावधानी से इस्तेमाल करें, अगर कोई कुछ अनाधिकारिक तौर पर कह रहा है तो उस पर प्रतिक्रिया न दें।

उल्लेखनीय है कि वित्तीय बजट 2025-26 पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि 25 लाख फर्जी मनरेगा कार्ड का पता चला है और जो फंड गरीब लोगों के लिए था, उसे टीएमसी के कैडर ने लूटा।

# लैंड फॉर जॉब केस में तेज प्रताप और बहन हेमा को बेल, राबड़ी देवी बोलीं- जानबूझकर किया जा रहा परेशान

**नई दिल्ली।** विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने प्रत्येक आरोपी द्वारा 50,000 रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के जमानती बांड प्रस्तुत करने पर आरोपियों को जमानत दे दी। अदालत ने मामले की सुनवाई 20 मार्च को निर्धारित की है।

राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को जमीन के बदले नौकरी घोटाले के मामले में तेज प्रताप यादव, हेमा यादव और अन्य आरोपियों को जमानत दे दी। वे समन जारी होने के बाद कोर्ट में पेश हुए। लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती ने छूट की अर्जी दाखिल की। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने प्रत्येक आरोपी द्वारा 50,000 रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के जमानती बांड प्रस्तुत करने पर आरोपियों को जमानत दे दी। अदालत ने मामले की सुनवाई 20 मार्च को निर्धारित की है।

बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी नेता राबड़ी देवी ने कहा कि जब भी चुनाव होने वाले होते हैं,




भारत और राज्य सरकार जानबूझकर हमें परेशान करना शुरू कर देती है... अदालत जो भी कहेगी, हम उसे स्वीकार करेंगे। अदालत ने केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा दायर निर्णायक आरोप सहित सभी तीन आरोपपत्रों का संज्ञान लिया। पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव और 77 अन्य आरोपियों के खिलाफ अंतिम आरोप पत्र दाखिल किया गया है। आरोपियों में 30 सरकारी कर्मचारी और 38 उम्मीदवार हैं। पहली चार्जशीट में तीन अतिरिक्त आरोपियों को भी शामिल कर समन किया गया है। दूसरी चार्जशीट में आरोपी भोला यादव, प्रेम चंद गुप्ता को भी समन किया गया है। तीसरी चार्जशीट में हेमा यादव और तेज प्रताप यादव को भी समन किया गया है। 7 जून को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने लालू प्रसाद यादव और 77 अन्य आरोपियों के खिलाफ जमीन के बदले नौकरी मामले में निर्णायक आरोपपत्र दाखिल किया। कोर्ट ने 29 मई को सीबीआई को जमीन के बदले नौकरी मामले में निर्णायक आरोपपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने समय दिए जाने के बावजूद निर्णायक आरोपपत्र दाखिल न किए जाने पर भी नाराजगी जताई थी।

4 अक्टूबर, 2023 को अदालत ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, राबड़ी देवी और अन्य को कथित भूमि के बदले नौकरी घोटाले मामले में पहले की चार्जशीट के संबंध में जमानत दे दी थी। सीबीआई के अनुसार, दूसरी चार्जशीट 17 आरोपियों के खिलाफ थी, जिसमें तत्कालीन केंद्रीय रेल मंत्री, उनकी पत्नी, बेटे, पश्चिम मध्य रेलवे (डब्ल्यूसीआर) के तत्कालीन जीएम, डब्ल्यूसीआर के तत्कालीन दो सीपीओ, निजी व्यक्ति, निजी कंपनी आदि शामिल थे।

## डीजीपी रैंक के अधिकारी रामचंद्र राव की भूमिका की भी होगी जांच; सोना तस्करी मामले में फैसला

**बंगलूरू।** अभिनेत्री रान्या राव से जुड़े सोना तस्करी मामले में नया अपडेट आया है। कर्नाटक के अतिरिक्त मुख्य सचिव गौरव गुप्ता डीजीपी रैंक के अधिकारी रामचंद्र राव की भूमिका की जांच करेंगे। दरअसल, राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने एक हफ्ते पहले केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव से 12.56 करोड़ रुपये कीमत की सोने की छड़ें जब्त की थीं। रान्या भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारी कर्नाटक राज्य पुलिस आवास और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हैं।

सरकारी आदेश में कहा गया कि प्रोटोकॉल संबंधी सुविधाओं का लाभ उठाने के तथ्यों और परिस्थितियों की जांच तथा इस मामले में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) कैडर के राज्य के पुलिस महानिदेशक, कर्नाटक राज्य पुलिस आवास और अवसंरचना निगम के प्रबंध निदेशक रामचंद्र राव की भूमिका की जांच के लिए एसीएस गौरव गुप्ता को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। आदेश में कहा गया कि जांच अधिकारी को तुरंत जांच शुरू करने के साथ एक सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक (पुलिस बलों के प्रमुख) तथा कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के सचिव को भी उक्त जांच के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज और सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले सोना तस्करी मामले में गिरफ्तार कन्नड अभिनेत्री हर्षवर्धिनी रान्या उर्फ रान्या राव को सोमवार को आर्थिक अपराधों की एक विशेष अदालत ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अभिनेत्री पूछताछ के लिए तीन दिनों तक डीआरआई की हिरासत में थीं। डीआरआई अधिकारियों ने सोमवार को उन्हें अदालत में पेश किया, जहां वह रो पड़ी।

# फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते गिरफ्तार, ICC के वारंट पर हुई कार्रवाई

**मनीला।** फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते को मंगलवार को मनीला इंटरनेशनल एयरपोर्ट से फिलीपींस की राजधानी मनीला पहुंचे थे, जहां एयरपोर्ट पर ही उन्हें हिरासत में ले लिया गया।



गिरफ्तार कर लिया गया। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। दरअसल अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने दुतेर्ते के खिलाफ मानवता के खिलाफ अपराध के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। दुतेर्ते मंगलवार को हॉन्ग-कॉन्ग से

दुतेर्ते पर आरोप है कि उनके मेयर कार्यकाल के दौरान ड्रग्स के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई की गई थी, जिसमें बड़े पैमाने पर लोगों की हत्याएं हुईं। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने 1 नवंबर 2011 को दुतेर्ते के खिलाफ जांच शुरू की। उस वक्त दुर्तेते फिलीपींस के दावाओ शहर के मेयर थे। आईसीसी की जांच 16 मार्च 2019 तक चली। दुतेर्ते के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान आईसीसी की जांच को निरस्त कराने की कोशिश की गई। हालांकि आईसीसी ने दुतेर्ते की मांग खारिज कर दी। दुतेर्ते साल 2022 में फिलीपींस की सत्ता से हटे थे।

दुर्तेते के प्रशासन ने साल 2021 के आखिर में वैश्विक न्यायालय की जांच को निलंबित करने का प्रस्ताव रखा था। प्रशासन ने दलील दी थी कि उनके देश के अधिकारी पहले से आरोपों की जांच कर रहे हैं। दुर्तेते के प्रशासन ने कहा था कि ये मामला अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। हालांकि, साल 2023 के जुलाई महीने में न्यायालय ने दुर्तेते प्रशासन की आपत्ति को खारिज कर दिया और फैसला दिया था कि जांच फिर से शुरू हो सकती है।

## अमेरिका के मिसिसिपी में मेडिकल हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, तीन लोगों की मौत

**काउंटी।** अमेरिका में विमान हादसों का सिलसिला जारी है। इस बार मिसिसिपी में एक हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया है। हादसा सोमवार को उस वक्त हुआ, जब एक मेडिकल परिवहन हेलीकॉप्टर दुर्घटना का शिकार हो गया। इस दौरान हेलीकॉप्टर के एक पायलट और दो अस्पताल कर्मियों की मौत हो गई।

'यूनिवर्सिटी ऑफ मिसिसिपी मेडिकल सेंटर' के प्रवक्ता ने विमान में सवार सभी लोगों की मौत की पुष्टि कर दी है। यूनिवर्सिटी ने पहले दिए गए एक बयान में कहा कि मेडिसन काउंटी में जिस समय यह दुर्घटना हुई, उस वक्त एयरकेयर हेलीकॉप्टर यानी चिकित्सा के कार्य में इस्तेमाल होने वाला हेलीकॉप्टर में किसी मरीज को नहीं ले जाया जा रहा था। हादसे में जान गंवाने वाले तीनों लोगों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है, लेकिन अधिकारियों ने गोपनीयता के कारण नाम जारी नहीं किए।

# सऊदी में अमेरिका-यूक्रेन की बातचीत, रूस से सीमित युद्धविराम के प्रस्ताव समेत इन मसलों पर मंथन

**जेद्दा।** सऊदी अरब के जेद्दा शहर में यूक्रेन और अमेरिका के बीच अहम शांति वार्ता शुरू हो रही है। इस बैठक का मकसद रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए संभावित रास्ते तलाशना है। बैठक में यूक्रेन ने बैठक में सीमित संघर्षविराम का प्रस्ताव रखा है, जो काला सागर और लंबी दूरी की मिसाइल हमलों को रोकने पर केंद्रित होगा। इसके अलावा, युद्ध में पकड़े गए कैदियों की रिहाई पर भी चर्चा होगी।

यूक्रेन और अमेरिका के बीच मंगलवार को सऊदी अरब में एक महत्वपूर्ण बैठक हो रही है, जिसमें यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए सीमित संघर्षविराम का प्रस्ताव रखेगा। मामले में यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि यह संघर्षविराम काला सागर क्षेत्र और लंबी दूरी की मिसाइल हमलों को रोकने पर केंद्रित होगा। इसके साथ ही, यूक्रेन युद्ध में पकड़े गए कैदियों की रिहाई पर भी चर्चा करेगा।

**क्या है बैठक का मकसद?**



इस बैठक का मुख्य उद्देश्य यूक्रेन और रूस के बीच जारी तीन साल पुराने युद्ध को खत्म करने के लिए कूटनीतिक समाधान खोजना है। इसके अलावा, यूक्रेन और अमेरिका के बीच यूक्रेन की दुर्लभ खनिज संपदाओं तक अमेरिका की पहुंच के लिए एक समझौते पर भी हस्ताक्षर हो सकते हैं। बता दें कि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समझौते को लेकर खास रुचि रखते हैं।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच 28 फरवरी को वाशिंगटन में हुई बैठक काफी तनावपूर्ण रही थी। इस विवाद के कारण अमेरिका की तरफ से यूक्रेन को दी जा रही सैन्य और खुफिया सहायता रोक दी गई थी। अब इस सहायता की बहाली के लिए यूक्रेन अब कूटनीतिक रास्ता अपना रहा है और संघर्षविराम की पेशकश कर रहा है।

यूक्रेन की ओर से राष्ट्रपति जेलेंस्की की टीम, जिसमें प्रमुख सलाहकार एंड्री यरमाक, विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा और रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव शामिल हैं। वहीं अमेरिका की ओर से बैठक का नेतृत्व विदेश मंत्री मार्को रूबियो करेंगे, जिनके साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वॉल्ट्ज भी मौजूद है।

इस बैठक से पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात की। जिसके बाद जेलेंस्की ने कहा, हमने युद्ध समाप्त करने और स्थायी शांति स्थापित करने के लिए जरूरी शर्तों पर विस्तृत चर्चा की। सऊदी अरब इस वार्ता के लिए एक अहम मंच बना हुआ है और यूक्रेन इसका आभार व्यक्त करता है।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि अमेरिका यह समझना चाहता है कि यूक्रेन शांति वार्ता के लिए कितना तैयार है। रूबियो ने कहा, यूक्रेन को इस युद्ध में बहुत नुकसान हुआ है।

## दक्षिण अफ्रीका में बड़ा हादसा
### राजमार्ग पर बस दुर्घटना में 12 लोगों की मौत




**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के शहर जोहान्सबर्ग में मंगलवार को बड़ा हादसा हुआ। यहां राजमार्ग पर एक बस के पलट जाने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 45 लोग घायल बताए जा रहे हैं। शहर के एकुरहुलेनी आपातकालीन प्रबंधन के प्रवक्ता विलियम नथलाडी ने बताया कि आपातकालीन दल ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है। वह बस को सीधा करने की कोशिश में जुटे हैं, ताकि यह देखा जा सके कि क्या कोई और पीड़ित बस के नीचे फंसा हुआ है।

दुर्घटना जोहान्सबर्ग के मुख्य ओआर टैम्बो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक राजमार्ग पर हुई। अधिकारियों ने बताया कि बस राजमार्ग के किनारे पर पलटी हुई थी। यह जोहान्सबर्ग के पूर्व में स्थित टाउनशिप या कैटलहोंग से लोगों को ले जा रही थी। दुर्घटना स्थल पर नौ पुरुषों और तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि दो शव अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने पीड़ितों की उम्र के बारे में तुरंत जानकारी नहीं दी।

नथलाडी ने कहा कि वे अस्पताल में भर्ती लोगों की चोटों की गंभीरता के बारे में भी फिलहाल कोई जानकारी नहीं दे सकते। अस्पताल ले जाए गए लोगों में ड्राइवर भी शामिल था। दुर्घटना में कोई अन्य वाहन शामिल नहीं था और अधिकारी अभी तक कारण का पता नहीं लगा पाए हैं। पुलिस जांच कर रही है।

# रूस पर यूक्रेन का अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला, रूस ने 337 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को पर मंगलवार सुबह जबरदस्त ड्रोन हमला हुआ, जिसमें रूसी सुरक्षा बलों ने 337 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने इसे हाल के महीनों का सबसे बड़ा हमला बताया।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि यूक्रेन ने बीती रात रूस पर 337 ड्रोन से हमला किया, जिसे रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने नाकाम कर दिया। यह तीन साल में रूस पर हुआ सबसे बड़ा ड्रोन हमला माना जा रहा है। इस पर मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने बताया कि रूसी सुरक्षा बलों ने 337 से ज्यादा यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए।

इस हमले के दौरान कम से कम 11 ड्रोन मॉस्को के आसपास के रामेंस्की और डोमोडेडोवो जिलों में गिराए गए। इस दौरान कई ड्रोन जो मॉस्को की ओर बढ़ रहे थे, उन्हें सुरक्षा बलों ने नष्ट कर दिया।



जानकारी के मुताबिक, सबसे ज्यादा 126 ड्रोन कुर्स्क क्षेत्र में गिराए गए, जो यूक्रेन सीमा से सटा हुआ है। वहीं मॉस्को क्षेत्र में कुल 91 ड्रोन नष्ट किए गए। इस हमले में अन्य प्रभावित क्षेत्र बेलगोरोड, ब्रांस्क, वोरोनेझ, कलुगा, लिपेत्स्क, निजनी नोवगोरोड, ओर्योल और रियाजान हैं।

मॉस्को के मेयर ने आगे बताया कि, डोमोडेडोवो, व्नुकोवो, शेरेमेत्येवो और झूकोवस्की हवाई अड्डों पर उड़ानों को अस्थायी रूप से रोक दिया गया।

डोमोडेडोवो रेलवे स्टेशन पर ट्रेन सेवा भी अस्थायी रूप से बाधित रही। इस ड्रोन हमले में दो लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने सूचना है, एक इमारत की छत को मामूली नुकसान पहुंचा। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब सऊदी अरब में यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल और अमेरिकी राजनयिकों की बातचीत चल रही है। मॉस्को पर हुआ यह हाल के महीनों का सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है।

वहीं रूस ने दावा किया कि यूक्रेन ने उसके 10 अलग-अलग इलाकों में 337 ड्रोन हमले किए हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा यूक्रेनी ड्रोन हमला माना जा रहा है। जिसमें में दो लोगों की मौत हो गई और 18 लोग घायल हुए, जिनमें 3 बच्चे भी शामिल हैं।

ड्रोन से मॉस्को समेत कई शहरों को निशाना बनाया गया, जिससे कई इमारतों और गाड़ियों को नुकसान पहुंचा।

## न्यूयॉर्क में हड़ताल के बाद काम पर न लौटने वाले 2,000 जेल प्रहरियों पर सख्ती




**न्यूयॉर्क।** मार्टुसेलो ने कहा कि राज्य समझौते के ओवरटाइम और कुछ अन्य प्रावधानों का सम्मान करेगा। उन्होंने कहा कि नेशनल गार्ड जेलों में सहायक पद पर रहेंगे, जबकि विभाग अतिरिक्त कर्मचारियों के लिए तेजी से भर्ती अभियान चलाएगा। न्यूयॉर्क में सप्ताह भर चली हड़ताल के बाद काम पर वापस नहीं लौटने पर प्रशासन ने सोमवार को 2,000 से अधिक जेल प्रहरियों को नौकरी से निकाल दिया है। प्रशासन ने कहा कि हड़ताल को समाप्त घोषित करने के लिए पर्याप्त अधिकारी काम पर वापस आ गए हैं। कमिश्नर डैनियल मार्टुसेलो ने एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, 22 दिनों की अवैध हड़ताल के बाद, गवर्नर और मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अब हड़ताल समाप्त हो गई है। राज्य और जेल के प्रहरियों की यूनियन ने इस सप्ताहांत हड़ताल समाप्त करने के लिए एक नया समझौता किया, लेकिन यह सोमवार की सुबह तक कम से कम 85 फीसदी कर्मचारियों के काम पर लौटने पर निर्भर था। यह संख्या समझौते को गति देने के लिए आवश्यक 85 फीसदी के लक्ष्य से कम थी। मार्टुसेलो ने कहा कि राज्य समझौते के ओवरटाइम और कुछ अन्य प्रावधानों का सम्मान करेगा। उन्होंने कहा कि नेशनल गार्ड जेलों में सहायक पद पर रहेंगे, जबकि विभाग अतिरिक्त कर्मचारियों के लिए तेजी से भर्ती अभियान चलाएगा।

# रूद्राक्ष समाचार समूह के मंडलीय कार्यालय का हुआ भव्य शुभारम्भ



**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा।** उत्तर प्रदेश मे तेजी से बढ रहे दैनिक रूद्राक्ष समाचार समूह के चित्रकूट धाम मण्डल कार्यालय का शानदार उद्घाटन सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम का शुभारम्भ माननीय श्रीराम मनोहर त्रिपाठी जी उपनिदेशक सूचना लखनऊ द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। रूद्राक्ष समाचार समूह लखनऊ से प्रकाशित तीन समाचार पत्रों का समूह है जिसमे सम्पादक पंकज दीक्षित जी हैं इसमे रूद्राक्ष समाचार, अवधटुडे के साथ हरित शक्ति शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन दीन दयाल सोनी जी ने किया, वरिष्ठ पत्रकार भगत सिंह ने पत्रकारिता के अपने अनुभवों को साझा किया वहीं सुनील सक्सेना जी ने भी पत्रकारों की समस्याओं से अवगत कराया, आये हुये सभी आगंतुको का मंत्रोचार द्वारा शुद्धीकरण करके पूजन करवाने की जिम्मेदारी पूर्व भारतीय सेना के पंडित चंट्रशेखर तिवारी जी ने निभायी। हमीरपुर से भी रूद्राक्ष समाचार समूह की पूरी टीम जिसमे संतोष कुमार चक्रवर्ती, मुनीर खान, लवलेश यादव, विनोद त्रिपाठी, हरिओम धुरिया के साथ साथ नरैनी क्षेत्र से रूद्राक्ष समाचार के संवाददाता सौरभ अग्निहोत्री, सम्पादक द्वारा सम्मानित किये गये। इस अवसर पर बाँदा जिला सूचना अधिकारी रामजी दुबे और अति. जिला सूचना अधिकारी शारदा निषाद भी इस कार्यक्रम मे आये और अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि की जिम्मेदारी नगर पालिका अध्यक्षा मालती गुप्ता बासू ने निभायी उन्होने लखनऊ से आये हुये अतिथियों के साथ स्वल्पाहार कर बाँदा के विकास मे नगर पालिका के योगदान पर विस्तृत चर्चा की और रूद्राक्ष समाचार समूह को हमेशा अपना सहयोग देने की बात कही। रुद्राक्ष समाचार के स्थानीय संवाददाता और उत्तर प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त पत्रकार राजेश पाण्डेय ने आये हुये सभी सम्मानित पत्रकारों का आभार जताया, अवधटुडे के स्थानीय संवाददाता और मान्यता प्राप्त पत्रकार शिवकांत अवस्थी ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया जबकि हरितशक्ति के स्थानीय संवाददाता कुलदीप त्रिपाठी ने हमीरपुर सहित अन्य जनपदों से आये सभी पत्रकारों का माल्यापर्ण किया। इस कार्यक्रम मे राजेश पाण्डेय, शिवकान्त अवस्थी, राजेंद्र मिश्रा, नवीन मिश्रा, राजाबाबू दुबे, कुलदीप त्रिपाठी, भगत सिंह, सुनील सक्सेना, अनवर रजा, मदन गुप्ता, पंकज शुक्ला, मुलायम सिंह, संदीप दीक्षित और फतेहपुर से उमेश तिवारी अपने पत्रकार साथियों के साथ आये और महिला पत्रकारों मे रूपा गोयल, संध्या धुरिया सहित लगभग एक सैकडा स्थानीय पत्रकार भी शामिल हुये।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में तीन करोड़ के प्रस्ताव पास



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (खेतासराय)** शाहगंज ब्लाक के सोंधी स्थित कार्यालय सभागार में सोमवार को क्षेत्र पंचायत बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें तीन करोड़ रुपए से कार्य कराए जाने वाले विकास कार्य सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक की अध्यक्षता कर रहीं ब्लाक प्रमुख मंजू सिंह ने विकास कार्यों को कराए जाने पर जोर दिया। भरोसा दिलाया कि जो भी समस्याएं हैं उसे पूरा करने की कोशिश की जाएगी। इससे पहले पिछली कार्यवाही पर चर्चा हुई। नए प्रस्ताव को एजेंडे में शामिल किया गया। वर्ष 2025-26 के सभी विकास कार्यों की कार्य योजना पर विचार कर अनुमोदन किया गया। चर्चा के दौरान ग्राम प्रधानों ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार और राशन वितरण में धांधली का आरोप लगाया। सीडीपीओ सुरेश कुमार यादव ने सफाई दी तो ग्राम प्रधानों ने विरोध जताया। बीडीओ पीयूष त्रिपाठी ने प्रधानों को शांत कराते हुए वितरण का कार्य ग्राम प्रधानों की मौजूदगी में कराने का सीडीपीओ को निर्देश दिया। सप्लाई विभाग से किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के मीटिंग में उपस्थिति न होने पर सदस्यों और प्रधानों की मांग पर बीडीओ ने उच्चाधिकारियों को शिकायत भेजने का आश्वासन दिया। प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह ने चार साल का साथ बेमिसाल बताया। कहा कि गत पंचवर्षीय योजनाओं की तुलना में वर्तमान पंचवर्षीय योजना में अधिक कार्य हुआ। संचालन कमलाकांत मौर्या ने किया। बैठक में एडीओ पंचायत रमेश कुमार यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष अशोक कुमार, डा.सूर्य प्रकाश यादव, शिवमूर्ति यादव, संजय यादव, भीमचंद राजभर, रामयश यादव, संदीप द्विवेदी, विनोद कुमार, कृपा शंकर राजभर, अबुलआस (उसरहटा) मौजूद रहे।

# यात्रा में शामिल विद्यार्थियों के अनुभवों का होगा संकलन : प्रो. वंदना सिंह

**ऐतिहासिक स्थलों के लिए निकलेगी साइकिल यात्रा**



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के लिए कुलपति सभागार में सोमवार को कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों की प्रगति एवं समीक्षा बैठक हुई ।बैठक में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने पढ़े जौनपुर, बढ़े जौनपुर एवं प्रतिज्ञा कार्यक्रम के सफलता पर समिति के सदस्यों एवं पर्यवेक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने इन कार्यक्रमों को एक साथ मिलकर सफलतापूर्वक संपन्न कराया है। उन्होंने कहा कि विभागों में सफाई अभियान के लिए महीने का एक दिन निर्धारित किया जाएगा और सभी शिक्षक, अधिकारी स्वयंसेवक की भांति अपने कक्ष की सफाई करेंगे। कहा कि गोद लिए गए गांव में भाषण प्रतियोगिता में भाग लिए विद्यार्थियों से भाषण करवाए जाएंगे जिससे वहां के बच्चे कौशल सीख सकें। इसके साथ उन्होंने विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया की ऐसे विद्यार्थियों को चिन्हित करे जो कुशल वक्ता है उनके कौशल को और निखारा जायेगा। उन्होंने कहा कि राजभवन के दिशा निर्देश के क्रम में विद्यार्थियों के समूह द्वारा 150 किलोमीटर की साइकिल यात्रा निकाली जाएगी जो गोद लिए गांव तथा ऐतिहासिक स्थलों पर पहुंचेगी । उन्होंने कहा कि साइकिल यात्रा के दौरान विद्यार्थियों के अनुभवों का संकलन किया जाएगा और उसकी पुस्तक के एक रूप में विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित भी कराया जाएगा। विश्वविद्यालय ने इसके लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व समन्वयक प्रोफेसर राकेश कुमार यादव को नोडल अधिकारी एवं डॉ. अनुराग मिश्रा को सह नोडल अधिकारी नामित किया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार ने विश्वविद्यालय में हुए पढ़े जौनपुर, बढ़े जौनपुर एवं प्रतिज्ञा कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को बधाई दी एवं पुष्प वितरित कर होली की शुभकामनाएं दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. राज बहादुर यादव, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव एवं डॉ. अनुराग मिश्रा ने पढ़े जौनपुर, बढ़े जौनपुर एवं प्रतिज्ञा कार्यक्रम के रिपोर्ट के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर विनोद कुमार सिंह, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. अविनाश, प्रो. मुराद अली, प्रो. राकेश कुमार यादव, प्रो. रवि प्रकाश, प्रो. मिथिलेश सिंह, उप कुलसचिव अमृतलाल, अजीत प्रताप सिंह, डॉ. संजीव गंगवार, कर्मचारी संघ के महामंत्री रमेश यादव, डॉ प्रमोद कुमार कौशिक समेत अन्य शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री आगमन के पूर्व आईजी व डीएम ने किया निरीक्षण



**जौनपुर।** आईजी वाराणसी मंडल मोहित गुप्ता द्वारा जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र तथा पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ की उपस्थिति में 12 मार्च 2025 को माननीय मुख्यमंत्री जी के जनपद आगमन पर शाही किला में आयोजित जौनपुर महोत्सव को लेकर प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग किया गया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, अधिकारियों की ड्यूटी, पुलिस कर्मियों की ड्यूटी, यातायात व्यवस्था आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारीगण डयूटी के दौरान आईडी कार्ड अवश्य लगा कर रखें। निर्धारित ड्रेस कोड में उपस्थित रहकर अपने कर्तव्यो का निर्वाहन करें। जौनपुर महोत्सव के दौरान प्रस्तावित 1001 जोड़ों के सामूहिक विवाह के संबंध में मंडप व्यवस्था आदि का निरीक्षण करते हुए विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल की भी तैयारी का जायजा लिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम,ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर,अपर जिलाधिकारी वि0 रा0 रामअक्षयबर चौहान,अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पत्रकार की निर्मम हत्या के विरोध में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने दिया ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**अतर्रा बांदा।** जनपद सीतापुर में हुई पत्रकार की निर्मम हत्या के विरोध में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष अतर्रा के नेतृत्व में तहसील अतर्रा परिषद में पहुंच धरना दे मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर उन्हें मृत्युदंड दिलाए जाने और पत्रकारों की सुरक्षा के लिए व्यापक कदम उठाने की मांग की गई। जनपद सीतापुर के महोली क्षेत्र में बीते शनिवार को पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की गोलियों से भूनकर दिन दहाड़े कर दी गई थी, जिससे देश व प्रदेश भर के पत्रकारों में रोष व्याप्त है। मंगलवार को हत्याकांड को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अतर्रा के अध्यक्ष अवधेश शिवहरे के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन



एसडीएम राहुल द्विवेदी को सौंपते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी कर फास्ट ट्रेक कोर्ट में मामले की सुनवाई कर हत्यारों को सजाए मौत दिलाई जाने की मांग की है। प्रवीण कुमार ने कहा कि पत्रकारों पर हो रहे हमले और उनकी हत्याओं जैसे जघन्य अपराधों पर अकुंश लगाया जाए इसके अलावा मृतक पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई के परिवार को उचित मुआवजा दिलाया जाए, साथ ही उनकी पत्नी को सरकारी नौकरी दिलाई जाने की भी मांग की गई है। इस दौरान मुन्ना द्विवेदी दिनेश गुप्ता तहसील उपाध्यक्ष शशिकांत राजन रामपूजन गुप्ता शरद गुप्ता प्रवीण कुमार रामबाबू गुप्ता रामबाबू विश्वकर्मा संजुल द्विवेदी श्री राम गुप्ता अरविंद कुमार संतोष कुमार सहित भारी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर चौपाल का आयोजन 6 अप्रैल को

**आजमगढ।** जयकिसान आन्दोलन के प्रदेश अध्यक्ष राजनेत यादव ने मंण्लायुक्त आजमगढ मन्डल आजमगढ को एक पत्रक सौपा स पत्र के माध्यम से राजनेत यादव ने कहा कि आजमगढ मण्डल के बलिया, आजमगढ, मऊ जिलो से होकर गुजरने वाली घाघरा नदी के किनारे बसे देवारा व आस पास के गांवो की समस्याओं जैसे नदी से बाढ , कटान ,कृषि , रोजगार, यायायात , गन्ना किसानो की समस्याओं , आजमगढ सठियाव चीनी मिल, मऊ घोसी चीनी मिल , बलिया रसड़ा चीनी मिल की समस्याओं आदि की जानकारी यहां के किसानो ने हमे दिया आज आजमगढ मण्डल आयुक्त को हम लोगो ने पत्रक दिया कि दिनांक 16 मार्च 2025 से 3 अप्रैल 25 तक जय किसान आन्दोलन का पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल जिसमे राजनेत यादव, चीनी मिलो पर जाकर स्थलीय जांच करेंगें।

# योजनाओं की जनता से राज्यपाल द्वारा समीक्षा की गई



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** राज्यपाल महोदया आनंदीबेन पटेल द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभागार में मण्डलायुक्त विवेक, डीआईजी सुनील कुमार सिंह, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, मुख्य विकास अधिकारी श्री परीक्षित खटाना एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में जनपद में संचालित केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की गहनता से समीक्षा की गई।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए राज्यपाल महोदया ने कहा कि आयुष्मान गोल्डन कार्ड योजना के पात्र लाभार्थियों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आशा एवं आंगनवाड़ी वर्कर के द्वारा जननी सुरक्षा योजना में सभी गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित किया जाए। राज्यपाल महोदया ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अधिक से अधिक गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने की ट्रेनिंग कराई जाए। टीचिंग के आधुनिक तरीके बताये जाएं। बच्चों को उम्र के अनुसार योगा करने के तरीके भी बताये जाएं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी गर्भवती महिला प्राइवेट चिकित्सालय में न जाए तथा यदि जाती है तो क्यों जाती है, उसका कारण क्या है। राज्यपाल महोदया ने मुख्य चिकित्साधिकारी को सभी जिला चिकित्सालय एवं सभी सीएचसीध्पीएचसी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर तरीके से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सालयों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि कोटेदारों के सहयोग से टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि टीबी की सफलता दर में वृद्धि करें तथा निजी चिकित्सालयों के संचालकों एवं निजी स्कूलों के संचालकों से भी टीबी मरीजों को गोद लेना सुनिश्चित करायें।

जल जीवन मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए राज्यपाल महोदया ने कहा कि पाइप डालने एवं वाटर कनेक्शन देने का कार्य शत प्रतिशत सुनिश्चित करें।

# ट्रेन से कटकर मां ने बेटी संग दी जान

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (खेतासराय)** जिले के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लपरी गांव निवासी 28 वर्षीय प्रेमशीला बिन्द ने मंगलवार को पूर्वाहन अपनी तीन वर्षीय बेटी के साथ ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी । जौनपुर शाहगंज रेल प्रखंड पर मानीकलां हाल्ट स्टेशन के पास मां बेटी की मौत की खबर से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है।खेतासराय थाना क्षेत्र के मानीकलां निवासी रामधारी बिन्द की बेटी प्रेमशीला 28 वर्ष की शादी सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लपरी गांव निवासी सचिन बिन्द के साथ हुई थी। शादी के बाद दोनों का जीवन बड़े हंसी खुशी में चल रहा था। प्रेमशीला को तीन वर्षीय एक पुत्री भी थी। सचिन प्रदेश में रह कर रोजी-रोटी कमाता था। एक सप्ताह पूर्व वह गांव आया था। पुलिस का कहना है कि पति-पत्नी में बीती रात किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। घर के लोगों ने दोनों को समझा कर बात खत्म करा दिया था। मंगलवार की सुबह प्रेमशीला अपनी तीन वर्षीय बेटी रंजना कुमारी को लेकर मानीकलां मायके जाने की बात कह कर घर से निकली। लेकिन वह गांव न जाकर मानीकलां हाल्ट स्टेशन व भुड़कुड़हां गेट नम्बर 51 सी के पास जौनपुर की ओर से अयोध्या जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के सामने बेटी को लेकर कूद गई और जान दे दी।अचानक हुए इस घटनाक्रम से वहां खेत में काम कर रहे ग्रामीणों की भीड़ लग गई । लोगों ने फौरन इस मामले की सूचना यूपी डायल 112 व राजकीय रेलवे पुलिस शाहगंज को दी। खेतासराय थानाध्यक्ष रामाश्रय राय, वरिष्ठ उप निरीक्षक शैलेंद्र राय ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर छानबीन की। आधार कार्ड से महिला और उसके बच्चे की पहचान हुई। इस संबंध में खेतासराय थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**बांदा।** आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मण्डल के समस्त परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आवश्यक उपाय किये जायें तथा बिना हेलमेट, शराब पीकर वाहन चलाने वालों तथा ओवर लोड वाहनों की रेगुलर चेकिंग की जाए तथा उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए। उन्होंने ओवर लोड वाहनों की सघन चेकिंग किये जाने तथा प्रवर्तन कार्यों में तेजी लायी जाये। उन्होंने पब्लिक एडेड्स सिस्टम को प्रभावी बनाये जाने तथा समस्त स्कूल, कॉलेज एवं उच्च शिक्षा संस्थाओं की बसों के संचालन के लिए बसों का फिटनेश एवं ड्राइविंग लाइनेन्स एवं अन्य मानकों का अनुपालन कराते हुए वाहनों को संचालित कराया जाए। उन्होंने पेट्रोल पम्प के संचालकों को हेलमेट के प्रति लोगों में जागरूकता हेतु हेलमेट वाले वाहनों को आपूर्ति किये जाने के साथ बिना हेलमेट वाले लोग को जागरूक करने केनिर्देश दिये।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**




**निजामाबाद,आजमगढ़।** शनिवार की शाम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भारतीय महिला फेडरेशन आजमगढ़ द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन निजामाबाद तहसील स्थित साहित्य से दोस्ती,साथी जन सुविधा केंद्र पर हुआ। जिसका विषय था शगरिमा के साथ जीने का अधिकार कोई परोपकार नहीं! हमारा अधिकार है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कवयित्री, लेखिका डॉक्टर इंदू श्रीवास्तव ने और संचालन साथी सेंटर की प्रभारी सूचिबाला ने किया।कार्यक्रम में महिलाओं की पूरी सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरुवात देश की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले और भगत सिंह की साथी दुर्गा भाभी के चित्रों पर पुष्पांजलि के साथ हुई। गोष्ठी में महिलाएं सामने बैठी थीं।उनके बगल में पुरुष अपने हाथों में चूड़ियां पहनकर उस उपमा को तोड़ना चाहते थे।जिसमें पुरुष आक्रोशित होकर कहते हैं कि हमने चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं।जो महिलाओं को कमजोर साबित करता है।इस मुहावरे को तोड़ने के लिए महिला दिवस पर पुरुषों की तरफ से ये स्लोगन था कि हमने भी चूड़ियां पहन रखी हैं। कार्यक्रम में उपस्थित इसकफके राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आजमगढ़ के जिला सचिव अधिवक्ता जितेंद्र हरि पाण्डेय ने कहा कि पैतृक संपत्ति का वारिस बेटा होता है और पिता की पगड़ी बेटियों को संभालने के लिए कहा जाता है।जबकि पिता की पगड़ी की लाज संभालने की जिम्मेदारी लाडले बेटों की होनी चाहिए। गोष्ठी में केंद्रीय मानवाधिकार एवं समाज कल्याण भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविशंकर यादव ने कहा कि भारतीय परिवेश में एक माता हमेशा चाहती है कि उसका दामाद उसकी बेटी की ही बात सुने और वह अपने बेटे से चाहती है कि वह बहु की बात न सुनकर उसकी बात सुने।महिलाओं को सबल बनाने के लिए विचारों में समानता लाना अनिवार्य है।हमारे संविधान में सबका उपचार है जिसे पढ़कर महिलाओं का सामाजिक उत्थान संभव है। आजमगढ़ कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के नेता संतोष कुमार यादव ने कहा कि जबतक महिलाओं को हर क्षेत्र,स्थान पर बराबरी का दर्जा वास्तविक रूप में नहीं मिलेगा,तबतक भारत विकसित देश नहीं बन पाएगा। संतोष कुमार ने लक्ष्मी बाई से लेकर भारत की आयरन लेडी कही जाने वाली भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी,महादेवी वर्मा जैसी आदर्श और विदुषी महिलाओं के व्यक्तित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **02.04.2025** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | **02502025 दिनांक 10.03.2025** |
| 2. | निविदा संख्या | 43-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम | सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अन्तर्गत प्रयाग क्षेत्र के (पीआरजी–पीएफएम, पीएफएम–एसडब्ल्यूई और एसडब्ल्यूई–एमईएम) सेक्शन में कुल 03 IBS का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | **Rs. 7515580.16** |
| 5 | धरोहर राशि | **Rs. 150300.00** |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 19.03.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | **02.04.2025, 15:00 बजे** |
| 9 | बेबसाईट | **www.ireps.gov.in** |

नोटः 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 762/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# युवा उद्यमी विकास योजना अन्तर्गत जिन व्यक्तियों को ऋण देने के बाद ले फीडबैक : आनंदीबेन पटेल

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अनतर्गत आज हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ में आंगनवाड़ी केन्द्रों पर संसाधन किट एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ऋणध्स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रगान के साथ किया गया। राज्यपाल महोदया ने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों को और बेहतर करने के लिए आंगनवाड़ी केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों को हेल्थ किट (रुमाल, सीसा, कंघी, नेल कटर आदि) के उपयोग के बारे में प्रेरित करें। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकत्री बच्चों को नेल कटर का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें एवं उनको बतायें कि हफ्ते में एक बार अवश्य नाखून काटना चाहिए। उन्होने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों के बच्चों को साफ-सुथरा रखने के लिए केन्द्रों पर बच्चों की हाइट के अनुरूप सीसा अवश्य रखें। जिससे आने वाले बच्चे अपने आपको उसमें देखें कि वे कितने सुन्दर दिखते हैं, और उनको साफ-सुथरा रहने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्राइवेट अस्पतालों से हेल्थ किट उपलब्ध कराने हेतु सहयोग लें। उन्होने कहा कि दहेज प्रथा बन्द होना चाहिए। दहेज प्रथा से घर में लड़की को मारा पीटा जाता है, उसका शोषण किया जाता है। हम सभी को दहेज प्रथा के विरूद्ध खड़ा होकर दहेज प्रथा को बन्द करना होगा। तभी एक विकसित समाज, विकसित राष्ट्र एवं विकसित प्रदेश का निर्माण होगा। राज्यपाल महोदया ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा स्वामित्व योजना का शुभारम्भ किया गया है। इससे किसी को भी अपने जमीन का मालिकाना हम प्राप्त होगा। स्वामित्व योजना के अन्तर्गत घरौनी का निर्माण हो जाने से जिस व्यक्ति की जितनी जमीन होगी। उसका उस व्यक्ति को सरकारी कागज मिल जायेगा। और कोई व्यक्ति उसे जबरदस्ती नही ले सकता है। किसी दूसरे की जमीन कोई अन्य व्यक्ति नहीं बेच सकता। स्वामित्व योजना के अंतर्गत घरौनी का वितरण हो जाने से भूमि से संबंधित विवाद समाप्त हो जाएंगे। राज्यपाल महोदया ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को बिन ऋण अधिकतम रू0 05 लाख का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि युवा उद्यमी विकास योजना अन्तर्गत जिन व्यक्तियों को ऋण दिया गया है, उनका फीडबैक अवश्य लें, कि वे उस पैसे का उपयोग कहीं गलत जगह तो नही कर रहे हैं।


## कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-2, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक : 2541/EE-2/LJS
दिनांक:11.03.2025

### (अति-अल्पकालीन निविदा-सूचना)

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 18/03/2025 अपराह्न 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-2 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदाएँ दिनांक 18/03/2025 तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-2 के कार्यालय में अपराह्न 3:30 बजे तक सील्ड टेन्डर बॉक्स में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदाएँ दिनांक 18/03/2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन-2 के कार्यालय में खोली जायेगी।

1. जलकल विभाग, जोन-2 के अन्तर्गत मा0 सांसद (राज्यसभा) डॉ0 दिनेश शर्मा जी के भ0सं0-268/10, मास्टर कन्हैया लाल रोड, ऐशबाग से ब्रहमावती स्कूल, मास्टर कन्हैया लाल रोड के पीछे तक कुल 80 मीटर 350 एम0एम0 व्यास की सीवर लाइन बिछाने का कार्य धरोहर राशि रू0 13100.00 एवं निविदा मूल्य रू0 700.00

अधिशासी अभियन्ता, जोन-2
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ



## यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

(1) रेल गाड़ी के डिब्बों एवं इंजन पर गोबर, कीचड़ और पत्थर आदि न फेंके। आपके ऐसा करने से चालक/गार्ड व यात्री गम्भीर रूप से घायल हो सकते हैं। ऐसा करना कानूनन अपराध है।
(2) स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छता बनाये रखें।
(3) रेलवे ट्रैक एवं इसके आस-पास भीड़ एकत्रित न करें, यह खतरनाक हो सकता है।
(4) रेल यात्रा के दौरान कोई भी ज्वलनशील अथवा विस्फोटक वस्तु को साथ लेकर यात्रा न करें। यह भारतीय रेल अधिनियम के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है।
(5) गाड़ी की छत एवं पायदान पर यात्रा न करें, यह जानलेवा एवं दण्डनीय है।
(6) स्टेशन पर एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिये पैदल उपरिगामी पुल का प्रयोग करें।

मुजाधि/संरक्षा–05
पूर्वोत्तर रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

nerailwaygkp | nerailwaygkp | nerailwaygkp
@n.e.railwaygkp | www.ner.indianrailways.gov.in | @nerailwaygkp

# क्रॉम्पटन ने लॉन्च किया 'फ्रेश-मिक्स अल्ट्रा' अब ताजा फलों और सब्जियों का जूस निकालना होगा और भी आसान



**मुंबई।** भारत के उपभोक्ता टिकाऊ उत्पाद बाजार में अग्रणी क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने अपने नए फ्रेश-मिक्स अल्ट्रा जूसर को लॉन्च किया है। यह हाई-परफॉर्मेंस जूसर रोजमर्रा के उपयोग के लिए बेहतरीन है, जो विभिन्न प्रकार के फलों और सब्जियों से आसानी से अधिकतम जूस निकालने की क्षमता रखता है। आज के समय में उपभोक्ता अपने स्वास्थ्य और पोषण को लेकर पहले से ज्यादा जागरूक हो गए हैं। वे ऐसे उपकरण चाहते हैं, जो न केवल तेज़ी से काम करें, बल्कि गुणवत्ता से भी समझौता न करें। क्रॉम्पटन का नया जूसर इस जरूरत को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। चाहे सुबह की ऊर्जा के लिए हो या वर्कआउट के बाद ताजगी के लिए, यह जूसर तेज़, कुशल और पोषण से भरपूर जूस बनाने का भरोसेमंद समाधान देगा। फ्रेश-मिक्स अल्ट्रा जूसर को अधिकतम जूस निकालने और उपयोग में आसानी को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। इसकी यूनिक अपसाइड-डाउन सीव (छननी) जूस की मात्रा को बढ़ाने में मदद करती है, जबकि 72mm चौड़ा फीड च्यूट इसे आसानी से उपयोग करने और साफ करने में सहायक बनाता है। इस जूसर में ड्यूल जूसिंग मोड दिया गया है, जिससे फलों और सब्जियों दोनों के लिए बेहतरीन दक्षता सुनिश्चित होती है। इसके अलावा, जूस कलेक्टर जार और मल्टीपल पुशर्स जूस निकालने की प्रक्रिया को और भी आसान बना देते हैं। फूड-ग्रेड सामग्री से निर्मित, यह जूसर स्वास्थ्यवर्धक और स्वच्छ जूसिंग को प्राथमिकता देता है, जिससे यह एक स्वस्थ जीवनशैली के लिए आदर्श उपकरण बन जाता है।

इस जूसर में कई एडवांस्ड खूबियां हैं जिन्हें जूस निकालने के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है-

500-वाट की पावरट्रॉन मोटर - यह मजबूत मोटर आसानी से विभिन्न प्रकार के फलों और सब्जियों का जूस निकालने में सक्षम है।

ड्यूल जूसिंग मोड - दो अलग-अलग स्पीड मोड, जिसमें स्पीड 1 फलों के लिए और स्पीड 2 सब्जियों के लिए है, जिससे अधिकतम जूस निकाला जा सकता है।

वाइड और नैरो च्यूट ऑप्शंस - 72द्धद्ध चौड़ा च्यूट फलों के लिए और संकरा च्यूट सब्जियों के लिए, जिससे जूस निकालने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होती है।

बड़ा पल्प कलेक्टर - इसमें एक बड़ा पल्प कलेक्टर है, जिससे बिना रुके लंबे समय तक जूस निकाला जा सकता है।

2 साल की वारंटी - प्रोडक्ट और मोटर दोनों पर 2 साल की वारंटी, जो इसकी टिकाऊपन और ब्रांड के भरोसे को दर्शाती है।

क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड में स्मॉल डोमेस्टिक अप्लायंसेज के पीएल हेड, केतन चौधरी ने इस नए लॉन्च पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, क्रॉम्पटन में, हम उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करने और उनके अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इनोवेशन, सुविधा और विश्वसनीयता से भरपूर उत्पाद लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। फ्रेश-मिक्स अल्ट्रा जूसर का लॉन्च हमारी किचन अप्लायंसेज श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## शराब पीकर गाड़ी न चलाएँ



**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियम अल्कोहलिक बेवरेज इंडस्ट्री के प्रमुख समर्थक इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ मिलकर अपने 'नेवर ड्रिंक एंड ड्राइव' अभियान के अगले चरण की शुरुआत करके सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। जनवरी 2025 की शुरुआत में शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य उत्तर प्रदेश राज्य में शराब के ज़िम्मेदाराना सेवन को बढ़ावा देना और सड़क सुरक्षा को बढ़ाना है।उत्सवों में जश्न मनाने में सोच-समझकर निर्णय लेना शामिल है, विशेषकर शराब पीकर गाड़ी न चलाने का। पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, ISWAI के सीईओ संजीत पाधी ने कहा, होली खुशी और एकजुटता का समय है, लेकिन इस समय सड़क सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। ज़िम्मेदार लोग युवाओं से ज़िम्मेदारी से होली मनाने और नशे में गाड़ी चलाने से बचने का आग्रह करते हैं। #NeverDrinkAndDrive अभियान दुर्घटनाओं को रोकने और जीवन बचाने में व्यक्तिगत और सामूहिक जिम्मेदारी दोनों के महत्व पर प्रकाश डालता है। ISWAI लखनऊ के लोगों से सतर्क रहने, ज़िम्मेदार विकल्प चुनने और सभी के लिए सुरक्षित सड़कें सुनिश्चित करने के लिए शराब के नशे में गाड़ी चलाने से बचने का आग्रह किया है।

## ईएफ पॉलीमर बना द/नज प्राइज़: डीसीएम श्रीराम एगवाटर चैलेंज का विजेता, जीता 2 करोड़ रुपये का पुरस्कार



**लखनऊ।** डीसीएम श्रीराम फाउंडेशन और द/नज इंस्टीट्यूटने भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय के सहयोग से ईएफ पॉलीमर को डीसीएम श्रीराम एगवाटर चैलेंजका विजेता घोषित किया। छोटे किसानों के लिए पानी की बचत और कृषि उत्पादकता को बढ़ाने वाले अपने इनोवेटिव समाधानों के लिए ईएफ पॉलीमर को 2 करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया गया। यह सम्मान एक भव्य समापन समारोहमें प्रदान किया गया, जिसमें भारत के जी20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। इसके अलावा, फार्म2फोर्क टेक्नोलॉजीज के एग्री-टेक प्लेटफॉर्म, कल्टीवेटको भी विशेष मान्यता दी गई। सिंचाई को आसान बनाने और किसानों को बेहतर निर्णय लेने में मदद करने वालीस्मार्ट सिंचाई प्रणालियों के विकासमें उनके योगदान के लिए 25 लाख रुपये का पुरस्कारदिया गया। डीसीएमश्रीरामएगवाटरचैलेंज को जून2023 मेंलॉन्च किया गया था और इसी साल सितंबर में समूहकीशुरुआतहुई। इस चैलेंजकोभारतमें10 लाखछोटेकिसानोंको पानी का सही इस्तेमाल सिखाने,उनकी पैदावार एवं मुनाफे को बढ़ावा देने के लक्ष्य के साथ डिजाइन किया गया था। इसमें चार प्रमुख फसलों - गन्ने, गेहूं, धान और कपास जैसी फसलों पर ध्यान दिया गया जिसके लिए पानी की बहुत जरूरत होती है।

## शुद्धता की लड़ाई में टाटा नमक की जीतः 100 नमक के लेबोरेटरी टेस्ट में टाटा नमक को सबसे शुद्ध माना गया

टाटा नमक, 1983 से भारत का प्रमुख आयोडीन युक्त नमक ब्रांड रहा है और इसने अपने प्रोडक्ट की शुद्धता की अपनी विरासत को कायम रखा है। लेबोरेटरी में हुए टेस्ट के दौरान, टाटा नमक देश भर के 100 नमक में सबसे शुद्ध नमक के रूप में उभरा है। इससे टाटा नमक, देश में शुद्धता और क्वालिटी के मानक के रूप में स्थापित होता है। टाटा नमक, बेहतरीन क्वालिटी मुहैया कराने के प्रति प्रतिबद्ध रहा है और यह नमक उद्योग में श्रेष्ठता का प्रतीक है। इस पहल के ज़रिये, टाटा नमक, आत्मविश्वास से अपनी श्रेष्ठता का दावा करता है, जिसकी तुलना देश भर के नमकों से की जाती है। इसलिए टाटा नमक उन उपभोक्ताओं के लिए पहली पसंद रहा है, जो शुद्धता और बेहतरीन क्वालिटी चाहते हैं । टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स में अध्यक्ष, पैकेज्ड फूड्स- इंडिया, दीपिका भान ने अपनी टिप्पणी में कहा, टाटा नमक की शुद्धता और क्वालिटी के प्रति प्रतिबद्धता इस बात का प्रमाण है कि हम उत्तर प्रदेश के लोगों के हित के प्रति समर्पित हैं। टाटा नमक शुद्धता का प्रतीक है। ब्रांड ने इस क्षेत्र में नमक की क्वालिटी के लिए स्वर्णिम मानक स्थापित किए हैं। कड़े मानकों और प्रोडक्ट की क्वालिटी पर ध्यान देकर, हम यह प्रयास करते हैं कि उत्तर प्रदेश के हर घर में सही मात्रा में आयोडीन और सिर्फ बेहतरीन क्वालिटी वाला नमक ही पहुंचे। टाटा नमक की इस सक्रिय पहल से नमक उद्योग में टाटा नमक की अग्रणी स्थिति भी मज़बूत होती है। टाटा नमक वैज्ञानिक परीक्षण का समर्थक है और क्वालिटी को प्राथमिकता देता है। ब्रांड की इस प्रतिबद्धता से उपभोक्ताओं को वह भरोसा और आश्वासन मिलता है जिसके वे हकदार हैं और यह पहल टाटा साल्ट को भी इस क्षेत्र में शुद्धता के प्रतीक के रूप में स्थापित करती है।

## नवाबों के शहर लखनऊ में बजाज गोगो की पहली डिलीवरी



**लखनऊ।** दुनिया की सबसे मूल्यवान 2-व्हीलर और 3-व्हीलर कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड ने आज नवाबों के शहर लखनऊ में अपने क्रांतिकारी गोगो इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स के 51 यूनिट डिलीवर किए। बजाज गोगो को शानदार शुरुआत मिली है, जहां डिलीवरी के पहले ही दिन 200 बुकिंग्स हो चुकी हैं। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा ईवी मार्केट है, इसलिए लखनऊ गोगो के लॉन्च के लिए सबसे सही जगह है, जो देश के केंद्र में शहरी परिवहन के नए दौर की शुरुआत कर रहा है। गोगो नाम ड्राइवरों और उनके तीन पहिया वाहनों के बीच के खास जुड़ाव से प्रेरित है, साथ ही दुनिया भर में ग्राहक तीन पहिया वाहनों को अनौपचारिक रूप से जिस तरह संबोधित करते हैं, उसी से इसकी पहचान बनी है।

**शहरी परिवहन के नए और पर्यावरण अनुकूल दौर की शुरुआत**

नया बजाज गोगो तीन वेरिएंट्स में उपलब्ध है - P5009, P5012 और P7012। इन वेरिएंट्स के नामों में 'P' यात्री वाहन को दर्शाता है, '50' और '70' आकार के संकेतक हैं, जबकि '09' और '12' क्रमशः 9 kWh और 12 kWh बैटरी क्षमता को दर्शाते हैं। बजाज गोगो देश के तेज़ी से बदलते 3-व्हीलर उद्योग का प्रतीक है और ब्रांड के 'सतत आगे बढ़ने' के संकल्प को दर्शाता है, जो भारतीय संस्कृति से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह नई पीढ़ी के उत्साह और उन्नत तकनीक का मेल है, जिसे बजाज ऑटो के भरोसेमंद मूल्यों और वर्षों से स्थापित विश्वास का समर्थन प्राप्त है।

**टेक ऑन द गो**

नई श्रृंखला एक भरोसेमंद और पर्यावरण अनुकूल परिवहन का माध्यम है, जिसमें ये फीचर्स शामिल हैं-

इस श्रेणी में सबसे लंबी रेंज- एक बार चार्ज करने पर 251 किमी तक चलने की क्षमता।

आकर्षक डिज़ाइन और मजबूत मेटल बॉडी।

टू-स्पीड ऑटोमेटेड ट्रांसमिशन, जिससे अतिरिक्त रेंज मिलती है और वाहन की चढ़ाई करने की क्षमता बेहतर होती है।


ऑटो हज़ार्ड और एंटी-रोल डिटेक्शन- बजाज गोगो यह फीचर्स स्टैंडर्ड रूप में देने वाला पहला ई-ऑटो है।

एलईडी लाइट्स और हिल होल्ड असिस्ट।

बैटरी पर 5 साल की वारंटी।

जो ग्राहक स्टैंडर्ड फीचर्स से ज्यादा सुविधाएं चाहते हैं, उनके लिए 'प्रीमियम टेकपैक' में रिमोट इम्मोबिलाइजेशन, रिवर्स असिस्ट और कई अन्य उन्नत फीचर्स उपलब्ध हैं।

## बेहतरीन प्रदर्शन और गेमिंग एक्सपीरियंस के लिए आईकू ने अपना आईकू नियो 10R किया लॉन्च



**नई दिल्ली।** हाई-परफॉरमेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने आज अपने नए पावरहाउस आईकू नियो 10R के लॉन्च की घोषणा की। नए मानक स्थापित करते हुए, आईकूनियो 10R कॉलेज के छात्रों, तकनीक के प्रति उत्साही और युवा गेमर्स के लिए बनाया गया है। स्मार्टफोन में नवीनतम स्नैपड्रैगन 8s जनरेशन3 मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म, अल्ट्रा-स्मूथ स्टेबल 90FPS, गेमिंग के लिए 144H5 रिफ्रेश रेट और सेगमेंट की सबसे स्लिम6400mAh बैटरी सहित मॉडर्न फेसिलिटीस उपलब्ध हैं। आईकूनियो 10R की कीमत 8+128 GB वैरिएंट के लिए INR 26,999 (नेट इफेक्टिव कीमत: INR 24,999) है, 8+256 वैरिएंट के लिए INR 28,999 (नेट इफेक्टिव कीमत: INR 26,999) और 12+256 वैरिएंट के लिए INR 30,999 (नेट इफेक्टिव कीमत: INR 28,999) है। यह दो कलर आप्शन में उपलब्ध होगा रेजिंग ब्लू और मूननाइट टाइटेनियम। इसके अलावा, आईकूनियो 10R अभी प्री-बुकिंग के लिए उपलब्ध है और 19 मार्च को दोपहर 12 बजे आईकूई-स्टोर और Amazon.in पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। नियो सीरीज़ के नए प्रोडक्ट - आईकू Neo 10R के बारे में बात करते हुए, आईकूके सीईओ निपुण मार्या ने कहा आईकूमें, हम ऐसे हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन देने के लिए समर्पित हैं जो यूज़र्स का अनुभव बेहतर बनाते हैं। खासतौर पर कॉलेज के छात्रों और युवा गेमर्स के लिए डिज़ाइन किया गया यह फोन शक्तिशालीप्रोसेसर, स्मार्ट ऑप्टिमाइजेशन, इमर्सिव गेमिंग अनुभव और लंबी बैटरी लाइफ देता है, जो उनकी तेज़ लाइफस्टाइल के साथ आसानी से चलता है।

## एसएस इनोवेशन्स ने दूसरे ग्लोबल एसएमआरएससी 2025 में किया भारत की पहली मोबाइल टेली-सर्जिकल युनिट मंत्राएम का अनावरण



**नई दिल्ली।** भारत के पहले और एकमात्र स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्रा के निर्माता एसएस इनोवेशन्स ने गुरूग्राम स्थित द लीला में दूसरे ग्लोबल एसएसआई मल्टी-स्पेशलटी रोबोटिक सर्जरी कॉन्फ्रेन्स (एसएमआरएससी) 2025 का आयोजन किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में दुनिया भर से 1200 से अधिक प्रख्यात चिकित्सा पेशवर शामिल हुए, जिन्हें इस मंच के माध्यम से रोबोटिक सर्जरी की बदलावकारी क्षमता के बारे में जानने का अवसर मिला। एसएमआरएससी 2025 में की गई एक महत्वपूर्ण घोषणा के तहत एसएस इनोवेशन्स ने एसएसआई मंत्रा टेली-सिंक मोबाइल युनिट -''एसएसआई मंत्राएम' का अनावरण किया- अपनी तरह की अनूठी यह पहल भारत में रोबोटिक सर्जरी और टेलीमेडिसिन में नया बदलाव लेकर आएगी। यह आधुनिक मोबाइल टेली-सर्जिकल युनिट चिकित्सा तकनीक के आधुनिकीकरण, चिकिसा सेवाओं की बुनियादी सुविधाओं को नया आयाम देने और आधुनिक सर्जिकल देखभाल की पहुंच बढ़ाने के लिए एसएस इनोवेशन्स की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## मेदांता लखनऊ ने शुरू की होम सैंपल कलेक्शन सेवा, 60 मिनट में घर से होगा सैंपल कलेक्ट



**लखनऊ।** स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने के लिए मेदांता लखनऊ ने 'होम सैंपल कलेक्शन' सेवा शुरू की है। 'मेदांता लैब्स' के तहत मरीजों को 60 मिनट के भीतर घर से ही सैंपल कलेक्ट कराने की सुविधा मिलेगी, जिससे उन्हें अस्पताल जाने की आवश्यकता कम होगी। रविवार को शहीद पथ, पावर हाउस के पास, हरिहरपुर, लखनऊ में इस सेवा का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. राम कीर्ति सरन ने इसे स्वास्थ्य सुविधाओं को घर-घर तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा, यह सेवा बुजुर्गों, गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों और व्यस्त जीवनशैली वाले लोगों के लिए लाभकारी साबित होगी। अब मरीजों को केवल एक कॉल पर घर बैठे जांच की सुविधा मिलेगी, जिससे उनका समय और ऊर्जा बचेगी।

मरीज इस सेवा का लाभ ऑनलाइन बुकिंग या कस्टमर केयर हेल्पलाइन के माध्यम से उठा सकते हैं। बुकिंग के तुरंत बाद अस्पताल की टीम प्रशिक्षित फील्ड एजेंट को मरीज के घर भेजेगी, जो पूरी सावधानी के साथ सैंपल एकत्र करेगा।

## एआईजीएफ, एफआईएफएस और ईजीएफ ने जिम्मेदार गेमिंग प्रथाओं और उपयोगकर्ता सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त रूप से आचार संहिता को अपनाया



**नई दिल्ली।** सुरक्षित और जिम्मेदार गेमिंग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन, फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स और ई-गेमिंग फेडरेशन (EG ने आज संयुक्त रूप से एक 'आचार संहिता' पर हस्ताक्षर किए। CoE का उद्देश्य जिम्मेदार गेमिंग और विज्ञापन नीतियों के कार्यान्वयन के माध्यम से पूरे उद्योग में उपयोगकर्ता सुरक्षा के सुसंगत मानकों को लागू करना है और जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वार्षिक तृतीय-पक्ष ऑडिट और व्यापक रिपोर्टिंग तंत्र को अनिवार्य बनाना है। सीओई को वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के आधार पर बनाया गया है और यह जिम्मेदार गेमिंग के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करता है जैसे कि आयु-सीमा, कठोर केवाईसी को अपनाना और उपयोगकर्ता द्वारा निर्धारित खर्च सीमा और स्व-बहिष्कार को सक्षम करना। यह उन सभी ऑनलाइन गेमिंग ऑपरेटरों पर लागू होगा जो महासंघों के सदस्य हैं और भारत में कौशल-आधारित वास्तविक-पैसे वाली गेमिंग सेवाएँ प्रदान करते हैं और 50 करोड़ से अधिक भारतीय गेमर्स के हितों की रक्षा करते हैं। 100 करोड़ रुपये या उससे ज़्यादा सालाना आय वाले गेमिंग ऑपरेटरों को हस्ताक्षर की तारीख़ से छह महीने के भीतर कोड को लागू करना होगा।

## हाथरस के पहले ज़ीरो वॉटर फ्लोआउट गाँव का उद्घाटन, जो जल संरक्षण को प्रोत्साहित करेगा



**हाथरस।** पेप्सिको इंडिया ने पंडित जगत राम मेमोरियल फोर्स ट्रस्ट के सहयोग से उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के चिंतागढ़ी गाँव में गाँव का पानी गाँव में मॉडल गाँव का उद्घाटन किया। यह पहल 'वाटरशेड हेल्थ इनिशिएटिव' के तहत की गई, जो जल संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही है। विश्व जल दिवस 2025 से पहले आयोजित इस कार्यक्रम में हाथरस ब्लॉक के 10 गाँवों में जल सुरक्षा से जुड़ी पहलों की सफलता को प्रस्तुत किया गया, जिससे 2,300 से अधिक किसान परिवारों को लाभ मिला है।पेप्सिको इंडिया की साझेदारी से प्रगति की सोच के अनुरूप, यह पहल कंपनी की सतत विकास और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसमें स्थानीय भागीदारों और हितधारकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

वाटरशेड हेल्थ इनिशिएटिव के तहत हर साल लगभग 8.12 करोड़ लीटर पानी संरक्षित किया गया है, जिससे 45 जल-संरक्षणीय फार्म विकसित किए गए और किसानों की आजीविका में सुधार हुआ।चिंतागढ़ी मॉडल गाँव सतत जल संरक्षण का एक आदर्श उदाहरण है, जहाँ वर्षा जल संचयन संरचनाएँ, एक पुनर्जीवित तालाब, जल-संरक्षणीय खेती, और व्यापक सामुदायिक जागरूकता अभियान शामिल हैं।

## डायसन में ग्लोबल हेड ऑफ एजुकेशन, एमी जॉनसन बता रही हैं, होली के लिए हेयरस्टाईल



डायसन की ग्लोबल हेड ऑफ एजुकेशन एमी जॉनसन बता रही हैं कि आप डायसन के साथ होली के लिए कौन से हेयरस्टाईल बना सकती हैं

ब्रेडेड बनः इस होली पर स्टाईलिश ब्रेडेड बन के साथ बालों की हिफाजत करते हुए चिक लुक प्राप्त करें। डायसन एयरस्ट्रेट स्ट्रेट्नर की मदद से आप अपने बालों को भागों में बाँट सकती हैं और उन्हें वेट से ड्राई में स्टाईल कर स्मूथ, स्लीक फिनिश प्राप्त कर सकती हैं। आपके बाल पूरी तरह से सूख जाने और स्ट्रेट हो जाने के बाद उन्हें अपनी पसंद के अनुरूप अपने सिर के पीछे या सिर के ऊपर जूड़े में बांध लें। पहले बालों को पारंपरिक तीन चोटियों में बुनें, जिसके सिरों पर रबर लगा दें। फिर इन चोटियों से जूड़ा बना लें और उसे बॉबी पिन से कस दें।

स्कार्फ के साथ ऊँचा जूड़ाः होली पर एक व्यवहारिक हेयरस्टाईल पाने के लिए सबसे ऊपर गाँठ बांधें। पहले डायसन सुपरसोनिक हेयर ड्रायर के एयर अटैचमेंट्स द्वारा अपने बालों को सुखा लें ताकि वो बिखरें या आपस में उलझें नहीं। इससे सिर के ऊपर जूड़ा बनाने के लिए परफेक्ट स्मूथ बेस बन जाएगा। फिर बालों को सिर के ऊपर की ओर बांध लें और गाँठ लगा लें। इसके बाद हेयर टाई लगाकर इसे कस दें। फिर गाँठ के बेस पर एक स्कार्फ लपेटकर बालों को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करें।

फिशटेल ब्रेडः होली के लिए फिशटेल ब्रेड का हेयरस्टाईल सदाबहार है। यह चिक और प्रैक्टिकल स्टाईल पारंपरिक जूड़ों को आधुनिक ट्विस्ट प्रदान करता है, जिससे आपके बाल सुरक्षित रहते हैं और उनमें रंगों का असर सबसे कम होता है। बेहतरीन लुक के लिए बालों को दो भागों में बाँट लें, फिर फिशटेल ब्रेडिंग तकनीक से शुरुआत करें। हर भाग के बाहरी बालों को विपरीत दिशा में ले जाएं। फिर सिरों पर टाई लगाकर उन्हें कस दें।

## टीटीके प्रेस्टीज ने लॉन्च किया नया एयरफ्लिप टू-इन-वन- फायर एंड ग्रिल




**नई दिल्ली।** टीटीके प्रेस्टीज, भारत के प्रमुख किचन अप्लायंसेज ब्रैंड, ने आधुनिक रसोई के लिए अपना नया उपकरण, एयरफ्लिप टू-इन-वन एयर फ्रायर एंड ग्रिल लॉन्च किया है। एयरफ्लिप किचन टेक्नोलॉजी में महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। एयरफ्लिप टू-इन-वन एयर फ्रायर एंड ग्रिल से तरह-तरह का स्वादिष्ट खाना बेहद कम समय में बनाया जा सकता है। एयरफ्लिप में कई शानदार फीचर्स हैं, जो नए जमाने की कुकिंग की जरूरत को पूरा करते हैं। इसमें 4.5 लीटर का ग्लास एयर फ्राइंग बास्केट है, जिससे 360 डिग्री के एंगल से खाना बनने की पूरी प्रक्रिया दिखती है। प्रीमियम ग्रिल पैन के साथ ग्लास लिड है, जो ग्रिलिंग के समय परफेक्ट रिजल्ट देता है। डिजिटल कंट्रोल पैनल में 5 प्री-सेट कुकिंग मोड्स हैं, जो कुकिंग को आसान बनाते हैं। इसमें खाना पकाने में स्मोक-फ्री हीटिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है जिससे साफ-सुथरी कुकिंग होती है।1500 वॉट का पावरफुल हीटिंग एलिमेंट तेज और असरदार तरीके से खाना पकाता है। रोटेटिंग कंट्रोल इंटरफेस से आसानी से एयर फ्राइंग और ग्रिलिंग मोड में स्विच कर सकते हैं। कंट्रोल पैनल अपने आप मोड के हिसाब से एडजस्ट हो जाता है, जिससे इसे चलाना बहुत आसान है। एयरफ्लिप की दोहरी सुविधा जगह बचाने वाले किचन अप्लायंसेज की बढ़ती मांग को पूरा करती है। यह रसोई में कम जगह घेरता है, और शानदार परफॉर्मेंस देने के मामले में कोई समझौता नहीं करता। एयर फ्रायर मोड में इसके 4.5 लीटर के बास्केट में काफी लोगों के लिए बिना तेल के या बहुत कम तेल में स्वादिष्ट और सेहतमंद खाना पकाया जा सकता है। इसमें आप चटपटे और कुरकुरे स्नैक्स से लेकर पूरा खाना बना सकते हैं। ग्रिल मोड में इसका ग्रिल पैन और पारदर्शी ढक्कन परफेक्ट ग्रिलिंग रिजल्ट देता है। कांच का ढक्कन हटाए बिना भी आप इसमें खाना बनते हुए देख सकते हैं। इससे कुकिंग में कोई रुकावट नहीं आती और खाना सही तरीके से पकता है। टीटीके प्रेस्टीज ने एयरफ्लिप की कीमत 12,595 रुपये रखी है, जो सभी को आकर्षित करती है। यह प्रीमियम कुकिंग टेक्नोलॉजी को हर घर तक पहुंचाने का प्रयास है। इस प्रॉडक्ट के साथ एक साल की वारंटी मिलती है। इससे टीटीके प्रेस्टीज की क्वॉलिटी और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट नजर आती है। एयरफ्लिप सभी प्रमुख रिटेल स्टोर्स और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। एयरफ्लिप जैसी नई और आधुनिक तकनीक भारतीय घरों में कुकिंग के तरीके को पूरी तरह बदल सकती है। टीटीके प्रेस्टीज का यह नया प्रोडक्ट भारतीय किचन की जरूरतों और बदलती लाइफस्टाइल को लेकर कंपनी की समझ को दर्शाता है। एयरफ्लिप टू-इन-वन एयर फ्रायर एंड ग्रिल की खाना पकाने की दोहरी सुविधा और टीटीके प्रेस्टीज के भरोसेमंद ब्रांड ने इसे एक जरूरी किचन अप्लायंसेज बना दिया है।

## नियमित सोने के रूटीन न होने के कारण नींद से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है

**लखनऊ।** वर्ल्ड स्लीप डे से पहले, YouGov और Amazon Alexa ने भारतीय लोगों के सोने के रूटीन को समझने के लिए लगभग 10 शहरों में एक सर्वे किया। इस सर्वे के अनुसार, 53% लोग नियमित सोने के रूटीन न अपनाने पर नींद से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करते हैं। ज़्यादातर वयस्क लोग सक्रिय रूप से समय पर सोने के रूटीन का पालन करते हैं। लगभग 54% लोगों ने नियमित सोने के रूटीन को अपनाने पर नींद में स्पष्ट सुधार देखा है। 52% सर्वे में शामिल लोग नियमित सोने का समय और सोने से पहले की आदतों का पालन करते हैं। 86% सर्वे में शामिल लोग रोज़ाना रात 8 बजे के बाद अपने सोने का रूटीन शुरू करते हैं, जिसमें से 53%लोग रात 10:30 बजे के बाद इसे शुरू करना पसंद करते हैं। सोने से पहले की सबसे आम गतिविधियों में वीडियो कंटेंट देखना (63%), परिवार और दोस्तों से जुड़ना (59%), पॉडकास्ट, संगीत या ऑडियोबुक सुनना (58%) और सोशल मीडिया ऐप्स स्क्रॉल करना (57%) शामिल हैं। इन गतिविधियों का पालन करने में ज़्यादातर वे घर हैं जहां केवल पति- पत्नी रहते हैं। हर दो में से एक व्यक्ति सोने के रूटीन को सेट करने के लिए वॉयस असिस्टेंट का इस्तेमाल करता है। 35 से 45 वर्ष के लोग 25 से 34 वर्ष के लोगों की तुलना में वॉयस असिस्टेंट का ज़्यादा इस्लेमाल करते हैं। Alexa India की कंट्री मैनेजर, टीना सिडाना ने बताया कि, लगभग सभी लोग आजकल सोने के सही रूटीन को अपना रहें हैं। जिसमें स्मार्ट टेक्नोलॉजी, खासकर वॉयस असिस्टेंट जैसे Alexa, लोगों को उनके सोने के रूटीन को सेट करने के लिए काफी मशहूर हो रही है। पर्सनलाइज्ड वॉयस एआई अनुभव, सोने से पहले हाथ में पकड़ने वाले स्क्रीन डिवाइसेस का एक बेहतर विकल्प बनकर उभर रहे हैं। चाहे ध्यान सत्र या सुकून देने वाली आवाज़ें चलाना हो, ऑडियोबुक या संगीत सुनना हो, रिमाइंडर और अलार्म सेट करना हो, या कमरे के सोने के माहौल को एडजस्ट करने के लिए स्मार्ट डिवाइसेस को कंट्रोल करना हो, लोग अपने सोने के रूटीन में Alexa का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## कल्याण ज्वैलर्स ने ब्रांड न्यू शोरूम के साथ रायबरेली में की शानदार एंट्री



**रायबरेली।** भारत के सबसे भरोसेमंद और अग्रणी आभूषण ब्रांडों में से एक कल्याण ज्वैलर्स ने रायबरेली में सिविल लाइंस के सरस होटल क्रॉसिंग के पास अपना नया शोरूम शुरू किया है। यह विस्तार उत्तर प्रदेश में ब्रांड की उपस्थिति को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शोरूम में कल्याण ज्वैलर्स के बेहतरीन डिज़ाइनों की एक श्रृंखला उपलब्ध है, जिसमें मुहूर्त (वेडिंग ज्वैलरी लाइन), मुद्रा (हैंडक्राफ्टेड एंटीक ज्वैलरी), निमाह (टेम्पल ज्वैलरी) और कई अन्य लोकप्रिय घरेलू ब्रांड और बेहतरीन डिजाइनों का संग्रह उपलब्ध है।

नए शोरूम के बारे में बात करते हुए कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा, एक कंपनी के रूप में हमने कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं और अपने ग्राहकों के खरीदारी अनुभव को बेहतर बनाने के लिए हर जतन करते हुए लगातार एक बेजोड़ इकोसिस्टम तैयार कर रहे हैं। अपनी विकास यात्रा के इस अगले चरण में हमें रायबरेली में अपने नए शोरूम के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। हम कंपनी के विश्वास और पारदर्शिता के मूल मूल्यों के प्रति सच्चे रहते हुए अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ खरीदारी की पेशकश जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

लॉन्च इवेंट में कल्याण ज्वैलर्स के एक्सक्लूसिव लाइफस्टाइल ज्वेलरी ब्रांड कैनडियर को भी लांच किया गया, जो कंपनी की पेशकशों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अपने ट्रेंडी ज्वैलरी और समकालीन डिजाइनों के लिए मशहूर कैनडियर हल्के वजन के ज्वैलरी कलेक्शन पेश करता है जो आज की जेन जेड, कामकाजी महिलाओं और स्टाइल के दीवाने पुरुषों की पसंद को पूरा करते हैं। 10,000/- रुपये से शुरू होने वाली कीमतों के साथ कैनडियर के आभूषण आदर्श उपहार हैं। डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड के रूप में अपनी शुरुआत से लेकर ओमनी-चैनल रिटेलर के रूप में अपने विकास तक, कैनडियर ऑनलाइन शॉपिंग की सुविधा को एक फिजिकल स्टोर के स्पर्श और अनुभव पहलू के साथ जोड़ने को प्राथमिकता देता है।

लक्जरी माहौल और अनगिनत डिजाइनों का संग्रह - नए शोरूम में कल्याण ज्वैलर्स के साथ कैनडियर के विभिन्न सिग्नेचर ज्वैलरी कलेक्शन का शानदार संग्रह है, जो ग्राहकों को एक अनोखा शॉपिंग अनुभव प्रदान करेगा।

विशेष ऑफर - इस अवसर पर कंपनी ने घोषणा की है कि सभी उत्पादों पर आधे क्रय मूल्य पर 0त्न मेकिंग चार्ज होगा। इसके अलावा, कल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेट - जो बाजार में सबसे कम है और सभी कंपनी शोरूम में एक समान है - भी लागू होगा।

## मान्यवर कांशीराम जयंती की तैयारी को बसपा ने सभी विधानसभाओं में की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** मंगलवार को जिले की सभी विधानसभाओं में बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा इकाई के पदाधिकारियों और सेक्टर अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 15मार्च को बसपा के संस्थापक मान्यवर कांशीराम की जयंती की तैयारी पर चर्चा हुई। विधानसभा कमेटियों का पुनर्गठन किया गया। 15मार्च को कार्यकर्ताओं और बसपा समर्थकों से कांशीराम स्मारक स्थल लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया गया। बैठकों में बसपा की नीतियों और उपलब्धियों पर संवाद हुआ।मिशन-2027की तैयारी में संगठन की सेक्टर और बूथ कमेटियों के पुनर्गठन और गांव गांव कैडर बैठक करने की योजना तैयार की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं ने मान्यवर कांशीराम साहब को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की मांग भी दोहराई। जिला प्रभारी सर्वेंद्र अम्बेडकर ने कहा की बहुजन समाज पार्टी देश की एक मात्र राजनीतिक पार्टी है जो भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं के अनुरूप शासन व्यवस्था की स्थापना के लिए संघर्षरत है। सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय बसपा की नीति है।देश में कानून का राज कायम करते हुए लोगों को आत्म सम्मान और स्वाभिमान की जिंदगी की गारंटी बसपा का मिशन है। अमेठी, गौरीगंज, तिलोई और जगदीशपुर में अलग अलग बैठकें आयोजित की गई।

# होली पर्व : दो सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 06 जोनल व 38 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी होलिका दहन व होली का पर्व 13 व 14 मार्च को बड़ी श्रद्धा व धूम-धाम से मनाया जाएगा। शुक्रवार को जुम्मे की नमाज भी पढ़ा जायेगा। उक्त त्यौहार पर विशेष सतर्कता बरतते हुए शान्ति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ बनाए रखने हेतु जिला मजिस्ट्रेट विशाल भारद्वाज ने सुपर जोनल मजिस्ट्रेट/जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट तहसील/पुलिस चौकीवार तैनात किए है।

जिला मजिस्ट्रेट ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा, संपूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज, हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) वैभव मिश्रा को नामित किया है, तथा सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना, खड्डा व कप्तानगंज हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक प्रेम कुमार राय को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया हेतु उप जिलाधिकारी कसया को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है, इसी प्रकार संपूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट हाटा को, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट तमकुहीराज को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट पडरौना को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र खड्डा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट खड्डा को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र कप्तानगंज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट कप्तानगंज को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है।

सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में 38 अधिकारियों को नामित किया गया है जिसके अंतर्गत तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य जनपद, ब्लॉक, तहसील स्तरीय अधिकारियों को पुलिस चौकी वार, कस्बा चौकी वार, प्रमुख चौक वाइज नामित नामित किए हैं। इसके अलावे रिजर्व में 05 जोनल व 05 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित किए है। उन्होनें बताया कि समस्त मजिस्ट्रेट अपने-अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लेगे कि किसी भी होलिका दहन या होली स्थल पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत वहां कोई विवाद ना हो तथा सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। यदि कोई शान्ति व्यवस्था में बाधा आती है, तो उसके सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी को अवगत कराए तथा सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट व थाना प्रभारी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर वस्तुस्थिति से भी अवगत कराएंगे तथा सम्बन्धित चौकी क्षेत्र/थाना क्षेत्र में ही उपस्थित रहेगें तथा भीड़ वाले स्थलों तक कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करेगें। वर्तमान समय में धारा 163 लागू है। उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट कुशीनगर में इसके लिए एक कन्ट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका सम्पर्क नम्बर-05564-240590 है। कन्ट्रोल रूम की प्रभारी, श्री नीरज कुमार गौड़ सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधन सहकारिता, कुशीनगर-7800296766 व आलोक कुमार प्रियदर्शी जिला पंचायत राज अधिकारी, कुशीनगर मो-7834948507 को बनाया गया है जो अपने-अपने स्टॉफ के साथ कन्ट्रोल रूम में उपस्थित रहेगें तथा प्रत्येक अधिकारियों को फोन कर उनकी लोकेशन प्राप्त कर जिलाधिकारी को अवगत कराएंगे।

## आग से तीन झोपड़ियां खाक नगदी 1.33 लाख रुपए भी जले



आग से जली झोपड़ियां

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के दुबौली गांव में मंगलवार की दोपहर को अज्ञात कारणों से लगी आग से तीन लोगों की झोपड़ी जलकर पूरी तरह राख हो गई।

आसपास के लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग को बुझा पाए। इस आगलगी में जवाहिर का घर में रखा एक लाख 33 हजार रुपए भी जला गया। आग से अनाज, नगद, आभूषण, कपड़े, बर्तन सहित गृहस्थी का सारा सामग्री जल गया। ग्राम प्रधान पंकज मल्ल ने राजस्व विभाग को इसकी सूचना दिए। बता जा रहा है कि उक्त थाना क्षेत्र के दुबौली गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में विजय शंकर, जवाहिर व रमाशंकर की झोपड़ी धू धू कर जलने लगी। देखते ही देखते रिहायशी झोपड़ियां जल कर राख हो गई। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है आग लगने से लाखों का नुकसान भी हुआ है। आग में अनाज, नगदी रु, जेवर आदि के नुकसान की खबर है, ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया है। ग्राम प्रधान पंकज मल्ल मौके पर पहुंच स्थानीय थाने और तहसील प्रशासन को अवगत कराया है। बताया जा रहा है कि इस अग्निकांड में लाखों रुपए की छती हुई है।

# जिला संयुक्त चिकित्सालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



जिला अस्पताल चाइल्ड रूम का निरीक्षण करते डीएम

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा आज जिला संयुक्त चिकित्सालय संबद्ध स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान ओपीडी कक्ष, चिकित्सक कक्ष संख्या 7,8,9,10 का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित चिकित्सकों/ मरीजों से संवाद कर उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं, पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता आदि के बारे में जाना। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की उपस्थिति, मेडिकल वार्ड, रेडियोलॉजिस्ट कक्ष, महिला वार्ड/पुरुष वार्ड, फिजियोथैरिपी कक्ष, औषधि वितरण कक्ष, आपातकालीन वार्ड, दवा स्टोर एवं स्टॉक रुम, विशिष्ट ऑपरेशन वार्ड, एस एन सी यू वार्ड, किचेन रुम, नर्स ड्यूटी कक्ष समेत अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड में मरीजों से दवा और डॉक्टरों के द्वारा रेगुलर चेक अप के बारे में पूछताछ की। जिलाधिकारी द्वारा मरीजों से वार्ता कर उसके बीमारी के संबंध में जानकारी ली गई तथा जांच आदि के संबंध में उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से जानकारी लेने उपरांत आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। विशिष्ट ऑपरेशन वार्ड में एक्स रे कक्ष व आपातकालीन कक्ष में चिकित्सक व स्टाफ मौजूद पाए गए औषधि स्टॉक एवं वितरण कक्ष का निरीक्षण कर कालाजार, एंटीवेनम, एंटी रेबीज दवाओं के स्टॉक तथा अन्य दवाओं की उपलब्धता तथा उनकी एक्सपायरी तिथि का निरीक्षण जिलाधिकारी ने किया। प्रतिदिन निकलने वाले दवाओं की जानकारी सहित प्रतिदिन ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या के बारे में भी पूछताछ की। मरीजों के लिए बनने वाले भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण सहित मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी भी ली गई। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी द्वारा मरीजों के लिए उपलब्ध बेड की व्यवस्था, वार्डों के फर्श की सफाई, शौचालय की व्यवस्था एवं अन्य कमरों की साफ-सफाई की व्यवस्था भी देखी गई तथा सभी पैरामेडिकल स्टाफ, चिकित्सकों को ड्यूटी के दौरान समुचित ड्रेस कोड में रहने, सभी प्रकार के दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए एवं पूरे अस्पताल परिसर को साफ सुथरा रखने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी द्वारा पैरामेडिकल स्टाफ अन्य चिकित्सकों को समय से शत प्रतिशत उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया।

# तमकुहीराज विधायक व भाजपा नेता के बीच नोंकझोंक, फेंकी कुर्सियां, मारपीट पर उतारू

अवधनामा ब्यूरो



विधायक तमकुही डॉ असीम राय



भाजपा नेता विजय राय

- मांगलिक कार्यक्रम स्थल बना कुरुक्षेत्र
- पहले बहस, फिर नोकझोंक के बाद हाथापाई के साथ मारपीट पर हुए उतारु

**कुशीनगर।** कभी कार्यकत्ताओं से तू-तू मै-मै, तो कभी प्रभारी मंत्री के मौजूदगी में पत्रकारों से सीधे भिड़ने के कारण हमेशा चर्चा में रहने वाले सत्ता दल के तमकुहीराज विधायक डॉ असीम राय अपने आदतन एक बार फिर चर्चा में है। इस बार चर्चा का सबब है अपने ही पार्टी के नेता व पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजय राय से नोक झोंक कर लिए। नतीजतन मांगलिक कार्यक्रम स्थल पर दोनो नेताओं के बीच बहस से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हाथापाई के बाद कुरुक्षेत्र में बदल गया और फिर दोनो ओर से कुर्सियां उछलने लगी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और मेजवान के बीच बचाव के बाद मामला किसी तरह शांत हुआ।

पटहेरवा थाना क्षेत्र के बगही गांव में शिवाजी राय के घर सोमवार की रात मांगलिक कार्यक्रम आयोजित था। वहा भाजपा नेता व पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजय राय पहले से अपने समर्थकों के साथ मौजूद थे। इसी दरम्यान सत्ता दल के तमकुहीराज विधायक डॉ. असीम कुमार राय अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो विधायक डॉ. राय को देखकर पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजय राय नमस्ते बोलकर अभिवादन किया जिसके जवाब में विधायक असीम राय ने कटाक्ष करते हुए टिप्पणी की। इसको लेकर पूर्व प्रमुख व विधायक मे पहले बहस शुरू हुई जो तीखी नोक झोंक के साथ बात इतनी बढ गई कि एक पक्ष ने गाली-गलौज शुरू कर दिया और देखते ही देखते दोनो पक्ष आमने-सामने होकर हाथापाई के साथ मारपीट पर उतारू हो गए। इसके बाद कुरुक्षेत्र मे तब्दील मांगलिक कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। मेजवान और कार्यक्रम मे मौजूद लोग बीच बचाव कर मामला शांत कराने का प्रयास किया किन्तु दोनो तरफ से समर्थक शांत होने का नाम नही ले रहे थे। दोनो तरफ उग्रता का आलम यह था कि कुर्सियां उछलने लगी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस कार्यक्रम के मेजबान के साथ मिलकर दोनो पक्षों को किसी तरह से शान्त कराया। चूंकि मामला हाई प्रोफाइल होने के कारण पुलिस ने किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की। हालांकि विधायक भी कानूनी पचड़े से दुर रहे। मौके पर पटहेरवा थाने के अलावा पुलिस के कई अधिकारी भी पहुंच गए और घटना की जानकारी ली।

### विधायक जी का विवादो से रहा है पुराना नाता

पहली घटना वर्ष 2022 की है जब उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशीनगर एयरपोर्ट पर आगमन के दौरान भाजपा विधायक डा. असीम राय व हिन्दु युवा वाहिनी के जिला संयोजक रहे चंद्रप्रकाश यादव ऊर्फ चमन के बीच तीखी झड़प हुई थी। इसको लेकर एयरपोर्ट पर हंगामा खड़ा हो गया था। नतीजतन डीएम व एसपी को हस्तक्षेप करना पडा। इस घटना से पहली बार विधायक जी विवाद को लेकर चर्चा में आए थे। दूसरी घटना बीते वर्ष 2024 की है जब कुशीनगर में प्रभारी मंत्री दिनेश सिंह पडरौना नगर के एक होटल मे पत्रकारों से मुखातिब हुए थे। पत्रकारों ने यहां के सीएमओ रहे डॉ. सुरेश पटारिया पर लगे आयुष्मान योजना घोटाले को लेकर प्रभारी मंत्री दिनेश सिंह से सवाल किया था। इससे बिफरकर विधायक असीम राय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पटारिया के बचाव में उतरकर पत्रकारों से भिड़ गए और पत्रकारों को धमकाते हुए उनके साथ धक्का-मुक्की करने लगे थे।

# होली पर हुड़दंग मचाने वालों से सख्ती से निपटेगी पुलिस : कुन्दन

अवधनामा संवाददाता



अहिरौली थाने में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते सीओ

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना परिसर में में मंगलवार को होली और रमजान के पर्व को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम हाटा योगेश्वर सिंह,सीओ कसया कुन्दन सिंह थानाध्यक्ष अहिरौली बाजार दिनेश कुमार मौजूद रहे। इसके अलावा सभी हल्का इंचार्ज और क्षेत्र के प्रमुख नागरिक भी उपस्थित थे।

बैठक में एसडीएम हाटा योगेश्वर सिंह ने सभी से अपील करते हुए कहा कि त्योहार शांतिपूर्वक मनाएं। उन्होंने बताया कि त्योहार खुशियों का त्योहार है हर्षोल्लास का त्योहार है।इस पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन सोशल मीडिया पर पूरी तरह नजर रख रही। माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह ने कहा कि त्योहारों को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। स्थानीय पुलिस को होली दहन स्थलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक फैलने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सभी जरूरी सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। हिन्दू मुस्लिम की समरसता को बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। होली और रमजान के पर्व पर किसी भी समुदाय के लोगों को आहात न पहुंचाया जाएं। जिससे विवाद कि स्थिति उत्पन्न ना हो। होली के त्योहार पर हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि त्योहार के मौके पर बाइकर्स जो बाइक लेकर हुड़दंग मचाते हैं। उनसे निपटने और उसपे नियंत्रण पाने के लिए 8 टीमें बनाई गई है।

# प्रेस क्लब महराजगंज ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**पत्रकार की हत्या का मामला**

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज, रायबरेली।** सीतापुर की महोली तहसील के एक राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए यहां महराजगंज में पत्रकारों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च किया, इस दौरान प्रेस क्लब संगठन के पत्रकारों ने राघवेंद्र वाजपेई के हत्यारों को फांसी दो के नारे भी लगाए तथा मृतक पत्रकार के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा दिए जाने की मांग उठाई।

आपको बता दें कि, प्रेस क्लब महराजगंज संगठन के पत्रकारों ने तहसीलदार मंजुला मिश्रा को ज्ञापन देते हुए कहा कि, पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई के हत्यारों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए, पत्रकार सुरक्षा कानून बनाया जाए। यहां महराजगंज में आज मंगलवार को प्रेस क्लब महराजगंज संगठन के समस्त पत्रकार पैदल मार्च करते हुए तहसील पहुंचे, जहां सीतापुर के महोली क्षेत्र में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की दिनदहाड़े हुई हत्या के मामले में हत्यारों को गिरफ्तारी के लिए तहसीलदार मंजुला मिश्रा को ज्ञापन सौंपा।

महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन महराजगंज तहसीलदार को सौंपते हुए संगठन के अध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि, पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई के हत्यारों को गिरफ्तार कर एनएसए के अंतर्गत जल्द गिरफ्तार किया जाए और पत्रकार के परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए तथा पत्रकार सुरक्षा कानून बनाया जाए। संगठन के संरक्षक, वरिष्ठ पत्रकार व वरिष्ठ अधिवक्ता अजय श्रीवास्तव ने कहा कि, मृतक पत्रकार के बच्चों को निशुल्क शिक्षा कराई जाय और पत्रकार की पत्नी को उसकी योग्यता अनुसार सरकारी नौकरी दी जाये।


इन मांगों को तत्काल संज्ञान में लिया जाए, जिसमें पत्रकार सुरक्षा सर्वोपरि है। उपरोक्त मांग पूरी न होने की दशा में प्रदेश भर के समस्त संगठनों के पत्रकार मिलकर बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश सरकार की होगी।

प्रेस क्लब महराजगंज के समस्त पत्रकार पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। इस मौके पर प्रेस क्लब महराजगंज के संरक्षक अनिल जायसवाल, वरिष्ठ पत्रकार व संरक्षक शिवाकांत अवस्थी, महामंत्री अतुल तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह उर्फ अंकुर, उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र अवस्थी उर्फ मोनू, उपाध्यक्ष आकाश तिवारी, उपाध्यक्ष पवन कुमार, उपाध्यक्ष दिलीप जायसवाल, सुयश पांडेय सत्य प्रकाश मिश्रा, मनोज कुमार, इम्तियाज अली, विजय धीमान, सोमित श्रीवास्तव, रजनीकांत अवस्थी, आमिर खान, घनश्याम चौरसिया, अभय सिंह आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

## ग्राम समाज की प्रस्तावित सरकारी भवन की भूमि पर किया जा रहा दबंगों द्वारा कब्जा

**बछरावां रायबरेली।** भूमाफियाओं के क्षेत्र के अंदर इतनी ज्यादा हौसले बुलंद हैं कि वह सरकारी आदेशों को ध ता बताते हुए ग्राम समाज की भूमि पर लगातार कब्जा करने में लगे हुए हैं। भले ही उक्त भूमि का प्रस्ताव किसी सरकारी भवन के लिए किया गया हो। ऐसा ही एक मामला ग्राम सभा बिशुनपुर में देखने को मिला जहां अन्नपूर्णा फेयर प्राइस शॉप के निर्माण हेतु गाटा संख्या 2849 रकबा 0.0500 हैकटेयर प्रस्तावित किया गया था इस बात की भनक लगते ही कुछ दिन पूर्व उक्त भूमि पर दबंगों द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया जाने लगा मौजूदा ग्राम प्रधान अरुण नारायण द्वारा उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर भूमि को बचाने की गुहार लगाई गई। उप जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय लेखपाल थाना अध्यक्ष बछरावां तथा कानून को व सचिव तथा अन्य जिम्मेदार कर्मचारियों को कब्जा रुकवाने का आदेश दिया गया।

## सबके जीवन का आनंदमई त्यौहार है होली: दुष्यंत राव



**तरकुलवा देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जनपद के तरकुलवा मंडल भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष दुष्यंत राव ने एक मुलाकात में बताया कि सबका साथ व सबके दिलों का त्यौहार है होली,साल में एक बार आती है और सबके दिलों पर झूम जाती है होली। जबकि मंडल अध्यक्ष पड़ने ने वाले होली के लिए इसे सौहारद से मनाने के लिए दोनों पक्षों से निवेदन किया। जिस समय हमारी वार्ता मंडल अध्यक्ष से चल रही थी उसे समय तरकुलवा थाना अध्यक्ष मृत्युंजय राय के साथ उप निरीक्षक संतोष सिंह उप निरीक्षक अजहर अब्बास सिद्दीकी पुलिस कांस्टेबल शिवम सिंह सत्यनारायण राय के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन पति त्रिपाठी,वर्तमान ब्लाक प्रमुख राम आशीष गुप्ता,जिला पंचायत सदस्य सुजीत प्रताप सिंह,सभासद सूरज गुप्ता,दिनेश मद्धेशिया, मंडल महामंत्री धीरज मिश्रा के साथ अनेकों लोग त्योहार को सौहार्द के लिए रूप देने का निवेदन करने के लिए तरकुलवा में कस्बे में पैदल मार्च किया।उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान ओंकार राव,सत्येंद्र गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता,प्रमोद गुप्ता, हीरालाल गुप्ता,रामधारी यादव, यशवंत चौहान, लल्लन यादव, बीसवां के ग्राम प्रधान बाबा बालक दास, मुंडेरा ग्राम प्रधान रविंद्र के साथ अनेकों ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

## 234 परियोजनाओ में हो रही जलापूर्ति

**अमेठी।** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत काम कर रही निर्माण कम्पनियों और कार्यदाई संस्थाओं को तीस जून तक परियोजनाओं के काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। प्रगति में सुधार को अधिशासी अभियंता इंजीनियर अनिल कुमार राव एक एक कर सभी परियोजनाओं का निरीक्षण शुरू कर दिया है। मंगलवार को ताला में उन्होंने निर्माणाधीन परियोजना के काम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तीस अप्रैल से जलापूर्ति शुरू करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिले में परियोजनाओं की संख्या 487 है। 234 परियोजनाओं में जलापूर्ति हो रही है। 121 शिरोपरि जलाशय बनकर तैयार है।

## सीडीओ के निरीक्षण में ब्लाक कार्यालय में मिली तमाम गड़बड़ियां



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने विकास खंड कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के काम में तमाम गड़बड़ियां मिली।साफ सफाई की व्यवस्था भी ठीक नहीं थी।सी डी ओ ने खंड विकास अधिकारी को सम्बंधित कार्मिकों से स्पष्टीकरण लेने और कार्यालय के काम काज में सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय से हुई, जहां सभी ब्लॉक मिशन प्रबंधक उपस्थित पाए गए। कार्यालय में इंटरनेट वायरिंग और अन्य विद्युत केबलिंग अव्यवस्थित मिली, अभिलेखों का समुचित रखरखाव नहीं किया गया था, और सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। सीडीओ ने बीडीओ अमेठी को निर्देशित किया कि समस्त विद्युत वायरिंग और इंटरनेट केबलिंग को शीघ्र व्यवस्थित कराया जाए, अभिलेखों के रखरखाव में सुधार किया जाए, और कार्यालय की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, आगामी पर्वों के दृष्टिगत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के उत्पादों की बिक्री हेतु स्टॉल लगाने के निर्देश भी दिए गए। इसके पश्चात सीडीओ ने विकासखंड परिसर में संचालित पंचायत राज कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक विकास अधिकारी पवन यादव अनुपस्थित पाए गए।

# डीएम की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत सोहनाग में ग्राम चौपाल आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में आज सलेमपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत सोहनाग स्थित प्राथमिक विद्यालय में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि ग्राम चौपाल का उद्देश्य ग्रामीण समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करने के साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं का सत्यापन भी करना है। प्रशासन लोगों के द्वार पर पहुंचकर जन समस्याओं का निराकरण कर रही है। उन्होंने ग्रामवासियों से अनुरोध किया कि गांव के जो लोग अंत्योदय राशन कार्ड का उपयोग नहीं करते या किसी परिवार में मृत्यु हो गई हो अथवा किसी की शादी अंयत्र हो गई हो, वे ऐसे लोगों की यूनिट हटवा लें, जिससे जरूरतमंद लोगों का अंत्योदय कार्ड बनाया जा सके। ग्राम चौपाल के दौरान दो अंत्योदय राशन कार्ड, चार नए पात्र गृहस्थी राशन कार्ड, चार व्यक्तियों को खतौनी, दो दृष्टिबाधित जरूरतमंदों को स्मार्ट छड़ी एवं एक लाभार्थी को बैसाखी, 9 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, आधा दर्जन से अधिक लाभार्थियों को पेंशन योजना का लाभ दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक विद्यालय सोहनाग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के छात्रों ने होली गीत, देशभक्ति गीत एवं पर्यावरण जागरूकता गीत के माध्यम से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे विद्यार्थियों की मुक्तकंठ से सराहना की। जिलाधिकारी ने आईसीडीएस विभाग की योजनांतर्गत गोदभरायी एवं अन्नप्राशन भी कराया। 39.388 हेक्टेयर में विस्तृत ग्राम पंचायत सोहनाग की कुल आबादी 2030 है। इससे पूर्व प्राथमिक विद्यालय सोहनाग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के छात्रों ने होली गीत, देशभक्ति गीत एवं पर्यावरण जागरूकता गीत के माध्यम से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

# रंग बिरंगी आतिशबाजी के साथ संपन्न हुआ बहराइच महोत्सव

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** बहराइच महोत्सव 2025 की संध्या पर राजस्थानी कालबेलिया डांस की प्रस्तुति द्वारा अलंकार म्यूजिकल ग्रुप द्वारा झूले लाल, दमादम मस्त कलन्दर गायन की प्रस्तुति की गयी। इसके उपरान्त रेणुका पवार द्वारा हरियाणवी गायन 'बावन गज का दामन' 'कटीलो काजल' 'डीजे पे मटकुंगी' व 'जुगनी पानी लेन' एल्बम के गानों की प्रस्तुति की। जबकि सांय काल बालीबुल नाईट्स में गायिका ममता शर्मा द्वारा 'आज की रात मजा लीजिए' 'तू है लाजवाब' मुन्नी बदनाम हुई' जैसे गानों से दर्शकों का मनमोह लिया। प्रदेश के मा. मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही ने महोत्सव में आये सभी जनप्रतिनिधियों सम्मानित नागरिक, नौजवान साथियों, मीडिया बन्धु व विभिन्न क्षेत्रों से आये कलाकारों

■ बड़ी संख्या में आये दर्शकों ने बालीबुड नाईट व हरियाणवी गायन में मचाई धूम

का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होनें कहा कि मा. प्रधानमंत्री व मा. मुख्यमंत्री जी विकास के लिए हमेशा अग्रसर है। उन्होनें कहा कि सभी लोगों को समुचित इलाज मुहैया कराने के लिए मेडिकल कालेज के साथ सभी सीएचसी व पीएचसी पर चिकित्सक और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। उन्होनें बताया कि चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए हमारी सरकार सतत प्रयत्नशील है इसी दिशा में जनपद के मेडिकल कालेज को और अधिक विकसित किया गया। जनपद के चौहमुखी विकास हेतु विद्यालयों को सुसज्जित, पर्यटन स्थलों का विकास, मक्का किसानों की आय को दोगुना किया जाना, कला व संस्कृति के उत्थान जैसे महत्वपूर्ण कार्य जनपद में कराये जा रहे है। उन्होनें किसानों से आहवान



किया कि प्रधानमंत्री जी की प्राथमिकता वाली योजनाओं में से एक दलहन व तिलहन की खेती में देश को आत्म निर्भर बनाना है। उन्होनें किसान भाईयों का आहवान किया कि वह अपने खाली पड़े खेतों में उरद व मूंग की खेती करने को भी कहा। आप गन्ने की खेती करते है तो उसमें खाली पड़े स्थानों पर मक्का की खेती करे क्योकि गन्ने से एथनाल तैयार होता है। उन्होनें किसानों को सरकार द्वारा सोलर पम्प पर दी जा रही 60 प्रतिशत अनुदान योजना का लाभ उठाते हुए अपने खेतों में सोलर पम्प लगवाने को कहा। जिससे गर्मीयों में भी आपको खेतों में पानी की असुविधा नहीं होगी और आप अपने खेतों में सब्जी, फल इत्यादि की खेती करके आय बढ़ा सकते है। मा. मंत्री ने बहराइच महोत्सव 2025 में इतनी बड़ी संख्या में आये दर्शकों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। महोत्सव में पुण्य श्लोका देवी अहिल्याबाई होलकर की जीवन पर आधारित कथाओं का कलाकारों द्वारा प्रस्तुतिकरण भी किया गया। जिसकी मा. मंत्री जी ने दिल खोलकर तारीफ की और उनके जीवन से आमजन मानस को प्रेरणा लेने के लिए कहा। मा. मंत्री जी ने महोत्सव में पर्चिया निकालकर लकी ड्रा के विजेताओं के नामों की घोषणा भी की। महोत्सव के समापन अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी जनप्रतिनिधियों के मार्ग दर्शन एवं मीडिया बन्धु, सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ-साथ विशाल जन समूह की प्रतिभागिता के लिए सभी धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महसी विधायक सुरेश्वर सिंह, पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल, बलहा सरोज सोनकर, एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, भूतपूर्व उपाध्यक्ष परशुराम कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष संचित सिंह, पार्टी पदाधिकारी, गणमान्य व संभ्रान्तजन, जिलाधिकारी मोनिका रानी, एसपी रामनयन सिंह, सीडीओ मुकेश चन्द्र, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, सीआरओ देवेन्द्र पाल सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर सहित जनपद स्तरीय अधिकारी, उद्यमी, व्यापारी, एसडीएम, बीडीओ व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# सीतापुर में पत्रकार की हत्या के विरोध में पत्रकारों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



टूंडला। सीतापुर में पत्रकार की हत्या के विरोध में पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पत्रकारों ने नारेबाजी कर पत्रकार के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार कर फांसी देने की मांग की। सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की हमलावरों द्वारा की गई हत्या की घटना से फिरोजाबाद के पत्रकारों में रोष व्याप्त है। पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को देकर मांगों को पूरा कराए जाने की मांग की है। साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा के लिए आयोग का गठन करने की भी मांग की है। विगत दिनों सीतापुर में अज्ञात हमलावरों ने पत्रकार की दिन दहाड़े सरे राह गोली मारकर हत्या कर दी थी। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए थे। इस घटना पर फिरोजाबाद के पत्रकारों ने रोष जताते हुए मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम टूंडला अनुराधा सिंह को सौंपा। जिसमें रोष जताते हुए सतेंद्र धाकरे ने कहा कि पत्रकार के हत्यारों की गिरफ्तारी कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। राधेश्याम चौहान ने कहा कि मृतक पत्रकार के परिजनों को एक करोड़ आर्थिक सहायता और मृतक के किसी एक परिजन को सरकारी नौकरी दी जाए। राजू उपाध्याय ने कहा कि पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ कहा जाता है लेकिन पत्रकार ही इस समय सुरक्षित नहीं है। अरुण रावत ने कहा कि पत्रकार अपनी जान हथेली पर लेकर खबरें जुटाकर लोगों तक पहुंचाता है। उनके पास कोई सुरक्षा नहीं होती। पत्रकार सोमेंद्र पोनियां ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का हिस्सा है वो ही सुरक्षित नहीं है सरकार को पत्रकारों की सुरक्षा के ठोस कदम उठाए जाने चाहिए जिससे पत्रकार निडर होकर अपनी लेखनी से समाज को सच्चाई दिखा सके। इसलिए पत्रकार आयोग का गठन किया जाए। पत्रकारों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार ले। ज्ञापन देने वालों में सोमेंद्र पौनियां, अनिल शर्मा, राष्ट्रदीप जैन, संजय शर्मा, रामपाल सिंह, बृजपाल परमार, देवेंद्र प्रताप, जितेंद्र सिंह विवेक शर्मा, रंजीत गुप्ता, श्याम सुंदर पाठक किशन चंद्र, दुर्गेश यादव विमल किशोर बॉबी, शशिकांत शर्मा, हितेंद्र यादव राजीव गौतम कमर अहमद नारायण शास्त्री गिरधारीलाल गुलाब सिंह आदि उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ समाजसेवी ने पत्रकारों को किया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** सोमवार को एटा रोड स्थित आदित्य होटल इन में वरिष्ठ समाजसेवी द्वारा शिकोहाबाद प्रेस क्लब के पत्रकारों का स्वागत एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी पत्रकारों को पट्टिका पहनाकर सभी का स्वागत किया गया।

वरिष्ठ समाजसेवी अमन बंसल ने सम्मान करते हुए कहा कि पत्रकार देश का चौथा स्तंभ है पत्रकार ना दिन देखते है ना रात देखते है वह अपनी जान पर खेल कर खबरें लाकर अपने अखबारों में प्रकाशित करते हैं। पत्रकार पूरे दिन मेहनत करने के बाद पत्रकारो द्वारा हम लोगो को अखबारों में खबर पढ़ने को मिलती है। पत्रकारों का सम्मान करना यह मेरे लिए गर्व की बात है।

शिकोहाबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने कहा कि क्लब का गठन इसलिए किया गया क्योंकि लगातार हर जगह कई पत्रकारों के साथ पुलिस प्रशासन दुर्व्यवहार कर रहा हैं जिसके लिए शिकोहाबाद प्रेस का गठन किया जिसमें हमारे शिकोहाबाद के सभी पत्रकार शामिल हुए हैं। यह क्लब पत्रकारों के हक में हमेशा लड़ता रहेगा। इस दौरान महामंत्री अतुल यादव, उपाध्यक्ष उमेश शर्मा, आरिफ खान, कोषाध्यक्ष अब्दुल सत्तार, सचिव सोमेश यादव, राम मोहन शर्मा, विकास पालीवाल, बिलाल अहमद, शेर नबी बबलू, धर्मेंद्र यादव, ताराचंद्र, पवन यादव, बृजेश राठौर, गगन तोमर, शैलेंद्र यादव, सत्येंद्र यादव, शशांक मिश्रा सहित पत्रकार उपस्थित रहे।

# दादी हृदयमोहिनी जी (गुल्जार) की चतुर्थ पुण्यतिथि स्मृति दिवस पर दी भावभीनी श्रृद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी हृदयमोहिनी जी (गुल्जार ) की चतुर्थ पुण्यतिथि स्मृति दिवस पर मंगलवार को केला देवी स्थित सेंटर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें, मुख्य रूप से प्रमुख उधोगपति देवी चरण अग्रवाल, ओ.एन.जी.सी. के डायरेक्टर डॉ प्रभास्कर राय, पीताम्बरा हौंडा मोटरसाइकिल शोरूम के मालिक मनोज शर्मा, वंडर वर्ल्ड स्कूल की सी.ई.ओ. अनुपम शर्मा, समाजसेवक आचार्य ध्रुव कुमार व अन्य भाई बहनों ने दादी जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

डॉ प्रभास्कर राय ने बताया कि, दादी जी से मिलकर मुझे ऐसा अनुभव हुआ जैसे किसी देवी से मिला। दादी ने वरदान दिया शायद यह उन्ही का आशीर्वाद हैं जो, आज में इस पद पर हुँ। सेंटर की संचालिका सरिता दीदी ने बताया कि, दादी हृदय मोहिनी को लोग प्यार से दादी गुलजार भी कहते थे। दादी जी 8 वर्ष की अल्प उम्र में इस संस्था में आईं। ब्रह्मा बाबा द्वारा साकार शरीर त्यागने के बाद गुलजार दादी के तन से ही परमात्मा अवतरण का सिलसिला चलता रहा। फिरोजाबाद की धरती के भी बड़े महान भाग्य थे जो ऐसी महान पुण्यात्मा के कदम पड़े। दादी जी 2011 में फिरोज़ाबाद आईं थीं। गुलजार दादी के फिरोज़ाबाद में पावन कदम पड़ने के अवसर पर ही कई कन्याओं ने अपना जीवन इस संस्था को समर्पण किया था। उन्होंने बताया कि, दादी जी इतनी न्यारी और प्यारी थी कि उनके चेहरे को देख कर सब को मां की अनुभूति होती थी और उनके सामने जो भी आता तो उसका व्यर्थ का संकल्प चलना बंद हो जाते थे। गुलजार दीदी के व्यक्तित्व में प्रेम, शांति, ममता, मूरत थी। उन्होंने, बताया कि, दादी जी का व्यक्तित्व बहुत अनुकरणीय है और दादी जी स्वयं परमात्मा का रथ थीं, इसलिए 11 मार्च 2021 को परमात्मा अवतरण के दिन महाशिवरात्रि के अवसर पर दादी गुलजार जी ने अपना पुराना तन त्याग कर बापदादा की गोद ली। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य भाई बहनों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की जिनमें राकेश गोयल, टेक्स असिसमेंट ऑफिसर नीरज पटेल, आरती सिंह, छकोड़ी लाल सिंह नगर निगम, प्रेमपाल यादव, रवि शर्मा, अशोका परिवार के अलावा सेंटर की सभी दीदियां मौजूद रहीं।

# कृषि मंत्री ने श्री अन्न कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** दिवसीय बहराइच महोत्सव 2025 के समापन समारोह के अवसर पर उ0प्र0 मिलेट्स पुनुरोद्धार कार्यक्रम श्री अन्न एवं त्वरित मक्का विकास योजनान्तर्गत रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में एवं प्रदर्शनी का आयोजन गेंदघर मैदान बहराइच में किया गया। कार्यक्रम का मा. कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मा0 विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, जिलाधिकारी मोनिका रानी, सीडीओ मुकेश चन्द्र, उप कृषि निदेशक शिशिर कुमार वर्मा, जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी बहराइच डॉ0 सौरभ वर्मा, जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्रीमती प्रिया नंदा, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कैसरगंज, शिशिर कुमार वर्मा, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर उदय शंकर सिंह, नन्दन सिंह कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच जनपद के विभिन्न विकासखण्ड के कृषकगण उपस्थित रहें। कृषि मंत्री द्वारा सरकार द्वारा शासन द्वारा कृषक हित में शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में अवगत कराते हुए ज्वार, बाजरा, सावां, कोदो, रागी, श्री अन्न की खेती किये जाने हेतु कृषकों को प्रेरित किया गया। बताया गया कि श्री अन्न कम खाद एव नगण्य पेस्टीसाईड तथा कम सिचाई एवं उबड़ खाबड़ कम उपजाऊ जमीन पर एवं प्रतिकूल परिस्थितियों में भी पैदा किया जा सकता है, जिसमें लागत में कमी आती है तथा इसका मूल्य सर्वद्धन करके कृषक अधिक लाभ प्राप्त कर सकते है। श्री अन्न में कार्बोहाईड्रेट, प्रोटीन, वसा के अतिरिक्त कैल्शियम, मैग्नीशियम आयरन, जिंक, फास्फोरस एवं अन्य मिनरल्स, फाइवर तथा विटामिन्स अत्यधिक मात्रा में पाये जाने के कारण अत्यन्त ही पौष्टिक एवं स्वास्थ्यवर्धक होता हैं। श्री अन्न के खाने से कुपोषण, हदय सम्बन्धी बीमारियों, मधुमेय रोग एवं मोटापा से मुक्ति मिलती है। श्री अन्न में रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है।

## आवंटित खाद्यान्न पर मिलेगा 14 कि0 गेंहू व 21 कि0 चावल

**फिरोजाबाद।** माह मार्च, 2025 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आवंटित खाद्यान्न पर अन्त्योदय गेहूँ 14 किग्रा0, चावल 14 किग्रा0, व 07 किग्रा0 बाजरा (बाजरा की मात्रा शून्य होने पर 14 किग्रा0 गेहूं व 21 किग्रा0 चावल) का निःशुल्क व अन्त्योदय कार्ड पर माह जनवरी, फरवरी व मार्च, 2025 हेतु चीनी रू0 18/- प्रति किग्रा0 की दर से रू0 64/- में तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को उनके कार्ड से सम्बद्ध प्रत्येक यूनिट पर (कुल 05 किग्रा0 प्रति यूनिट) 02 किग्रा0 गेहूं, तथा 03 किग्रा0 बाजरा उपलब्धतानुसार चावल के स्थान पर, बाजरा व चावल को मिलाकर स्केल को (03 किग्रा0 प्रति व्यक्ति) निर्धारित वितरण तिथि दिनांक 11.03.2025 से 25.03.2025 तक निःशुल्क वितरण किया जायेगा। उक्त वितरण नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में सुनिश्चित कराया जायेगा। 25.03.2025 को मोबाइल ओ0टी0पी0 के माध्यम से आधार ऑर्थेन्टिकेशन से खाद्यान्न प्राप्त न कर पाने वाले उपभोक्ताओं को वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। वितरण कार्य निश्चित समयानुसार सुनिश्चित किया जायेगा। जिससे कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रहे। समस्त कार्डधारकों/ उपभोक्ताओं से अपील है कि वह आसन द्वारा निर्धारित वितरण तिथि पर अपना खाद्यान्न निःशुल्क उचित दर विक्रेताओं से नियमानुसार प्राप्त करें एवं वितरित फोर्टिफाइड चावल का अधिक से अधिक स्वयं प्रयोग करते हुये अपने सह सम्बन्धियों को भी प्रयोग करने हेतु जागरूक करें।

## ईवीएम-वीवी पैट का त्रैमासिक निरीक्षण 19 को

**फिरोजाबाद।** अपर जिलाधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी की सूचनानुसार जनपदों में स्थापित ई0वी0एम0/ वी0वी0 पैट वेयर हाउस का मासिक/त्रैमासिक निरीक्षण कर सूचना निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि जिला निर्वाचन कार्यालय, फिरोजाबाद में स्थापित ई0वी0एम0/वी0वी0पैट वेयर हाउस का माह मार्च, 2025 का त्रैमासिक निरीक्षण जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 19-03-2025 को दोपहर 12.30 बजे किया


# कार्यालय : नगर निगम, अयोध्या

पत्राँक : 2209/न0नि0अयो0/निविदा/2024 दिनांक : 07 फरवरी, 2025

**अति अल्पकालीन सामान्य निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन के अति महत्पूर्ण कार्य स्वच्छ सर्वेक्षण-2024, गार्वेज फ्री सिटी 05 स्टॅार, ओ0डी0एफ0++ हेतु निकाय में शासन द्वारा माह-मार्च, 2025 में टीम द्वारा सर्वे कार्य किया जाना प्रस्तावित है, एवं अयोध्या नगरी में अयोजित होने वाले धार्मिक एवं प्रान्तीयकृत मेलों व निगम सीमान्तर्गत व्यावसायिक क्षेत्रों/सार्वजनिक क्षेत्रों/मलिन बस्तियों/जलकुण्डों/शौचालयों/यूरिनल/आवासीय मोहल्लों/व्यवसायिक क्षेत्रों के चिन्हित स्थलों पर साइनेज बोर्ड लगाए जाने हेतु नगर आयुक्त महोदय द्वारा आदेशित किया गया है उक्त के दृष्टिगत साइनेज बोर्ड की आपूर्ति/अधिष्ठापन का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य 15वें वित्त के टाइड ग्राण्ट मद से कराये जाने हेतु इच्छुक फर्मो से निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म विक्रय दिनांक-18/03/2025 को प्रातः 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे के मध्य किया जायेगा तथा सीलबंद निविदायें दिनांक-18/03/2025 को ही दोपहर 01:00 बजे से अपरान्ह 02:00 के मध्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय कक्ष में स्थापित निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। तत्पश्चात् निविदा बाक्स निविदादाताओं की उपस्थिति में उसी दिन सांय 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी। निविदादाताओं को जमानत धनराशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जो नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या के नाम बंधक होगा। उक्त निविदा से संबंधित संक्षिप्त विवरण/शर्तें निम्नवत् है :-

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | अदद | आगणन धनराशि GST सहित | जमानत धनराशि | निविदा फार्म का मूल्य | GST | GST सहित निविदा फार्म का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | साइनेज बोर्ड की आपूर्ति/अधिष्ठापन का कार्य। स्टेनलेस स्टील साइनेज बोर्ड (रेडियम प्लेट सहित) साइज-1.5x2 फुट स्टेनलेस स्टील पोल साइज-10 फुट | 100 | 9,32,200.00 | 74,576.00 | 746 | 135 | 881 |

**नियम व शर्ते :-**

1. निविदादाता की फर्म को वाणिज्य कर विभाग (जी0एस0टी0) में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा।
2. उक्त प्रकाशित निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताए निरस्त कराने का सम्पूर्ण अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, अयोध्या में निहित होगा।
3. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
4. किसी भी प्रकार की वैधानिक कार्यवाही अयोध्या जनपद नगर निगम के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत की जायेगी।
5. निविदा फार्म का मूल्य जी0एस0टी0 सहित नकद जमा करने के पश्चात् निविदा फार्म प्राप्त किया जा सकेगा।
6. साइनेज बोर्ड पोल सहित की मात्रा घटायी/बढ़ायी जा सकती है, जिसका सम्पूर्ण अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या में निहित होगा।
7. फर्म/संस्था द्वारा इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा कि वह किसी भी विभाग द्वारा काली सूची (Black List) नहीं किया गया है।
8. नगर निगम अयोध्या द्वारा चिन्हित स्थान पर संबंधित फर्म द्वारा साइनेज बोर्ड पोल सहित का अधिष्ठापन कराना होगा तथा अधिष्ठापनोंपरान्त फोटो ग्राफ कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।
9. निविदादाता द्वारा समय एवं गुणवत्ता के अनुरूप कार्य नहीं किया जाता है, तो फर्म की सम्पूर्ण जमानत धनराशि नगर निगम अयोध्या के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी।
10. न्यूनतम निविदा दाता से निर्धारित स्टॅाम पेपर पर निर्धारित अवधि में अनुबंध कराना अनिवार्य होगा।

अपर नगर आयुक्त,
नगर निगम, अयोध्या



# कार्यालय जिलाधिकारी, सोनभद्र (आबकारी विभाग)

सावधान! सावधान!

संख्या :- 290/13-15/जि0आ0अ0/अपील/सोनभद्र/2024-25 दिनांक : 28.02.2025

**अवैध शराब के सेवन से बचे !**

**अपील**

आगामी होली पर्व के दृष्टिगत जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन कदापि न करें, क्योकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है। अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिकृत आबकारी ठेके से ही बारकोड/क्यू0आर0 कोड एवं सील लगी मदिरा/शराब खरीदें। अवैध अड्डों पर महुए एवं अन्य माध्यम से बनी शराब किसी भी हालत में न खरीदें क्योकि यह पूर्णतया नकली एवं जानलेवा है।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित किया जाता है कि विभिन्न प्रकार के समारोह, शादी विवाह, उत्सव व पार्टी आदि के आयोजन स्थल पर मदिरा उपयोग (परोसने) करने हेतु https://excise.up.gov.in/ पर रजिस्ट्रेशन कर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए अकेजनल बार अनुज्ञापन (एफ0एल0 - 11) प्राप्त किया जा सकता है।

यदि किसी समारोह स्थल पर अथवा किसी व्यक्ति के कब्जे में प्रदेश के बाहर की मदिरा पायी जाती है, तो निम्नलिखित अधिकारियों के मोबाईल नम्बर पर तत्काल सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जायेगा।

1. जिला आबकारी अधिकारी, सोनभद्र । मो0 नं0 -9454465619
2. आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-1 राबर्ट्सगंज, सोनभद्र। मो0नं0-8299436851
3. आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र - 2 दुद्धी, सोनभद्र। मो0नं0-8423636665
4. आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-3 घोरावल, सोनभद्र। मो0नं0-8800807279

उक्त के अतिरिक्त अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री के सम्बन्ध में शिकायत विभागीय टोलू फ्री नम्बर 14405 एवं व्हाटस एप नम्बर 9454466019 पर की जा सकती है।

जिला आबकारी अधिकारी सोनभद्र।
जिलाधिकारी सोनभद्र।



# कार्यालय नगर पंचायत गोशाईगंज, जनपद-अयोध्या

पत्रांक :- 586/न0पं0गो0/टै0स्टै0नीलामी/ वर्ष-2024-25 दिनांक : 11.03.2025

**टैक्सी स्टैण्ड नीलामी सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत गोशाईगंज के टैक्सी स्टैण्ड की नीलामी वर्ष 2025-26 अर्थात 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक के लिये दिनांक 22/03/2025 को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत गोशाईगंज के प्रांगण में अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जायेगी। इच्छुक ठेकेदार/व्यक्ति टैक्सी स्टैण्ड की नीलामी मे भाग लेने से पूर्व मु0-75,000-00 रु0 प्रतिभूति की धनराशि कार्यालय में नगद जमा कराना तथा कार्यालय जिलाधिकारी द्वारा जारी अद्यतन हैसियत एवं चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अधिकतम बोलीदाता को बोली धनराशि पर 2 प्रतिशत के स्टाम्प शुल्क पर अनुबंध करना एवं 2.3 प्रतिशत टी0डी0एस0 सरकारी कोष मे जमा करना अनिवार्य होगा। बिना अनुबंध पत्र के कार्यादेश/वसूली आदेश जारी नहीं किये जायेगे। निर्धारित शर्तों को पूर्ण करने की दशा मे ही बोली बोलने का अधिकार होगा। नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। नीलामी बिना कारण बताये निरस्त/स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है। यदि अपेक्षित बोली नही आती अथवा किन्ही कारणवश निश्चित तिथि पर नीलामी नही हो पाती है तो अगले कार्य दिवस मे नीलामी की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गोशाईगंज अयोध्या
अध्यक्ष नगर पंचायत गोशाईगंज अयोध्या

# दिव्यांगजनों को दी गयी ट्राई साइकिल एवं बैसाखी

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** अभ्युदय मिशन योजनान्तर्गत कलेक्ट्रेट परिसर, हमीरपुर में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, हमीरपुर द्वारा 50 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल एवं 33 जोड़ा बैसाखी का वितरण अध्यक्ष, नगरपालिका, हमीरपुर कुलदीप निषाद, जिलाधिकारी घनश्याम मीना एवं मुख्य विकास अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला के कर कमलों द्वारा किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सभी विभागो द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से दिव्यांगजनों को अधिक से अधिक लाभ दिलाया जायेगा एवं अभ्युदय मिशन योजनान्तर्गत सभी दिव्यांगजनों का ग्राम पंचायत एवं नगर क्षेत्र वार सर्वेक्षण कराया जायेगा, जिससे सभी दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खण्ड स्तर पर सर्वेक्षण में पात्र दिव्यांगजनों को आवास एवं शौचालय आदि का लाभ दिलाया जायेगा।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अमित सोनकर ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में (दिव्यांग पेंशन, कुष्ठावास्था पेंशन, दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, दुकान संचालन/ निर्माण योजना, कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण, कॉक्लियर इम्प्लांट आदि योजनाओं) संक्षिप्त जानकारी दी। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से लगभग 75 दिव्यांगजन, जिलाधिकारी घनश्याम मीना, मुख्य विकास अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 बी0पी0 सिंह, रघुनाथ विश्वकर्मा, देवनारायण सोनी, दुर्गेश प्रजापति, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम का सफल संचालन जलीस खान द्वारा किया गया।

## जिलाधिकारी नें फरियादियों की सुनी समस्याऐं

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 64 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

# नारी शक्ति का सम्मान ही समाज की सच्ची उन्नति है: इंदु

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/अनपरा।** दिशिता महिला मंडल ने महिलाओं का किया सम्मान अनपरा।दिशिता महिला मंडल रेनूसागर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में दिशिता महिला मण्डल कार्यालयमें महिलाओं के सम्मान में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिशिता महिला मंडल अध्यक्षा इन्दू सिंह ने सभी के साथ मिलकर केक काटा ततपश्चात अपने सम्बोधन में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की आकांक्षाओं, संघर्ष, स्वालंबन एवं उपलब्धियों के योगदान को याद करने का दिवस है। उन्होंने कहा कि आज आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल हर क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियों से भरा हुआ है। नारी शक्ति का सम्मान ही समाज की सच्ची उन्नति है।उन्होने महिलाओ को सदैव आगे बढने तथा समाज मे अपनी पहचान बनाने के लिये प्रेरित किया व कहा कि हमारी गृह सहायता कर्मी महिलाओं का हमारे जीवन में विशेष सहभागिता है सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहती है। दिशिता महिला मंडल रेनूसागर द्वारा महिला दिवस को अनोखे तरीके से मनाया जाता रहा है। दिशिता महिला मंडल रेनुसागर द्वारा संचालित सिलाई सेंटर,मशाला सेंटर प्रोडक्शन सेंटर में कार्यरत महिलाओं एवं घरेलू कार्य में मदद करने वाली महिलाओं को एकत्रित कर दिशिता महिला मंड़ल ने उनके लिए तरह तरह के ड्रान्स ,गाना,शायरी व विभिन्न प्रकार के खेल आदि का आयोजन किया। अन्त में सभी विजेताओं को महिला मंडल अध्यक्षा द्वारा पुरस्कृत किया गया । इस अवसर पर रीना जैन, दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की सचिव कविता श्रीमाली सह सचिव तूलिका श्रीवास्तव, सविता चौबे, रजनी रूंगटा,एवं वैष्णवी कार्तिक सहित भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। कार्यक्रम का सफल संचालन विभा मनीष सिंह ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मौदहा पुलिस नें 7 जूआरियों को दबोचा



**मौदहा हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में आगामी त्यौहार होली व रमजान के मद्देनजर अपराध नियंत्रण व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहें अभियान के सिलसिले में थाना मौदहा पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुहल्ला तकिया में घर के अन्दर ताश पत्तो से हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए 07 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया । जिसके सम्बन्ध में थाना मौदहा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 93/2025 धारा 3/4 जुआ अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। जुआरियों इदरीस अहमद पुत्र अब्दुल हलीम निवासी मुहल्ला हुसैनिया, अजहरूद्दीन पुत्र कमरूद्दीन निवासी मुहल्ला तकिया, इश्तेयाक पुत्र मुस्ताक निवासी मुहल्ला पूर्वी तरौस, आम आमादमी पार्टमो के कार्य कर्ता मोहम्मद साबिर पुत्र जलील अहमद निवासी मुहल्ला बाघू कस्बा, शमसाद पुत्र लल्लन निवासी मुहल्ला क्योटरा हुसैनगंज, ऐजाज अहमद पुत्र निसार अहमद निवासी मु0 इलाही तालाब व इरशाद अहमद पुत्र मुहम्मद अहमद निवासी मुहल्ला तकिया कस्बा व थाना मौदहा आदि को गिरफ्तार किया गया

### /परिवहन की जांच के दौरान 93 वाहन पकड़े गये



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में 08.03.2025 से 10.03.2025 की मध्य परिवहन विभाग, खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम जनपद में अवैध खनन / परिवहन की जांच की गयी। जांच में 93 वाहन अवैध परिवहन करते हुये पाये जाने पर खनिज विभाग द्वारा आनलाइन चालान किया गया, जिससे लगभग रु0-49.60 लाख की राजस्व प्राप्ति की जानी है। 93 वाहनों में से 29 वाहनों से रु0-15.62 लाख की धनराशि राजकीय कोष में जमा करायी गयी है तथा 15 वाहनों को थाना चिकासी व 18 वाहनों को थाना जलालपुर की सुपुदर्गी में दिया गया है। अवैध खनन/परिवहन/ओवरलोड़िग पर निरन्तर कार्यवाही चलती रहेगी।

### रोजगार मेले में 155 युवक युवतियों का हुआ चयन

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के युग चेतना महाविद्यालय में आयोजित रोजगार मेला में 155 युवाओं को चयन किया गया। रोजगार मेले में 188 युवाओं एवं युवतियों ने प्रतिभाग किया था। युग चेतना महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार पांडे ने बताया कि मंगलवार को महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित रोजगार मेले में 188 युवक युवतियों ने प्रतिभाग किया। इसमें प्यूपल मंत्रा, फ्रीडम एंप्लॉय बिलिटी एकेडमी, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस एवं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन ने 155 युवक युवतियों को चयन करके जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए हैं। इस मौके पर डॉ अमित गुप्ता, डॉ योगेश गुप्ता,प्रदुम्न कुमार, सुनील कुमार, मोहिनी गुप्ता, अभिषेक कुमार, अनामिका त्रिपाठी, सारिका फातमा, श्रवण कुमार, मीना यादव, ज्योति तिवारी, रवींद्र प्रताप सिंह, वीरेंद्र कुमार, पुष्पेंद्र अग्निहोत्री, हरिओम तिवारी, आनंद अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

### पति पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के एक व्यक्ति ने पति पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। पीडित का आरोप है कि पति पत्नी ने धोखे से उसकी जमीन को बगैर बैनामा के दूसरे को बैनामा कर दिया है। कस्बे के वार्ड संख्या दो इमिलिया थोक निवासी रामऔतार ने मुकदमा दर्ज कराते हुये बताया कि उसने अपने रिश्तेदार बिदोखर पुरई निवासी शिवकुमारी पत्नी रामऔतार को वर्ष 2018 में ग्राम बांक स्थित कृषि भूमि गाटा संख्या 293 रकबा 0.417 हेक्टेयर का सौदा तीन लाख साठ हजार रुपये में तय किया था। तीन लाख 51 हजार 250 रुपये लेकर इकरार व्यय लिख दिया था। बैनामा करने पर शेष रकम 8750 रुपये देना तय हुआ था। इसके बाद बगैर मुझसे बैनामा कराये शिवकुमारी ने पति रामऔतार के साथ मिलकर जुलाई 2023 में सदासुखी पत्नी बुद्धलाल को बैनामा कर दिया। इस तरह से पति पत्नी ने मिलकर उसके साथ धोखाधड़ी की है। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर पति पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।

### एचयूएल के चालकों कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे की उद्योग नगरी में संचालित एचयूएल के चालकों एवं कर्मियों को एंबुलेंस 108 के जिला प्रभारी ने सड़क सुरक्षा के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया। एंबुलेंस 108 के जिला प्रभारी कपिल एवं भूपेंद्र कुमार, कार्यक्रम मैनेजर दिनेश कुमार ने मंगलवार को बहुराष्ट्रीय कंपनी एचयूएल के चालको एवं कर्मियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करके प्रशिक्षित किया। उन्होंने घटना के बाद तत्काल अस्पताल पहुंचाने की जानकारी प्रदान की। ईएमटी अभिषेक कुमार ने उपकरणों के संचालन की जानकारी साझा की। प्रशिक्षण में एचआर मैनेजर अभय सिंह, संदीप यादव, शैलेंद्र यादव, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## डीएम, एस एस पी ने त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द तरीके से मनाए जाने के लिए आमजन से की अपील



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने आगामी होली/ईद-उल-फित्र के त्योहार के दृष्टिगत मंगलवार को भरथना नगर में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए पैदल गश्त किया एवं होलिका दहन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने गश्त के दौरान संबंधित अधिशासी नगर पालिका परिषद को निर्देषित करते हुए कहा कि शहर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, उन्होंने विद्युत विभाग को लटकते हुए तारों को ऊपर कराए जाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से बात कर विद्युत पानी आदि की व्यवस्थाओं को लेकर उनकी समस्याओं को सुना एवं संबंधित को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द तरीके से मनाए जाने के लिए आमजन से अपील की। गश्त के दौरान अपर जिला अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी भरथना सुशांत श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद विनय मनी त्रिपाठी, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एस एस पी ने थाना भरथना, फ्रेंड्स कॉलोनी व कोतवाली का किया औचक निरीक्षण




**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने थाना भरथना, थाना फ्रेंड्स कॉलोनी एवं थाना कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना प्रभारी कार्यालय, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी आवास, भोजनालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित प्रभारी से समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निस्तारण तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं थाना परिसर की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण के लिए निर्देशित किया।

## अडानी कौशल विकास केन्द्र के प्रशिक्षुओं को दिया गया प्रमाण पत्र एवं किट का वितरण



**सोनभद्र/डाला।** ए.सी.सी.सीमेंट वर्क्स सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड आशुतोष कुमार के कुशल मार्गदर्शन में अडानी फाउंडेशन द्वारा संचालित अडानी कौशल विकास केन्द्र ओबरा मे आपरेशन हेड शोनू जार्ज और यूपी के मैनेजर सुधांशु मिश्रा के निर्देशन मे इस वर्ष कुल 122 प्रशिक्षुओं को तीन - तीन माह का निन्शुल्क सिलाई मशीन का प्रशिक्षण सम्पन्न होने पर समापन समारोह किया गया जिसमें क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पांडेय, खंड शिक्षा अधिकारी सुनील सिंह , ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पनारी लक्ष्मण यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन के मनोज चौबे ने बताया कि कौशल विकास केन्द्र में तीन- तीन माह का प्रशिक्षण निरन्तर होता रहेगा इसी के तहत इस प्रशिक्षण मे कुल 30 प्रशिक्षुओं ने पूरे तीन माह का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन की ओर से प्रमेश बालान जी, एन.आर.एल.एम. की उड़ान सी.एल.एफ. की ओर से पूनम देबी, भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष हेमलता जायसवाल, अडानी कौशल विकास केन्द्र की ओर से सौरभ रावत, प्रशिक्षिका नीलम देबी उपस्थित रही।

## नियो पेंट एंड केमिकल्स के होली मिलन समारोह में खूब उड़े गुलाल, लोगों ने लिया सांस्कृतिक कार्यक्रम का जमकर आनंद



**वाराणसी।** नियो पेंट्स द्वारा वाराणसी डिस्ट्रीब्यूटरशिप जी डी वाई कंस्ट्रक्शन पर होली मिलन समारोह का सोमवार दिनांक 11 फरवरी 2025 को आयोजन किया। जिसमें संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रंगों का उत्सव होली में गिनती के दिन रह गए हैं। शहर से लेकर गांव तक इलाका होली के रंग में रंगने को तैयार है। वहीं होली मिलन में उड़े गुलाल, भजन व गीतों का श्रोताओं ने आनंद लिया। होली मिलन के अवसर पर नियो पेंट्स के नेशनल हेड अमितेश झा ने आपसी सौहार्द पूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है। यह आपसी द्वेष को खत्म करने तथा बुराइयों को खात्मे का संदेश देता है। होली सामाजिक सौहार्द बढ़ाने का पर्व है। सभी प्रेम व भाईचारे के साथ होली पर्व को मनाए। इस मौके पर कंपनी के कर्मचारी गण एवं डिस्ट्रीब्यूटर आदि लोग मौजूद रहे।

# राधाबल्लभ मंदिर पर श्रद्धाभाव से मना रंगीली होली का उत्सव

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** पुराना शहर छैराहा स्थित श्री राधा वल्लभ मंदिर पर रंगभरनी एकादशी (रंगीली होली)का उत्सव श्रद्धाभाव के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। अबीर गुलाल की छटाओं के बीच होली गीतों पर श्रद्धालु खूव थिरके। मंदिर व आसपास का क्षेत्र अबीर गुलाल व फूलों से पटा रहा। वही जय जय श्री राधे व राधावल्लभ लाल के जयघोष गुंजायमान होते रहे। पॉच कुन्तल फूलो से फूल बंगला सजाया गया और ग्वाला भेष में ठाकुर जी का बिशेष श्रंगार भी किया गया। रंगीली होली पर व्रजधाम सा नजारा दिखाई दिया। श्री राधा वल्लभ मंदिर पर वृंदावन धाम की परंपरा का पूरी तरह से निर्वहन किया जाता है। यहां पर बसंत पंचमी से ही होली की शुरुआत हो गई थी। रंगीली होली के उत्सव में शामिल होने के लिए जिले ही नहीं बाहर के भी श्रद्धालु आते हैं और ठाकुर जी के साथ होली खेलकर अपने को धन्य मानते है। साल भर श्रद्धालु होली उत्सव का इंतजार करते हैं। शाम 5:00 बजे से ही मंदिर में भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था जैसे ही मंदिर के पट ठाकुर जी के चरण सेवक गोपाल प्रकाश चंद गोस्वामी ने खोलें उसके बाद भक्तों ने ठाकुर जी पर पुष्प वर्षा के साथ गुलाल उड़ाना शुरू कर दिया था। मंदिर परिसर में चारों ओर अबीर गुलाल की सतरंगी छटायें देखते ही बन रही थी। वही फूलों की भीनी भीनी खुशबू से मंदिर का आसपास का क्षेत्र महकता रहा। भक्तों ने भी जमकर एक दूसरे पर अबीर गुलाल डाला और होली गीतों पर नृत्य भी किया। रंगीली होली के अवसर पर ठाकुर जी का मनमोहक श्रृंगार किया गया होली के इस विशेष श्रृंगार के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में रही। ठाकुर जी को धवल पोशाक धारण करायी गयी थी। मंदिर में होली की तैयारियां कई दिनों पहले से प्रारंभ हो गयी थी। सायंकाल मंदिर परिसर में जुटे श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी, राधा रानी व श्री लाल जू के साथ सबसे पहले फूलों की होली खेली इसके पश्चात अबीर गुलाल की होली खेली गई। जो लोग होली पर ब्रज नहीं पहुंच सके उन सभी ने यहीं पर ब्रज का आनंद उठाया और होली गीतों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। भक्तों पर उड़ाने के लिए अबीर गुलाल श्री वृंदावन धाम व बरसाना धाम से आया था। सभी भक्तो को गोपाल प्रकाश चन्द्र गोस्वामी व प्रथम शर्मा ने प्रसाद व गुलाल वितरित किया। पूरे मंदिर परिसर में की गयी फूलो व बिजली की रंग बिरंगी सजाबट श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केन्द्र रही।

## टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित कर बढ़ाया हौसला

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए आहवाहन पहल के तहत सीएसआर विभाग के सहयोग से तपेदिक (टीबी) मरीजों को पोषण किट वितरित की। यह आयोजन ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक(चिकित्सा) और राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) ने टीबी के उपचार में पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि समाज को इस बीमारी से जुड़े मिथकों को तोड़ना होगा, जिससे अधिक से अधिक लोग समय पर इलाज करवा सकें। वहीं ई. सत्य फणी कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि उपचार का नियमित पालन करने से टीबी को पूरी तरह खत्म किया जा सकता है। उन्होंने इस नेक कार्य के लिए सीएसआर और मेडिकल टीम की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तनमय पटेल, विशेषज्ञ (विंध्य चिकित्सालय) ने किया।

## सीएसआर के तहत लगाया निःशुल्क बाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय (एनएससी) के द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत विगत रविवार को निःशुल्क बाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों के बेहतर मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना रहा जिस से कि उनके समग्र विकास में मदद मिल सके। साथ ही उन्हें आत्म विश्वास के साथ जीवन के प्रति स्वस्थ भावनात्मक दृष्टिकोण प्रदान करना था। इस शिविर में सरकारी मेडिकल कॉलेज, सतना से मनोचिकित्सा विशेषज्ञ एवं टीम ने विभिन्न तकनीकों के माध्यम से उपस्थित बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य का परीक्षण किया। साथ ही उन्होनें बच्चों के अभिभावकों के साथ परामर्श कर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य से संबन्धित विकारों एवं उनके लक्षणों के बारे में भी जागरूक किया। इस स्वास्थ्य शिविर के दौरान बच्चों की मानसिक समस्याओं एवं अवसाद से जुड़ी समस्याओं की जाँच की गयी। इस शिविर में स्थानीय क्षेत्र के बच्चों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा सीएसआर के तहत स्थानीय क्षेत्र के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसे अनेक शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। एनसीएल की यह पहल बच्चों के भावनात्मक और मानसिक विकास के साथ साथ एक विकसित और खुशहाल समाज के निर्माण की दिशा में एक सार्थक कदम है।

# होली पर जुमे की नमाज़ का समय मस्जिदों में 2:00 बजे किये जाने की अपील

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** दिनांक 14 मार्च 2025 को होली के कारण जुमे की नमाज़ का समय उन मस्जिदों में 2:00 बजे किये जाने की अपील सभी मुतावल्लियों और इमामों से मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब ख़ां में आयोजित बैठक में की गई जहां नमाज़ का समय 12.30 बजे अथवा जल्दी होता है। इस आशय की जानकारी जमीयत उलेमा हिंद इटावा के जिला अध्यक्ष मौलाना तारिक शम्सी ने दी है। उन्होंने कहा कि मुसलमान भाई इस पवित्र माह रमजान में रोजा रख कर और दीगर नेक कामों से अपने अल्लाह को राज़ी करें और जुमे के दिन अनावश्यक रूप से घरों के बाहर न निकलें यदि कोई शरारती तत्व रंग डालकर आपके रोज़े को खराब करने की कोशिश करता है तो सब्र से काम ले और किसी से कोई झगड़ा ना करें उन्होंने कहा कि रमजान हमको सब्र की तालीम देता है, जिस पर अमल करके हम अपने अल्लाह को राजी कर सकते हैं उन्होंने यह भी कहा कि शरारती तत्वों द्वारा यदि कोई ऐसी घटना की जाती है जिससे शांति भंग होने का खतरा हो तो अपने संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों को सूचित करें खुद कानून हाथ में न लें। बैठक में पेश इमाम मौलाना जाहिद रजा, हाफिज मोहम्मद अहमद चिश्ती, मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हाजी फुरकान अहमद खान मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी, हाजी साजिद हुसैन वारसी मुतावल्ली मस्जिद पंजाबियान, खादिम अब्बास, मौलाना फुरकान रजा, हाफिज इरफान अहमद चिश्ती, हाजी अब्दुल हन्नान चांद मंसूरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# हिण्डाल्को रेणुकूट में 54 वें सुरक्षा सप्ताह का समापन



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को रेणुकूट सेफ्टी विभाग द्वारा 54 वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 4 मार्च से 10 मार्च 2025 तक सुरक्षा सप्ताह का आयोजन बड़े ही धूम-धाम से किया गया। इस वर्ष की सुरक्षा प्रतियोगिता में फायर ड्रील रेस्क्यू एवं सी.पी.आर., सेफ्टी कविता ,सुरक्षा पहेली, ज्ञान प्रवाह, पी.पी.ई. यूजेज, सेफ्टी इनोवेशन, इन्सटैन्ट जेएसए, बीबीएसओ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिनका वरिष्ठ निर्णायक मण्डल के सदस्यों द्वारा मूल्यांकन किया गया। सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभिन्न प्लान्ट एवं विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबध्दता तथा कटिबध्दता को दिखाया।

# एनटीपीसी सिंगरौली में स्टेशन-स्तरीय लीन सेफ्टी सर्कल सम्मेलन का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली के बीई विभाग ने सुरक्षा सप्ताह पहल के तहत स्टेशन-स्तरीय लीन सेफ्टी सर्कल सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 17 टीमों (78 प्रतिभागियों) के ठेका सहयोगियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जो सुरक्षा जागरूकता और परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस सम्मेलन में कई गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। राजीव अकोटकर, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि जोसेफ बास्टियन, महाप्रबंधक, प्रचालन एवं अनुरक्षण ने भी अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। निर्णायक मंडल में प्रतिष्ठित जूरी सदस्य ङ्क नवनीत कुमार देवांगन, अपर महाप्रबंधक, सुरक्षा, डी. के. सारस्वत, अपर महाप्रबंधक, ईंधन प्रबंधन, और पी.सी. श्रीवास्तव, वरिष्ठ संकाय, क्यूसीएफआई वाराणसी शामिल थे, जिनकी विशेषज्ञता ने इस आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

यह पहल पीयूष श्रीवास्तव (विभागाध्यक्ष, बीई एवं रसायन विभाग) के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसने न केवल एनटीपीसी की मजबूत सुरक्षा संस्कृति को बढ़ाया बल्कि ठेका सहयोगियों के बीच निरंतर सुधार को भी प्रोत्साहित किया। सहयोगात्मक सहभागिता को बढ़ावा देकर और सर्वोत्तम प्रथाओं को मजबूत करके, इस सम्मेलन ने संगठन में भविष्य की सुरक्षा पहलों के लिए एक मजबूत आधार स्थापित किया।

# मुख्यमंत्री ने 1,070 युवा उद्यमियों को 40.12 करोड़ के ऋण वितरित किये

## प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और नेतृत्व में नए भारत का नया उ0प्र0 अपनी पूरी सामर्थ्य के साथ आगे बढ़ रहा : योगी

अवधनामा ब्यूरो



- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत अब तक 02 लाख 70 हजार आवेदन आए, 30 हजार युवा उद्यमियों को लोन वितरित
- व्यापार के लिए इनोवेशन और टेक्नोलॉजी आवश्यक
- विगत 08 वर्षों में बुन्देलखण्ड क्षेत्र एक बार फिर से अपने पुराने गौरव के साथ आगे बढ़ रहा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित होकर वैश्विक मंच पर छाया है। वहीं नए भारत का नया उत्तर प्रदेश भी अपनी पूरी सामर्थ्य के साथ आगे बढ़ रहा है। महाकुम्भ के भव्य और दिव्य आयोजन के उपरान्त पहली बार उन्हें बुन्देलखण्ड की पावन धरा पर आने का अवसर मिला है।

मुख्यमंत्री आज जनपद झांसी में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा) के अन्तर्गत झांसी एवं चित्रकूट धाम मण्डल के संयुक्त क्रेडिट कैम्प का शुभारम्भ करने के उपरान्त इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के 1,070 युवा उद्यमियों को 40.12 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किये। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान पर आधारित एक प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में महाकुम्भ के सफल आयोजन तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान पर केन्द्रित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गयी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है, लेकिन महाकुम्भ में 66 करोड़ 30 लाख से अधिक साधु-सन्त एवं श्रद्धालु आए। हमारे अनुमान से कहीं अधिक लोग महाकुम्भ में आए। महाकुम्भ की सफलता में आपका भी योगदान रहा है। आपने भी आतिथ्य सत्कार की एक नई परम्परा को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दिया है। इस दौरान लूट, छेड़छाड़, अपहरण, हत्या सहित ऐसी कोई घटना घटित नहीं हुई। देश में उत्तर प्रदेश का और दुनिया में भारत का नाम रोशन हुआ है। सनातन धर्म का दुनिया का यह सबसे बड़ा आयोजन उत्तर प्रदेश में प्रयागराज की धरती पर सकुशल सम्पन्न हो गया। आप सभी नागरिक भी इस सम्मान के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने वीरांगना लक्ष्मीबाई के शौर्य और पराक्रम की पावन धरा झांसी को नमन करते हुए कहा कि महाकुम्भ ने सनातन परम्परा की ध्वज पताका को वैश्विक मंच पर लहराया है। आज उन्हें मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के कार्यक्रम में यहां आने का अवसर प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान अपने युवाओं को उद्यमी बनाने का अभियान है। यह उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का अभियान भी है। अब हमारे युवा जॉब के पीछे नहीं भागेंगे, बल्कि हमारे युवा 08 से 10 नौजवानों को अपने यहां काम दे सकेंगे। यह सामर्थ्य मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के माध्यम से युवाओं को मिलने जा रही है। अकेले बुन्देलखण्ड में आज 1,000 से अधिक नौजवानों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत लोन वितरण के कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है। इसके लिए उन्होंने जनप्रतिनिधियों, ऋण प्राप्त करने वाले सभी युवा उद्यमियों तथा बैंकर्स को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत युवाओं को 05 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। सरकार मार्जिन मनी के रूप में भी 10 प्रतिशत का योगदान दे रही है। कोई भी युवा जो अपना स्वयं का कारोबार प्रारम्भ करना चाहता है और उसके पास पूंजी का अभाव है, तो मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत सरकार उसके साथ खड़ी है।

# कृषि मंत्री ने किया कृषि प्रक्षेत्र रहीमाबाद का निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा राजकीय कृषि प्रक्षेत्र रहीमाबाद लखनऊ का भ्रमण /निरीक्षण किया गया, प्रक्षेत्र पर लगी चना, मटर, सरसों, मसूर एवं गेहूं की फसल का अवलोकन करने के साथ प्रजाति से लेकर बुवाई के समय, उर्वरक प्रयोग तथा सिंचाई के बारे मे विस्तार से जानकारी प्राप्त की गई और निर्देशित किया गया कि प्रक्षेत्र पर आदर्श प्रक्षेत्र की सारे संसाधन उपलब्ध है, सभी सुविधा प्रदेश सरकार के द्वारा दी गयी हैं, लेबलिंग का कार्य, मेडबंदी, ऊसर का उपचार भी किया गया है, खलिहान, गोदाम सभी व्यवस्था कर दिया गया है, अब इस फॉर्म को मॉडल के रूप में आदर्श फॉर्म के रूप में यहां के सभी फसलों की उत्पादकता होनी चाहिए।

प्रक्षेत्र प्रबंधक राम तेजा यादव को कठोर निर्देश दिए गए। अपर कृषि निदेशक अमरनाथ मिश्रा को आने वाले खरीफ के लिए अग्रिम रूप से प्रोग्राम बनाकर अभी से कार्य करने को कहा गया, योजना बना लें किस फील्ड में किस खंड में कौन सी फसल लगानी है, किस एरिया में दलहन लिया जाना है किस फील्ड पर में तिलहन लिया जाना है, किस फील्ड में में धान लिया जाना है सबका नियोजन पूर्व से ही तैयार करें और समय समय पर प्रक्षेत्र को मॉनिटर करते हुए आदर्श प्रक्षेत्र के रूप इसकी उत्पादकता प्राप्त करें, शिथिलता किसी भी स्तर पर क्षम्य नहीं होगी।

भ्रमण के समय अनिल कुमार पाठक संयुक्त कृषि निदेशक लखनऊ मण्डल, डा आशुतोष कुमार मिश्र संयुक्त कृषि निदेशक उर्वरक उर्वरक, जिला कृषि अधिकारी लखनऊ तेग बहादुर सिंह भी उपस्थित रहे।

योजनाधिकारी अपनी योजना से संबंधित प्रगति का मूल्यांकन करने हेतु समय-समय पर जनपदों का भ्रमण करें।

इस अवसर पर कृषि सचिव, इन्द्र विक्रम सिंह, विशेष सचिव, कृषि, ओ0पी0 वर्मा, कृषि निदेशक, जितेन्द्र सिंह तोमर, निदेशक, कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, श्रीमती सुमिता सिंह, एवं अन्य योजनाधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग की जनसुनवाई में 38 मामलों की सुनवाई

- अनुपस्थित अधिकारियों पर नाराजगी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने आयोग कार्यालय, इन्दिरा भवन, लखनऊ में विभिन्न जनपदों से प्राप्त 38 शिकायतों एवं पत्रावलियों पर जनसुनवाई की। इस दौरान कई मामलों में अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई गई और भविष्य में अनुपस्थित रहने पर शासन को कार्रवाई हेतु पत्र भेजने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में देवेन्द्र सिंह, लखनऊ द्वारा चिकित्साधिकारी डॉ. सीमा सिंह की प्रोन्नति को लेकर प्रस्तुत प्रार्थनापत्र पर सुनवाई हुई। निदेशक प्रशासन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन सक्षम अधिकारी उपस्थित नहीं हुए, जिससे अध्यक्ष ने असंतोष व्यक्त किया। इस मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च 2025 को निर्धारित की गई है और निदेशक प्रशासन को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया गया।

अवधेश निरंजन, झाँसी बनाम बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के प्रकरण में पिछड़े वर्ग के प्रोफेसर को पदोन्नति न देने का मुद्दा उठा। उपस्थित पक्ष संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका, जिस पर आयोग ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एक माह के भीतर समस्या के समाधान का निर्देश दिया।

सीतापुर की सीमा देवी के मामले में जिलाधिकारी प्रतिनिधि ने स्वीकार किया कि उनके साथ अन्याय हो रहा है। आयोग ने निर्देश दिया कि उनकी भूमि पर कोई अवैध कब्जा नहीं होना चाहिए और त्वरित निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

कानपुर नगर के जय सिंह नामदेव ने शिकायत की कि कुछ जनपदों में दर्जी जाति का प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा है। आयोग ने निर्देश दिया कि प्रभावित जनपदों की सूची प्रस्तुत की जाए, ताकि संबंधित जिलाधिकारियों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु निर्देशित किया जा सके।

अशोक कुमार एवं अन्य बनाम जिलाधिकारी प्रतापगढ़ के मामले में, उपजिलाधिकारी रानीगंज ने उपस्थित होकर बताया कि रास्ते पर अवैध कब्जा हटा दिया गया है और अब आवागमन सुचारू रूप से हो रहा है।

अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में सुनवाई में सक्षम अधिकारियों की गैर-मौजूदगी पर शासन को पत्र लिखकर कार्रवाई कराई जाएगी। साथ ही, यदि शिकायतकर्ता सुनवाई में उपस्थित नहीं होंगे, तो उनके प्रकरण को समाप्त कर दिया जाएगा।

## बौद्ध स्थलों के पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आज दिल्ली के अशोका होटल में एशियन डेवलपमेंट बैंक द्वारा बिहार और उत्तर प्रदेश में बौद्ध पर्यटन स्थलों के विकास एवं संवर्द्धन के लिए एक वर्चुअल बैठक तथा प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया। इस बैठक में केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री सुरेश गोपी, पर्यटन सचिव वी0 विद्यावती और उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की विशेष सचिव सुईशा प्रिया ने उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया। बैठक में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि यदि समन्वित प्रयास किया जाए तो, उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य-बौद्ध पर्यटन को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं। इन ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्थलों को विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित करके भारत को प्रमुख बौद्ध पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि बौद्ध धरोहर स्थलों की पवित्रता बनी रहे और साथ ही ये दुनिया भर के श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहें।

# होली: सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे का विशेष प्रयास

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** रेलवे की ओर से होली पर्व के अवसर पर रेल यात्रियों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किये गये हैं। लखनऊ मण्डल से नई दिल्ली, अमृतसर, चंडीगढ़, मुम्बई, हावड़ा, आसनसोल, मालदाटाउन, डिब्रूगढ़, रांची, भागलपुर, जोधपुर, मऊ एवं छपरा आदि के लिए 53 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें ओरिजनेटिंग व टर्मिनेटिंग चलाई जा रही हैं। इसके साथ लखनऊ मण्डल से 139 बाय पासिंग ट्रेने भी संचालित की जा रही है। 11 मार्च से 18 मार्च तक मण्डल मुख्यालय के नियंत्रक कक्ष, गोरखपुर जंक्शन, गोण्डा जंक्शन एवं ऐशबाग जंक्शन में राउंड द क्लाक सघन मानिटरिंग के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की डयूटी लगाई गयी है। इस दौरान गाडियों का संचालन अपने निर्धारित प्लेटफॉर्म से ही किया जायेगा। टिकट वितरण के लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त काउंटर भी खोले जायेगें। प्रमुख स्टेशनों पर यात्री सहायता के लिए हेल्प डेस्क का प्रावधान किया गया है। स्टेशनों पर विद्युत एवं पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। यात्रियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में रेलवे सुरक्षा बल के जवान लगाये गये हैं। इसके अतिरिक्त सिक्योरिटी स्कैनर एवं सीसीटीवी का उपयोग सुरक्षा निगरानी के लिए सुनिश्चित किया गया है। मण्डल के गोरखपुर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं से युक्त होल्डिंग एरिया बनवाया गया है। सभी स्टेशनों पर जन जागरूकता सूचना विशेष तौर पर स्पेशल ट्रेनों के संचालन के सम्बन्ध में सूचना लगातार प्रसारित की जा रही है।

### प्रयाग जंक्शन स्टेशन पर वंदे भारत का ठहराव 30 जून तक

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे ने प्रयाग जंक्शन स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन 11 मार्च से 30 जून तक दो मिनट का अस्थाई ठहराव किया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि वंदे भारत 22550 प्रयागराज जंक्शन से गोरखपुर को जाने वाली प्रयाग जंक्शन पर दोपहर 3:27 बजे आयेगी और दोपहर 3:29 बजे रवाना होगी। वहीं वंदे भारत 22549 गोरखपुर से प्रयागराज जंक्शन को जाने वाली प्रयाग जंक्शन पर दोपहर 12:58 बजे आयेगी और दोपहर 1 बजे चलेगी।

### जम्मूतवी बरौनी एक्सप्रेस 14 मार्च को रहेगी निरस्त

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के जम्मूतवी स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के कारण जम्मूतवी से 14 मार्च को चलने वाली 14692 जम्मूतवी बरौनी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। वहीं बरौनी से 16 मार्च को चलने वाली 14691 बरौनी जम्मूतवी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

## राजकीय आईटीआई अलीगंज में रोजगार मेले का आयोजन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत आज राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में टाटा मोटर्स लिमिटेड, लखनऊ के लिए कैंपस ड्राइव एवं शिक्षु मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने प्रशिक्षार्थियों को मेहनत और लगन से कार्य करने की प्रेरणा दी और कंपनी के प्रतिनिधि सुजीत कुमार सिंह से अधिक से अधिक अभ्यर्थियों के चयन का अनुरोध किया। ट्रेनिंग, काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी एम.ए.खाँ ने बताया कि मेले में 292 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें साक्षात्कार के उपरांत 200 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

## होली: 10:30 से 2:30 बजे तक ही चलगी मेट्रो

**लखनऊ।** होली के मौके पर दोपहर 2:30 बजे से रात 10:30 बजे तक ही मेट्रो ट्रेन चलाई जायेगी। यूपीएमआरसी के प्रवक्ता की ओर से मिली जानकारी के अनुसार होली के त्योहार के अवसर पर यानि कि 14 मार्च को मेट्रो ट्रेन सेवाएं दोपहर 2:30 बजे से रात 10:30 बजे तक उपलब्ध होंगी। दोनों टर्मिनलों सीसीएस एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन और मुंशीपुलिया मेट्रो स्टेशन से ट्रेन सेवाएं दोपहर 2:30 बजे आरंभ होंगी।

# परिवहन विभाग ने चिप युक्त स्मार्ट कार्ड पंजीयन पुस्तिका जारी करने का लिया निर्णय

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि परिवहन विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश में पंजीकृत अथवा दर्ज होने वाली मोटर वाहनों के लिए पंजीयन पुस्तिका चिप युक्त स्मार्ट कार्ड में जारी किये जाने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय वाहन स्वामियों के हित में है। इससे प्रदेश के वाहन स्वामियों को काफी सहूलियत होगी।

परिवहन मंत्री ने बताया कि वाहन स्वामी को प्रारूप 23-ए में बिना चिप युक्त लेमिनेटिड कार्ड में अथवा चिप युक्त स्मार्ट कार्ड में जारी किये जाने का प्रावधान है। चिप युक्त स्मार्ट कार्ड पंजीयन पुस्तिका जारी होने पर वाहन स्वामियों को इसे रखने में आसानी होगी। उन्होंने बताया कि चिप युक्त आरसी से यह लाभ होगा कि आरसी के गीले होने अथवा उसके कटने फटने की समस्या कम होगी। एक अच्छी गुणवत्ता युक्त दीर्घकालिक उपयोग के लिए टिकाऊ डाक्यूमेंट वाहन स्वामियों को प्राप्त हो सकेगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि स्मार्ट कार्ड पंजीयन पुस्तिका में डेटा एम्बेडेड माइक्रो चिप के माध्यम से सुरक्षित रूप से संग्रहित होता है। जिससे डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित होती है, जिसकी डुप्लीकेसी आसानी से नही हो सकेगी तथा पुलिस एवं परिवहन विभाग के चेकिंग अधिकारियों की तरफ से कार्ड रीडर के माध्यम से स्मार्ट कार्ड पंजीयन पुस्तिका की चिप में उपलब्ध समस्त विवरणों तथा स्मार्ट कार्ड पुजीयन पुस्तिका की सत्यता की मौके पर जांच भी की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि स्मार्ट कार्ड पंजीयन पुस्तिका में दो भागों में वाहन एवं वाहन स्वामी का विवरण संग्रहित होगा।

# परेड शरीर में रोमांच और गर्व का संचार करता है : दारा सिंह चौहान




- प्रदेश के कारागार मंत्री प्रशिक्षु डिप्टी जेलर और प्रशिक्षु जेल वार्डर केदीक्षांत परेड समारोह में हुए शामिल
- डॉ. सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान में उल्लास से मनाया गया दीक्षांत परेड समारोह

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** परेड के दौरान मंच से गुजरते हुए प्रत्येक कदम शरीर में रोमांच और गर्व का संचार करता है, जो अनुशासन, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। कारागार विभाग की महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारियों को निभाने के लिए आप सभी पूरी तरह सक्षम हैं, और मैं भविष्य के लिए आप सभी को शुभकामनाएँ देता हूँ। यह बात मंगलवार को प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने उत्तर प्रदेश के 40 प्रशिक्षु डिप्टी जेलर (119वाँ सत्र) तथा 128 प्रशिक्षु जेल वार्डर (उ0प्र0 के 72 तथा उत्तराखंड के 56) के 176वें सत्र संवर्ग के कार्मिकों की दीक्षांत परेड के अवसर पर डॉ. सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ में कही। कारागार मंत्री ने कार्यक्रम में मान प्रणाम स्वीकार किया और निरीक्षण वाहन से परेड का निरीक्षण किया।

प्रथम परेड कमाण्डर के रूप में डिप्टी जेलर संवर्ग के राजेंद्र कुमार मिश्रा ने उत्कृष्ट नेतृत्व प्रदान किया। उन्होंने अपने संबोधन में सभी प्रशिक्षु डिप्टी जेलर और जेल वार्डरों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने बताया कि 'डॉ. सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ, 1940 में स्थापित होने के बाद एशिया का पहला जेल प्रशिक्षण संस्थान बना, जहाँ न केवल भारत बल्कि नेपाल, तंजानिया, सूडान जैसे देशों के कारागार कर्मियों ने भी प्रशिक्षण प्राप्त किया। अब तक 1,679 अधिकारी और 13,149 जेल वार्डर इस संस्थान से प्रशिक्षित होकर सेवा में योगदान दे चुके हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक कारागार पी. वी. रामा शास्त्री ने सभी प्रशिक्षुओं को दीक्षांत परेड की सफलता पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# रमज़ानः सवालों के जवाब



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में रोजा, नमाज, जकात, हज आदि से संबंधित सवालों के जवाब देने के लिए इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में हेल्पलाहन शुरू हो गयी है। हेल्पलाइन पर इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली के नेतृत्व में उलमा का पैनल सवालों के जवाब देता है। हेल्पलाइन पर दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, वेबसाइट www.farangimahal.in तथा ई-मेल ramzanhelpline2005@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवालः** आपरेशन की सूरत या किसी वजह से यूरीन बैग लगा है तो नमाज कैसे अदा करें? जवाबः मरीज के लिए यूरीन बैग के साथ नमाज पढ़ना बीमार होने की वजह से सही है।

**सवालः** क्या मस्जिद में दीनी मकसद से चंदे का ऐलान करना सही है?

**जवाबः** जी हां, सही है।

**सवालः** क्या रोजे की हालत में दिल या पेट का ऑपरेशन करा सकते हैं?

**जवाबः** जी हां, करा सकते हैं।

**सवालः** क्या दांतों में लगे सोने-चांदी के तार या मसाला जो दांतों में भरा जाता है उन पर जकात है?

**जवाबः** उस पर जकात वाजिब नहीं है।

**सवालः** अगर नाबालिग बच्चा रोजा रख कर तोड़ दे या मां-बाप रोजा खुलवा दें तो क्या रोजे की कजा जरूरी है?

**जवाबः** नाबालिग बच्चे के रोजा तोडने पर कजा वाजिब नहीं है।

### इदारए शरैया फिरंगी महल

इदारए शरैया फिरंगी महल की ओर से मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब दिये। हेल्पलाइन पर सवाल दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9807401508 और 99181 17798 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवालः** 18 साल का बेटा रमजान के पूरे महीने ऐतिकाफ में बैठता है, क्या सही है?

**जवाब–** अगर कोई पूरे महीने ऐतिकाफ में बैठे तो कोई हर्ज नहीं। रमजान के आखिरी 10 दिनों में ऐतिकाफ में बैठना और मस्जिद से बाहर न निकलना नबी की सुन्नत है।

**सवालः** मंजन करते वक्त दांतों से खून निकले और हलक के नीचे न जाए तो रोजा टूटेगा या नहीं?

**जवाबः** नहीं, अगर कुछ भी हलक से नीचे नहीं गया है तो रोजा नहीं टूटेगा।

**सवालः** साढ़े सात तोले से अधिक सोने के जेवर थे, जिसे तीन लड़कों में बांट दिया क्या उन जकात दी जाएगी?

**जवाबः** अगर जेवर किसी की मिल्कियत में दिया है तो उस पर जकात वाजिब नहीं होगी।

### शिया हज़रात के सवालों के जवाब

माहे मुबारक रमजान में शिया समुदाय के रोजा, नमाज, हज, खुम्स, जकात आदि से संबंधित सवालों के जवाब के लिए कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से हेल्पलाइन संचालित की जा रही है। हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा का पैनल देता है। हेल्पलाइन पर सवाल सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर और महिलाओं के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा ई-मेल masael786@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवालः** कोई गैर मुस्लिम इफ्तार के महत्व को जान इफ्तार के नाम पर मस्जिद में कुछ पैसे दे तो क्या हुक्म है?

**जवाबः** अगर कोई गैर मुस्लिम इफ्तार के नाम पर कुछ पैसे दे तो उसे खुशी के साथ कबूल करना चाहिए।

**सवालः** कोई रोजेदार किसी मृत व्यक्ति को नहलाए तो क्या रोजा टूट जाएगा?

**जवाबः** मृत व्यक्ति को नहलाने से रोजा नहीं टूटेगा।

**सवालः** कोई औरत हैज या नेफास के गुस्ल को भूल रोजे रखे और बाद में याद आए तो क्या करे?

**जवाबः** उसके रोजे सही होंगे और आइंदा के लिए गुस्ल करेगी।

**सवालः** कोई रोजेदार जिस पर कफ्फारा वाजिब है और तीनों कफ्फारे अदा करने में मजबूर है तो क्या करे?

**जवाबः** अगर तीनों कफ्फारे अदा करने में मजबूर है तो इस्तिगफार करे और हैसियत के मुताबिक दान करे, बाद में हैसियत होने पर एहतियात के तौर पर कफ्फारे अदा करे।

**सवालः** क्या तकलीद के लिए नीयत करना जरूरी है?

**जवाबः** हर बालिग और समझदार व्यक्ति पर जरूरी है कि वह नीयत करे कि मैं फलां मुजतहिद की तकलीद करता हूं।

# हज़रत ख़दीजा (स) की कुर्बानियाँ ना क़ाबिले फरामोश : मौलाना अली अब्बास ख़ान

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मदीन और हम क्लासेज़ में , हज़रत ख़दीजा (स) की शहादत की तारीख़ के अवसर पर, उनके गुणों और कष्टों का उल्लेख किया गया। इमाम ज़माना (अज) और हम क्लास में उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए मौलाना अली अब्बास ख़ान ने कहा: बीबी ख़दीजा (स) का इस्लाम की राह में त्याग और समर्पण, उनकी ईमानदारी और उदारता की तरह अद्वितीय है। रसूल-ए अकरम (स) ने उन और हज़रत अबू तालिब (अ) के इंतक़ाल के साल को आम-उल-हुज़्न (दुःख का वर्ष) का नाम दिया। वे संसार की चार महान महिलाओं में से एक हैं।दीन और हम क्लासेज़ शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित की जा रही हैं, जिनमें सभी उम्र के लोग अतिथि के रूप में भाग ले सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इन क्लासेज़ का नवा दौर है जो वर्ष 2012 से शुरू हुआ था जिसका उद्देश्य युवाओं को वास्तविक धार्मिक शिक्षा से परिचित कराना और उस पर अमल करने की प्रेरणा देना है। ये क्लासेज ऐनुल हयात ट्रस्ट की तरफ से आयोजित किये जाते हैं और हैदरी एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी , तंज़ील अकादमी , जमातुज़ ज़हरा और ताहा फाउंडेशन के सहयोग से किये जा रहे हैं। ज्ञात रहे ये क्लासेज का नवा दौर है जो 2012 में शुरू हुआ था।

# जब नन्हे मुन्ने अली ने रखा रोज़ा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कहतें हैं की बच्चों की पहली टीचर मां होती है,जैसे माँ की तरबियत होती है वैसा ही बच्चा निकलता है,घर मे सबको रोज़ा रखते देख पांच साल के अली ने भी रोज़ा रख लोगों को हैरत मे डाल दिया. माहे रमजान के पवित्र माह मे हर घर मे ज़्यादातर लोग रोज़ा रखते हैं इसी को देखते हुए ताहा स्कूल के निकट मुसाहब गंज के रहने वाले समर हुसैन आब्दी के पुत्र अली आब्दी ने रोज़ा रखने की ज़िद की लाख मिन्नतों के बाद भी अली ने दो रोज़ा रख कर लोगों को हैरत मे डाल दिया जो चर्चा का विषय बना हुआ है, अली आब्दी की मां बज़मी आब्दी बताती हैं की रोज़ रोज़ा रखने की ज़िद करता लेकिन समझा बुझा कर कुछ न कुछ किसी तरह खिला देते हैं,लेकिन अगले सन्डे को रोज़ा रखने का हम सबसे वादा ले चुका है,अली रोज़ा ही नहीं रखता समय समय से पांचो वक़्त की नमाज़ें भी पढता है।